(i) यदि विसर्ग के बाद 'श/ष/स' में से कोई व्यंजन आए तो विसर्ग यथावत बना रहता है अथवा विसर्ग आने के व्यंजन का रूप ले लेता है। जैसे-

दुः + शासन = दुःशासन (दुश्शासन)
दुः + सह = दुस्सह
निः + संकोच = निस्संकोच
निः + संदेह = निःसंदेह (निस्संदेह)
निः + संतान = निस्संतान
दुः + साहस = दुस्साहस
निः + संग = निसंग

(ii) विसर्ग के बाद यदि 'क/ख' अथवा 'प/फ' व्यंजन आएँ तो विसर्ग में कोई परिवर्तन नहीं होता। जैसे-

रजः + कण = रजःकण	अन्तः + करण = अन्तःकरण
पयः + पान = पयःपान	प्रातः + काल = प्रातःकाल

- लेकिन यदि विसर्ग के पहले 'इ/उ' स्वर हों तो विसर्ग का 'ष्' हो जाता है। जैसे-

निः + कपट निष्कपट	निः + पाप = निष्पाप
दुः + कर = दुष्कर	निः + फल = निष्फल
चतुः + पाद = चतुष्पाद	दुः + कर्म = दुष्कर्म
निः + कलंक = निष्कलंक	

3. विसर्ग को 'र्'

यदि विसर्ग से पहले 'अ/आ' से भिन्न कोई स्वर आए और विसर्ग के बाद किसी स्वर, किसी वर्ग का तीसरा, चौथा, वर्ण या य, र, ल, व, ह में से कोई वर्ण हो तो विसर्ग का 'र्' में परिवर्तन हो जाता है। जैसे-

दुः + उपयोग = दुरुपयोग	दुः + गुण = दुर्गुण
निः + मल = निर्मल	निः + आहार = निराहार
निः + उपमा = निरुपमा	निः + उत्साह = निरुत्साह
निः + विघ्न = निर्विघ्न	दुः + लभ = दुर्लभ
निः + भय = निर्भय	निः + गुण = निर्गुण
दुः + आचार = दुराचार	निः + यात = निर्यात
निः + जन = निर्जन	निः + आमिष = निरामिष
निः + आशा = निराशा	निः + अर्थक = निरर्थक
दुः + बल = दुर्बल	वहि + मुख = बहिर्मुख
दुः + आशा = दुराशा	पुनः + जन्म = पुनर्जन्म
निः + बल = निर्बल	दुः + वासना = दुर्वासना
निः + धन = निर्धन	दुः + जन = दुर्जन

www.awillguru.com

4. 'अ', 'अः' के स्थान पर 'ओ'

यदि विसर्ग के पहले 'अ' स्वर और आगे 'अ' अथवा कोई सघोष व्यंजन (किसी वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवा वर्ण) य, र, ल, व, ह में से कोई वर्ण हो तो 'अ' और विसर्ग (अः) के बदले 'ओ' हो जाता है।* जैसे-

मनः + योग = मनोयोग	तमः + गुण = तमोगुण
वयः + वृद्ध = वयोवृद्ध	मनः + विकार = मनोविकार
मनः + रथ = मनोरथ	मनः + बल = मनोबल
मनः + अनुकूल = मनोनुकूल	अधः + गति = अधोगति
अधः + पतन = अधोपतन	यशः + दा = यशोदा
मनः + विज्ञान = मनोविज्ञान	मनः + विनोद = मनोविनोद
तपः + वन = तपोवन	तेजः + राशि = तेजोराशि
मनः + हर = मनोहर	तपः + बल = तपोबल
रजः + गुण = रजोगुण	पयः + द = पयोद
मनः + रंजन = मनोरंजन	अधः + भाग = अधोभाग
मनः + कामना = मनोकामना	अधः + गति = अधोगति

5. विसर्ग का लोप और पूर्व स्वर दी

(1) यदि विसर्ग के आगे 'र' व्यंजन हो तो विसर्ग का लोप हो जाता है और उसके पहले का ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है जैसे-

निः + रोग = नीरोग निः + रज = नीरज
निः + रस = नीरस निः + रव = नीरव

(2) यदि विसर्ग के पहले 'अ' या 'आ' स्वर हों और बाद में कोई भिन्न स्वर आये तो विसर्ग का लोप हो जाता है।
अतः + एव = अतएव

(3) कुछ शब्दों में विसर्ग का 'स्' हो जाता है। जैसे-
नमः + कार = नमस्कार भाः + कर = भास्कर
पुरः + कार = पुरस्कार

परीक्षोपयोगी प्रश्नोत्तर

UPPCS (Pre. - 2013)

- वाग्जाल वाक् + जाल (व्यंजन संधि)

UPPCS (Pre. - 2012)

- तल्लीन तत् + लीन (व्यंजन संधि)
- सदैव सदा + एव (वृद्धि संधि)

राजस्व निरीक्षक परीक्षा-2014

- द्वावपि द्वौ + अपि (अयादि संधि)
- अत्यधिक अति + अधिक (यण संधि)
- निरन्तर निः + अन्तर (विसर्ग संधि)
- इत्यदि इति + आदि (यण संधि)
- मनोहर मनः + हर (विसर्ग संधि)
- पुरस्कार पुरः + कार (विसर्ग संधि)
- सदाचार सत् + आचार (व्यंजन संधि)
- निर्गुण निः + गुण (विसर्ग संधि)
- दिग्गज दिक् + गज (व्यंजन संधि)
- जगदीश जगत् + ईश (व्यंजन संधि)
- महीश महा + ईश (स्वर संधि)

U.P. N.T. Exam.- 2006

- 'परमात्मा' का सही संधि विच्छेद है – परम + आत्मा
- 'पराधीन' विकल्पों में यह शुद्ध है – पर + अधीन
- 'उच्चारण' का सही संधि विच्छेद है – उत् + चारण
- 'महाशय' शब्द का सही संधि विच्छेद है – महा + आशय
- 'पावन' शब्द का सही संधि विच्छेद है –पौ + अन
- 'उल्लास' शब्द का सही संधि विच्छेद होगा– उत् + लास
- 'यण' संधि का उदाहरण है –यद्यपि
- 'वृद्धि स्वर' संधि का उदाहरण है –महौषध
- 'अतएव' शब्द का सही संधि विच्छेद है –अतः + एव

U.P.S.D.I. Exam. - 2006

- 'मृत्यु + उपरांत' में संधि है – मृत्यूपरांत
- 'अनधिकृत' शब्द का संधि-विग्रह होगा–अन् + अधिकृत
- 'कपि + ईश' का सही संधि-संयोजन कीजिए – कपीश
- विसर्ग के साथ स्वर अथवा व्यंजन के संयोग से जो विकार उत्पन्न होता है, उसे किस संधि के नाम से जानते हैं? – विसर्ग संधि
- 'परोपकार' शब्द का संधि-विच्छेद होगा –पर + उपकार
- 'मनः + रमा' में संधि करने से जो शब्द बनेगा, उसका संबंध किस संधि से होगा? –विसर्ग संधि
- 'चन्द्रोदय' में कौन-सी संधि है? –गुण संधि
- 'वृद्धि स्वर संधि' किस शब्द में है? – महौषध
- 'सदाशय' का सही संधि-विच्छेद होगा –सत् + आशय

B.P.S.C. (Main) - 2002

- महोदय महा + उदय
- तन्मय तत् + मय

U.P T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

- संविधान सम् + विधान
- उन्नति उत् + नति
- अनन्त अन् + अन्त
- प्रतिच्छवि प्रति + छवि
- प्रणाम प्र + मान
- प्रत्यक्ष प्रति + अक्ष
- स्वेच्छा स्व + इच्छा
- सरोज सरः + ज
- मनोहर मनः + हर
- जगदीश जगत् + ईश

U.P T.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

- संस्कृति सम् + कृति
- यशोदा यशः + दा
- अन्तरात्मा अन्तः + आत्मा
- अन्तन्तोगत्वा अन्ततः + गत्वा

U.P T.G.T. (Hindi) Exam. - 2003

- मनोविज्ञान– मनः + विज्ञान (विसर्ग संधि)
- यदि इ, ई, उ, ऊ, और ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आये तो इनका परिवर्तन क्रमशः य, व और र् में हो तो उसमें कौन सी संधि होगी– यण स्वर संधि।

www.awillguru.com

U.P T.G.T. (Cancel) (Hindi) Exam. - 2004

- भगवदगीता भगवत् + गीता
- मनोरम मनः + रम (विसर्ग संधि)

U.P T.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

- अंनत अन् + अंत

U.P T.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

- इत्यादि इति + आदि
- उज्ज्वल उत् + ज्वल
- स्वागत सु + आगत (यण संधि)

U.P T.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

- अन्यान्य अन्य + अन्य (दीर्घ स्वर संधि)
- गंगोदक गंगा + उदक (गुण संधि)
- इत्यादि इति + आदि (यण् संधि)
- तेजोमय तेजः+मय (विसर्ग संधि)
- हरिश्चन्द्र हरिः + चन्द्र (विसर्ग संधि)

U.P T.G.T. (Hindi) Exam. - 2010

- दुष्प्रकृति दुः + प्रकृति
- दैत्यारिः स्वर संधि
- प्रत्यारोपण प्रति + आरोपण
- यदि 'ए', 'ऐ' 'ओ' 'औ', स्वरों का मेल दूसरे स्वरों से हो तो 'ए' का 'अय्' ऐ का 'आय्' ओ का 'अव्' तथा 'औ' 'आव्' हो जाता है, तो इसे क्या कहते हैं? **अयादि संधि**

U.P T.G.T. (Hindi) Exam. - 2013

- 'जगन्नाथ' में कौन संधि है? - **व्यंजन संधि**
- 'उद्योग' में संधि होगा - **उत् + योग**
- 'प्रत्येक' का संधि विच्छेद - **प्रति + एक**
- यदि 'ए', 'ऐ' 'ओ' 'औ', स्वरों का मेल दूसरे स्वरों से हो तो 'ए' का 'अय्' ऐ का 'आय्' ओ का 'अव्' तथा 'औ' 'आव्' हो जाता है, तो इसे क्या कहते हैं- **अयादि संधि**

U.P P.G.T. (Hindi) Exam.

- पवन पो + अन (2010)
- व्याप्त यण संधि (2009)
- पवन पो + अन (2003)

U.P P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

- यदि ए, ओ, ऐ, औ के आगे कोई भी स्वर हो तो इसके स्थान में क्रमशः 'अय', 'आय', 'अव्' आव हो जाता है, तो यह कौन-सी स्वर संधि कहलाती है? **–अयादि स्वर संधि**
- तल्लीन तत् + लीन
- नवोढ़ा नव + ऊढ़ा
- यण् संधि स्वर संधि से संबंधित है

U.P P.G.T. (Hindi) Exam. - 2013

- उज्ज्वल - उत् + ज्वल (व्यंजन संधि)
- दुर्जन - दुः + जन (विसर्ग संधि)

Raiwaly-1997

- पवन पो + अन (अयादि संधि)
- श्रवण श्रो + अन (अयादि संधि)
- नयन ने + अन (अयादि संधि)
- नायक नै + अक (अयादि संधि)
- पावक पौ + अक (अयादि संधि)
- उज्ज्वल उत् + ज्वल (व्यंजन संधि)
- वृद्धि संधि से संबंधित है सदैव, जलौध, परमौदार्य
- दीर्घ संधि दैत्यारि
- अयादि संधि पवित्र
- इत्यादि इति + आदि
- निरर्थक निः + अर्थक
- धरेश धरा + ईश
- निराशा निः + आशा
- आशीर्वाद आशीः + वाद
- सन्मति सत् + मति

Railway-1998

- परोपकार गुण संधि
- मन्वन्तर स्वर संधि
- निश्चल निः + चल
- गिरीश गिरि + ईश
- घनानन्द घन + आनंद
- चिन्मय चित् + मय

Raiway-1999

- सप्तर्षि सप्त + ऋषि
- स्वागत यण संधि

Railway-2000

- प्रत्युपकार प्रति + उपकार
- गायक गै + अक
- अभिषेक अभि + सेक

Railway-2001

- यद्यपि यण स्वर संधि
- महोदधि स्वर संधि

L.I.C Exam.- 1997

- इत्यादि इति + आदि
- महोष्ण महा + उष्ण
- महेश महा + ईश
- अन्वय अनु + अय

U.P. Election Comision Exam.-2001

- पवित्र पो + इत्र

www.awillguru.com

www.awillguru.com

- मनोयोग मनः + योग
- प्रत्येक प्रति + एक
- गिरीश गिरि + ईश

Bank Exam. 2002

- नायक नयादि संधि
- चंद्रोदय गुण संधि
- यशोदा विसर्ग संधि
- उद्धरण उत् + हरण
- तेजोमय तेजः + मय
- स्वर संधि के भेद हैं–5
- स्वर संधि से संबंधित– **रत्नाकर**
- 'व्यर्थ' शब्द में किन वर्णों की संधि हुई है? – **इ + अ**

U.P.S.I. Exam. 2002

- संधि की दृष्टि से शुद्ध हैं– तथैव, तथापि, तदाकार
- घुड़दौड़ – घोड़ा + दौड़
- **'अभ्युदय'** शब्द में कौन सी संधि है–**यण स्वर संधि**
- **राकेश** - राका + ईश (गुण संधि)

N.V.S./K.V.S. (Hindi) Exam. - 2003

- उच्चारण उत् + चारण
- रमेश रमा + ईश (गुण संधि)

B.Ed. : 2007 (Joint) Kanpur University

- मनोनुकूल विसर्ग संधि
- दुश्शासन (दुःशासन) विसर्ग संधि

B.Ed. : 2008 (Joint) Agra University

- महर्षिः स्वर संधि
- स्वागत यण् संधि
- जगदीश जगत् +ईश
- महोत्सव महा + उत्सव
- यशोदा यशः + दा

B.Ed. : 2010 (Joint) Lucknow University

- पावक पौ + अक
- जगदीश जगत् + ईश

B.Ed. : 2011 (Joint) Ruhelkhand University

- आग्नेयास्त्र दीर्घ संधि
- अति + इत अतीत (दीर्घ संधि)
- गजेंन्द्र गुण संधि
- नवोढ़ा गुण संधि

B.Ed. : 2012 (Joint) Awadh University

- लोक + एषणा लोकैषणा (वृद्धि संधि)
- अभ्यर्थी यण् संधि
- पर्यवेक्षण यण् संधि
- चयन अयादि संधि

B.Ed. : 2013 (Joint) Gorakhpur University

- नौ + इक नाविक (अयादि संधि)
- **संशोधन** व्यंजन संधि

B.Ed. : 2014 (Joint) Jhansi University

- वन + औषध वनौषध
- महा + ओज महौज
- धीर + उदात्त धीरोदात्त
- मानव + इतर मानवेतर

B.Ed. : 1996 (G.K.P.U., B.H.U, A.U.,K.U.)

- कविश्वर दीर्घ संधि
- संसार व्यंजन संधि
- तल्लीन व्यंजन संधि
- इत्यादि यण् संधि
- पुनर्जन्म पुनः + जन्म
- पितृऋण पितृ + ऋण
- इत्यादि इति + आदि
- युधिष्ठिर युधि + स्थिर
- जगदीश जगत् + ईश
- कनकटा कान + कटा
- रामायण राम + अयन

B.Ed. : 2004 (G.KP A.U., B.H.U, K.U)

- सुरेन्द्र सुर + इन्द्र
- सदाचार सत् + आचार
- महेन्द्र महा + इन्द्र
- देव्यर्पण देव + अर्पण
- गायक गै + अक
- संशय सम् + शय
- निर्भय निः + भय
- शरच्चन्द्र शरत् + चन्द्र
- उल्लेख उत् + लेख
- निर्बल निः + बल
- संतोष सम् + तोष
- उज्ज्वल उत् + ज्वल
- विश्वामित्र विश्व + अमित्र
- संगम सम् + गम

B.Ed. : 2005 (Jhansi, K.University)

- षड्‌ानन व्यंजन संधि
- धर्मात्मा स्वर संधि
- महीश दीर्घ संधि
- निश्छल विसर्ग संधि
- दुरूपयोग विसर्ग संधि
- स्वागत यण् संधि
- भानुदय दीर्घ संधि
- सूर्योदय गुण संधि
- हरिश्चन्द्र विसर्ग संधि
- उच्चारण व्यंजन संधि
- अभिन्न अ + भिन्न
- महेन्द्र महा + इन्द्र
- अत्याचार अति + आचार
- दिगम्बर दिक् + अम्बर
- पावक पौ + अक
- स्वच्छ सु + अच्छ

B.Ed. : 2006 (B.H.U., K.U, P.U., G.K.P. University, Ruhelkhand University)

- हरीश हरि + ईश
- सदानंद सत् + आनंद
- सच्चिदानंद सत् + चित +आनंद
- रमेश रमा + ईश
- यशोदा यशः +दा
- नयन ने + अन
- भवन भो + अन
- पवित्र पो + इत्र
- उन्नति उत् + नति
- देवार्चन स्वर संधि
- श्रद्धानंद स्वर संधि
- गिरींद्र स्वर संधि
- नवोढ़ा गुण स्वर संधि
- लोकैषणा वृद्धि स्वर संधि
- स्वेच्छा गुण संधि
- उन्नति व्यंजन संधि

www.awillguru.com

1. 'तल्लीन' शब्द का संधि विच्छेद होगा-
(a) तव + लीन (b) तल + लीन
(c) ततः + लीन (d) तत् + लीन
उत्तर (d) : U.P. P.C.S. (Pre)- 2012

2. 'सदैव' शब्द में कौन सी संधि है?
(a) यण संधि (b) व्यंजन संधि
(c) वृद्धि संधि (d) गुण संधि
उत्तर (c) : U.P. P.C.S. (Pre)- 2012

3. 'वाग्जाल' का संधि विच्छेद होगा-
(a) वाक् + जाल (b) वाक + जाल
(c) वाग् + जाल (d) वागः + जाल
उत्तर (a) : U.P. P.C.S. (Pre)- 2013

4. 'द्वावपि' का संधि-विच्छेद होगा :
(a) द्व + आवपि (b) द्वौ + अपि
(c) दव + अयापि (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (b) : उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014

5. 'अत्यधिक' का शुद्ध संधि-विच्छेद क्या है :
(a) अत्य + धिक (b) अति + अधिक
(c) अती + अधिक (d) अत्यधि + क
उत्तर (b) : उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014

6. निम्नलिखित में से कौन विसर्ग संधि है ?
(a) निरन्तर (b) दिग्गज
(c) जगदीश (d) महीश
उत्तर (a) : उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014

7. 'इति + आदि' = इत्यादि में कौन सी संधि है?
(a) यण संधि (b) दीर्घ संधि
(c) गुण संधि (d) अयादि संधि
उत्तर (a) : उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014

8. 'मनोहर' शब्द में संधि है :
(a) स्वर संधि (b) विसर्ग संधि
(c) व्यंजन संधि (d) दीर्घ संधि
उत्तर (b) : उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014

9. निम्नलिखित में से एक कथन गलत है :
(a) संधि में दो पक्षों का मेल होता है।
(b) संधि तोड़ने को 'विच्छेद' कहते हैं।
(c) समास में पदों के प्रत्यय समाप्त कर दिये जाते हैं।
(d) समास तोड़ने को 'विग्रह' कहते हैं।
उत्तर (a) : उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014

10. निम्नलिखित में से एक कथन गलत है :
(a) दो वर्णों के मेल से होने वाले विकार को संधि कहते हैं।
(b) दो स्वरों के मेल से उत्पन्न विकार को स्वर संधि कहते हैं।
(c) व्यंजन से स्वर अथवा व्यंजन के मेल से उत्पन्न विकार को व्यंजन संधि कहते हैं।
(d) विसर्ग के साथ विसर्ग के मेल से उत्पन्न विकार को विसर्ग संधि कहते हैं।
उत्तर (d) : उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014

11. 'पुरस्कार' में कौन सी संधि है ?:
(a) स्वर-संधि (b) व्यंजन संधि
(c) विसर्ग संधि (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (c) : उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014

12. निम्नलिखित में से कौन सा व्यंजन संधि का उदाहरण है?
(a) सदैव (b) मनोरथ
(c) निर्गुण (d) सदाचार
उत्तर (d) : उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014

13. 'मृत्यु + उपरांत' में संधि करने से एक शब्द निर्मित होगा :
(a) मृत्यूपरांत (b) मृत्योपरांत
(c) मृत्युपर्यन्त (d) मर्त्योपरांत
उत्तर (a) : U.P. S.D.I. Exam. - 2006

14. 'अनधिकृत' शब्द का संधि-विग्रह होगा :
(a) अन + अधिकृत (b) अन् + अधिकृत
(c) अन्य + अधिकृत (d) अन्नधि + कृतं
उत्तर (b) : U.P. S.D.I. Exam. - 2006

15. 'कपि + ईश' का सही संधि-संयोजन कीजिए :
(a) कपिश (b) कपीश
(c) कपेश (d) कपिशि
उत्तर (b) : U.P. S.D.I. Exam. - 2006

16. 'विसर्ग के साथ स्वर अथवा व्यंजन के संयोग से जो विकार उत्पन्न होता है, उसे किस संधि के नाम से जानते हैं :
(a) स्वर संधि (b) व्यंजन संधि
(c) विसर्ग संधि (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (c) : U.P. S.D.I. Exam. - 2006

17. 'परोपकार' शब्द का संधि-विच्छेद होगा :
(a) परा + उपकार (b) परो + पकार
(c) परोप + कार (d) पर + उपकार
उत्तर (d) : U.P. S.D.I. Exam. - 2006

18. 'मनः + रमा' में संधि करने से जो शब्द बनेगा, उसका संबंध किस संधि से होगा?
(a) विसर्ग संधि (b) स्वर संधि
(c) व्यंजन संधि (d) भाव संधि
उत्तर (a) : U.P. S.D.I. Exam. - 2006

www.awillguru.com

19. 'चन्द्रोदय' में कौन-सी संधि है?
(a) यण संधि (b) दीर्घ संधि
(c) वृद्धि संधि (d) गुण संधि
उत्तर (d) : U.P. S.D.I. Exam. - 2006

20. निम्नलिखित में से 'वृद्धि स्वर संधि' किस शब्द में है?
(a) रजनीश (b) महौषध
(c) यतीन्द्र (d) शोधार्थी
उत्तर (b) : U.P. S.D.I. Exam. - 2006

21. 'सदाशय' का सही संधि-विच्छेद होगा :
(a) सद + आशय (b) सतत + आशय
(c) सत् + आशय (d) सदा + आशय
उत्तर (c) : U.P. S.D.I. Exam. - 2006

22. निम्नलिखित में यह संधि विच्छेद सही है :
(a) परम + आत्मा (b) परम + आत्म
(c) परमा + आत्मा (d) पर + मात्मा
उत्तर : (a) U.P. N.T. Exam. - 2006

23. निम्नलिखित विकल्पों में यह शुद्ध है :
(a) पर + अधीन (b) पर + आधीन
(c) पर + अधीना (d) परा + आधीन
उत्तर : (a) U.P. N.T. Exam. - 2006

24. 'उच्चारण' का सही संधि विच्छेद है
(a) उच्च + चारण (b) उत + चारण
(c) उच् + चारण (d) उत् + चारण
उत्तर : (d) U.P. N.T. Exam. - 2006

25. 'महाशय' शब्द का सही संधि विच्छेद है
(a) महः + आशय (b) मह + आशय
(c) महा + आशय (d) महाश् + अय
उत्तर : (c) U.P. N.T. Exam. - 2006

26. 'पावन' शब्द का सही संधि विच्छेद है
(a) प + अवन (b) पा + आवन
(c) पाव् + अन (d) पौ + अन
उत्तर : (d) U.P. N.T. Exam. - 2006

27. 'उल्लास' शब्द का सही संधि विच्छेद होगा
(a) उत् + लास (b) उल् + लास
(c) उल + लास (d) उल्ल + आस
उत्तर : (a) U.P. N.T. Exam. - 2006

28. निम्नलिखित में 'यण' संधि कौन सी है?
(a) यद्यपि (b) एकैक
(c) सदैव (d) महौजस्वी
उत्तर : (a) U.P. N.T. Exam. - 2006

29. निम्नलिखित में से 'वृद्धि स्वर संधि' कौन सी है?
(a) पृथ्वीश (b) विद्यार्थी
(c) महीन्द्र (d) महौषध
उत्तर : (d) U.P. N.T. Exam. - 2006

30. 'अतएव' शब्द का सही संधि विच्छेद है-
(a) अत + एव (b) अति + एव
(c) अती + एव (d) अतः + एव
उत्तर : (d) U.P. N.T. Exam. - 2006

31. 'पवन' शब्द में कौन-सी संधि है –
(a) गुण संधि (b) यण संधि
(c) अयादि संधि (d) वृद्धि संधि
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2003

32. 'उज्ज्वल' में प्रयुक्त संधि है –
(a) गुण संधि (b) व्यंजन संधि
(c) विसर्ग संधि (d) दीर्घ संधि
उत्तर (b) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2003

33. 'तल्लीन' शब्द में सही उपसर्ग का विच्छेद है -
(a) तल् + लीन (b) तद् + लीन
(d) तत + लीन (d) तत् + लीन
उत्तर (d) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

34. 'अन्वेषण' का शुद्ध सन्धि -विच्छेद है -
(a) अन्वेष + ण (b) अन्वे + षण
(c) अनु + वेषण (d) अनु + एषण
उत्तर (d) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

35. 'यण् सन्धि' का सम्बन्ध किस संधि विशेष से है :
(a) व्यंजन संधि (b) विसर्ग संधि
(c) स्वर संधि (d) दीर्घ संधि
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

36. नवोढ़ा का संधि विच्छेद है :
(a) नव + उढ़ा (b) नवो + ढ़ा
(c) नव + ऊढ़ा (d) न + ओढ़ा
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

37. 'जगन्नाथ' शब्द में सही सन्धि है -
(a) स्वर संधि (b) विसर्ग संधि
(b) व्यंजंन संधि (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

38. 'अन्वेषण' का शुद्ध सन्धि -विच्छेद है -
(a) अन्वेष + ण (b) अन्वे + षण
(c) अनु + वेषण (d) अनु + एषण
उत्तर (d) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

39. 'यण् सन्धि' का सम्बन्ध किस संधि विशेष से है :
(a) व्यंजन संधि (b) विसर्ग संधि
(c) स्वर संधि (d) दीर्घ संधि
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

40. नवोढ़ा का संधि विच्छेद है :
(a) नव + उढ़ा (b) नवो + ढ़ा
(c) नव + ऊढ़ा (d) न + ओढ़ा
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

www.awiliguru.com

41. 'जगन्नाथ' शब्द में सही सन्धि है -
(a) स्वर संधि (b) विसर्ग संधि
(b) व्यजंन संधि (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

42. 'व्याप्त' में सन्धि है
(a) गुण संधि (b) दीर्घ संधि
(c) यण संधि (d) अयादि संधि
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

43. 'व्याप्त' में सन्धि है
(a) गुण संधि (b) दीर्घ संधि
(c) यण संधि (d) अयादि संधि
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

44. उन्नति :
(a) उन् + नति (b) उत् + नति
(c) उन्न + ति (d) उ + नति
उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

45. प्रतिच्छवि :
(a) प्रति + च्छवि (b) प्रति + छवि
(c) प्र + छवि (d) प्राति + चवि
उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

46. प्रणाम :
(a) प्र + मान (b) प्र + नाम
(c) प्रणा + म (d) प्रो + णाम
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

47. प्रत्यक्ष :
(a) प्रति + अक्ष (b) प्रति + अक्षि
(c) प्र + त्यक्ष (d) प्रत्य + अक्ष
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

48. स्वेच्छा :
(a) सु + इच्छा (b) स्वे + इच्छा
(c) स्व + इच्छा (d) कोई नहीं
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

49. सरोज :
(a) स + रोज (b) सरः + ज
(c) सरो + ज (d) सर + ओज
उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

50. मनोहर :
(a) मनः + हर (b) मनो + हर
(c) मन + ओहर (d) मनोह + र
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

51. जगदीश :
(a) जगत् + ईश (b) जगत + ईश
(c) जगद् + ईश (d) जगद + ईश
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

52. संविधान :
(a) सं + विधान (b) संवि + धान
(c) सम् + विधान (d) कोई नहीं
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

53. संस्कृति :
(a) सं + स्कृति (b) सम् + कृति
(c) सं + कृति (d) सस् + कृति
उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

54. यशोदा
(a) यशो + दा (b) यश + दा
(c) यशः+ दा (d) य + शोदा
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

55. अन्तरात्मा
(a) अन्त + रात्मा (b) अन्तः + आत्मा
(c) अन्तर + आत्मा (d) आन्तर + आत्मा
उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

56. अन्ततोगत्वा :
(a) अन्ततः + गत्वा (b) अन्ततो +गत्वा
(c) अनतः + तोगत्वा (d) कोई नहीं
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

57. 'प्रत्यक्ष' में संधि हैं -
(a) गुण (b) दीर्घ
(c) अयादि (d) यण
उत्तर (d) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

58. यदि 'ई', 'इ', 'उ', 'ऊ' और 'ऋ' के बाद कोई भिन्न स्वर आये तो इनका परिवर्तन क्रमशः 'य', 'व्' और 'र' में हो तो उसमें कौन-सी संधि होगी -
(a) गुण स्वर संधि (b) यण् स्वर संधि
(c) वृद्धि स्वर संधि (d) अयादि स्वर संधि
उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2003

59. मनोविज्ञान में कौन सी संधि है -
(a) व्यंजन संधि (b) विसर्ग संधि
(c) यण् संधि (d) दीर्घ संधि
उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2003

60. 'इत्यादि' शब्द का सही सन्धि विच्छेद होगा
(a) इति + आदि (b) इत्य + आदि
(c) इति + यादि (d) इत + आदि
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

61. 'तेजोमय' का सही सन्धि-विच्छेद है
(a) तेज + ओमय (b) तेजः + अमय
(c) तेजः + मय (d) तेजो + मय।
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

www.awillguru.com

62. 'हरिश्चन्द्र' में प्रयुक्त किस सन्धि का नाम सही है ?
(a) स्वर सन्धि (b) व्यंजन सन्धि
(c) विसर्ग सन्धि (d) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

63. महा + उदय =
(a) महोदय (b) महूदय
(c) महौदय (d) महुदय
उत्तर (a) : R.T.E.T - 2011 IInd Paper

64. 'सद्भावना' का सन्धि-विच्छेद है-
(a) स + भावना (b) स + द्भावना
(c) सद् + भावना (d) सत् + भावना
उत्तर (d) : R.T.E.T. - 2011 IInd Paper

65. ''वृक्षच्छाया' का सन्धि-विच्छेदन होगा-
(a) वृक्ष + छया (b) वृक्ष + च्छाया
(c) वृक्षच् + छाया (d) वृक्ष + छाया
उत्तर (d) : R.T.E.T. - 2011 IInd Paper

66. निम्नलिखित शब्द का सन्धि-विच्छेद क्या होगा?
भानूदय
(a) भानु + उदय (b) भानू + उदय
(c) भानू + ऊदय (d) भानु + ऊदय
उत्तर (a) : H.T.E.T. - 2011 IInd Paper

67. 'निर्गुण' का सन्धि-विच्छेद होगा-
(a) निर + गुण (b) नि + गुण
(c) निः + गुण (d) निर + गुण
उत्तर (c) : H.T.E.T. - 2011 IInd Paper

68. किस शब्द में गुण सन्धि है?
(a) सिंधूर्मि (b) भारतेन्दु
(c) नारीश्वर (d) लोकैश्वर्य
उत्तर (b) : R.T.E.T. - 2011 IInd Paper

69. 'जगन्नाथ' किस सन्धि का उदाहरण है?
(a) व्यंजन सन्धि (b) विसर्ग सन्धि
(c) दीर्घ स्वर सन्धि (d) यण् स्वर सन्धि
उत्तर (a) : H.T.E.T. - 2011 IInd Paper

70. पवन का सन्धि-विच्छेद है-
(a) प + अवन (b) प + वन
(c) पो + अन (d) पौ + अन
उत्तर (c) : U.P.T.E.T. - 2013 Ist Paper

71. 'पुनर्जन्म' का सन्धि-विच्छेद है
(a) पुनर + जन्म (b) पुः + नरजन्म
(c) पुनः + जन्म (d) पुनर् + आजन्म
उत्तर (c) : U.P.T.E.T. - 2013 Ist Paper

72. 'इत्यादि' शब्द में कौन-कौन सन्धि है?
(a) यण् सन्धि (b) वृद्धि सन्धि
(c) गुण सन्धि (d) दीर्घ सन्धि
उत्तर (a) : U.P.T.E.T. - 2013 Ist Paper

73. 'क्ष' वर्ण किसके योग से बना है-
(a) क् + ष (b) क् + च
(c) क् + छ (d) क् + श
उत्तर (a) : U.P.T.E.T. - 2013 Ist Paper

74. 'गुडाकेश' के सन्धि विच्छेद है-
(a) गुडा + केश (b) गुडाके + ईश
(c) गुडाका + ईश (d) गुड + आकेश
उत्तर (c) : U.P.T.E.T. - 2013 Ist Paper

75. 'महर्षि' शब्द में कौन-सी सन्धि है?
(a) दीर्घ सन्धि (b) वृद्धि सन्धि
(c) गुण सन्धि (d) यण् सन्धि
उत्तर (c) : U.P.T.E.T. - 2013 IInd Paper

76. 'उल्लास' का सन्धि विच्छेद है-
(a) उल् + आस (b) उल्ल + आस
(c) उल् + लास (d) उत् + लास
उत्तर (d) : U.P.T.E.T. - 2013 IInd Paper

77. 'यशः + दा' का सन्धि युक्त पद होगा-
(a) जसोदा (b) यशोदा
(c) यशुदा (d) यशः दा
उत्तर (b) : H.T.E.T. - 2013 IInd Paper

78. 'अक्षौहिणी' का सन्धि विच्छेद है-
(a) अक्षः + हिणी (b) अक्ष + ऊहिनी
(c) अक्षो + अहिणी (d) अक्ष + ओहिणी
उत्तर (b) : H.T.E.T. - 2013 IInd Paper

79. 'पुनर्जन्म' शब्द का सही सन्धि-विच्छेद है?
(a) पुनः + जन्म (b) पुनर् + जन्म
(c) पुन् + जन्म (d) पुनः + आजन्म
उत्तर (a) : U.P.T.E..T - 2014 Ist Paper

80. 'उच्छिष्ट' का शुद्ध संधि-विच्छेद है-
(a) उत + शिष्ट (b) उत् + शिष्ट
(c) उत + सिष्ट (d) उ + च्छिष्ट
उत्तर : (b) U.P. P.C.S. (Pre) - 2016

81. 'लधूर्मि' में कौन-सी संधि है?
(a) अयादि स्वर सन्धि (b) दीर्घ स्वर सन्धि
(c) वृद्धि स्वर सन्धि (d) यण् स्वर सन्धि
उत्तर : (b) U.P. T.E.T. - 2015

82. 'तथैव' शब्द का सन्धि-विच्छेद है-
(a) तथ + एव (b) तथे + एव
(c) तथा + ऐव (d) तथा + एव
उत्तर : (d) U.P. T.E.T. - 2015

www.awillguru.com

83. 'महोत्सव' का सही संधि-विच्छेद क्या है?

(a) महा + उत्सव (b) महो + उत्सव
(c) महोत + सव (d) महे + उत्सव

उत्तर : (a) U.P. T.E.T. - 2016

84. दो वर्णों के मेल से होने वाले विकार या परिवर्तन को कहते हैं-

(a) संधि (b) समास
(c) उपसर्ग (d) प्रत्यय

उत्तर : (a) U.P.S.S.S.C.V.D.O. Exam. - 2016

85. "सत्याग्रह" का सही संधि-विच्छेद है-

(a) सत्या + ग्रह (b) सत + आग्रह
(c) सत्य + ग्रह (d) सत्य + आग्रह

उत्तर : (d) U.P.S.S.S.C.V.D.O. Exam. - 2016

86. 'सूर्योदय' शब्द का सन्धि-विच्छेद है-

(a) सूर्यो + दय (b) सूर्य + उदय
(c) सूर्यः + उदय (d) सूर्ये + उदय

उत्तर : (c) U.P. T.E.T. - 2016

87. 'पावन' का संधि विच्छेद होगा-

(a) पा + वन (b) प + आवन
(c) पौ + अन (d) पो + अन

उत्तर : (c) U.P. S.S.S.C., Lower-II, Exam. 2016

88. 'यशोदा' में प्रयुक्त संधि का नाम है-

(a) स्वर (b) व्यंजन
(c) विसर्ग (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर : (c) U.P. S.S.S.C., Lower-II, Exam. 2016

89. पौ + अन को सन्धि युक्त करने पर क्या रुप है?

(a) पवन (b) पावन
(c) पौन (d) पाचन

उत्तर : (a) U.P. विधान भवन रक्षक, परीक्षा -2015

90. दुराशा

(a) दुरा + आशा (b) दुरा + शा
(c) दुः + आशा (d) दुर + आशा

उत्तर : (c) U.P. विधान भवन रक्षक, परीक्षा -2015

91. मनोयोग

(a) मनोः + योग (b) मनः + योग
(c) मनः + आयोग (d) कोई नहीं

उत्तर : (b) U.P. विधान भवन रक्षक, परीक्षा -2015

92. रुपांतरण

(a) रुप + अंतरण (b) रुप + आंतरण
(c) रुपा + अंतरण (d) रुपा + आतरण

उत्तर : (b) U.P. विधान भवन रक्षक, परीक्षा -2015

93. 'रीत्यनुसार' शब्द का सन्धि-विच्छेद क्या होगा?

(a) रीति + अनुसार (b) रीत्य + अनुसार
(c) रीतु + अनुसार (d) रीत + अनुसार

उत्तर : (a) U.P.S.S.S.C. राजस्व लेखपाल, परीक्षा - 2016

94. वधूर्मि का सन्धि विच्छेद है-

(a) वधू + उर्मि (b) वधू + ऊर्मि
(c) वधु + उर्मि (d) वधु + ऊर्मि

उत्तर : (b) U.P.S.S.S.C. V.D.O., Exam. - 2016

95. 'सच्छास्त्र' का समुचित सन्धि-विच्छेद है-

(a) सच् + छास्त्र (b) सत् + शास्त्र
(c) सत् + छास्त्र (d) सच् + शास्त्र

उत्तर : (b) U.P.S.S.S.C. अमीन परीक्षा - 2016

96. दीर्घ संधि, गुण संधि, वृद्धि संधि, यण् संधि व अयादि संधि, संधि के किस मूल भेद के अन्तर्गत सन्निहित है?

(a) व्यंजन संधि (b) स्वर संधि
(c) विसर्ग संधि (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर : (b) U.P.S.S.S.C. कनिष्ठ सहायक परीक्षा - 2016

97. उच्चारण का संधि-विच्छेद होगा-

(a) उच् + आरण (b) उतः + चारण
(c) उत् + चारण (d) उचः + चारण

उत्तर : (c) U.P.S.S.S.C. (Lower, I), Exam. - 2016

98. दो वर्णों के मेल से होने वाले विकार या परिवर्तन को कहते है-

(a) संधि (b) समास
(c) उपसर्ग (d) प्रत्यय

उत्तर : (a) U.P.S.S.S.C. V.D.O., Exam. - 2016

99. 'गौः + चरति' की संधि है-

(a) गोस्चरति (b) गौचरति
(c) गौश्चरति (d) गौहचरति

उत्तर : (c) U.P.S.S.S. (Lower, III), Exam. - 2016

100. 'निर्धन' में कौन-सी संधि है?

(a) व्यंजन संधि (b) विसर्ग संधि
(c) अयादि संधि (d) यण संधि

उत्तर : (b) U.P.S.S.S.C. राजस्व लेखपाल. - 2016

101. 'उच्छ्वास' का सही संधि-विच्छेद है-

(a) उत् + छवास (b) उच् + श्वास
(c) उच् + छवास (d) उत् + श्वास

उत्तर : (c) U.P.S.S.S.C. कनिष्ठ सहायक, परीक्षा - 2016

102. 'पवन' का संधि-विच्छेद होगा-

(a) पव + न (b) पो + अवन
(c) पव + अन (d) पो + अन

उत्तर :(d) U.P.S.S.S.C. चकबंदी (सामान्य चयन) परीक्षा -2016

www.awillguru.com

103. निम्न में से कौन-सा 'उच्छ्वास' का संधि विच्छेद है?

(a) उत् + छ्वास
(b) उच् + श्वास
(c) उच्छ + वास
(d) उत् + श्वास

उत्तर :(d) U.P.S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा - 2015

104. निम्नलिखित शब्दों में से किसमें स्वर संधि है?

(a) तपोगुण
(b) रामायण
(c) अतएव
(d) सज्जन

उत्तर :(b) U.P.S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा - 2015

105. भूर्ध्व का संधि है-

(a) भू: + ध्व
(b) भू + उर्ध्व
(c) भु: + ध्व
(d) भू: + व

उत्तर :(b) U.P.S.S.S.C. (Lower -I) Exam. - 2016

106. दो समीपवर्ती वर्णों के मेल से जो विकार (परिवर्तन) होता है, वह कहलाता है-

(a) अवयव
(b) प्रत्यय
(c) समास
(d) संधि

उत्तर :(b) U.P.S.S.S.C. आबकारी सिपाही, परीक्षा- 2016

107. अन्वेषण का शुद्ध संधि-विच्छेद है-

(a) अन्वेष + ण
(b) अन्वे + षण
(c) अनु + वेषण
(d) अनु + एषण

उत्तर :(b) U.P.S.S.S.C. आबकारी सिपाही, परीक्षा- 2016

108. निम्न में संधि है- 'एतन्मुरारी'

(a) व्यंजन संधि
(b) स्वर संधि
(c) विसर्ग संधि
(d) अयादि संधि

उत्तर :(b) U.P.S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा - 2016

109. 'उड्डयन का संधि-विच्छेद होगा-

(a) उत् + डयन
(b) उड् + डयन
(c) उत् + अयण
(d) उद् + अयण

उत्तर : (a) U.P.S.S.S.C. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा - 2016

110. अभिन्न का संधि-विच्छेद होगा-

(a) अ + भिन्न
(b) आ + भिन्न
(c) अ + भिन
(d) आ + भिन

उत्तर : (a) U.P.B.Ed. Exam.- 2016

–0–

P. Kumar's

www.awillguru.com

5 समास

- समास का शाब्दिक अर्थ है **'संक्षेपीकरण'**।
- **परिभाषा–दो या दो से अधिक शब्दों से मिलकर बने हुए एक नवीन एवं सार्थक शब्द को समास कहते हैं। समास में दो पद होते हैं– (1) पूर्वपद (2) उत्तरपद**
- **सामासिक शब्द/समस्त पद** - समास के नियमों से निर्मित शब्द सामासिक शब्द कहलाता है। इसे **समस्त पद** भी कहते हैं। समास होने के बाद विभक्तियों के चिह्न (परसर्ग) लुप्त हो जाते हैं। जैसे–राजपुत्र।
- **समास विग्रह**–सामासिक शब्दों के बीच के सम्बन्ध को स्पष्ट करना समास-विग्रह कहलाता है। जैसे–राजा का पुत्र।



विशेष टिप्पणी : संस्कृत में (द्विगु) तथा (कर्मधारय) को अलग-अलग भेद माना गया है लेकिन हिन्दी में इनकी चर्चा तत्पुरुष समास के अन्तर्गत की जाती है।

पदों की प्रधानता के आधार पर वर्गीकरण

- **प्रधान खंड**-जिस खंड पर अर्थ का मुख्य बल पड़ता है उसे प्रधान खंड कहते हैं।
- **गौण खंड**-जिस खंड पर अर्थ का बल नहीं पड़ता है उसे गौण खंड कहते हैं।

प्रमुख समास	पद की प्रधानता
(1) अव्ययी भाव समास में	पूर्वपद प्रधान होता है।
(2) तत्पुरुष समास में	उत्तरपद प्रधान होता है।
(ख) कर्मधारय समास में	उत्तरपद प्रधान होता है।
(क) द्विगु समास में	उत्तरपद प्रधान होता है।
(3) द्वन्द्व समास में	दोनों पद प्रधान होता है।
(4) बहुव्रीहि समास में	दोनों पद अप्रधान होता है।

(1) अव्ययीभाव समास–जिस समास में पूर्वपद अव्यय हो, उसे **अव्ययीभाव समास** कहते हैं।

इसी नियम को ग्राफ में देखें



विशेष टिप्पणी : पहला पद नामपद समास में पहला पद अव्यय या उपसर्ग न होकर संज्ञा या विशेषण शब्द होता है। हिंदी में ऐसे समासों का प्रयोग बहुत होता है।

www.awillguru.com

उदाहरण –

समस्त पद	अव्यय	विग्रह
प्रतिदिन	प्रति + दिन	दिन दिन
यथाशक्ति	यथा + शक्ति	शक्ति के अनुसार
आमरण	आ + मरण	मरण तक
अनुरुप	अनु + रुप	रुप के योग्य
यथाक्रम	यथा + क्रम	क्रम के अनुसार
भरपेट	भर + पेट	पेटभर

(2) तत्पुरुष समास–जिस समास में पूर्वपद विशेषण होने के कारण **गौण** तथा उत्तरपद विशेष्य होने के कारण **प्रधान** होता है वहाँ तत्पुरुष समास होता है।

इसी नियम को ग्राफ में देखें



विशेष–समस्त पद बनते समय विभक्ति चिह्नों का लोप हो जाता है तथा इसके विपरीत समास विग्रह के अन्तर्गत विभक्ति चिह्नों **'से', 'पर', 'को'** आदि का प्रयोग किया जाता है।

- संस्कृत से हिंदी में कुछ ऐसे समास भी आ गए हैं जिनसे कुछ विशिष्ट नियमों के कारण संस्कृत की विभक्तियों का लोप नहीं होता। जैसे-
  मृत्यु को जीतने वाला- **मृत्युंजय (शिव)**
  विश्व को भरने वाला - **विश्वंभर (ईश्वर)**
- अनेक बार दोनों पदों के मध्य आने वाला **'पूरा शब्द समूह'** (परसर्ग की तरह लुप्त) हो जाता है, जैसे-
  दही + बड़ा = दही में डूबा हुआ बड़ा

उदाहरण–

(1) कर्म- गिरहकट = गिरह **को** काटने वाला।
स्वर्गवास = स्वर्ग **को** प्राप्त।

(2) करण- मनचाहा = मन **से** चाहा।
बिहारी रचित = बिहारी **द्वारा** रचित।

(3) सम्प्रदान- रसोईघर = रसोई **के लिए** घर।
मार्गव्यय = मार्ग **के लिए** व्यय।

(4) अपादान- देशनिकाला = देश **से** निकाला।
ऋणमुक्त = ऋण **से** मुक्त।

(5) सम्प्रदान-गंगाजल = गंगा **का** जल।
दीनानाथ = दीनों **के** नाथ।

(6) अधिकरण-नगरवास = नगर **में** वास।
आपबीती = आप **पर** बीती।

- **नञ् समास**–जिस शब्द में 'न' के अर्थ में 'अ' अथवा 'अन' का प्रयोग हो, वह **'नञ् तत्पुरुष समास'** कहलाता है।
  जैसे- असभ्य = न सभ्य अनन्त = न अन्त
  अभाव = न भाव असम्भव = न सम्भव

(क) कर्मधारय समास–जिस सामासिक शब्द का **उत्तर पद प्रधान** हो और पूर्वपद का उत्तरपद में विशेषण-विशेष्य अथवा उपमान उपमेय का संबंध हो, वह **कर्मधारय समास कहलाता** है। जैसे-

	विशेषण		विशेष्य	
नीलकंठ	नील	+	कंठ	नीलाकंठ
नीलकमल	नील	+	कमल	नीलाकमल
पीतांबर	पीत	+	अंबर	पीलावस्त्र
महादेव	महा	+	देव	महान देवता
नीलगाय	-		नीली है जो गाय	
परमानन्द	-		परम है जो आनन्द	
नीलकंठ	-		नीला है जो कंठ	
महात्मा	-		महान है जो आत्मा	
सद्धर्म	-		सत् है जो धर्म	
अधपका	-		आधा है जो पका	

लुप्तकारक चिह्न तत्पुरुष



www.awillguru.com



ध्यान दें – हिन्दी में कभी-कभी विशेष्य पहले तथा विशेषण बाद में भी आ सकता है। जैसे-

पुरुषोत्तम	पुरुष (संज्ञा)	+	उत्तम (विशेषण)
ऋषिवर	ऋषि (संज्ञा)	+	वर (श्रेष्ठ) (विशेषण)

- **इस स्थिति में कर्मधारय का ग्राफ उलटा बनेगा।**



(ख) द्विगु समास –जिस सामासिक शब्द का पूर्वपद संख्यावाचक विशेषण हो उसे **द्विगु समास** कहते हैं। इससे समूह अथवा समाहार का बोध होता है। जैसे–

	सं० वि०		विशेष्य	
पंचवटी	पंच	+	वटी (वृक्षों)	पाँच वट वाला स्थान
शताब्दी	शत	+	अब्दी	सौ अब्दों (सौ वर्षों) का समूह



- **उपपद तत्पुरुष :** ऐसे समास जिनका बाद वाला शब्द भाषा में स्वतंत्र रूप से प्रयुक्त नहीं होता और प्रत्यय की तरह किसी अन्य शब्द के साथ ही आता है; जैसे-**कार, चर, ज्ञ** आदि शब्द स्वतंत्र रूप से प्रयोग में नहीं आते किन्तु समास शब्दों के निर्माण में सहायक होते हैं। इनमें दिनकर, जलज, जलद, स्वर्ग, तटस्थ, नभचर, खग, महीप, स्वस्थ आदि शब्द विशिष्ट अर्थ रखने के कारण बहुव्रीहि भी हैं।

समास पद	विग्रह
स्वर्णकार	स्वर्ण का काम करनेवाला
दिनकर	दिन को करनेवाला (बहुव्रीहि)
चर्मकार	चर्म का काम करनेवाला
नभचर	नभ में विचरण करनेवाला
राजनीतिज्ञ	राजनीति को जाननेवाला
स्वर्ग	स्वयं गमन करना
स्वस्थ	स्व में स्थित रहनेवाला (बहु.)

- **लुप्तपद तत्पुरुष-** किसी समास में न केवल कारक-चिह्न बल्कि पद के पद ही लुप्त हो जाएँ तो वह लुप्तपद तत्पुरुष कहलाता है, उसका विग्रह इस प्रकार होता है-

समास पद	विग्रह
तुलादान	तुला से बराबर करके दिया जानेवाला दान
मालगाड़ी	माल ढोने वाली गाड़ी
वनमानुष	वन में रहनेवाला मानुष
पर्णशाला	पर्ण (घास) से बनी हुई शाला
व्यर्थ	जिसका अर्थ चला गया है
जलकुंभी	जल में उत्पन्न होनेवाली कुंभी
मधुमक्खी	मधु एकत्र करनेवाली मक्खी
जलपोत	जल पर चलनेवाला पोत
अश्रुगैस	अश्रु लानेवाली गैस
जलयान	जल पर चलनेवाला यान

3. **द्वन्द्व समास–**जिस सामासिक शब्द के दोनों पद प्रधान होते हैं तथा विग्रह करने पर 'और', 'अथवा', 'या', 'एवं' लगता है, वह द्वन्द्व समास कहलाता है।

समास पद	विग्रह
भाई-बहन	भाई और बहिन
गंगा-यमुना	गंगा और यमुना
पाप-पुण्य	पाप और पुण्य
आचार-विचार	आचार और विचार
माँ-बाप	माँ और बाप
दाल-भात	दाल और भात
खरा-खोटा	खरा या खोटा
आगा-पीछा	आगा और पीछा

www.awillguru.com



द्वंद्व समास के मुख्य रुप से तीन भेद	लोप
1. इतरेतर द्वंद	**और/तथा**
2. समाहार द्वंद्व (पदों के अर्थ के अतिरिक्त उसी प्रकार के अन्य अर्थ का ज्ञान)	
3. वैकल्पिक द्वंद्व	**या/अथवा**

4. बहुव्रीहि समास–जिस सामासिक शब्द के दोनों पद अप्रधान हों और समस्तपद के अर्थ के अतिरिक्त कोई सांकेतिक अर्थ प्रधान हों, उसे **बहुव्रीहि समास** कहते हैं। जैसे–

नीलकंठ–नीला है कंठ जिसका अर्थात् शिव

चन्द्रमौलि–चन्द्र है सिर पर जिसके अर्थात् शंकर

चक्रपाणि–चक्र है पाणि (हाथ) में जिसके अर्थात् विष्णु



www.awillguru.com

समास से सम्बन्धित अध्यायवार प्रश्नकोश

1. निम्नलिखित में से कौन तत्पुरुष समास का उदाहरण नहीं है?

(a) राजकुमार (c) यज्ञवेदी

(c) आजन्म (d) ग्रामवासी

उत्तर : (c) **U.P. P.C.S. (Pre) - 2014**

2. निम्नलिखित किस एक में कर्मधारय समास नहीं है?

(a) लड़का भूख से **अधमरा** हो गया था।

(b) तुम्हें अपना **भला बुरा** स्वयं सोचना चाहिए

(c) विवाह संबंध में **ऊँच नीच** देखना पड़ता है।

(d) उठो, **दिया बत्ती** का समय हो गया

उत्तर (*) : विकल्प (a) में लड़का भूख से अधमरा हो गया था। इस पंक्ति में कर्मधारय समास है। शेष **(b) (c) (d)** की पंक्तियों में द्वन्द्व समास है। **U.P. P.C.S. (Pre) - 2013**

3. 'गुरुदेव' शब्द में समास है :

(a) अव्ययीभाव समास

(c) तत्पुरुष समास

(c) बहुव्रीहि समास

(d) कर्मधारय समास

उत्तर (d) : **उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014**

4. 'बारहसिंगा' शब्द में समास है-

(a) बहुव्रीहि समास (b) कर्मधारय समास

(c) द्वन्द्व समास (d) अव्ययीभाव समास

उत्तर (a) : **उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014**

5. कर्मधारय समास का उदाहरण है-

(a) गगनचुम्बी (b) पाठशाला

(c) श्वेतपत्र (d) नीलकण्ठ

उत्तर (c) : **उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014**

6. 'परमानन्द' में समास है :

(a) द्वन्द्व समास (b) कर्मधारय समास

(c) अव्ययीभाव समास (d) बहुव्रीहि समास

उत्तर (b) : **उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014**

7. निम्नलिखित में से कौन-सा समास नहीं है?

(a) अव्ययीभाव समास (b) कर्मकारक समास

(c) द्वन्द्व समास (d) बहुव्रीहि समास

उत्तर (b) : **उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014**

8. किस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं?

(a) बहुव्रीहि समास (b) तत्पुरुष समास

(c) द्वन्द्व समास (d) द्विगु समास

उत्तर (c) : **उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014**

9. किस समास में प्रथम पद संख्यावाची तथा अन्तिम पद संज्ञा हो, वह है :

(a) द्वन्द्व समास (b) तत्पुरुष समास

(c) द्विगु समास (d) अव्ययीभाव समास

उत्तर (c) : **उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014**

10. 'महाजन' शब्द में समास है :

(a) कर्मधारय समास (b) द्वन्द्व समास

(c) द्विगु समास (d) अव्ययीभाव समास

उत्तर (a) : **उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा- 2014**

www.awillguru.com

11. जिसमें कोई पद प्रधान नहीं होता तथा अन्य अर्थ प्रधान होता है, वहाँ होता है :
(a) कर्मधारय समास (b) अव्ययीभाव समास
(c) तत्पुरुष समास (d) बहुव्रीहि समास
उत्तर (d) : उ.प्र. राजस्व निरीक्षक परीक्षा-2014

12. 'जलमग्न' शब्द में समास होगा :
(a) द्वन्द्व (b) अव्ययीभाव
(c) तत्पुरुष (d) कर्मधारय
उत्तर (c) : U.P.S.D.I. Exam. - 2006

13. 'बज्रपाणि' शब्द में कौन-सा समास है?
(a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
(c) द्वन्द्व (d) द्विगु
उत्तर (b) : U.P.S.D.I. Exam. - 2006

14. 'पंचवटी' शब्द में समास होगा :
(a) बहुव्रीहि (b) कर्मधारय
(c) द्वन्द्व (d) द्विगु
उत्तर (d) : U.P.S.D.I. Exam. - 2006

15. 'सुनीता के बच्चे घास-फूस की तरह बढ़ रहे हैं?
उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त 'घास-फूस' शब्द में समास होगा :
(a) कर्मधारय (b) द्वन्द्व
(c) द्विगु (d) अव्ययीभाव
उत्तर (b) : U.P.S.D.I. Exam. - 2006

16. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द बहुव्रीहि समास का उदाहरण है?
(a) शूलपाणि (b) यथाक्रम
(c) हँसमुख (d) हथकड़ी
उत्तर (a) : U.P.S.D.I. Exam. - 2006

17. इनमें से कौन-सा शब्द 'द्विगु' समास है?
(a) भुजदण्ड (b) माखनचोर
(c) भला-बुरा (d) चतुर्भुज
उत्तर (d) : U.P.S.D.I. Exam. - 2006

18. 'प्रतिदिन' शब्द में समास होगा :
(a) द्विगु (b) कर्मधारय
(c) तत्पुरुष (d) अव्ययीभाव
उत्तर (d) : U.P.S.D.I. Exam. - 2006

19. जिन समस्त पदों में पहला शब्द संख्यावाची हो और उससे समुदाय का बोध होता हो तो उसे कहते हैं-
(a) द्विगु समास (b) द्वन्द्व समास
(c) कर्मधारय समास (d) अव्ययीभाव समास
उत्तर (a) : U.P.S.D.I. Exam. - 2006

20. जिसमें पहला शब्द विशेषण हो और दूसरा शब्द विशेष्य तो उसे कौन-सा समास कहेंगे?
(a) द्विगु (b) कर्मधारय
(c) द्वन्द्व (d) तत्पुरुष
उत्तर (b) : U.P. S.D.I. Exam. - 2006

21. जिस समास में दूसरा शब्द प्रधान रहता है, उसे कहते हैं
(a) अव्ययीभाव समास (b) तत्पुरुष समास
(c) द्वन्द्व समास (d) बहुव्रीहि समास
उत्तर (b) : U.P. N.T. Exam. - 2006

22. 'कृष्ण और सुदामा गुरुभाई थे' - रेखांकित में समास है-
(a) अव्ययीभाव समास (b) तत्पुरुष समास
(c) द्वन्द्व समास (d) बहुव्रीहि समास
उत्तर (b) : U.P. N.T. Exam. - 2006

23. 'लड़की चौलड़ी पहने है'-रेखांकित में समास है
(a) द्विगु समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) द्वन्द्व समास
उत्तर (a) : U.P. N.T. Exam. - 2006

24. जिस समास के दोनों ही पद प्रधान हों, उसे कहते हैं
(a) द्विगु समास (b) द्वन्द्व समास
(c) तत्पुरुष समास (d) कर्मधारय मास
उत्तर (b) : U.P. N.T. Exam. - 2006

25. जिस समास में पहले या बाद का कोई भी पद प्रधान नहीं होता, उसे कहते हैं,
(a) अव्ययीभाव समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) द्वन्द्व समास (d) कर्मधारय समास
उत्तर (b) : U.P. N.T. Exam. - 2006

26. जिस समास में अर्थ की दृष्टि से उत्तर पद प्रधान और पूर्व पद गौण हो, उसे कहते हैं,
(a) द्विगु समास (b) कर्मधारय समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) तत्पुरुष समास
उत्तर (d) : U.P. N.T. Exam. - 2006

27. 'यथाशक्ति' में कौन सा समास है?
(a) बहुव्रीहि समास (b) अव्ययीभाव समास
(c) करण तत्पुरुष समास (d) द्वन्द्व समास
उत्तर (b) : U.P. N.T. Exam. - 2006

28. धनुर्बाण' में किस तरह का समास है -
(a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
(c) कर्मधारय (d) द्वन्द्व
उत्तर (d) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2000

29. 'शोकाकुल' में समास है —
(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि (d) अव्ययीभाव
उत्तर (a) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2003

30. 'अकाल पीड़ित' में समास होगा :
(a) कर्मधारय (b) द्वन्द्व
(c) तत्पुरुष (d) बहुव्रीहि
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

31. 'जय-पराजय' में कौन-सा समास है -
(a) द्वन्द्व समास (b) कर्मघारय समास
(b) द्विगु समास (d) तत्पुरुष समास
उत्तर (a) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

www.awillguru.com

32. 'पर्णकुटी' शब्द का समास है-
(a) तत्पुरुष (b) द्वन्द्व
(c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि
उत्तर (a) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2010

33. 'सिंह द्वार' शब्द में समास है
(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

34. कोशकार :
(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय (d) द्विगु
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. Exam. (Hindi) - 2002

35. यथोचित :
(a) कर्मधारय (b) बहुव्रीहि
(c) तत्पुरूष (d) अव्ययीभाव
उत्तर (d) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

36. नरभक्षी :
(a) बहुव्रीहि (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय (d) द्विगु
उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

37. नीलाम्बर :
(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि (d) द्विगु
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

38. सप्तर्षि :
(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
(c) द्विगु (d) द्वन्द्व
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

39. 'नीलोत्पलम्' में कौन सा समास है -
(a) कर्मधारय (b) बहुव्रीहि
(c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

40. 'धनंजय' में समास है -
(a) द्वन्द्व (b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि (d) अव्ययीभाव
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

41. 'मनमाना' में कौन-सा समास है -
(a) अव्ययीभाव (b) कर्मधारय
(c) तत्पुरुष (d) बहुव्रीहि
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2003

42. 'कतर-ब्योंत' में कौन सा समास है -
(a) द्वन्द्व (b) द्विगु
(c) तत्पुरुष (d) बहुव्रीहि
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2003

43. 'हानि-लाभ' में कौन-सा समास है ?
(a) द्विगु समास (b) तत्पुरुष समास
(c) बहुव्रीहि समास (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (d) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

44. 'जय-पराजय' में कौन-सा समास है ?
(a) अव्ययी-भाव (b) बहुव्रीहि
(c) द्वन्द्व (d) द्विगु
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

45. 'लंबोदर' उदाहरण है
(a) बहुव्रीहि समास का (b) द्वन्द्व समास का
(c) द्विगु समास का (d) कर्मधारय का।
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

46. 'तिरंगा' शब्द में समास है
(a) द्वंद्व समास (b) अव्ययीभाव समास
(c) द्विगु समास (d) कर्मधारय समास
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

47. 'पंचवटी' शब्द में कौन सा समास है?
(a) कर्मधारय (b) द्विगु
(c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष
उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2013

48. 'परमानन्द' शब्द में कौन सा समास है?
(a) तत्पुरुष (b) द्वन्द्व
(c) कर्मधारय (d) अव्ययीभाव
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2013

49. निम्नलिखित में द्वन्द्व समास बताइए?
(a) शोकाकुल (b) सर्वोत्तम
(c) वीरपुरुष (d) पाप-पुण्य
उत्तर (d) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2013

50. 'यथारुचि' में समास है :
(a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
(c) अव्ययीभाव (d) द्वन्द्व
उत्तर (c) : UPPCS (Pre) Exam. -2015

51. 'समास' का शाब्दिक अर्थ होता है-
(a) संक्षेप (b) विस्तार
(c) विग्रह (d) नवीन अर्थ
उत्तर (a) : B.H.U. M.Ed. Exam.- 2014

52. 'उपकूल' में कौन सा समास है?
(a) द्वन्द्व (b) द्विगु
(c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष
उत्तर (c) : U.P.T.E.T. Exam- IInd Paper 2013

53. 'यथाशीघ्र' शब्द का समास बताइए।
(a) अव्ययीभाव (b) द्वन्द्व
(c) कर्मधारय (d) तत्पुरुष
उत्तर (a) : H.T.E.T. Exam- IInd Paper 2011

54. 'चौराहा' कौन-सा समास है?
(a) बहुव्रीहि (b) द्वन्द्व
(c) द्विगु (d) तत्पुरुष
उत्तर (c) : H.T.E.T. Exam- IInd Paper 2011

55. 'निर्विवाद' में समास है-
(a) कर्मधारय (b) अव्ययीभाव
(c) तत्पुरुष (d) बहुव्रीहि
उत्तर (a) : U.P.T.E.T. Exam- Ist Paper 2011

www.awillguru.com

56. निम्न में तत्पुरुष समास का उदाहरण है-
(a) एकतरफा (b) धनंजय
(c) आत्मनिर्भर (d) वक्रतुण्ड
उत्तर (c) : U.P.T.E.T. Exam- Ist Paper 2013

57. 'चन्द्रशेखर' शब्द में समास है-
(a) तत्पुरुष (b) द्विगु
(c) बहुव्रीहि (d) कर्मधारय
उत्तर (c) : U.P.T.E.T. Exam- IInd Paper 2013

58. निम्नलिखित में से 'द्विगु समास' का उदाहरण है-
(a) त्रिभुवन (b) तिरंगा
(c) एकदन्त (d) दशानन
उत्तर (a) : H.T.E.T. Exam- IInd Paper 2013

59. 'चौराहा' कौन-सा समास है?
(a) बहुव्रीहि (b) द्वन्द्व
(c) द्विगु (d) तत्पुरुष
उत्तर (c) : U.P.T.E.T. Exam- IInd Paper 2014

60. 'समास' का शाब्दिक अर्थ होता है-
(a) संक्षेप (b) विस्तार
(c) विग्रह (d) विच्छेद
उत्तर (a) : U.P.T.E.T. Exam- Ist Paper 2013

61. दशानन
(a) द्विगु (b) बहुव्रीहि
(c) कर्मधारय (d) द्वन्द्व
उत्तर (b) : U.P. B.Ed. Exam.-2003

62. रोग पीड़ित
(a) कर्मधारय (b) द्वन्द्व
(c) बहुव्रीहि (d) तत्पुरुष
उत्तर (d) : U.P. B.Ed. Exam.-2003

63. प्रतिमान
(a) कर्मधारय (b) अव्ययीभाव
(c) बहुव्रीहि (d) तत्पुरुष
उत्तर (b) : U.P. B.Ed. Exam.-2003

64. वीर पुरुष
(a) बहुव्रीहि (b) तत्पुरुष
(c) अव्ययीभाव (d) द्वन्द्व
उत्तर (b) : U.P. B.Ed. Exam.-2003

65. 'रसोईघर' में कौन सा समास है?
(a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
(c) द्वन्द्व (d) अव्ययीभाव
उत्तर (a) : N.V.S./K.V.S. Exam.-2003

66. 'नीलगाय' में कौन-सा समास है?
(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय (d) द्विगु
उत्तर (c) : N.V.S./K.V.S. Exam.-2003

67. 'पीताम्बर' पीत है अम्बर जिसका वह अर्थात् विष्णु, इसे कौन-सा समास कहेंगे?
(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि
उत्तर (d) : N.V.S./K.V.S. Exam.-2003

68. पंचवटी :
(a) द्वन्द्व (b) कर्मधारय
(c) द्विगु (d) तत्पुरुष
उत्तर (c) : U.P. B.Ed. Exam.-2004

69. घनश्याम :
(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि (d) अव्ययीभाव
उत्तर (b) : U.P. B.Ed. Exam.-2004

70. पीताम्बर:
(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
(c) बहुव्रीहि (d) द्विगु
उत्तर (c) : U.P. B.Ed. Exam.-2004

71. यथाशक्ति :
(a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
(c) अव्ययीभाव (d) कर्मधारय
उत्तर (c) : U.P. B.Ed. Exam.-2004

72. जब दो शब्द समास बनाकर तीसरे शब्द का विशेषण बन जाए तो से क्या कहते हैं?
(a) द्विगु (b) द्वन्द्व
(c) बहुव्रीहि (d) कर्मधारय
उत्तर (c) : U.P. B.Ed. Exam.-2004

73. 'समास' शब्द का अर्थ है-
(a) संक्षेप (b) टिप्पणी
(c) सार (d) व्यास
उत्तर (a) : Purvanchal U. B.Ed. Exam. - 2004

74. 'अनायास' में समास है-
(a) द्विगु (b) नञ्
(c) द्वन्द्व (d) कर्मधारय
उत्तर (b) : Purvanchal U. B.Ed. Exam. - 2004

75. चन्द्रशेखर
(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि (d) द्विगु
उत्तर (c) : U.P. B.Ed. Exam. - 2005

76. रात-दिन
(a) द्वन्द्व (b) द्विगु
(c) कर्मधारय (d) अव्ययीभाव
उत्तर (a) : U.P. B.Ed. Exam. - 2005

77. बहन-भाई
(a) बहुव्रीहि (b) तत्पुरुष
(d) द्वन्द्व (d) द्विगु
उत्तर (c) : U.P. B.Ed. Exam. - 2005

www.awillguru.com

78. दशमुख

(a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
(c) द्वन्द्व (d) तत्पुरुष

उत्तर (b) : U.P. B.Ed. Exam. - 2005

79. यथाशक्ति

(a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
(c) कर्मधारय (d) अव्ययीभाव

उत्तर (d) : U.P. B.Ed. Exam. - 2005

80. देशभक्ति

(a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
(c) द्विगु (d) अव्ययीभाव

उत्तर (a) : U.P. B.Ed. Exam. - 2005

81. हस्तलिखित

(a) कर्मधारय (b) तत्पुरुष
(c) बहुव्रीहि (d) द्वन्द्व

उत्तर (b) : U.P. B.Ed. Exam. - 2005

82. त्रिनेत्र

(a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
(c) द्विगु (d) कर्मधारय

उत्तर (c) : U.P. B.Ed. Exam. - 2005

83. भरपेट

(a) अव्ययीभाव (b) कर्मधारय
(c) द्विगु (d) बहुव्रीहि

उत्तर (a) : U.P. B.Ed. Exam. - 2005

84. आनन्दमग्न

(a) द्विगु (b) तत्पुरुष
(c) बहुव्रीहि (d) कर्मधारय

उत्तर (b) : U.P. B.Ed. Exam. - 2005

85. आनन्दमग्न

(a) द्विगु (b) तत्पुरुष
(c) बहुव्रीहि (d) कर्मधारय

उत्तर (b) : Ruhelkhand B.Ed. Exam-2005

86. बनवास

(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) द्वन्द्व (d) बहुव्रीहि

उत्तर (a) : Uttrakhand B.Ed. Exam-2005

87. पंचवटी

(a) द्विगु (b) नञ्
(c) तत्पुरुष (d) कर्मधारय

उत्तर (a) : Uttrakhand B.Ed. Exam-2005

88. पीताम्बर

(a) बहुव्रीहि (b) द्वन्द्व
(c) द्विगु (d) कर्मधारय

उत्तर (a) : Uttrakhand B.Ed. Exam-2005

89. नरोत्तम

(a) द्वन्द्व (b) तत्पुरुष
(c) अव्ययीभाव (d) कर्मधारय

उत्तर (b) : Uttrakhand B.Ed. Exam-2005

90. आजन्म

(a) द्विगु (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय (d) अव्ययीभाव

उत्तर (d) : Uttrakhand B.Ed. Exam-2005

91. धनहीन

(a) द्विगु (b) तत्पुरुष
(c) द्वन्द्व (d) अव्ययीभाव

उत्तर (b) : U.P. B.Ed. Exam-2006

92. स्वर्गगत

(a) तत्पुरुष (b) द्विगु
(c) कर्मधारय (d) द्वन्द्व

उत्तर (a) : U.P. B.Ed. Exam-2006

93. पुस्तकालय

(a) कर्मधारय (b) तत्पुरुष
(c) द्वन्द्व (d) अव्ययीभाव

उत्तर (b) : U.P. B.Ed. Exam-2006

94. दशानन

(a) बहुव्रीहि (b) कर्मधारय
(c) द्विगु (d) तत्पुरुष

उत्तर (a) : U.P. B.Ed. Exam-2006

95. त्रिलोचन

(a) बहुव्रीहि (b) तत्पुरुष
(c) द्वन्द्व (d) अव्ययीभाव

उत्तर (a) : U.P. B.Ed. Exam-2006

96. कमलनयन

(a) द्विगु (b) द्वन्द्व
(c) कर्मधारय (d) तत्पुरुष

उत्तर (c) : U.P. B.Ed. Exam-2006

97. अन्न-जल

(a) द्वन्द्व (b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि (d) तत्पुरुष

उत्तर (a) : U.P. B.Ed. Exam-2006

98. अष्टाध्यायी

(a) द्विगु (b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय (d) तत्पुरुष

उत्तर (a) : U.P. B.Ed. Exam-2006

99. यथासमय

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय (d) द्वन्द्व

उत्तर (a) : U.P. B.Ed. Exam-2006

100. भरपेट

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय (d) द्वन्द्व

उत्तर (a) : U.P. B.Ed. Exam-2006

www.awillguru.com

101. बहुव्रीहि समास का उदाहरण कौन सा है?

(a) पंचवटी (b) करोड़पति
(c) चतुर्भुज (d) चरण कमल

उत्तर : (c) U.P. S.S.S.C.Lower-II. Exam. 2016

102. इस समास में पहला पद संख्यावाचक होता है-

(a) अव्ययीभाव (b) द्विगु
(c) द्वन्द्व (d) कर्मधारय

उत्तर : (b) U.P. S.S.S.C.V.D.O. Exam. - 2016

103. जिस समास का पूर्वपद (पहला पद) प्रधान हो उसे कौन सा समास कहते हैं?

(a) संबंध तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) अव्ययीभाव (d) द्वन्द्व

उत्तर : (a) U.P. S.S.S.C. V.D.O. Exam. - 2016

104. सप्तर्षि में समास है-

(a) कर्मधारय (b) तत्पुरुष
(c) द्वंद्व (d) द्विगु

उत्तर : (c) U.P. P.C.S. (Pre) - 2016

105. 'यथाशक्ति' में कौन-सा समास है?

(a) कर्मधारय (b) तत्पुरुष
(c) द्वन्द्व (d) अव्ययीभाव

उत्तर : (d) U.P. T.E.T. Ist Inning & II Inning- 2016

106. 'अजातशत्रु' में कौन-सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) द्वन्द्व
(c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि

उत्तर : (d) U.P. T.E.T. - 2016

107. 'वाचस्पति' किस समास का समस्त पद है?

(a) सम्बन्ध तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
(c) नञ् तत्पुरुष (d) अलुक् तत्पुरुष

उत्तर : (b) U.P.S.S.S.S. चकबन्दी लेखपाल परीक्षा-2016

108. ''गंगाजल'' शब्द में समास का भेद बताइये?

(a) तत्पुरुष (b) द्वन्द्व
(c) अव्ययीभाव (d) कर्मधाराय

उत्तर : (a) U.P.S.S.S.S. विधान भवन रक्षक, परीक्षा-2015

109. ''सतसई'' शब्द में समास का भेद बताइये?

(a) कर्मधारय (b) द्विगु
(c) तत्पुरुष (d) द्वन्द्व

उत्तर : (b) U.P.S.S.S.S. विधान भवन रक्षक, परीक्षा-2015

110. समास बताइए- 'भरपेट'

(a) अव्ययीभाव समास (b) द्वन्द्व समास
(c) तत्पुरुष समास
(d) बहुव्रीहि समास

उत्तर : (a) U.P.S.S.S.S. Lower-III. Exam. 2016

111. धीरे-धीरे का समास-

(a) द्वन्द्व (b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय (d) द्विगु समास

उत्तर : (b) U.P.S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा-2015

112. निम्न में से कौन-सा 'चक्रपाणि' में प्रयुक्त समास है?

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) बहुव्रीहि (d) कर्मधारय

उत्तर : (b) U.P.S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा-2015

113. 'चक्रपाणि', 'चन्द्रभाल' तथा 'सुलोचना' में क्रमशः समास है-

(a) कर्मधारय, द्वंद्व, तत्पुरुष (b) सभी सम्प्रदान तत्पुरुष
(c) सभी बहुव्रीहि (d) तत्पुरुष, कर्मधारय, द्वंद्व

उत्तर : (c) U.P.S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा-2015

114. 'पंचानन' में कौन सा समास है?

(a) तत्पुरुष (b) बहुव्रीहि
(c) कर्मधारय (d) द्विगु

उत्तर : (b) U.P.S.S.S.C. विधानभवन रक्षक, परीक्षा-2015

115. सरासर में कौन-सा समास है?

(a) द्वन्द्व (b) द्विगु
(c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष

उत्तर : (c) U.P.S.S.S.C. कनिष्ठ सहायक परीक्षा-2015

116. 'योगदान' में कौन-सा समास है?

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि

उत्तर : (b) U.P.S.S.S.C. कनिष्ठ सहायक परीक्षा-2015

117. 'त्रिवेणी' शब्द में कौन-सा समास है?

(a) कर्मधारय (b) बहुव्रीहि
(c) द्विगु (d) द्वन्द्व

उत्तर : (c) U.P.S.S.S.C. राजस्व लेखपाल, परीक्षा-2015

118. 'चौमासा' में समास है-

(a) द्विगु (b) द्वन्द्व
(c) कर्मधारय (d) तत्पुरुष

उत्तर : (a) U.P. T.E.T., Exam-2016

www.awillguru.com

119. 'युद्ध में स्थिर रहने वाला'- किस समास का विग्रह पद है?
(a) करण तत्पुरुष (b) अलुक तत्पुरुष
(c) सम्प्रदान तत्पुरुष (d) सम्बन्ध तत्पुरुष
उत्तर : (b) U.P.S.S.S.C. अमीन, परीक्षा-2016

120. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द बहुव्रीहि समास का उदाहरण है?
(a) त्रिभुज (b) दशानन
(c) नवरात्र (d) त्रिलोक
उत्तर : (b) U.P.S.S.S.C. आबकारी सिपाही, परीक्षा-2016

121. पथभ्रष्ट
(a) अव्ययीभाव (b) द्वन्द्व
(c) तत्पुरुष (d) कर्मधारय
उत्तर : (c) U.P.S.S.S.C. कनिष्ठ सहायक, परीक्षा-2016

122. अष्टाध्यायी
(a) बहुव्रीहि (b) द्विगु
(c) कर्मधारय (d) तत्पुरुष
उत्तर : (b) U.P.S.S.S.C. कनिष्ठ सहायक, परीक्षा-2016

123. निम्न में से कौन-सा कर्मधारय समास हैं?
(a) नीलगगन (b) त्रिफला
(c) पतझड़ (d) गाँव-शहर
उत्तर : (a) U.P.S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा-2015

124. 'देव जो मानव है' यह किस समास का उदाहरण है?
(a) अव्ययीभाव
(b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि
(d) तत्पुरुष
उत्तर : (b) U.P.S.S.S.C. कनिष्ठ सहायक, परीक्षा-2015

125. 'राजपुत्र' में कौन-सा समास है?
(a) तत्पुरुष (b) द्विगु
(c) द्वन्द्व (d) कर्मधारय
उत्तर : (a) U.P.S.S.S.C. V.D.O. परीक्षा-2015

–0–

www.awillguru.com

6 क्रियाएं

परिभाषा– जिस शब्द अथवा शब्द-समूह के द्वारा किसी कार्य के होने अथवा करने का बोध हो, वह क्रिया कहलाता है, जैसे–

(1) देवेश दूध **पी रहा है।**

(2) अर्चना काम **कर रही है।**

(3) नीतू **नाच रही है।**

इसमें **'पी रहा है', 'कर रही है', 'नाच रही है'** शब्द कार्य-व्यापार का बोध करा रहे हैं। इनसे किसी कार्य के करने अथवा होने का बोध हो रहा है। अतः ये क्रियाएँ हैं।



www.awillguru.com

काल (Tense)

- **परिभाषा–क्रिया के जिस रूप से कार्य सम्पन्न होने का समय (काल) ज्ञात हो, वह 'काल' कहलाता है।**

काल

- भूतकाल (Past Tense)
  - सामान्य भूत (Simple Past)
  - आसन्न भूत (Recent Past)
  - अपूर्ण भूत (In Complete Past)
  - पूर्ण भूत (Complete Past)
  - संदिग्ध भूत (Doubtful Past)
  - हेतुहेतुमदभूत (Conditional Past)
- वर्तमानकाल (Present Tense)
  - सामान्य वर्तमान (Present Indefinite)
- हाथ उठाकर देना : **स्वेच्छा से किसी को कुछ देना**
- पानी न माँगना : **तत्काल मर जाना**
- सिर उठाना : **विरोध में आना**

अनुशीलन सामग्री

- अटकेगा सो भटकेगा : **द्विविधा या सोच-विचार में पड़ने से काम नहीं होता।**
- अन्दर छूत नहीं, बाहर दुर्-दुर् : **मन में कुछ, बाहर कुछ**
- अपना सोना खोटा तो परखैया के का दोष? : **अपने ही लोग बुरे हों तो पराये व्यक्तियों को क्या दोष दिया जाए?**
- अपनी नाक कटे तो कटे, दूसरे का सगुन तो बिगड़े : **दूसरों को हानि पहुँचाने के लिए स्वयं की हानि के लिए भी तैयार रहना**
- अब की अब के साथ, जब की जब के साथ : **जो सामने हो, उसी की चिन्ता करनी चाहिए।**
- अवसर चूके डोमिनी गावे ताल-बेताल : **समय चूकने पर किसी बात का प्रभाव नहीं पड़ता।**
- आँख के आगे नाक सूझे क्या खाक : **आँख पर परदा पड़ने पर कुछ नहीं सूझता।**
- आग खायेगा तो अंगार उगलेगा : **बुरे काम का बुरा नतीजा**
- आगे जाए घुटने टूटे, पीछे देखे आँख फूटे : **जिधर जाएँ उधर ही संकट**
- आदमी बसे और सोना कसे : **साथ रहने पर मनुष्य की और कसौटी पर सोने की परख होती है। मनुष्य के चरित्र और सोने के गुण की पहचान तुरन्त नहीं होती।**
- आदमी को ढाई गज़ कफ़न काफ़ी है : **इंसान को सन्तोष करना चाहिए।**
- आप मियाँजी माँगते द्वार खड़े दरवेश : **दीन-हीन व्यक्ति किसी की सहायता नहीं कर सकता।**
- आपा तजे तो हरि को भजे : **स्वार्थ छोड़ने से ही परमार्थ होता है।**
- आयी तो रोज़ी नहीं तो रोज़ा : **कमाया तो खाये, नहीं तो भूखे।**
- आयी है जान के साथ, जाएगी जनाज़े के साथ : **असाध्य रोग**
- आस-पास बरसे दिल्ली पड़ी तरसे : **जिसको आवश्यकता हो, उसे न मिले।**
- इक नागिन अरु पंख लगायी : **एक दोष के साथ दूसरे का जुड़ जाना**
- इतनी सी जान, गज़भर ज़बान : **अवस्था के हिसाब से अधिक बोलना**
- उत्तम खेती मध्यम बान, निकृष्ट चाकरी भीख निदान : **खेती का पेशा श्रेष्ठ, द्वितीय कोटि का व्यापार, नौकरी उससे भी नीचा और भिक्षावृत्ति जीवन-निर्वाह करने के लिए है।**
- ऊँट की चोरी निहुरे-निहुरे : **प्रकट हो जानेवाले काम को छुप-छुपकर करना**
- एक तवे की रोटी क्या छोटी, क्या मोटी : **किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है**
- एक हम्माम में सब नंगे : **सहयोगी एक-दूसरे की दुर्बलताएँ जानते हैं।**
- कमरी ओढ़ने से कोई फ़क़ीर नहीं होता : **ऊपरी दिखावे से दोष नहीं छुपते।**
- करमहीन खेती करे, बैल मरे या सूखा पड़े : **दुर्भाग्य होने पर सभी काम बिगड़ते हैं।**

www.awillguru.com

- काज़ी जी दुबले क्यों शहर के अन्देशे से : **अपनी चिन्ता न करके दूसरों की चिन्ता करना**
- किस खेत का बथुआ है और किस खेत की मूली : **नगण्य है।**
- कुतिया चोरों से मिल जाए तो पहरा कौन दे? : **जब रक्षक की चोर-डाकुओं से साठ-गाँठ हो जाए तो फिर क्या चारा?**
- कूद-कूद मछली बगुले को खाय : **पूर्णतः प्रतिकूल काम को करना।**
- कोठी वाला रोवै, छप्परवाला सोवै : **बहुत अधिक धन चिन्ता का कारण होता है।**
- खरी मजूरी चोखा काम : **नक़द पारिश्रमिक देने से ही काम अच्छा होता है।**
- गयी माँगने पूत खो आई भतार : **थोड़े लाभ के चक्कर में अधिक नुकसान कर बैठना।**
- गरीब की जोरू सब गाँव की भौज़ाई : **कमज़ोर से सब लाभ उठाते हैं।**
- गाँछ (पेड़) में कटहल, ओठ में तेल : **काम होने के पहले ही फल की इच्छा; ख्याली पुलाव पकाना**
- गुरु कीजै जान, पानी पीजै छान : **अच्छी तरह से सोच-समझकर कोई काम करना**
- घड़ी में घर जले अढ़ाई घड़ी मन्दा : **विषम परिस्थिति में बुद्धि का प्रयोग सावधानीपूर्वक करना चाहिए।**
- घड़ी में घर जले नौ घड़ी भद्रा : **समय पर काम न हुआ तो उसका होना और न होना बराबर है।**
- घड़ी में तोला, घड़ी में मासा; पल में तोला, पल में मासा : **अनिश्चित स्वभाव का व्यक्ति**
- घर पर घोड़ा, नखास मोल : **घर में वस्तु के उपलब्ध रहने पर भी उसे मण्डी से ख़रीदना**
- चक्की में कौर डालोगे तो चून पाओगे : **कुछ प्रयत्न से ही फल मिलेगा।**
- चमार चमड़े का यार : **स्वार्थी व्यक्ति**
- चुल्लू-चुल्लू साधेगा, दुआरे हाथी बाँधेगा : **थोड़ा-थोड़ा इकट्ठा करके धनी होना**
- चूहे के चाम से नगाड़े नहीं मढ़े जाते : **तुच्छ और अल्प वस्तु से बड़ा काम नहीं हो सकता।**
- चूहे घर में डण्ड पेलते हैं : **अत्यधिक दयनीय स्थिति**
- चोट्टी कुतिया जलेबियों की रखवाली : **भक्षक को रक्षक का दायित्व सौंपना**
- छँटाक चून चौबारे रसोई : **केवल दिखावा**
- छूँछी हाँडी बाजे टन्-टन् : **हलके व्यक्ति के खोखलेपन का खुलासा हो जाता है।**
- जब तक साँसा तब तक आसा : **अन्तिम क्षण तक आशा बनाये रखना**
- जब तक जीना तब तक सीना : **जब तक जीवन है तब तक कोई-न-कोई काम-धन्धा करना ही पड़ता है।**
- जबरा मारे रोवै न दे : **ताक़तवर व्यक्ति का अत्याचार चुपचाप सहना पड़ता है।**
- ज़र का ज़ोर पूरा, बाक़ी अधूरा : **रुपया सबसे बलवान है।**
- जर है तो नर, नहीं तो खण्डहर : **रुपये से ही आदमी की इज़्ज़त है।**
- जहाँ जाय भूखा, वहाँ पड़े सूखा : **भाग्यहीन को कहीं सुख नहीं मिलता।**
- जहाँ देखे तवा परात, वहाँ गुज़ारे सारी रात : **जहाँ कुछ मिलने की आशा होती है वहाँ लालची व्यक्ति ठहर जाता है।**
- जान मारे बनिया, पहचान मारे चोर : **बनिया और चोर परिचित को ही नुकसान पहुँचाते हैं।**
- जिसके हाथ डोई, उसका सब कोई : **धनी व्यक्ति के सब मित्र होते हैं।**
- जैसी बहै बयार, पीठ तब तैसी दीजै डार : **अवसर के अनुकूल बन जाना चाहिए।**
- झूठहि लेना झूठहि देना, झूठहि भोजन झूठ चबैना : **हर कार्य में बेईमानी करना**
- झोली डारे गज फिरे मुक्ता डारे साथ : **निजी सम्पत्ति होने पर भी दूसरों से आशा करना**
- टके की चटाई, नौ टका बिदाई : **लाभ की अपेक्षा अधिक ख़र्च**
- टट्टी की ओट से शिकार खेलना : **छुपकर बुरा काम करना**
- ठठेरे ठठेरे बदलौअल : **धूर्त्त का धूर्त्त से चाल चलना**
- डण्डा सबका पीर : **सख़्ती करने से लोग नियन्त्रित होते हैं।**
- ताँत बजी और राग बुझी : **बोलने से ही योग्यता प्रकट होती है।**
- तिरिया तेल हमीर-हठ चढ़े न दूजी बार : **प्रतिज्ञा पूरी करना; दृढ़प्रतिज्ञ अपनी बात से नहीं हटते।**
- तीन में न तेरह में, मृदंग बजावे डेरे में : **निर्द्वन्द्व व्यक्ति सुखी रहता है।**
- तेली खसम किया फिर भी रूखा खाया : **किसी सामर्थ्यवान् की शरण में रहकर भी दुःख उठाना**
- दलाल का दिवाला क्या, मस्जिद में ताला क्या? : **जिसके पास कुछ है ही नहीं, उसे हानि का क्या डर?**
- दाग़ लगाये लँगोटिया यार : **अपनों से ही व्यक्ति धोखा खाता है।**
- दुनिया ठगिए मक्कर से, रोटी खाइए शक्कर से : **ठगी पर मौज करना**
- दूल्हा को पत्तल नहीं, बजनिये को थाल : **जिसका जो हक़ है, वह उसे न मिलकर किसी और को मिलना**
- धोबी रोवे धुलाई को, मियाँ रोवे कपड़े को : **सभी अपने-अपने नुकसान की बात करते हैं।**

www.awillguru.com

- नंगा क्या नहायेगा, क्या निचोड़ेगा? : **निर्धन से आर्थिक मदद की आशा नहीं करनी चाहिए।**
- नंगा बड़ा परमेश्वर से; नंगा ख़ुदा से बड़ा : **निर्लज्ज से सभी डरते हैं।**
- न अन्धे को न्यौता देते, न दो जने आते : **किसी विशेष काम को करने के कारण विपत्ति का आना**
- नकटा बूचा सबसे ऊँचा : **निर्लज्ज सबसे बड़ा है।**
- नटनी जब बाँस पर चढ़ी तब घूँघट क्या? : **जब बेशर्मी अपना ही ली तब लज्जा क्या?**
- नदी-नाव संयोग : **थोड़े समय का साथ**
- नाई के बारात में जने-जने ठाकुर : **जहाँ सभी नेता हों; जहाँ एक मालिक न हो, सभी अपनी-अपनी चलायें।**
- पत्थर को जोंक नहीं लगती; पत्थर मोम नहीं होता : **निर्दय व्यक्ति में दया नहीं होती।**
- पाँच पंच मिल कीजै काज, हारे जीते नाहीं लाज : **सब के सहयोग से कार्य करने पर निन्दा नहीं होती।**
- फुई-फुई करके तालाब भरता है; बूँद-बूँद से तालाब भरता है : **थोड़ा-थोड़ा करके अधिक हो जाता है।**
- बाड़ ही जब खेत को खाये तो रखवाली कौन करे? : **रक्षक ही जब भक्षक बन जाए तब आगे कौन हवाल?**
- बाप न मारी मेढकी, बेटा तीरन्दाज़ : **सामर्थ्य से अधिक बढ़-चढ़कर बातें करना; झूठी शेख़ी बघारनेवाला**
- बिच्छू का काटा रोवे, साँप का काटा सोवे : **मीठी मार अधिक बुरी होती है।**
- भूल गये रागरंग भूल गये छकड़ी, तीन चीज़ याद रही— नून, तेल, लकड़ी : **गृहस्थी के चक्कर में फँस जाना**
- माया तेरे तीन नाम— परसू, परसा, परसुराम : **धन ही प्रतिष्ठा का मूल है; धनवान् की सब इज़्ज़त करते हैं।**
- मिस्सों से पेट भरता है, क़िस्सों से नहीं : **पेट को खाना चाहिए, केवल बातों से पेट नहीं भरता।**
- मेढकी को भी जुकाम हुआ है : **अपनी शक्ति से बढ़कर बात करना**
- मेरी तेरे आगे, तेरी मेरे आगे : **चुग़लख़ोरी**
- योगी था सो उठ गया, आसन रही भभूत : **पुराना गौरव समाप्त हो जाना।**
- रानी रूठेंगी तो अपना सुहाग लेंगी : **मालिक नाराज़ होकर केवल नौकरी से निकाल सकता है**
- रुपया परखे बार-बार, आदमी परखे एक बार : **भले-बुरे व्यक्ति की पहचान उसके एक ही आचरण से हो जाती है।**
- लंका में सब बावन गज़ के : **एक-से-बढ़कर-एक**
- लिखे ईसा, पढ़े मूसा : **लिखावट में सुन्दरता का अभाव होना**
- शक़्ल चुड़ैल की, मिज़ाज परियों का : **बेकार का नखरा**
- शर्म की बहू नित भूखी मरे : **शर्म करने से कष्ट उठाना पड़ता है।**
- शेख़ी सेठ की, धोती भाड़े की : **कुछ न होने पर भी बड़प्पन दिखाना**
- शेरों का मुँह किसने धोया? : **सामर्थ्यवान के लिए कोई उपाय नहीं।**
- सइसों का काल मुंशियों की बहुतायत : **पढ़े-लिखों में बेकारी है।**
- सारी रात मिमियानी और एक ही बच्चा बियानी : **प्रयास बहुत अधिक और लाभ कम**
- सूरदास की काली कामरि चढ़े न दूजो रंग : **आदतें पक्की होती हैं, बदलती नहीं।**
- हंसा थे सो उड़ गये, कागा भये दीवान : **भले लोगों के स्थान पर बुरे लोगों के हाथ में अधिकार आना।**
- हाँडी का एक ही चावल देखा जाता है : **किसी परिवार, जाति या देश के एक ही मनुष्य को देखने से ज्ञात हो जाता है कि शेष कैसे होंगे।**
- हाथ सुमरनी बगल कतरनी : **मन में कुछ और प्रत्यक्ष में कुछ और; ऊपर से निर्मल, भीतर से कलुषित**
- हाथी निकल गया, पूँछ रह गयी : **अधिकतर काम का पूरा हो जाना**
- हिमायती की घोड़ी ऐराकी को लात मारे : **बड़े का सहारा पाकर, अपने से बड़ों तथा शक्तिशाली से उलझना**
- हिसाब जौ-जौ, बख़शीश सौ-सौ : **हिसाब करने में कड़ा, दान करने में उदार**
- **अंधेर नगरी** : जहाँ धाँधली का बोलबाला हो।
- **अमर बेल बनना** : संग लगे रहना।
- **अंगूठे पर मारना (लेना)** : परवाह न करना।
- **अंचल पकड़ना (थामना)** : सहारा देना।
- **अन्न का कन्न करना** : बनी चीज को बिगाड़ देना।
- **अरण्य-रोदन** : व्यर्थ विलाप।
- **आग पानी साथ रखना** : असम्भव कार्य करना।
- **इन्द्र की परी** : बहुत सुन्दर स्त्री।
- **उधार खाना और भुस में आग लगाना** : कर्ज को बढ़ाकर नाश कारक बनाना।
- **एक ही थैली के चट्टे-बट्टे** : एक मेल के मनुष्य।
- **एक लकड़ी से हाँकना अथवा एक लाठी से सबको हाँकना** : समान व्यवहार करना।
- **ओखली में सिर देना** : कष्ट सहने पर उतारू होना।
- **किनारा कसी करना** : दूर होना, साथ छोड़ना।
- **कुम्हड़ बतिया होना** : अशक्त होना।

www.awillguru.com

- **कौड़ी को मोल बिकना :** बेकदर, होना।
- **खाला का घर :** सहज काम, अपना घर।
- **गिरगिट की तरह रंग बदलना :** विचारों में जल्दी-जल्दी परिवर्तन करना।
- **धूप में बाल सफेद होना :** अनुभव न होना।
- **निन्यानबे के फेर में पड़ना :** धन संग्रह की चिन्ता में पड़ना।
- **पानी-पानी होना :** अत्यन्त लज्जित होना
- **बगुला भगत होना :** भीतर से कपटी होना।
- **आप मियाँ जी माँगते द्वार खड़े दरवेश :** अति दरिद्र के यहाँ भिक्षा माँगने वालों का आना।
- **चढ़ जा बच्चा सूली पर भला करेंगे राम :** बड़ों का छोटों को किसी काम के लिए उकसाना।
- **चोरी का माल मोरी में :** गलत ढंग से अर्जित धन गलत ढंग से ही खर्च होता है।
- **न अंधे को न्योता देते न दो जने आते :** न यह काम करते न बवाल खड़ा होता
- **नई घोसन उपलों का तकिया :** नया शौक पूरा करने का कोई अटपटा कार्य करना।
- **भुस में आग लगा जमालो दूर खड़ी :** कलह का बीज बोकर तटस्थ रहना।
- **मियाँ की दाढ़ी चुमाई में गई :** किसी वस्तु का देखने वालों द्वारा ही समाप्त हो जाना।
- **अंडा सेवे कोई, बच्चा लेवे कोई :** मेहनत कोई करे और लाभ किसी अन्य को मिले।
- **अधेली न दे अधेला दे :** दबाव में पड़कर अधिक देने को तैयार हो जाना।
- **आई मौज फकीर को दिया झोपड़ा फूँक :** बैरागी व्यक्ति मोह माया से दूर रहता है।
- **आया है सो जायेगा राजा रंक फकीर :** सबको मरना है।
- **आयी है जान के साथ जायेगी जनाजे के साथ :** आजीवन किसी चीज से पिण्ड न छूटना
- **अक्ल के पीछे डंडा लेकर दौड़ना :** बेसमझी का काम करना।
- **अलाली चढ़ना :** सुस्ती आना, अकर्मण्यता आना।
- **आइने में मुँह देखना :** अपनी योग्यता या क्षमता को जांचना।
- **आकाश कुसुम होना :** अनहोनी बात होना-दुर्लभ होना।
- **आकाश पर दिमाग होना :** अधिक घमंड करना
- **कुत्ते का भेजा खाना :** अधिक बकवास करने की शक्ति होना।
- **जोंक होकर लिपटना :** किसी के पीछे बुरी तरह पड़ना।
- **जहाज का काग होना :** ऐसी स्थिति में होना कि एक को छोड़कर दूसरा ठिकाना न हो।
- **जनवासे की चाल चलना :** बहुत सुस्त होना।
- **कखरी लरका गाँव गोहार :** वस्तु पास है पर चारों ओर शोर करते हैं।
- **बाछें खिलना/ बाग बाग होना :** अत्यन्त प्रसन्न होना।
- **अपना रख पराय चख :** अपनी वस्तु की रक्षा और दूसरे की वस्तु का उपयोग करना।
- **कहें खेत की सुनें खलिहान की :** अनसुनी करना अथवा उल्टा समझना
- **कूद-कूद मछली बगुले की खाय :** विपरीत कार्य होना।
- **जंगल में मोर नाचा किसने देखा :** किसी ऐसे स्थान पर कोई कार्य करना जिससे दूसरों को लाभ न हो।
- **जेकर पुरखा न देखल पोय लेकर घर खुरबन्दी होय :** किसके पूर्वजों ने छोटा काम भी न किया हो उसका कोई बड़ा कार्य करना
- **शौकीन बुढ़िया चटाई का लहँगा :** अवस्था के अनुसार आचरण न होना, अपनी इच्छा गलत ढंग से पूरी करना।

मुहावरे एवं लोकोक्ति
से सम्बन्धित अध्यायवार प्रश्नकोश

1. 'आये थे हरि भजन को ओटन लगे कपास' लोकोक्ति का सही अर्थ है-
   (a) साधुओं की संगति छोड़ देना
   (b) वांछित कार्य को छोड़कर अन्य कार्य में लग जाना
   (c) भक्ति को छोड़कर व्यापार करने लगना
   (d) गृहस्थी के झंझटों में फंस जाना
   उत्तर (b) : U.P. P.C.S. (Pre) - 2012
2. 'आँखों में गड़ना' मुहावरे का अर्थ है -
   (a) गौर से देखना (b) मन में खटकना
   (c) सहन न कर पाना (d) वस्तु को पाने की उत्कट लालसा
   उत्तर (b/d) : U.P. P.C.S. (Pre) - 2013
3. 'सिर से पानी गुजर जाना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ क्या है?
   (a) गहरे पानी में स्थान करना
   (b) सहनशीलता की सीमा टूट जाना
   (c) अच्छी प्रकार से सिर धोना
   (d) डूबने से बच जाना
   उत्तर (b) : U.P. P.C.S. (Pre) - 2014
4. 'अक्ल पर पत्थर पड़ना' मुहावरे का अर्थ है :
   (a) मूर्ख बन जान (b) अपमानजनक बात कहना
   (c) बुद्धि भ्रष्ट होना
   (d) बेफ्रिक होना
   उत्तर : (c) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा - 2014

www.awillguru.com

5. 'अंडे सेना' मुहावरे का अर्थ है :
(a) मुर्गी का चुजों के ऊपर बैठना
(b) स्वावलम्बी होना
(c) स्वार्थ सिद्ध करना
(d) घर में बेकार बैठना
उत्तर : (d) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा - 2014

6. 'जूतम पैजार' मुहावरे का अर्थ है-
(a) लड़ाई-झगड़ा होना
(b) लूट मचाना
(c) छीनाझपटी करना
(d) किसी वस्तु की बहुतायत
उत्तर : (a) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा - 2014

7. 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता' का अर्थ है :
(a) एक चना किसी काम का नहीं
(b) एक चना शक्तिहीन होता है
(c) अकेला व्यक्ति शक्तिशाली नहीं होता
(d) एक चने से भूख नहीं मिटती
उत्तर : (c) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा - 2014

8. 'पौ बारह होना' मुहावरे का अर्थ है :
(a) बसन्त ऋतु का आगमन (b) भाग जाना
(c) अत्यधिक लाभ लेना (d) वर्ष भर काम करना
उत्तर : (c) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा - 2014

9. 'बाँझ क्या जाने प्रसव की पीड़ा' का अर्थ है :
(a) दूसरों का दुःख-दर्द नहीं समझना
(b) सहानुभूति नहीं दिखाना
(c) सन्तानहीन होना
(d) जिस पर बीतती है, वहीं जानता है
उत्तर : (d) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा - 2014

10. 'कान का कच्चा होना' मुहावरे का अर्थ है :
(a) बहरा होना
(b) सुनी-सुनायी बातों पर विश्वास करना
(c) सभी पर अविश्वास करना
(d) कम सुनायी देना
उत्तर : (b) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा - 2014

11. 'घुटने टेकना' मुहावरे का अर्थ है :
(a) घूटने में दर्द होना (b) दुःखी होना
(c) हार मान लेना (d) विजय प्राप्त करना
उत्तर : (c) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा - 2014

12. 'खिचड़ी पकाना' मुहावरे का अर्थ है :
(a) भोजन बनाना
(b) चावल-दाल मिलाकर बनाना
(c) किसी षड्यंत्र की तैयारी करना
(d) किसी के लिए खाना पकाना
उत्तर : (c) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा - 2014

13. 'नीम हकीम खतरे जान' का अर्थ है -
(a) अल्प ज्ञान हानिकारक होता है
(b) नीम के कड़वेपन का ज्ञान होना
(c) नीम का प्रयोग हकीम द्वारा करना
(d) उक्त में से कोई नहीं
उत्तर : (a) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा - 2014

14. 'पौ बारह होना' मुहावरा का सही अर्थ है :
(a) सब तरह की सुख-सुविधाओं का होना
(b) उपद्रव करना
(c) पलायन कर जाना
(d) प्रयासरत करना
उत्तर : (a) U.P. S.D.I. Exam. - 2006

15. 'सब्जबाग दिखाना' मुहावरा का अर्थ है-
(a) बाग में घूमने जाना (b) साग-सब्जी पैदा करना
(c) प्रलोभन देना (d) भयभीत करना
उत्तर : (c) U.P. S.D.I. Exam. - 2006

16. 'खुदा गंजे को नाखून न दें' लोकोक्ति का अभिप्राय है :
(a) छोटे आदमी का प्रेम अस्थिर होता है
(b) लज्जित होकर दूसरे पर क्रोध न निकाले
(c) एक दोष पहिले से था, दूसरा और आ गया
(d) अत्याचारी को शक्ति नहीं मिलनी चाहिए
उत्तर : (d) U.P. S.D.I. Exam. - 2006

17. 'कभी नाव गाड़ी पर कभी गाड़ी नाव पर' लोकोक्ति का सही आशय है :
(a) संघर्ष होना (b) एक दूसरे की सहायता करना
(c) भलाई करना (d) एक-से स्वभाव वाले होना
उत्तर : (b) U.P. S.D.I. Exam. - 2006

18. 'एक हाथ से ताली नहीं बजती' लोकोक्ति का अभिप्राय है :
(a) शत्रुता दोनों पक्षों की गलती से होती है
(b) संघर्ष बराबरी वाले दो पक्षों में होना चाहिए
(c) एक आदमी से काम नहीं चलता
(d) सराहना हेतु दोनों ने ताली बजाए
उत्तर : (a) U.P. S.D.I. Exam. - 2006

19. 'उड़ती चिड़ियाँ के पंख गिनना' मुहावरा का सही अर्थ होगा-
(a) अनुभवी होना (b) वाक्चतुर होना
(c) प्रतिभाशाली होना (d) असंभव कार्य करना
उत्तर : (d) U.P. S.D.I. Exam. - 2006

20. 'नक्कारखाने में तूती की आवाज' मुहावरा का अभिप्राय है :
(a) तूती की आवाज सबसे ऊँची होती है
(b) नक्कारखाने में तूती नहीं बोलती
(c) नकारे लोगों की सर्वत्र तूती बोलती रहती है
(d) समर्थ व्यक्ति के सामने असमर्थ व्यक्ति का प्रभाव नहीं पड़ता
उत्तर : (d) U.P. S.D.I. Exam. - 2006

www.awillguru.com

21. 'आँख के अंधे नाम नयनसुख' का सही अर्थ है :
(a) गुणों के विरुद्ध नाम का होना
(b) बुद्धिहीन किन्तु पर्याप्त धनवान
(c) अंधा आदमी प्रायः गुणवान होता है
(d) एक आँख के अँधे को भी सभी सुखद अनुभव हो सकते हैं
उत्तर : (a) U.P. S.D.I. Exam. - 2006

22. 'चिकना घड़ा होना' मुहावरा का सही अर्थ है :
(a) चिकना चुपड़ा होना (b) समृद्ध होना
(c) निर्लज्ज होना (d) मधुरभाषी होना
उत्तर : (c) U.P. S.D.I. Exam. - 2006

23. "मुहावरे का प्रयोग वाक्य के अन्तर्गत होता है और लोकोक्ति पूर्ण वाक्य होती है"- यह कथन
(a) सही है (b) गलत है
(c) कथन का प्रथम अंश सही है।
(d) कथन का अंतिम अंश सही है।
उत्तर : (a) U.P. N.T. Exam. - 2006

24. इस वाक्यांश में 'निर्मम' अर्थ समाहित है
(a) क्रूर हृदय वाला व्यक्ति (b) ममताशून्य हृदय वाला व्यक्ति
(c) संवेदनशून्य व्यक्ति (d) दया रहित व्यक्ति
उत्तर : (b) U.P. N.T. Exam. - 2006

25. 'समय के अनुसार काम करना चाहिए' अर्थ की बोधक लोकोक्ति है
(a) जैसी बहै बयार, पीठ तब तैसी दीजै
(b) जाके पांव न फटी बिवाई, सो क्या जाने पीर पराई
(c) उँगली पकड़ कर पहुँचा पकड़ना
(d) का बरसा जब कृषि सुखाने
उत्तर : (a) U.P. N.T. Exam. - 2006

26. 'भारत के अतुलित धन वैभव पर अंग्रेजों ने दाँत गड़ा दिये'-वाक्य में प्रयुक्त 'दाँत गड़ा दिये' का अर्थ है
(a) किसी वस्तु को गलत ढंग से पाने की गहरी चाह
(b) दूसरे की वस्तु देखकर ललचा जाना।
(c) दूसरे की वस्तु चुराने की चेष्टा करना
(d) धोखे से दूसरे की वस्तु लेना
उत्तर : (b) U.P. N.T. Exam. - 2006

27. 'चाँद पर थूकना' मुहावरे का आशय है
(a) असंभव काम करना (b) निरर्थक काम करना
(c) सौंदर्य का अनादर करना (d) सम्माननीय का अनादर करना
उत्तर : (a) U.P. N.T. Exam. - 2006

28. 'बेटा समय रहते न पढ़े तो भविष्य में बुरी तरह पछताओगे'-वाक्य में 'बुरी तरह पछताओगे' के स्थान पर यह मुहावरा आ सकता है
(a) अंगारों पर लोटोगे (b) आठ-आठ आँसु रोओगे
(c) अंचरा पसारोगे (d) कुएँ में गिरोगे
उत्तर : (b) U.P. N.T. Exam. - 2006

29. 'नियम विरुद्ध कार्य करना' अर्थ के अनुकूल सही मुहावरा है
(a) सूरज को दिया दिखाना (b) उल्टी गंगा बहाना
(c) दाई से पेट छिपाना (d) नौ दो ग्यारह हो जाना
उत्तर : (b) U.P. N.T. Exam. - 2006

30. इनमें एक लोकोक्ति है
(a) अंगूठा दिखाना (b) अंधा होना
(c) ऊँट के मुँह में जीरा (d) इधर-उधर की हाँकना
उत्तर : (c) U.P. N.T. Exam. - 2006

31. 'कलम तोड़ना' मुहावरे का अर्थ है
(a) सही लिखना (b) अच्छा लिखना
(c) ज्यादा लिखना (d) बेकार लिखकर प्रायश्चित करना
उत्तर : (b) U.P. N.T. Exam. - 2006

32. 'ढाक के तीन पात' का अर्थ है
(a) अपने स्थान पर अडिग रहना
(b) साफ इंकार कर देना (c) बेकार घूमना
(d) कभी किसी विशेषता से सम्पन्न न होना
उत्तर : (*) U.P. N.T. Exam. - 2006

33. निम्नलिखित में से कौन गलत सुमेलित है -
(a) अंगूठे पर मारना - परवाह न करना
(b) कान काटना - मात करना
(c) नजर करना - भेंट करना
(d) नजर पर चढ़ना - आँख बचाना
उत्तर (d) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2000

34. 'जूतियों में दाल बाँटना' मुहावरे का सही अर्थ है -
(a) दुःखी होना (b) अपमान करना
(c) चापलूसी करना (d) लड़ाई-झगड़ा हो जाना
उत्तर (d) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2000

35. 'घड़ों पानी पड़ना' मुहावरे का अर्थ होगा-
(a) नहाना (b) काँपना
(c) लज्जित होना (d) सर्दी लगाना
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2000

36. जहाँ न पहुँचे रवि, वहाँ पहुँचे कवि -
(a) कवि बहुत तर्कशील होते हैं
(b) कवि बहुत भावप्रवण होते हैं
(c) कवि बहुत विचारशील होते हैं
(d) कवि बहुत कल्पनाशील होते हैं
उत्तर (d) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2000

37. 'पढ़े फारसी बेचे तेल, यह देखो कुदरत का खेल' का अर्थ है।
(a) शिक्षित होकर बेकार रहना
(b) योग्यता होते हुए भी विवशता के कारण निम्न स्तर का कार्य करना
(c) विद्या का अपमान करना
(d) फ़ारसी पढ़े लोगों को प्रायः तेल बेचना पड़ता है।
उत्तर (b) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2000

www.awillguru.com

38. 'खेत रहना' मुहावरे का शाब्दिक अर्थ है -
(a) संपत्ति का बचा रह जाना (b) इज्जत बच जाना
(c) वीरगति को प्राप्त हो जाना (d) शत्रु से मुकाबला होना
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

39. 'कपटी मित्र' किस मुहावरे का सही अर्थ है ?
(a) काठ का उल्लू होना (b) अक्ल का दुश्मन
(c) आस्तीन का साँप (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2003

40. 'तू डाल-डाल, मैं पात-पात' का अर्थ है:
(a) खतरा उठाना (b) आगे-आगे दौड़ना
(c) पेड़ पर चढ़कर खेलना
(d) चालाकी का जवाब चालाकी से देना
उत्तर (d) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

41. 'अदृश्य शत्रु' अर्थ के अनुरूप उपयुक्त मुहावरा है -
(a) मीठी छुरी (b) मुँह में राम बगल में छुरी
(c) पेट में दाढ़ी (d) आस्तीन का साँप
उत्तर (d) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

42. 'बहती गंगा में हाथ धोना' का सही अर्थ है -
(a) चातुर्यवृत्ति से काम निकालना
(b) अपना काम निकालना
(c) पुण्य का कार्य कराना (d) अवसर का लाभ उठाना
उत्तर (d) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

43. 'आग में घी डालना' मुहावरा का सही अर्थ हैं
(a) हवन करना (b) देवता को प्रसन्न करना
(c) क्रोधी को और अधिक उत्तेजित करना
(d) क्रोध से आग बबूला होना
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

44. 'कीचड़ उछालना' मुहावरा का सही अर्थ है
(a) मल फेंकना (b) दूसरे के कपड़े गन्दे करना
(c) बदनाम करना (d) दलदल में फँसना
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

45. 'अवांछित संवाद' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है
(a) सिर खपाना (b) सिर खाना
(c) सिर नीचा होना (d) सिर पड़ना
उत्तर (b) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

46. 'कागजी घोड़े दौड़ाना' मुहावरे का अर्थ होगा
(a) नकली घोड़े दौड़ाना (b) बहुत परिश्रम करना
(c) व्यर्थ की लिखा-पढ़ी करना (d) जाँच-पड़ताल करना
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

47. 'गोद में लड़का शहर भर में ढिंढोरा' मुहावरा का सही अर्थ है-
(a) छोटे शिशु को तलाशना (b) अत्यधिक शरारती बालक
(c) पास में वस्तु रहते हुए चारों ओर खोजना
(d) छोटे बालक की प्रशंसा करना
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2010

48. 'तन पर नहीं लत्ता, पान खाये अलबत्ता' का सही अर्थ होगा-
(a) बुरी आदत का शिकार होना (b) झूठा दिखावा करना
(c) बहुत गरीब होना (d) रोब डालना
उत्तर (b) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2010

49. 'घी के दिये जलाना' मुहावरा का सही अर्थ है-
(a) दीपावली मनाना (b) खुशी मनाना
(c) रईसी प्रकट करना (d) अपने को विशिष्ट समझना
उत्तर (b) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2010

50. 'आँख का अंधा गाँठ का पूरा' लोकोक्ति का सही अर्थ है :
(a) अंधा परन्तु विवेकशील होना (b) मूर्ख धनी
(c) अंधे के पास धन होना (d) आँखों का रोना
उत्तर (b) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2010

51. 'कान काटना' मुहावरे का अर्थ है -
(a) कनकटा होना (b) चतुर होना
(c) मूर्ख होना (d) विनम्र होना
उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

52. 'घड़ी में तोला घड़ी में माशा' का अर्थ है -
(a) बहुत ही नाजुक मिजाज
(b) डण्डी मारने में कुशल व्यापारी
(c) ऐसा व्यापार जिसमें एक पल मुनाफा हो तो दूसरे पल नुकसान
(d) जरा सी बात पर खुश और नाराज होना
उत्तर (d) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

53. अपने मरे बिना स्वर्ग नहीं दिखता-का अर्थ होगा -
(a) स्वयं प्रयत्न करने पर ही काम बनता है
(b) विपत्ति में पड़े बिना अच्छा फल नहीं मिलता
(c) प्रयत्न किये बिना वास्तविकता सामने नहीं आती
(d) स्वयं ही सब कार्य करना पड़ता है।
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2003

54. दुर्घटना का दृश्य देखकर नीलिमा का कलेजा पसीज गया।
(a) दिल बैठ जाना (b) हालत खराब होना
(c) गर्मी लगना (d) दया उत्पन्न होना
उत्तर (d) : U.P.T.G.T. Can. (Hindi) Exam. - 2004

55. मंत्री के आने पर जनता ने उन्हें आँख उठाकर भी नहीं देखा।
(a) चुप रहना (b) जी चुराना
(c) ध्यान तक न देना (d) अनसुनी करना
उत्तर (c) : U.P.T.G.T. Can. (Hindi) Exam. - 2004

56. महाराज दशरथ यथा नाम तथा गुण थे।
(a) नाम मात्र की उपयोगिता (b) जैसा नाम वैसा ही गुण
(c) उपयोगिता विहीन (d) गुणवान
उत्तर (b) : U.P.T.G.T. Can. (Hindi) Exam. - 2004

57. बार-बार नाक रगड़ने पर भी पुलिस ने अशोक को नहीं छोड़ा।
(a) विनती करना (b) खुशामद करना
(c) अधीन होना (d) बीमार पड़ना
उत्तर (a) : U.P.T.G.T. Can. (Hindi) Exam. - 2004

www.awillguru.com

58. कोई काम न करके श्रीमती सन्ध्या दिन भर मक्खी मारा करती हैं।
(a) जीव हत्या करना (b) कीड़े-मकोड़े मारना
(c) घिनौने काम करना (d) खाली बैठने
उत्तर (d) : U.P. T.G.T. Can. (Hindi) Exam. - 2004

59. सब्जबाग दिखा कर निशीथ ने कपिल से एक हजार रुपये ठग लिये।
(a) घुमाने ले जाना (b) बाग की हरियाली दिखाना
(c) प्रकृति निरीक्षण करना (d) झूठा आश्वासन देना
उत्तर (d) : U.P. T.G.T. Can. (Hindi) Exam. - 2004

60. 'न नौ मन तेल होगा और न राधा नाचेगी' इसका अर्थ है :
(a) काम से जी चुराना (b) मन लगाकर काम करना
(c) बुरा सोचना (d) असंभव कार्य
उत्तर (d) : U.P. T.G.T. (Hindi) Re-Exam. - 2004

61. 'खेत रहना' मुहावरे का अर्थ है :
(a) युद्ध में शहीद होना
(b) कानूनी विवाद से जमीन का बच जाना
(c) जमीन बिक जाना
(d) जमीन खरीदना
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. (Hindi) Re-Exam. - 2004

62. 'कलई खुलना' मुहावरे का सही अर्थ है :
(a) रंग उतर जाना (b) सच्चाई का पता लगाना
(c) भेद प्रकट होना (d) चमक का गायब होना
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

63 'अन्धे की लकड़ी' से तात्पर्य है :
(a) बैसाखी का सहारा (b) अंधे की विशेष छड़ी
(c) कुमार्ग पर चलना (d) एक ही सहारा
उत्तर (d) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

64 निम्नलिखित में से लोकोक्ति चुनिये :
(a) अंक भरना
(b) आस्तीन का साँप
(c) कहाँ राजा भोज, कहाँ गंगू तेली
(d) तूती बोलना
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

65. 'नौ दो ग्यारह होना' का अर्थ है :
(a) गणित में निष्णात होना (b) अधिक हो जाना
(c) भाग जाना (d) साथ-साथ रहना
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

66. 'चैन की वंशी बजाना' का अर्थ है
(a) साइकिल की चैन की बाँसुरी बनाकर बजाना
(b) मौज करना
(c) फुर्सत में वंशी बजाना
(d) बेरोजगार होना
उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

67. 'सिर उठाना' मुहावरे का सही अर्थ है
(a) रंग उतर जाना (b) भेद प्रकट करना
(c) बहुत पछताना (d) विद्रोह करना
उत्तर (d) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

68. 'कान भरना' मुहावरे का अर्थ है
(a) धोखा देना (b) चाणक्य होना
(c) चुगली करना (d) असर न होना
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

69. 'नई ज़मीन तोड़ना' के चार अर्थ दिये गये हैं, सही का चयन कीजिए-
(a) पुराने को मिटाना (b) लिखे हुए को काटना
(c) अनूठा प्रयोग (d) बड़ी लकीर खींचना
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2013

70. 'सोने में सुगन्ध' मुहावरा का सही अर्थ है-
(a) सुन्दर वस्तु में और गुण होना
(b) सुगन्ध से युक्त आभूषण
(c) सुन्दर आभूषण होना
(d) सुगन्धित सोना
उत्तर (a) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2010

71. 'भई गति साँप छछून्दर करी' लोकोक्ति का अर्थ है-
(a) साँप और छछून्दर जैसा होना
(b) साँप का छछून्दर जैसा होना
(c) दुविधा में पड़ जाना
(d) छछून्दर का साँप हो जाना
उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2010

72. 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस' से तात्पर्य है-
(a) नौ दिन में अढ़ाई कोस चलना
(b) धीरे-धीरे चलना (बहुत सुस्त होना)
(c) चलने की कोशिश करना
(d) अधिक परिश्रम का थोड़ा फल मिलना
उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2010

73. 'अवसर का लाभ उठाना' के लिए उपयुक्त है-
(a) बहती गंगा में हाथ धोना
(b) आकाश-पाताल एक करना
(c) फूलों न समाना
(d) अंगारों पर पैर रखना
उत्तर (a) : R.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

74. 'बाधा डालना' मुहावरे का अर्थ है-
(a) पाला पड़ना (b) रोड़ा अटकाना
(c) बरस पड़ना (d) दाँतों में जीभ होना
उत्तर (b) : R.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

www.awillguru.com

75. 'अपना हाथ जगन्नाथ' का अर्थ है-
(a) मनमानी करना
(b) अपना हाथ पूजनीय होता है
(c) अपने आप से काम करना ही उपयुक्त होता है
(d) अपने हाथ से दान करना
उत्तर (c) : R.T.E.T.-2011, IInd Paper

76. 'मैं तुम सबको खूब समझता हूँ, तुम सब एक जैसे हो' के लिए उपयुक्त हैं
(a) चोर-चोर मौसेरे भाई (b) एक ही थैली के चट्टे-बट्टे
(c) केर-बेर का संग (d) जैसे नागनाथ वैसे साँपनाथ
उत्तर (b) : R.T.E.T.-2011, IInd Paper

77. 'भीगी बिल्ली होना' का अभिप्राय है-
(a) भीग जाना (b) बिल्ली की आवाज निकालना
(c) डर जाना (d) सर्दी लग जाना
उत्तर (c) : R.T.E.T.-2011, IInd Paper

78. कौन मुहावरा नहीं है-
(a) लाल पीला होना (b) शब्ज बाग दिखाना
(c) पीला मुँह करना (d) हरा ही हरा सूझना
उत्तर (c) : R.T.E.T.-2011, IInd Paper

79. 'गड़े मुर्दे उखाड़ना' का अभिप्राय है-
(a) व्यर्थ श्रम करना (b) कब्रिस्तान में शरार करना
(c) अंतिम संस्कार करना (d) पुरानी बातों को दुहराना
उत्तर (d) : R.T.E.T.-2011, IInd Paper

80. कान का कच्चा होने का अर्थ है-
(a) कम सुनना (b) सुनी बात पर विश्वास करना
(c) दूसरे की बात मानना (d) कान का कमज़ोर होना
उत्तर (b) : U.P.T.E.T.-2011, Ist Paper

81. निम्नलिखित में लोकोक्ति कौन है?
(a) आसमान पर थूकना
(b) उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे
(c) गूलर का फूल होना
(d) कोढ़ में खाज होना
उत्तर (b) : U.P.T.E.T.-2013, Ist Paper

82. 'न नौ मन तेल होना न राधा नाचेगी' का भाव है-
(a) काम न करने का बहाना बनाना
(b) खूब काम करना
(c) काम से दिल ऊबना
(d) काम में आलस्य करना (न पूरी होने वाली शर्त)
उत्तर (d) : U.P.T.E.T.-2013, IInd Paper

83. 'कलेजे पर साँप लोटना' मुहावरे का अर्थ है :
(a) दुःखी होना (b) ईर्ष्या से जल उठना
(c) दुश्मनी निकालना (d) दीनता प्रकट करना
उत्तर (b) : U.P.P.C.S. (Pre)- Exam. 2015

84. 'औंधी खोपड़ी' मुहावरे का अर्थ है-
(a) मूर्ख होना (b) कुछ निर्णय न कर पाना
(c) किंकर्तव्यविमूढ़ होना (d) झगड़ालू होना
उत्तर (a) : U.P.T.E.T.-2013, IInd Paper

85. 'आँखे फेर लेना' का अर्थ है-
(a) दूसरी तरफ देखना (b) किसी और की चाहत
(c) उदासीन हो जाना (प्रतिकूल हो जाना)
(d) नाराज हो जाना
उत्तर (c) : H.T.E.T.-2013, IInd Paper

86. 'कोयले की दलाली में हाथ काले' का अर्थ है-
(a) कोयले का व्यापार मत करो
(b) कोयले की दलाली में हाथ गंदे हो जाते हैं
(c) दलाली नहीं करनी
(d) खराब काम का परिणाम भी खराब ही होता है
उत्तर (d) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

87. 'पारा उतरना' मुहावरे का अर्थ है-
(a) तापमान कम होना (b) क्रोध कम होना
(c) बुखार उतरना (d) सर्दी पड़ना
उत्तर (b) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

88. अधोलिखित लोकोक्ति का सही अर्थ बताइए आए थे हरि भजन के ओस लगे कपास :
(a) धर्म के नाम पर व्यापार करना
(b) पवित्र जगहों का दुरूपयोग करना
(c) बड़ा लक्ष्य निर्धारित करके छोटे कार्यो में लग जाना
(d) उपर्युक्त सभी
उत्तर (c) : H.T.E.T.-2013, IInd Paper

89. 'कार्य करने के बाद उसके बारे मे जाँच करना' अर्थ वाली कहावत है-
(a) साँप निकलने पर लकीर पीटते रहना
(b) पानी पीकर जाति पूछना
(c) अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत
(d) उपर्युक्त सभी
उत्तर (b) : H.T.E.T.-2013, IInd Paper

90. 'नाक का बाल होना' मुहावरे का अर्थ है-
(a) अधिक समीप होना (b) कष्ट देना
(c) अधिक प्रिय होना (d) पालतू होना
उत्तर (c) : U.P.T.E.T.-2014, Ist Paper

91. मुहावरे, लोकोक्ति का प्रयोग
(a) भाषा को अलंकृत करता है
(b) भाषिक अभिव्यक्ति को प्रभावी बनाता है
(c) भाषा-शिक्षण का एकमात्र उद्देश्य है
(d) दूसरों को प्रभावित करने का सरल तरीका है
उत्तर (b) : C.T.E.T.-2014, IInd Paper

www.awillguru.com

92. 'ऊँट के मुँह में जीरा'

(a) बहुत अधिक खाने वाले को बहुत कम देना
(b) जानवर को दवाई देना
(c) बड़े प्राणी को सान्त्वना देना
(d) बहुत बड़े प्राणी का भोजन बनना

उत्तर : (a) U.P. S.S.S.C. राजस्व लेखपाल, परीक्षा 2015

93. 'जूते चाटना'

(a) इधर-उधर घूमना (b) घूस देना
(c) जूतों को चमकदार बनाना (d) खुशामद करना

उत्तर : (d) U.P. S.S.S.C. राजस्व लेखपाल, परीक्षा 2015

94. ''काठ की हाँडी बार-बार नहीं चढ़ती''

(a) बुरे दिन हमेशा नहीं रहते
(b) छल-कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता
(c) लकड़ी का बर्तन अग्नि से जल सकता है
(d) दुर्भाग्य की मार बार-बार नहीं होती

उत्तर : (b) U.P. S.S.S.C. राजस्व लेखपाल, परीक्षा 2015

95. ''खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे''

(a) कायरतापूर्ण व्यवहार करना
(b) किसी बात पर शर्मिंदा होकर क्रोध करना
(c) अपनी शर्म छिपाने के लिए व्यर्थ झुंझलाना
(d) अपने से बड़ों पर क्रोध करना

उत्तर : (c) U.P. S.S.S.C. राजस्व लेखपाल, परीक्षा 2015

96. ''अपनी ढपली अपना राग' का अर्थ है-

(a) बन्दर बांट करना (b) संगठन का अभाव
(c) अपना गीत गाना (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर : (b) U.P.P.C.S. (Pre) Exam. 2016

97. ''अक्ल का दुश्मन'' मुहावरे का अर्थ है-

(a) मित्र (b) महापंडित
(c) महामूर्ख (d) शत्रु

उत्तर : (c) U.P. S.S.S.C. V.D.O. Exam. 2015

98. ''खग जाने खग की भाषा'' लोकोक्ति का उचित अर्थ, नीचे दिए गए विकल्पों में से बताइएँ।

(a) पक्षियों की तरह बोलना
(b) पक्षियों की भाषा न जानना
(c) पक्षी अपनी भाषा स्वयं समझते हैं
(d) समान प्रवृत्ति वाले लोग एक-दूसरे को सराहते हैं

उत्तर : (d) U.P.S.S.S.C. V.D.O. Exam. 2015

99. तलवार की धार पर चलना

(a) नुकीला होना (b) पराजित कर देना
(c) ईर्ष्या करना (d) कठिन कार्य करना

उत्तर : (d) U.P. S.S.S.C. विधान भवन रक्षक परीक्षा-2015

100. चूहे के चाम से नगाड़े नहीं मढ़े जाते

(a) कंजूसी करना
(b) सीमित साधनों से काम चलाना
(c) छोटा होकर बड़ा काम करना
(d) सीमित साधनों से बड़े काम नहीं होते

उत्तर : (d) U.P. S.S.S.C. विधान भवन रक्षक परीक्षा-2015

101. थाली का बैंगन

(a) अधिक चिकना (b) चौड़ा होना
(c) गोल होना (d) सिद्धान्तहीन व्यक्ति

उत्तर : (d) U.P. S.S.S.C. विधान भवन रक्षक परीक्षा-2015

102. अंधे के हाथ बटेर लगना

(a) अंधा भी अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकता है
(b) अंधेरे में कोई वस्तु मिल जाना
(c) अपात्र को बड़ी सफलता मिलना
(d) मुसीबत पर मुसीबत आना

उत्तर : (c) U.P. S.S.S.C. विधान भवन रक्षक परीक्षा-2015

103. आँख का पानी ढल जाना

(a) बुढ़ापा आ जाना
(b) प्रिय व्यक्ति का बिछुड़ जाना
(c) निर्लज्ज हो जाना
(d) देखने की ताकत कमजोर पड़ना

उत्तर : (c) U.P. S.S.S.C. विधान भवन रक्षक परीक्षा-2015

104. 'एक मुँह दो बात' मुहावरे का अर्थ है-

(a) अत्यधिक बातें करना (b) बहुत कम बोलना
(c) अपनी बात से पलट जाना (d) बात करना

उत्तर : (c) U.P. T.E.T. Exam. 2015

105. 'पानी पीकर जात पूछना' का अर्थ है-

(a) अनोखा काम करना
(b) विपरीत काम करना
(c) काम निकालने के बाद सोचना
(d) आराम से विचार करना

उत्तर : (c) U.P.S.S.S.C. (Lower-II) Exam.2016

106. 'अंडे का शहजादा' का अर्थ है-

(a) कमजोर व्यक्ति (b) चालाक व्यक्ति
(c) अनुभवी व्यक्ति (d) अनुभवहीन व्यक्ति

उत्तर : (d) U.P.S.S.S.C. (Lower-II) Exam.2016

107. ''बैल न कूदे, कूदे तंगी''- कहावत का अर्थ है-

(a) वीरता का विश्वास होना
(b) गड्ढे में कूदना (c) साहसिक कार्य करना
(d) स्वामी के बल पर सेवक का साहस

उत्तर (d) : U.P. S.S.S.C. सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I परीक्षा- 2016

www.awillguru.com

108. 'नाक का बाल होना' मुहावरे का अर्थ है-
(a) शत्रु होना
(b) नाक में बीमारी होना
(c) अकारण प्रिय होना
(d) दरियादिल होना
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I परीक्षा- 2016

109. 'आँख एक नहीं कजरौटा दस-दस'-लोकोक्ति का क्या अर्थ है?
(a) व्यर्थ आडंबर (b) आँख में काजल लगाना
(c) आँख की देखभाल करना (d) लाइलाज बीमारी
उत्तर (a) : U.P. T.E.T. Exam. 2016

110. 'आँख न दीदा काढ़े कसीदा' लोकोक्ति का अर्थ क्या है?
(a) बहुत निपुण बनना
(b) साधन न होने पर भी काम कर लेना
(c) सर्वथा अयोग्य
(d) योग्यता न रहने पर भी काम करने की शेखी करना
उत्तर (d) : U.P. S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन), परीक्षा- 2015

111. 'आगे कुआँ पीछे खाई' का अर्थ है-
(a) चारों तरफ जल ही जल होना
(b) रास्ते का बन्द होना
(c) दोनों ओर मुसीबत
(d) बीच से निकल भागना
उत्तर (c) : U.P. T.E.T. Exam. 2016

112. 'अन्धे को दीपक दिखाना' मुहावरे का सही अर्थ चुनिए-
(a) अन्धे का रास्ता रोशन करना
(b) ना समझ को उपदेश देना
(c) ना समझ को रोशनी देना
(d) अन्धे की सहायता करना
उत्तर (b) : U.P. S.S.S.C. आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा- 2016

113. अन्धेर नगरी का अर्थ है-
(a) राज्यविहीन स्थान (b) अन्याय की जगह
(c) जहाँ अन्धेरा हो (d) सुनसान जगह
उत्तर (b) : U.P. S.S.S.C. आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा-2016

114. 'खाला का घर' का अर्थ है-
(a) आसान काम (b) मौसी का घर
(c) विषम परिस्थिति (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (a) : U.P. S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन), परीक्षा-2016

115. 'बछिया का ताऊ' का अर्थ है-
(a) कामचोर व्यक्ति (b) साहसी व्यक्ति
(c) अत्यधिक मूर्ख व्यक्ति (d) अत्यधिक रौबदार व्यक्ति
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन), परीक्षा-2016

116. 'शैतान की आँत'- इस मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है-
(a) अत्यन्त धूर्त व्यक्ति
(b) बहुत लम्बी वस्तु
(c) अत्यन्त नगण्य वस्तु
(d) अत्यन्त लाभदायक वस्तु
उत्तर (b) : U.P. S.S.S.C. अमीन परीक्षा- 2016

117. 'जस दूलह तस बनी बराता' कहावत का अर्थ है-
(a) अपनी योग्यता से अधिक बातें करना
(b) जैसे खुद, वैसे साथी
(c) किसी की चाल को अच्छी तरह जानना
(d) अच्छे-बुरे को एक समझना
उत्तर (b) : U.P. S.S.S.C. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा- 2016

118. मुँह की खाना
(a) हार जाना (b) गिर पड़ना
(c) भोजन खा लेना (d) भाग जाना
उत्तर (a) : U.P. S.S.S.C. आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा-2016

119. डपोरशंख
(a) बहुत बड़ी गिनती (b) भारतीय शंख
(c) विशेष तरह का शंख
(d) वे सिर-पैर की बातें करने वाला
उत्तर (d) : U.P. S.S.S.C. आशुलिपिक (सामान्य चयन) परीक्षा-2016

120. पत्थर को जोंक नहीं लगती-
(a) सबल का शोषण नहीं होता
(b) मजबूत चीज आसानी से खराब नहीं होती
(c) दो धूर्तों से प्रायः टकराव नहीं होता
(d) हठी पर कोई प्रभाव नहीं होता
उत्तर (d) : U.P. S.S.S.C. कनिष्ठ सहायक, परीक्षा-2016

121. अँगूठा दिखाना मुहावरे का अर्थ है-
(a) बात न मानना (b) मूर्ख बनाना
(c) समय पर धोखा देना (d) चिढ़ाना
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. मलेरिया इंस्पेक्टर, परीक्षा-2015

122. 'न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी' लोकोक्ति का अर्थ है-
(a) कुछ न होना
(b) सब कुछ हो जाना
(c) बेशर्मी से कार्य करना
(d) न कारण होगा, न कार्य होगा
उत्तर (d) : U.P. S.S.S.C. मलेरिया इंस्पेक्टर, परीक्षा-2015

www.awillguru.com

123. काम काज में कोरा होना का अर्थ है-
(a) काम न करना (b) काम समाप्त करना
(c) काम पूरा न करना (d) काम न जानना
उत्तर (d) : लेखाकार परीक्षा-1997

124. टाँग अड़ाना का अर्थ है-
(a) बदनाम करना (b) बिना कारण लड़ना
(c) गलत काम करना (d) अवरोध पैदा करना
उत्तर (d) : लेखाकार परीक्षा-1997

125. जुबान पर लगाम न होना का अर्थ है-
(a) स्पष्टवादी होना
(b) अनावश्यक रूप से स्पष्टवादी होना
(c) सदैव कठोर वचन कहना
(d) सर्वत्र अपनी वाग्मिता दिखाना
उत्तर (b) : असिस्टेंट ग्रेड, परीक्षा-1998

126. अगर-मगर करना का अर्थ है-
(a) इधर की बात उधर करना (b) कपट करना
(c) व्यर्थ समय गँवाना (d) बहाने बनाना
उत्तर (d) : असिस्टेंट ग्रेड, परीक्षा-1998

127. मुँह का निवाला का अर्थ है-
(a) स्वादिष्ट एवं प्रियकर (b) अत्यन्त प्रिय
(c) बहुत आसान काम (d) बहुत कठिन काम
उत्तर (c) : असिस्टेंट ग्रेड, परीक्षा-1997

128. टस से मस न होना का अर्थ है-
(a) कठोर हृदय होना
(b) अनुनय-विनय से न पसीजना
(c) जगह न बदलना
(d) धैयपूर्वक सहन करना
उत्तर (c) : U.P. B.Ed. परीक्षा-1997

129. सिर सहलाए भेजा खाए का अर्थ है-
(a) एकदम निकट आकर शोरगुल करना
(b) किसी के सिर पर सवार हो जाना
(c) दोस्त बनकर हानि पहुँचाना
(d) चापलूसों के कहने को करना
उत्तर (c) : U.P. B.Ed.. परीक्षा-2009

130. एक अनार सौ बीमार का अर्थ है-
(a) एक वैद्य अनेक बीमार
(b) किसी वस्तु की पूर्ति कम किन्तु माँग अधिक
(c) महामारी के दिनों में दवाओं की कमी
(d) किसी वस्तु की आपूर्ति समाप्त हो जाना
उत्तर (b) : U.P. B.Ed.. परीक्षा-2009

131. अग्नि परीक्षा देना का अर्थ है-
(a) कठोर तप करना (b) साहसपूर्वक सामना करना
(c) दृढ़ निश्चय करना (d) कठिन परिस्थिति में पड़ना
उत्तर (d) : U.P. B.Ed. परीक्षा-1998

132. युद्ध में मृत्यु पाना के लिए सही मुहावरा है-
(a) काम आना (b) काम तमाम करना
(c) देर हो जाना (d) डेरा उठ जाना
उत्तर (a) : U.P. B.Ed. परीक्षा-1998

133. बरसात में मच्छर नाक में दम कर देते हैं। रेखांकित मुहावरे का अर्थ है-
(a) सांस न लेने देना (b) सोने न देना
(c) बहुत परेशान करना (d) प्रदूषण फैलाना
उत्तर (c) : U.P. B.Ed. परीक्षा-1999

134. भयभीत होना के लिए सही मुहावरा है-
(a) कलेजे पर साँप लोटना
(b) कलेजे पर पत्थर पड़ना
(c) कलेजा धक-धक करना
(d) कलेजा मुँह को आना
उत्तर (c) : U.P. B.Ed. परीक्षा-2000

135. किसी वस्तु का आवश्यकता से कम होना के लिए सही मुहावरा है-
(a) अँगुली चाटना
(b) ऊँट के मुँह में जीरा
(c) ओस के चाटे प्यास न बुझना
(d) एक अनार सौ बीमार
उत्तर (b) : U.P. B.Ed. परीक्षा-2000

136. आगे नाथ न पीछे पगहा का अर्थ है-
(a) पूर्ण स्वतंत्र
(b) अपने मन की कहना
(c) बंधन रहित होना
(d) इधर-उधर भागना
उत्तर (c) : UP B.Ed., परीक्षा-2005

137. तीन लोक से मथुरा न्यारी का अर्थ है-
(a) बहुत सुन्दर होना
(b) दूर की वस्तु सुन्दर लगना
(c) जरूरत से ज्यादा बड़ाई करना
(d) कृष्ण भक्त होना
उत्तर (c) : UP B.Ed., परीक्षा-2005

138. खग जाने खग ही की भाषा का अर्थ है-
(a) पक्षियों की भाषा जानना
(b) समान प्रवृत्ति वाले ही एक दूसरे को सराहते हैं
(c) पक्षी अपनी भाषा स्वयं समझते हैं
(d) पक्षियों की तरह बोलना
उत्तर (b) : UP B.Ed., परीक्षा-2005

139. तू डाल-डाल मैं पात-पात का अर्थ है-
(a) दोनों विद्वान (b) दोनों तत्त्वज्ञ
(c) दोनों मूर्ख (d) दोनों चालाक
उत्तर (d) : U.P. B.Ed.. परीक्षा-2012

www.awillguru.com

140. बिल्ली को पहले ही दिन मारना चाहिए का अर्थ है-
(a) भय का शमन शुरू में ही कर देना चाहिए
(b) दुश्मन पर पहले ही वार कर देना चाहिए
(c) रौब पहले ही दिन पड़ता है, फिर नहीं
(d) बुरा समय आते ही सचेत हो जाना चाहिए
उत्तर (a) : U.P. B.Ed.. परीक्षा-2009

141. आडम्बर बहुत, किन्तु वास्तविकता कुछ नहीं के लिए सही लोकोक्ति है-
(a) आँख का अंधा नाम नयनसुख
(b) ऊँची दुकान फीका पकवान
(c) ऊँट के मुँह में जीरा
(d) खोदा पहाड़ निकली चुहिया
उत्तर (b) : U.P. B.Ed., परीक्षा-2008

142. 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस' का अर्थ है-
(a) बहुत धीमी गति से काम करना
(b) बहुत धीमी गति से चलना
(c) अधिक समय में कम काम करना
(d) हरामखोरी करना
उत्तर (a) : M.P. B.Ed.. परीक्षा-2005

143. 'माथा ठनकना' का अर्थ है-
(a) उदास होना (b) नुकसान होना
(c) सिर दर्द होना (d) शक हो जाना
उत्तर (b) : Rajasthan B.Ed., परीक्षा-2008

144. 'आसमान से बातें करना' का अर्थ है-
(a) पागल हो जाना (b) तेज दौड़ना
(c) बहुत ऊँचा (d) बहुत परिश्रम करना
उत्तर (c) : Rajasthan B.Ed., परीक्षा-2008

145. 'हाथ को हाथ न सूझना' का अर्थ है-
(a) भ्रम में पड़ जाना (b) खोये रहना
(c) घना अँधेरा होना (d) चोट लगना
उत्तर (c) : Rajasthan B.Ed., परीक्षा-2008

146. 'थाली का बैंगन' से क्या अभिप्राय है?
(a) सिद्धान्तहीन व्यक्ति (b) गोल मटोल
(c) अधिक चिकना (d) चौड़ा होना
उत्तर (a) : Rajasthan B.Ed., परीक्षा-2008

147. खो देना के लिए सही मुहावरा है-
(a) हाथ मलना (b) हाथ कटाना
(c) हाथ साफ करना (d) हाथ धोना
उत्तर (d) : L.I.C. परीक्षा-1997

148. विरोध करना के लिए सही मुहावरा है-
(a) सिर कटाना (b) सिर चढ़ाना
(c) सिर झुकाना (d) सिर उठाना
उत्तर (d) : L.I.C. परीक्षा-1997

149. बुरी तरह हारना के लिए सही मुहावरा है-
(a) मुँह खून लगना (b) मुँह ताकना
(c) मुँह की खाना (d) मुँह उतरना
उत्तर (c) : L.I.C. परीक्षा-1997

150. नाश कर देना के लिए मुहावरा है-
(a) पानी में आग लगाना (b) पानी-पानी होना
(c) पानी फेर देना (d) पानी भरना
उत्तर (c) : L.I.C. परीक्षा-1997

151. छाती पर मूँग दलना का अर्थ है-
(a) कठिन काम करना (b) बात-बात पर लड़ना
(c) कर्जा वसूल करना (d) पास रहकर दुःख देना
उत्तर (d) : U.P. V.D.O. परीक्षा-1998

152. तेली का बैल होना का अर्थ है-
(a) बुरी तरह काम में लगे रहना
(b) काम करने में बहाना करना
(c) मन लगाकर काम नहीं करना
(d) निर्धन होना
उत्तर (a) : U.P. V.D.O. परीक्षा-1998

153. तीर मारना का अर्थ है-
(a) युद्ध-कला में निपुण होना
(b) शिकार करना
(c) बड़ा काम करना
(d) धन कमाना
उत्तर (c) : रेलवे, परीक्षा-1997

154. अंतर के पट खोलना का अर्थ है-
(a) प्रशंसा करना (b) भेद खोलना
(c) विवेक से काम लेना (d) अपमानित करना
उत्तर (c) : रेलवे, परीक्षा-1997

155. अंगूठी का नग होना का अर्थ है-
(a) बहुत सुन्दर (b) छिपा हुआ
(c) बहुत प्रिय (d) बहुत कीमती
उत्तर (d) : रेलवे, परीक्षा-1997

156. समुद्र मंथन करना का अर्थ है-
(a) घोर तप करना (b) दृढ़ प्रतिज्ञा करना
(c) उद्देश्य को प्राप्त करना (d) कठोर परिश्रम करना
उत्तर (d) : रेलवे, परीक्षा-1997

157. मालूम होता है तुम्हारे यहाँ रहने का संयोग समाप्त हो गया है। रेखांकित वाक्यांश के लिए सही मुहावरा है-
(a) नाता टूट जाना (b) डेरा उठ जाना
(c) अन्न जल उठ जाना (d) हाथ तंग होना
उत्तर (c) : रेलवे, परीक्षा-1998

158. पौ बारह होना का अर्थ है-
(a) दाव हारना (b) कार्य सिद्ध होना
(c) लाभ ही लाभ होना (d) सुबह हो जाना
उत्तर (c) : रेलवे, परीक्षा-1999

www.awillguru.com

159. अरुण ने परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए बहुत परिश्रम किया। रेखांकित वाक्यांश के लिए सही मुहावरा है-
(a) जान पर खेलना
(b) लोहे के चने चबाना
(c) एड़ी चोटी का जोर लगाना
(d) लुटिया डुबाना
उत्तर (c) : रेलवे, परीक्षा-1998

160. भ्रष्ट नेताओं के कारण कांग्रेस चुनाव हार गयी। रेखांकित वाक्यांश के लिए सही मुहावरा है-
(a) अन्तरपट खुलना
(b) लुटिया डूब जाना
(c) अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना
(d) भूत भगाना
उत्तर (b) : रेलवे, परीक्षा-1998

161. घर का जोगी जोगड़ा, आन गाँव का सिद्ध का अर्थ है-
(a) घर के ज्ञानी को सम्मान नहीं
(b) घर-घर में मिट्टी के चूल्हे
(c) घर की मुर्गी दाल बराबर
(d) घर का भेदी लंका ढाहे
उत्तर (a) : रेलवे, परीक्षा-2003

162. कोयले की दलाली में मुँह काला का अर्थ है-
(a) कोयले का व्यापार करना
(b) बुरे काम से बुराई मिलना
(c) झूठ बोलना
(d) व्यापार में घाटा होना
उत्तर (b) : रेलवे, परीक्षा-2003

163. हथेली पर सरसों नहीं जमती का अर्थ है-
(a) सरसों के लिए जमीन चाहिए, हथेली नहीं
(b) हर काम में मनमानी नहीं चल सकती
(c) काम के लिए समय चाहिए, जब चाहो तभी काम नहीं हो सकता
(d) सफलता समय पर आती है
उत्तर (c) : रेलवे, परीक्षा-2004, 2010

164. कुम्हार अपना ही घड़ा सराहता है का अर्थ है-
(a) अपनी ही प्रशंसा करना
(b) अपनी बनाई हुई वस्तु सबको अच्छी लगती है
(c) किसी को बोलने नहीं देना
(d) दूसरों की वस्तु को तुच्छ समझना
उत्तर (b) : रेलवे, परीक्षा-2000

165. आकाश से बातें का अर्थ है-
(a) घमण्डी होना
(b) बहुत ऊँचा होना
(c) आकाशवाणी होना
(d) अपने-आप बोलते रहना
उत्तर (b) : रेलवे, परीक्षा-2001

166. लंगोटी में फाग खेलना का अर्थ है-
(a) पहलवानी करना
(b) व्यायाम करना
(c) ब्रह्मचारी होना
(d) दरिद्रता में आनन्द मनाना
उत्तर (d) : रेलवे, परीक्षा-2002

167. दाँतों तले उँगली दबाना का अर्थ है-
(a) बहुत पछताना
(b) चुप रह जाना
(c) हैरान होना
(d) दर्द महसूस करना
उत्तर (c) : रेलवे, परीक्षा 2005, B.Ed., परीक्षा-2008

168. बाँसो उछलना का अर्थ है-
(a) अभद्र व्यवहार करना
(b) अहंकार होना
(c) पागल होना
(d) प्रसन्न होना
उत्तर (d) : रेलवे, परीक्षा-2002

169. भाड़ झोंकना का अर्थ है-
(a) अनाज भूनना
(b) काम बिगाड़ना
(c) मामूली कमाई करना
(d) व्यर्थ समय नष्ट करना
उत्तर (d) : रेलवे, परीक्षा-2002

170. उल्लू सीधा करना का अर्थ है-
(a) ठगना
(b) उल्लू पालना
(c) खुशामद करना
(d) अपना काम निकलाना
उत्तर (d) : रेलवे, परीक्षा-2004

171. माथा ठनकना का अर्थ है-
(a) भयभीत हो जाना
(b) हिम्मत आ जाना
(c) क्रोध आना
(d) अनिष्ट की आशंका होना
उत्तर (d) : रेलवे, परीक्षा-2004

172. ठीकरा फूटना का अर्थ है-
(a) जोर जोर से हँसना
(b) दुःखी होना
(c) किसी के सर झूठा दोष लगाना
(d) बर्तन तोड़ना
उत्तर (c) : रेलवे, परीक्षा-2004

173. गए थे रोजा छुड़ाने, नमाज गले पड़ी का अर्थ है-
(a) मुश्किल में पड़ जाना
(b) कष्ट पहुँचना
(c) गरीब हो जाना
(d) उपकार करने के बदले स्वयं को दुःख भोगना पड़ा
उत्तर (d) : रेलवे, परीक्षा-2000

174. माँगे भीख पूछे गाँव की जमा का अर्थ है-
(a) अपनी असलियत भूलकर बात करना
(b) भीख माँगकर गुजारा करना
(c) ग्राम समाज की भलाई करना
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (a) : रेलवे, परीक्षा-1997

175. कोई इर घाट तो कोई बीर घाट का अर्थ है-
(a) बार-बार कथन बदलना
(b) ताल-मेल न होना
(c) तितर-बितर होना
(d) बहुत चालाक होना
उत्तर (b) : रेलवे, परीक्षा-1998

www.awillguru.com

208. अक्ल का पुतला का अर्थ है-
(a) बहुत बुद्धिमान (b) बहुत चतुर
(c) अत्यन्त धूर्त (d) अत्यन्त मूर्ख
उत्तर (a) : अनुवादक परीक्षा-2000

209. गागर में सागर भरना का अर्थ है-
(a) सरस दोहों की रचना करना
(b) मूर्खतापूर्ण काम करना
(c) असंभव काम करना
(d) थोड़े शब्दों में अधिक कहना
उत्तर (d) : सब इंस्पेक्टर परीक्षा 2008, अनुवादक परीक्षा-2000

210. चादर के बाहर पैर पसारना का अर्थ है-
(a) आराम की नींद सोना
(b) चढ़ा-चढ़ाकर बातें करना
(c) आत्मप्रशंसा करना
(d) क्षमता से अधिक व्यय करना
उत्तर (d) : अनुवादक परीक्षा-2000

211. नाक पर सुपारी तोड़ना का अर्थ है-
(a) इज्जत उतार देना (b) घृणा प्रकट करना
(c) बहुत परेशान करना (d) असंभव कार्य करना
उत्तर (c) : अनुवादक परीक्षा-2000

212. पानी पीकर घर पूछना का अर्थ है-
(a) अनोखा काम करना (b) विपरीत काम करना
(c) काम निकलने के बाद सोचना
(d) आराम से विचार करना
उत्तर (c) : अनुवादक परीक्षा-2000

213. विहंगम-दृष्टि का अर्थ है-
(a) सरसरी दृष्टि (b) गहरी दृष्टि
(c) सम्यक् दृष्टि (d) पैनी दृष्टि
उत्तर (c) : अनुवादक परीक्षा-2000

214. पानी न माँगना का अर्थ है-
(a) मर्यादा की रक्षा करना (b) तत्काल मर जाना
(c) असंभव कार्य करना
(d) इज्जत न खोना
उत्तर (b) : अनुवादक, परीक्षा-2005

215. कलेजा होना का अर्थ है-
(a) द्रवित होना (b) विवश होना
(c) विकल होना (d) हिम्मत होना
उत्तर (d) : अनुवादक, परीक्षा-2005

216. आधा तीतर आधा बटेर का अर्थ है-
(a) उचित सामंजस्य का अभाव
(b) छोटा-बड़ा होना
(d) रंग बिरंग होना
(d) बेमेल तथा बेढंगा होना
उत्तर (d) : उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग, परीक्षा-2001

217. गूलर का फूल होना का अर्थ है-
(a) कभी-कभी दिखाई देना (b) स्पष्ट दिखाई देना
(c) कभी भी दिखाई न देना (d) व्यर्थ की बात करना
उत्तर (a) : उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग, परीक्षा-2001

218. घाट-घाट का पानी पीना का अर्थ है-
(a) बहुत अनुभवी होना
(b) बहुत यात्रा करना
(c) अधिक लोगों से मित्रता करना
(d) रोजगार के नये-नये अवसर तलाश
उत्तर (a) : उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग, परीक्षा-2001

219. टिप्पस लगाना का अर्थ है-
(a) झूठी बातें मिलाना (b) सिफारिश करना
(c) निशाना लगाना (d) रिश्वत देना
उत्तर (b) : उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग, परीक्षा-2001

220. मधु जहर की घूँट पी कर रह गई। रेखांकित मुहावरे का अर्थ है-
(a) कड़वी दवा पीना (b) क्रोध को नियंत्रित करना
(c) अपमानित होना (d) व्यंग्य सहना
उत्तर (b) : लेखाकार परीक्षा-2001

221. वीरु और जय में चोली-दामन का साथ है। रेखांकित मुहावरे का अर्थ है-
(a) एक-दूसरे पर निर्भरता (b) एक-दूसरे से शत्रुता
(c) एक-दूसरे से मित्रता (d) एक-दूसरे से स्पर्धा
उत्तर (a) : लेखाकार परीक्षा-2001

222. राहुल ने तो आग में घी डालने का निश्चय किया। रेखांकित मुहावरे का अर्थ है-
(a) यज्ञ करना (b) खुशी मनाना
(c) रोशनी करना (d) उत्तेजित करना
उत्तर (d) : लेखाकार परीक्षा-2001

223. इस वर्ष मेरा बैल भी मर गया और चोरी भी हो गई, इसी को कहते हैं....। रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरे का चयन कीजिए।
(a) दाल में कुछ काला है (b) कंगाली में आटा गीला
(c) काला अक्षर भैंस बराबर (d) एक पंथ दो काज
उत्तर (b) : लेखाकार परीक्षा-2001

224. अंधे की लकड़ी का अर्थ है-
(a) गँवार व्यक्ति (b) अनपढ़ व्यक्ति
(c) एकमात्र सहारा (d) बिल्कुल असमर्थ होना
उत्तर (c) : बैंक, परीक्षा-2002

225. अंडे का शहजादा का अर्थ है-
(a) कमजोर व्यक्ति (b) चालाक व्यक्ति
(c) अनुभवी व्यक्ति (d) अनुभवहीन व्यक्ति
उत्तर (d) : बैंक, परीक्षा-2002

www.awillguru.com

226. अक्ल का दुश्मन का अर्थ है-
(a) मित्र (b) शत्रु
(c) महापंडित (d) महामूर्ख
उत्तर (d) : बैंक, परीक्षा-2002

227. आगा-पीछा करना का अर्थ है-
(a) चापलूसी करना (b) उलट-फेर करना
(c) हिचकना (d) दुविधा में पड़ना
उत्तर (c) : बैंक, परीक्षा-2002

228. आँखे बिछाना का अर्थ है-
(a) प्रेम होना (b) झिड़की देना
(c) प्रतीक्षा करना (d) आदर-सत्कार करना
उत्तर (c) : बैंक, परीक्षा-2002

229. काँटा बोना का अर्थ है-
(a) भेद प्रकट करना (b) हानि पहुँचाना
(c) संदेह करना (d) प्यार करना
उत्तर (b) : बैंक, परीक्षा-2002

230. कलम तोड़ना का अर्थ है-
(a) क्रोध दिखाना (b) बहुत सुन्दर लिखना
(c) भद्दी चीजें लिखना (d) बहुत मेहनत करना
उत्तर (b) : बैंक, परीक्षा-2002

231. गाल बजाना का अर्थ है-
(a) पिटाई करना (b) क्रोधित होना
(c) डींग हाँकना (d) गाली देना
उत्तर (c) : बैंक, परीक्षा-2002

232. घुटने टेक देना का अर्थ है-
(a) विवाह करना (b) याद करना
(c) हार मानना (d) कायर होना
उत्तर (c) : बैंक, परीक्षा-2002

233. घर बसाना का अर्थ है-
(a) घर बनाना (b) घर में रहना
(c) विवाह करना (d) मदद करना
उत्तर (c) : बैंक, परीक्षा-2002

234. चुल्लू भर पानी में डूबना का अर्थ है-
(a) बहुत अधिक हानि होना
(b) बहुत अधिक दुःखी होना
(c) बहुत अधिक लज्जित होना
(d) बहुत अधिक निराश होना
उत्तर (c) : बैंक, परीक्षा-2002

235. चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना का अर्थ है-
(a) तेजी से चलना (b) घबरा जाना
(c) जवाब न देना (d) क्रोधित होना
उत्तर (b) : बैंक, परीक्षा-2002

236. ठन ठन गोपाल का अर्थ है-
(a) कंगाल (b) बेकार
(c) धनवान (d) समय आने पर मुकर जाना
उत्तर (a) : बैंक, परीक्षा-2002

237. मुँछ मुंडाना का अर्थ है-
(a) बुरा-भला सुनाना (b) अहंकारी होना
(c) बनावटी बातें करना (d) हार मानना
उत्तर (d) : बैंक, परीक्षा-2002

238. सीधे मुँह बात न करना का अर्थ है-
(a) नाराज होना (b) हार मानना
(c) फटकार सुनाना (d) घमण्ड करना
उत्तर (d) : बैंक, परीक्षा-2002

239. कपटी मित्र के लिए सही मुहावरा है-
(a) दाँत काटी रोटी (b) आस्तीन का साँप
(c) अक्ल की दुम (d) आबनूस का कुन्दा
उत्तर (b) : बैंक, परीक्षा-2002

240. तालु में जीभ न लगना का अर्थ है-
(a) भूख से तड़पना (b) प्यास से परेशान होना
(c) चुप न रहना (d) स्वाद न मिलना
उत्तर (c) : सब-इंस्पेक्टर, परीक्षा-2002

241. अब सुनीता के हाथ पीले करने का समय आ गया है। रेखांकित मुहावरे का अर्थ है-
(a) सजाने का (b) विवाह करने का
(c) प्यार करने का (d) अत्यधिक पिटाई करने का
उत्तर (b) : सब-इंस्पेक्टर, परीक्षा-2002

242. मेरा बेटा आशीष मेरी आँखों का तारा है। रेखांकित मुहावरे का अर्थ है-
(a) बहुत सुन्दर (b) बहुत बुद्धिमान
(c) बहुत प्रिय (d) बहुत समझदार
उत्तर (c) : सब-इंस्पेक्टर, परीक्षा-2002

243. अवसरवादी व्यक्ति हमेशा अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास करता है। रेखांकित मुहावरे का अर्थ है-
(a) लोक व्यवहार के विरुद्ध (b) स्वार्थ पूर्ति
(c) विश्वासघात (d) बात बदलने का
उत्तर (b) : सब-इंस्पेक्टर, परीक्षा-2002

244. बात तय थी, लेकिन ऐन मौके पर उसके इन्कार करने से सारा काम रुक गया। रेखांकित वाक्यांशों के लिए उपयुक्त मुहावरा है-
(a) अक्ल पर पत्थर पड़ना (b) गुड़ गोवर करना
(c) खटाई में पड़ना (d) कल पड़ना
उत्तर (b) : सब-इंस्पेक्टर, परीक्षा-2002

www.awillguru.com

245. मुंशी प्रेमचन्द उपन्यास सम्राट कहे जाते हैं, कथा क्षेत्र में उनका लेखन अति उत्तम है। रेखांकित वाक्यांश के लिए उपयुक्त मुहावरा है-
(a) टोपी उछालना (b) कलम तोड़ना
(c) कान काटना (d) तूती बोलना
उत्तर (d) : सब-इंस्पेक्टर, परीक्षा-2002

246. बच्चों को जरा-सी शरारत पर विवेक ने.....। रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरे का चयन कीजिए।
(a) घर सिर पर उठा लिया (b) पीठ दिखा दी
(c) नाकों चने चबवा दिए (d) हवाई किले बना लिए
उत्तर (a) : सब-इंस्पेक्टर, परीक्षा-2002

247. अंधों में काना राजा का अर्थ है-
(a) अज्ञानियों में अल्पज्ञान वाले का सम्मान होना
(b) विद्वानों की सभा में मूर्ख का सम्मान करना
(c) मूर्खों द्वारा विद्या की पूजा करना
(d) दुष्टों की सभा में सज्जन का सम्मान होना
उत्तर (a) : Lower P.C.S., परीक्षा-2003

248. अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना का अर्थ है-
(a) अनाड़ीपन करना (b) आत्महत्या करना
(c) उपकार न मानना
(d) स्वयं अपने को हानि पहुँचाना
उत्तर (d) : Lower P.C.S., परीक्षा-2003

249. अंधेर नगरी का अर्थ है-
(a) जहाँ अंधेरा हो
(b) राज्यविहीन जगह
(c) अन्याय की जगह
(d) जहाँ छोटे-बड़े का ख्याल न रखा जाता हो
उत्तर (c) : Lower P.C.S., परीक्षा-2003

250. आग में घी डालना का अर्थ है-
(a) शुभ अवसर पर अड़चन डालना
(b) यज्ञ करना
(c) किसी के क्रोध को भड़काना
(d) मूल्यवान वस्तु को नष्ट करना
उत्तर (c) : Lower P.C.S., परीक्षा-2003

251. आड़े समय पर काम आना का अर्थ है-
(a) मुसीबत में सहायक होना
(b) इनकार करना
(c) हत्या करना
(d) सिफारिश करना
उत्तर (a) : Lower P.C.S., परीक्षा-2003

252. ईमान बेचना का अर्थ है-
(a) धोखा देना (b) गलत काम करना
(c) याराना तोड़ना (d) अपने कर्तव्य से हट जाना
उत्तर (d) : Lower P.C.S., परीक्षा-2003

253. काठ का उल्लू का अर्थ है-
(a) निर्जीव (b) गुणवान
(c) मूर्ख (d) अत्यधिक सरल
उत्तर (c) : Lower P.C.S., परीक्षा-2003

254. द्रोपदी का चीर का अर्थ है-
(a) नारी का अपमान करना (b) शर्मनाक कार्य
(c) कभी समाप्त न होना (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (c) : Lower P.C.S., परीक्षा-2003

255. भगीरथ प्रयत्न का अर्थ है-
(a) साधारण प्रयत्न (b) असाधारण प्रयत्न
(c) लगातार प्रयत्न करते रहना
(d) कठिन तपस्या करना
उत्तर (b) : Lower P.C.S., परीक्षा-2003

256. अंतड़ियों में बल पड़ना का अर्थ है-
(a) बहुत रोना (b) बहुत हँसना
(c) बीमार होना (d) दौड़-धूप करना
उत्तर (b) : B.Ed., परीक्षा-2004

257. अँगूठा दिखाना का अर्थ है-
(a) इंकार करना (b) मजाक उड़ाना
(c) प्रसन्नता प्रकट करना (d) नृत्य की एक मुद्रा
उत्तर (a) : B.Ed., परीक्षा-2004

258. उलट-फेर होना का अर्थ है-
(a) करवट लेना (b) हिंसा होना
(c) अपेक्षा के विरुद्ध काम करना
(d) परिवर्तन होना
उत्तर (d) : B.Ed., परीक्षा-2004

259. पेट में दाढ़ी होना का अर्थ है-
(a) धूर्त प्राणी
(b) रोगग्रसित होना
(c) पेट तक लंबी दाढ़ी होना
(d) देखने में सीधा, किन्तु चालाक होना
उत्तर (d) : B.Ed., परीक्षा-2005

260. पापड़ बेलना का अर्थ है-
(a) पापड़ बनाना (b) मुसीबत उठाना
(c) खाना बनाना (d) पतली रोटी बनाना
उत्तर (b) : B.Ed., परीक्षा-2004

261. काम का कच्चा होना का अर्थ है-
(a) कम सुनना (b) सुनी बात पर विश्वास करना
(c) दूसरे की बात न मानना (d) कान का कमजोर होना
उत्तर (b) : B.Ed., परीक्षा-2004

262. उन्नीस-बीस होना का अर्थ है-
(a) बहुत कम अंतर होना (b) बहुत अंतर होना
(c) हिसाब जोड़ना (d) भाग जाना
उत्तर (a) : B.Ed., परीक्षा-2004

www.awillguru.com

263. आँखों पर चर्बी छाना का अर्थ है-
(a) धोखा खाना (b) कुछ समझ न आना
(c) अभिमान करना (d) निर्लज्ज होना
उत्तर (c) : B.Ed., परीक्षा-2006

264. कूपमंडूक होना का अर्थ है-
(a) घर में ही रहना
(b) कुएं में गिरना
(c) अत्यन्त सीमित ज्ञान होना
(d) मूर्ख होना
उत्तर (c) : B.Ed., परीक्षा-2006

265. गुड़ गोबर करना का अर्थ है-
(a) अच्छी चीज को बुरा कहना
(b) बनाया काम बिगाड़ना
(c) अच्छा और बुरा मिलना
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (b) : B.Ed., परीक्षा-2006

266. न तीन में न तेरह में का अर्थ है-
(a) बहुत उपयोगी होना (b) नष्ट कर देना
(c) बुद्धिहीन होना (d) किसी काम का न होना
उत्तर (d) : B.Ed., परीक्षा-2006

267. 'कान काटना' मुहावरे का अर्थ है-
(a) कटखना होना (b) चतुर होना
(c) मूर्ख होना (d) विनम्र होना
उत्तर (b) : M.P. B.Ed., परीक्षा-2007

268. 'तलवार की धार पर चलना' का अर्थ है-
(a) नुकीला होना (b) पराजित कर देना
(c) ईर्ष्या करना (d) कठिन कार्य करना
उत्तर (d) : M.P. B.Ed., परीक्षा-2007

269. 'चिकना घड़ा होना' का क्या तात्पर्य है?
(a) चिकना होना (b) समृद्ध होना
(c) निर्लज्ज होना (d) भयभीत होना
उत्तर (c) : M.P. B.Ed., परीक्षा-2007

270. 'उड़ती चिड़िया के पंख गिनना' का अर्थ है-
(a) होशियार होना (b) अनुभव होना
(c) मतलबी होना (d) मूर्ख होना
उत्तर (b) : M.P. B.Ed., परीक्षा-2007

271. 'सफेद झूठ' का अर्थ है-
(a) सच होना (b) पूर्णतः असत्य
(c) अभिमान (d) शिष्ट
उत्तर (b) : M.P. B.Ed., परीक्षा-2007

272. 'पत्थर की लकीर' होने का अर्थ है-
(a) कठोर होना (b) कठिन होना
(c) अमिट होना (d) मिट जाना
उत्तर (c) : M.P. B.Ed., परीक्षा-2007

273. 'डोरे डालना' का अर्थ क्या है-
(a) प्रेम में फँसना (b) दुःखी करना
(c) बाँधना (d) फन्दे डालना
उत्तर (a) : M.P. B.Ed., परीक्षा-2007

274. 'अँगुली पर नाचना' का अर्थ होगा-
(a) अपनी इच्छानुसार चलाना
(b) किसी की इच्छानुसार चलना
(c) थोड़ा-सा सहारा पाना
(d) आरोप लगाना
उत्तर (b) : U.P. B.Ed., परीक्षा-2008

275. 'हाथ का मैल' का अर्थ है-
(a) तुच्छ वस्तु (b) कीमती वस्तु
(c) महंगी वस्तु (d) भारी वस्तु
उत्तर (a) : बिहार पुलिस सबइंस्पेक्टर, परीक्षा-2008

276. 'डींग हाँकना' का अर्थ है-
(a) शेखी बघारना (b) बुराई करना
(c) निन्दा करना (d) हँसी उड़ाना
उत्तर (a) : बिहार पुलिस सबइंस्पेक्टर, परीक्षा-2008

277. निम्न में कौन-सा मुहावरा नहीं है?
(a) आस्तीन का साँप (b) उल्लू बनाना
(c) कमर टूटना (d) दूर के ढोल सुहावने
उत्तर (d) : उत्तराखण्ड पुलिस सबइंस्पेक्टर, परीक्षा-2008

278. 'आँखे चुराना' का अर्थ है-
(a) कतराना (b) धोखा देना
(c) ठगना (d) चाल चलना
उत्तर (a) : बिहार पुलिस सबइंस्पेक्टर, परीक्षा-2008

279. जहाँ न पहुँचे रवि वहाँ पहुँचे कवि का अर्थ है-
(a) कवि के लिए कहीं भी अगम्य नहीं
(b) कवि निरंकुश होता है
(c) कवि कल्पनाशील होता है
(d) कवि भावप्रवण होता है
उत्तर (a) : S.S.C., परीक्षा-1999

280. पुचकारा कुत्ता सिर चढ़े का अर्थ है-
(a) पुचकारने पर कुत्ता भी प्यार दिखाता है
(b) ओछे लोग मुँह लगाने पर अनुचित लाभ उठाते हैं
(c) ओछे लोग ही इस जमाने में तरक्की कर सकते हैं।
(d) नगण्य व्यक्ति को कभी अपमानित नहीं करना चाहिए।
उत्तर (b) : S.S.C., परीक्षा-1999

281. तीन दिन मेहमान चौथे दिन हैवान का अर्थ है-
(a) आतिथ्य थोड़े दिन का ही अच्छा होता है
(b) अतिथि का कभी अनादर नहीं करना चाहिए
(c) मेहमान भी कभी-कभी शैतान बन जाता है
(d) ससुराल में दामाद को अधिक दिन नहीं रहना चाहिए।
उत्तर (a) : S.S.C. अनुवादक परीक्षा-1999

www.awillguru.com

282. एक और एक ग्यारह होते हैं का अर्थ है-
(a) संसार में सब संभव है
(b) भीड़ में बल है
(c) गणित विद्या में निपुणता प्राप्त करना
(d) संगठन में शक्ति है
उत्तर (d) : S.S.C.अनुवादक परीक्षा-2000

283. काला अक्षर भैंस बराबर का अर्थ है-
(a) छिद्रान्वेषी होना (b) समदर्शी होना
(c) अनपढ़ होना (d) अदूरदर्शी होना
उत्तर (c) : S.S.C.अनुवादक परीक्षा-2000

284. काठ की हाँडी बार-बार नहीं चढ़ती का अर्थ है-
(a) बुरे दिन हमेशा नहीं रहते
(b) लकड़ी का बर्तन अग्नि से जल सकता है
(c) छल-कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता
(d) दुर्भाग्य की मार बार-बार नहीं होती
उत्तर (c) : उत्तर प्रदेश निर्वायन आयोग, परीक्षा-2001

285. टूट चाप नहिं जुरै रिसाने का अर्थ है-
(a) टूटा धनुष क्रोध करने से नहीं जुड़ता
(b) चिन्ता छोड़ो सुख से जिओ
(c) नुकसान के लिए परेशान नहीं होना चाहिए
(d) नुकसान हो जाने पर क्रोध करना व्यर्थ है
उत्तर (d) : रेलवे, परीक्षा-2001

286. आये थे हरि भजन को ओटन लगे कपास का अर्थ है-
(a) हरि भक्ति का मार्ग कठिन होता है
(b) उद्देश्य की प्राप्ति में असफल होना
(c) किसी कार्य विशेष की उपेक्षा कर किसी अन्य कार्य में लग जाना
(d) ईश्वर भक्ति की छोड़कर व्यापार में लग जाना
उत्तर (c) : उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग, परीक्षा-2001

287. अंधा पावै आँखे तो पतियाय का अर्थ है-
(a) सबसे मूल्यवान वस्तु प्राप्त करके प्रसन्न होना
(b) अभीष्ट की प्राप्ति होने पर विश्वास का जमना
(c) असंभव की चाह होना
(d) असंभव को संभव कर दिखाना
उत्तर (b) : रेलवे, परीक्षा-2001

288. उधो का लेना न माधो का देना का अर्थ है-
(a) अपने काम से काम (b) भक्ति भाव से दूर रहना
(c) हिसाब साफ रखना (d) सबसे अलग रहना
उत्तर (a) : उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग, परीक्षा-2001

289. राम नाम जपना, पराया माल अपना का अर्थ है-
(a) दान करना (b) सर्वज्ञ करना
(c) धोखो से धन जमा करना
(d) दूसरों से सहानुभूति रखना
उत्तर (c) : बैंक, परीक्षा-2002

290. नीम हकीम खतरे जान का अर्थ है-
(a) डींग हाँकना
(b) बमारी का गलत इलाज होना
(c) खतरनाक चीजें
(d) अल्प विद्या भयंकर
उत्तर (d) : बैंक, परीक्षा-2002

291. सौ सयाने एक मत का अर्थ है-
(a) कुछ भी निश्चय न कर पाना
(b) ज्यादा चालाक बनना
(d) अच्छे विचारों में भिन्नता होना
(d) बुद्धिमानों के विचार एक-से होते हैं
उत्तर (d) : बैंक, परीक्षा-2002

292. तन पर नहीं लत्ता पान खाए अलबत्ता का अर्थ है-
(a) बहुत गरीब होना
(b) झूठा दिखावा करना
(d) एक साथ दो लाभ होना
(d) बुरी आदत का शिकार
उत्तर (b) : रेलवे, परीक्षा 2010 बैंक, परीक्षा-2002

293. गुरु गुड़ चेला चीनी का अर्थ है-
(a) गुरु हमेशा सर्वोपरि होता है
(b) गुरु से चेले का आगे बढ़ जाना
(c) चेले द्वारा महान कार्य करना
(d) गुरु के कथनानुसार कार्य करना
उत्तर (b) : बैंक, परीक्षा-2002

294. चोर की दाढ़ी में तिनका का अर्थ है-
(a) चोर आडम्बर दिखाता है
(b) चोर साधारण जन से अधिक दान करता है
(c) अपराधी सदा शंका से घिरा रहता है
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (c) : बैंक, परीक्षा-2002

295. आँख का अंधा नाम नयनसुख का अर्थ है-
(a) एक ही व्यक्ति में कई अवगुण होना
(c) केवल नाम अच्छा होने से ही कोई व्यक्ति अच्छा नहीं होता
(c) गुण के विपरीत नाम
(d) आँख न होने पर भी सुखी
उत्तर (c) : बैंक, परीक्षा-2002

296. पर उपदेश कुशल बहुतेरे का अर्थ है-
(a) बिन मांगे सलाह देना
(b) दूसरों को उपदेश देने को आसान समझना
(c) बिना सोचे दूसरों की सलाह पर काम करना
(d) दूसरों की बात को शीघ्र मान लेना
उत्तर (b) : बैंक, परीक्षा-2002

www.awillguru.com

297. निम्नलिखित में से एक लोकोक्ति है, उसका चयन कीजिए-
(a) कठपुतली होना (b) आँख चुराना
(c) आस्तीन का साँप (d) एक पंथ दो काज
उत्तर (d) : UP सब इंस्पेक्टर, परीक्षा-2002

298. आम के आम गुठलियों के दाम का अर्थ है-
(a) मनमानी करना (b) नकली वस्तु देना
(c) दोहरा लाभ होना (d) बहुत चतुर व्यापारी बनना
उत्तर (c) : Lower P.C.S., परीक्षा-2003

299. आ बैल मुझे मार का अर्थ है-
(a) छेड़छाड़ करना
(b) जान बूझकर मुसीबत में पड़ना
(b) बलशाली के सामने वीरता दिखाना
(d) कायर होते हुए भी वीरता का प्रदर्शन करना
उत्तर (b) : Lower P.C.S., परीक्षा-2003

300. हाथ कंगन को आरसी क्या का अर्थ है-
(a) बिल्कुल पढ़ा-लिखा न होना
(b) विद्वान को धन की आवश्यकता नहीं
(c) सुन्दर महिला को जेवर की जरूरत नहीं
(d) प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं
उत्तर (d) : Lower P.C.S., परीक्षा-2003

301. आप डूबे तो जग डूबा का अर्थ है-
(a) बुरा आदमी सबको बुरा कहता है
(b) मरने के बाद कौन देखने आता है कि क्या हुआ
(c) अपनी हानि होने पर दूसरों को भी हानि पहुँचाना
(d) सबको अपने समान समझना
उत्तर (a) : Lower P.C.S., परीक्षा-2003

302. तेल देखों तेल की धार देखो का अर्थ है-
(a) लापरवाही से नुकसान होता है
(b) तेल की धार देखकर तेल का परीक्षण करना
(c) काम करते समय उसकी पहचान करना
(d) रूख पहचानना
उत्तर (d) : Lower P.C.S., परीक्षा-2003

303. अधजल गगरी छलकत जाए का अर्थ है-
(a) अल्पज्ञ द्वारा गर्व प्रदर्शन
(b) अत्यधिक बोलना
(c) संभल कर न चलना
(d) अपनी छोटी-सी बात की प्रशंसा करना
उत्तर (a) :UP P.C.S.,परीक्षा-2003, UP सब इंस्पेक्टर, परीक्षा-2002

304. अंधे के हाथ बटेर लगना का अर्थ है-
(a) अंधा भी अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकता है
(b) अंधेरे में कोई चीज मिल जाना
(c) अपात्र को सफलता मिल जाना
(d) शेयरों में भारी लाभ होना
उत्तर (c) : UP P.C.S., परीक्षा-2003

305. ओखली में सिर दिया तो मूसलों का क्या डर का अर्थ है-
(a) मूर्ख के साथ मित्रता करने पर हानि ही होती है
(b) मुसीबतों से घबराना किसी भी प्रकार से उचित नहीं
(c) ओछे व्यक्ति किसी को लाभ नहीं पहुँचा सकते
(d) कठिन काम शुरू करने पर कष्ट तो सहन करने ही पड़ते हैं
उत्तर (d) : S.S.C. अनुवादक परीक्षा-2005

306. जैसे बहे बयार, पीठ तब तैसी दीजे का अर्थ है-
(a) समय का रुख देखकर काम करना चाहिए
(b) राजनीति में दल-बदल करते रहना चाहिए
(c) ऐसा काम करना चाहिए जिससे संकट में न फँसा जाए
(d) पवन की तरह कभी शीतल और कभी उष्ण होना चाहिए
उत्तर (a) : S.S.C. अनुवादक परीक्षा-2008

307. 'एक तो करेला आप तीता दूजा नीम चढ़ा' का अर्थ है-
(a) बुरे का और बुरे से संग होना
(b) एक बुरा तो दूसरा उससे भी बुरा
(c) बुरे व्यक्ति की बुरी संतान
(d) बुरे का अच्छे से संग होना
उत्तर (a) : बिहार पुलिस सब इसपेक्टर परीक्षा-2008

308. 'खोदा पहाड़ निकली चुहिया' लोकोक्ति का अर्थ है-
(a) कम परिश्रम करके बहुत मिलाना
(b) परिश्रम अधिक और फल कम
(c) परिश्रम के बिना ही फल पा जाना
(d) श्रम करने पर कुछ न मिलना
उत्तर (b) : उत्तराखण्ड पुलिस सब इसपेक्टर परीक्षा-2008

309. निम्नलिखित कहावत का सही अर्थ बताइए-
चूहे के चाम से नगाड़े नहीं मढ़े जाते
(a) कंजूसी करना
(b) सीमित साधनों से काम चलाना
(c) छोटे होकर बड़ा काम करना
(d) सीमित साधनों से बड़े काम नहीं होते
उत्तर (d) : आर.आर.बी. इलाहाबाद एकाउटेंट असिस्टेण्ट परीक्षा-2010

–0–

www.awillguru.com

11

तद्भव एवं तत्सम, देशज, विदेशज

तत्सम एवं तद्भव

शब्द-भेद

बनावट के आधार पर

- रूढ़
- यौगिक
- योग रूढ़

उत्पत्ति के आधार पर

- तत्सम
- तद्भव
- देशज
- विदेशी
- संकर

तत्सम:

परंपरात तत्सम

जो शब्द संस्कृत वाङ्मय में उपलब्ध है, वे परंपरागत तत्सम कहे जाते हैं।

निर्मित तत्सम शब्द

''जो शब्द नए विचारों और व्यापारों की अभिव्यक्ति करने के लिए संस्कृत के व्याकरण के अनुसार समय-समय पर बना लिए गये हैं।''

- **तत्सम शब्द–**तत्सम शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है 'तत् + सम्' जिसका अर्थ है—'उसके समान'। हिंदी में बहुत से शब्द संस्कृत से सीधे आ गए हैं और आज भी संस्कृत के मूल शब्द की ही भाँति हिन्दी में प्रयुक्त होते हैं। इन्हीं शब्दों को **'तत्सम शब्द'** कहा जाता है। जैसे—धन, नारी, जलज, सर्वदा, सीमा, राष्ट्र, रवि, सौन्दर्य, क्रूर, गौरव आदि।
- **तद्भव शब्द–**'तद्भव' शब्द का अर्थ है— 'उससे होना'; अर्थात् वे शब्द जो 'स्रोत भाषा' के शब्दों से विकसित हुए हैं। चूँकि ये शब्द संस्कृत से चलकर पालि→ प्राकृत → अपभ्रंश' से होते हुए हिंदी तक पहुँचे हैं, अतः इनके स्वरूप में परिवर्तन आ गया है, जैसे—'दही' शब्द 'दधि' से, 'कान्ह' शब्द 'कृष्ण' से विकसित होकर हिंदी में आए हैं। ऐसे शब्दों को **'तद्भव शब्द'** कहा जाता है।

उत्तर प्रदेश चयनबोर्ड व विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं में पूछे गये तद्भव-तत्सम से संबंधित प्रश्नोत्तर

तद्भव	तत्सम
U.P. T.G.T. Exam. - 2013	
घोड़ा	घोटक
U.P. T.G.T. Exam. - 2010	
फुर्ती	स्फूर्ति
गेहूँ	गोधूम
मुँह	मुख
आँसू	अश्रु
अंधेरा	अंधकार
U.P. T.G.T. Exam. - 2005	
अंधेरा	अंधकार
U.P. P.G.T. Exam. - 2013	
कुत्ता (कूकरा)	कुक्कुर
खीर	क्षीर
मोर	मयूर
सफेद	श्वेत
भौजाई	भ्रातृजाया
U.P. T.G.T. Exam. - 2010	
मेह	मेघ
भौंरा	भ्रमर
जेठ	ज्येष्ठ
कन्धा	स्कन्ध
U.P. T.G.T. Exam. - 2000	
उबटन	उद्वर्तन
केला	कदली
पसीना	प्रस्विन्न
कपास	कर्पास
ओझा	उपाध्याय
B.Ed. - 2006 (A.U., K.U.)	
चाँद	चन्द्र
विआह	विवाह

तद्भव	तत्सम
काम	कर्म
कान्ह	कृष्ण
काज	कार्य
अच्छर	अक्षर
B.Ed.-1998 (A.U., G.K.P.)	
परीछा	परीक्षा
दूध	दुग्ध
असीस	आशीष
करोड़	कोटि
परख	परीक्षा
B.Ed.-2007 Joint Ent. K.U.	
आँख	अक्षि
साखी	साक्षी
B.Ed.-2010 Joint Ent. L.U.	
आम	आम्र
आँख	अक्षि
ईंट	इसिका
कौआ	काकः
B.Ed.-2011 Joint Ent. Ruhelkand University	
खेत	क्षेत्र
आँसू	अश्रु
शिस्य	शिष्य
दाहिना	दक्षिण
पसीना	प्रस्विन्न
B.Ed.-2012 Joint Ent. Awadh Univrsity	
कंगन	कंकण
भभूत	विभूति
मौत	मृत्यु
गँवार	ग्रामीण
कान	कर्ण

www.awillguru.com

तद्भव	तत्सम
B.Ed.-2014 Joint Ent. Jhansi University	
साखी	साक्षी
सावन	श्रावण
भगत	भक्त
भौंह	भ्रू
मक्खी	मक्षिका
बांसुरी	बंसी
सरसों	सर्षप
बच्चा	वत्स
B.Ed.-2013 Joint Ent. GKP	
देवर	द्विवर

तद्भव		तत्सम
मक्खन		म्रक्षण
क्षीर		खीर
दूध		दुग्ध
	M.P. BEd.	
कोयल	(2002)	कोकिला
कान	(2000)	कर्ण
बन्दर	(2007)	वानर
दरसन	(2007)	दर्शन
गेहूँ	(2003)	गोधूम
मुँह	(2003)	मुख
पसीना	(2002)	प्रस्विन्न

राज्य लोक सेवा आयोगों द्वारा विगत् वर्षों में पूछे गये

तद्भव	तत्सम	तद्भव	तत्सम
अँगोछा	अगप्रौंछा (APO 1998)	अठारह	अष्टादश (RAS 94)
अच्छत	अक्षत (RAS 94)	आज	अद्य (RAS 1991)
उछाह	उत्साह (BDO 1981)	उजाला	उज्ज्वल (RAS 1991)
ओखली	उलूखल(BDO 1981)	कपूत	कुपुत्र (RAS 1988)
किसन	कृष्ण (RAS 1985)	कारज	कार्य (RAS 1987)
काठ	काष्ठ (RAS 84, 91)	कुटुम	कुटुम्ब (APO 1988)
क्रोधी	क्रुद्ध (RAS 88,84)	खेत	क्षेत्र (APO1996)
गेहूँ	गोधूम (RAS 1998)	गदहा	गर्दभ (APO 1988)
गिद्ध(गीध)	गृध्र (APO 1996)	घोड़ा	घोटक (APO 1988)
चौदह	चतुर्दश (RAS 1991)	छेद	छिद्र (RAS 1988)
जुगति	युक्ति (RAS 1987)	जौ	यव (RAS 1989)
तुरंत	त्वरित (RAS 1991)	तीरथ	तीर्थ (APO 1994)
दही	दधि (RAS 1988)	दरसन	दर्शन (APO 1994)
गाय	गो (APO 1996)	नाक	नक्र (APO 1988)
नेह	स्नेह (APO 1986)	पहुना	प्राघूर्ण (RAS 1988)
प्रथ्वी	पृथ्वी (BDO 1981)	पुरूषारथ	पुरूषार्थ (APO 1994)
बहिन	भगिनी (RAS 1989)	बछड़ा	वत्स (RAS 1987)
आँख	अक्षि (APO 1988)	बहु	वधू (RAS 1988, 80)
बैल	बलीवर्द (RAS 1990)	बहेड़ा	विभीतिक (RAS 1991)
भादौं	भाद्रपद (RAS 1989)	भौं, भोंह	भ्रू (RAS 1989)
भगत	भक्त (RAS 1987)	मानुस	मनुष्य (APO 1994)
सेठ	श्रेष्ठी (RAS 1988, 89)	सुहाग	सौभाग्य (RAS 1996)
साखी	साक्षी (RAS 1989)	संयासी	संन्यासी (BDO 1981)
ससुर	श्वसुर (BDO 1989)	साहित्यक	साहित्यिक (BDO 1989)
सांवां	श्यामक (RAS 1989)	सपना	स्वप्न (RAS 1990)
साँवला	श्यामल (RAS 1994)	सबद	शब्द (APO 1994)

अनुशीलन सामग्री

तद्भव	तत्सम	तद्भव	तत्सम
अछोह	अक्षोभ	मछली	मत्स्य
अखरोट	अक्षोट	महुआ	मधूक
उछाह	उत्साह	सुई	सूचिका
उसास	उच्छ्वास	मूँछ	श्मश्रु
कंगन	कंकण	मिठाई	मिष्टि
केवट	कैवर्त	यहाँ	अत्र
गाँव	ग्राम	ससुराल	श्वसुरालय
गाभिन	गर्भिणी	हरड़	हरीतकी
कोयल	कोकिल	होली	होलिका
अठारह	अष्टादश	हिरन	हरिण
कोढ़ी	कुष्ठी	सौत	सपत्नी
खार	क्षार	साँवला	श्यामल
गवैया	गायक	सांड	षण्ड
घड़ा	घट	सत्तू	सक्तु
चाँदनी	चंद्रिका	सींग	श्रृंग
चना	चणक	सुआ	शुक
चूमना	चुम्बन	हिय	हृदय
चोरी	चौर्य	सियार	श्रृंगाल
घड़ी	घटिका	रुठा	रुष्ट
चितेरा	चित्रकार	रास	राशि
जनेऊ	यज्ञोपवीत	लाज	लज्जा
तीखा	तीक्ष्ण	लोहार	लौहकार
तालाब	तड़ाग	अंगुरी	अंगुलि
थामना	स्तम्भन	अहेर	आखेट
तमोली	ताम्बूलिक	अटारी	अट्टालिका
दामाद	जामाता	अद्धा	अर्द्ध
दुबे	द्विवेदी	अनसन	अनशन
नाई	नापित	आठ	अष्ट
दाढ़ी	दंष्ट्रिका	आँवां	आपाक
नेवता	निमंत्रण	आरसी	आदर्श
पाती	पत्रिका	औंधा	अवमूर्ध
पाहुन	प्राघूर्ण	खेत	क्षेत्र
पानि	पाणि	खत्री	क्षत्रिय
पसीना	प्रस्विन्न	खप्पर	खर्पर
पीठ	पृष्ठ	गाहक	ग्राहक
पीढ़ा	पीठ	गात	गात्र
बसेरा	वासगृह	चक्का	चक्र
भूख	बुभुक्षा	छति	क्षति
बकरा	वर्कर	जमुना	यमुना
बहनोई	भगिनीपति	चौथा	चतुर्थ
भांजा	भागिनेय	ताव	ताप
मेढक	मण्डूक	दही	दधि

www.awillguru.com

www.awillguru.com

देशज और विदेशज शब्द भण्डार

परिभाषा

देशी-ऐसे शब्द जो अनादिकाल से बोलचाल में व्यवहृत होते आये हैं और जिनकी व्युत्पत्ति व्याकरणलभ्य नहीं है, **देशी** शब्द कहलाते हैं।

- देशी शब्दों के अन्तर्गत प्रायः ऐसे शब्द आते हैं जिनका मूल संस्कृत में नहीं मिलता और जो साहित्यिक भाषाओं से परे सामान्य जनता के बीच युगों से व्यवहृत होते आ रहे हैं। देशी शब्दों का एक कोश **आचार्य हेमचन्द्र** ने तैयार किया है, जिसे **रयणावली** उर्फ **देशीनामामाला** कहा गया है। इसी से कुछ देशी शब्दों के उदाहरण नीचे दिये जा रहे हैं। देशी शब्दों के आगे कोष्ठ में **हेमचन्द्र** द्वारा दिये गये मूल शब्द दिये जा रहे हैं।

अधाना (अग्धाणो) ; **अगोरी, अगौरी, अंगोला** = ईख का अगला भाग (अंगालिअं), **अच्छा** (अच्छं); **आँख-मिचौनी** (अच्छिविअच्छी); **जड़ावर** = मोटा कपड़ा (अजराउरं), **अथाह** (अत्थाह, अत्थग्धं), **अलट-पलट** (अल्लट्ट-पल्लट्टम), **आपुस** (अवपुसिओ); **हौवा, हउआ** (आहु); **उकसाना** (उक्कासिअं); **ओखली, उखली, ओखरी,** (उक्खली); **उड़िस, उड़ीस** = खटमल (उड्डसो); **उथल पुथल** (उत्थल्ल पत्थल्ला); **बुक्का-फाड़कर रोना** (उब्बुक्कं); **उमड़** (उम्मडा) **ऊब** (उब्बाओ); **ओंइछना** - वाल ओइंछना - सुलझाना (औच्छिअं) **ओझरी** = गर्भाशय को ढकने वाली झिल्ली (ओज्झरी); **लुका-लुकी** (ओलुंकी) **ओलरना, ओलराना** = लेटना, लेटाना (ओल्लरिओ) **ओसार, ओसरिया** (ओसरिअं); **ओस** (ओसा); **ओसाना** = झेलना, **सहन करना** (ओसाओ); **ओडघनी** = दरवाजा बन्द करने के लिए काठ की सांकल (ओहडणी); **ओहरना** = वासी होना, **महकना** (ओहरिसो); **कटारी** (कट्टारी); **कन्द** (कन्दो); **कंडा-** गोबर का (कंडो); **कतवार, कबाड़** (कतवारी तथा कयारो); **कुन्द** = मन्द (कुन्दो); **कुल्हड़** (कुल्लडं); **कोयला, कोइला** (कोइला) ; **कोल्हू** (कोल्हुओ); **खट्टा** (खट्टं), **खटिक** (खट्टिक्को); **खड्डा, खड्डु, गड्ढा, गढ़ा** (खड्डा); **खली** (खली); **खाई** (खाइआ); **खुट, खट** (खट्टं); **खोटी, खोट** (खोट्टी); **खोसड़ा** = हिजड़ा (खोसलओ); **गड्डुरी** = भेड़, गड़ेरिया (गड्डुरी); **गाड़ी** (गड्डी); **गुच्छा** (गोच्छा); **गोली** = दासी (गोल्ला); **गोबर** (गोवरं); **गँडेरी**-ईख की (गंडीरी); **चावल, चाउर** (चाउला); **चीलर** (चिल्लरी); **चेला**- शिष्यबालक (चिल्लो); **चोटी, चोटइया** (चोट्टी); **छैला-छलिया** (छिल्लो); **छाल, छल्ली** (छल्ली); **छिछला छिछोर** (छिंछोली); **छिनाल, छिनरा,** (छिण्णाली, छिण्णालो)।

ऊपर जितने शब्दों का विवरण प्रस्तुत किया गया, यदि ध्यान से देखा जाये तो सभी का अर्थ-परिवेश देशी ही है। ये शब्द, जिस परिस्थिति और सांस्कृतिक वातावरण के बीच, अपने संकलन के समय में चल रहे थे, वैसे ही परिस्थिति और वैसे ही सांस्कृतिक वातावरण में वे आज भी चल रहे हैं। यह बात अपने आप इस तथ्य की ओर इंगित करती है कि भारतीय आर्यभाषाओं में बहुत से ऐसे भाषाई तत्व हैं जिन्हें शिष्ट साहित्य ने लोकजीवन से ग्रहण कर उन पर अपनी शिष्टता की मुहर लगा दी और हम उन्हें देखकर भी अनदेखा कर देते हैं। **पाणिनी ने कितने ही देशी शब्दों को अपनी अष्टाध्यायी में शिष्ट शब्द बनाया पर वे शब्द उनकी शिष्टभाषा संस्कृत में बिल्कुल नहीं चले, लेकिन उनका प्रचलन लोकभाषाओं में बना रहा। पाणिनी का धातु प्रकरण इसका स्पष्ट उदाहरण है।** उन्होंने धातु गणना में अनेक ऐसी धातुएँ ले लीं, जो संस्कृत में नहीं चलीं, परन्तु वही धातुएँ **लोक भाषाओं से चलती-चलती आज हिन्दी तक पहुँच गयी हैं।**

विदेशी शब्द

हिन्दी में विदेशी भाषाओं, विशेषकर फारसी, अरबी, तुर्की, अंग्रेजी, पुर्तगाली, फ्रांसीसी आदि के शब्द आमचलन में **आ गये** हैं। परन्तु हिन्दी ने इन भाषाओं के शब्दो को भी अपने ढंग से ग्रहण किया है। इन भाषाओं के शब्द,हिन्दी को अपनी विशेषताओं के अनुरूप बोले तथा लिखे जाते हैं। **हिन्दी में आगत कुछ विदेशी शब्दों की एक सूची नीचे दी जा रही है।**

अरबी शब्द

अक्ल, अजब, अजायब, अजीब, असर, अहमक, अल्ला, अदा, आदत, आदमी, आखिर, आसार, इलाज, इनाम, इस्तीफा, इज्जत, इजलास, इमारत, ईमान, उम्र, एहसान, औरत, औलाद, औसत, कर्ज, कमाल, कब्र, कदम, कसूर, कसर, कसम, कसरत, किला, किस्त, किस्मत, किस्सा, किताव, कुर्सी, खत, खत्म, खवर, खराब, ख्याल, गरीब, गैर, जलसा, जिस्म, जाहिल, जहाज, जवाब, जनाब, जालिम, जिहन, तकदीर, तकिया, तरफ, तमाम, तकाजा, तुर्की, तजुरबा, तमाशा, तारीख, दगा, दफा, दफ्तर, दवा, दल्लाल, धावा, दान, दावत, दाखिल, दिक,दीन, दुआ, दुकान, नकद, नकल, नहर, नशा, नतीजा, चाल, फकीर, फायदा, फैसला, बाकी, मवाद, मदद, मल्लाह, मजबूर, मरजी, मशहूर, मजमून, मतलब, मालूम, मामूली, मात, मानी, मिसाल, मुद्दई, मुसाफिर, मुंसिफ, मुकदमा, मौका, मौलवी, मौसम, यतीम, राय, लफ्ज, लहजा, लायक, लिफाफा, लियाकत, लिहाज, वकील, वहम, वारिस, शराब, हक, हद, हरामी, हमला, हवालात, हाजिर, हाशिया, हाल, हाकिम, हिसाब, हिम्मत, हैजा, हौसला इत्यादि।

फारसी शब्द

अदा, अफसोस, आतिशबाजी, आबरू, आबदार, आमदनी,आराम, आफत, आवाज, आईना, उम्मीद, कद (कद्द भी), किशमिश, कुश्ती, कमीना, कबूतर कूचा, खुद, खामोश, खुश, खुराक, खूब, खरगोश, गज, गर्द,, गुम, गल्ला, गोला, गुलबन्द, गरम, गिरह, गवाह, गुल, गुलाब, गोश्त, चरखा, चश्मा, चादर चाबुक, चिराग, चेहरा, चूँकि, चाशनी, जहर, जंग, जबर, जादू, जिन्दगी, जागीर, जान, जीन, जुरमाना, जोर, जिगर, जोश, तबाह, तनख्वाह, तरकश, तमाशा, ताक, ताजा, तीर, तेज, दरबार, दंगल, दस्तूर, दीवार, दुकान, दिलेर, देहात, दवा, दिल, नापसंद, नाव, नामर्द, पलक, पलंग, पारा, पुल, पेशा, पैमाना, बहरा, बीमार, बेहूदा, बेवा, बेरहम, मजा, मलीदा, मरहम, मलाई, मादा, माशा, मुफ्त, मीना, मुर्गा, मोर्चा, याद, यार, रंग, राह, रोगन, लगाम, वापिस, शादी, शोर, सरकार, सरदार, सरासर, सितार, इत्यादि।

www.awillguru.com

पुर्तगाली शब्द

Alcatro	अलकतरा	Bolde	बाल्टी
Altionete	आल्पीन	Fita	फीता
Almario	अल्मारी	Tobacco	तम्बाकू

अंगरेजी शब्द

हिन्दी में अंग्रेजी शब्द की भरमार है, परन्तु इन शब्दों के उच्चारण पर भी हिन्दी ने अपनी मोहर लगा दी है। ऐसे शब्दों की सूची देखिए

हिन्दी	अंगरेजी	हिन्दी	अंगरेजी
अफसर	Officer (ऑफीसर)	सिलेट	Slate (स्लेट)
इंजन	Engine (एंजिन)	टिकस	Ticket (टिकेट)
अस्पताल	Hospital (हास्पिटल)	लालटेन	Lantern (लैन्टर्न)
डाक्टर	Doctor (डॉक्टर)	तारपीन	Terpentine (टर्पेन्टाइन)
कप्तान	Captain (कैप्टन)	मास्साब	Master Shib (मास्टर साहब)
थेटर, ठेटर	Theatre (थियेटर)	जेहल	Jail (जेल)
मील	Mile (माइल)	गारद	Guard (गार्ड)
बोतल	Bottle (बाटल)	पौडर	Powder (पाउडर)
टेसन	Station (स्टेशन)	कोरट	Court (कोर्ट)
इस्कूल	School (स्कूल)	काटर	Quarter (क्वार्टर)
बुकसट	Bushshirt (बुश्शर्ट)	कौंसिल	Council (काउन्सिल)
टीन	Tin (टिन)	पिरेस	Press (प्रेस)
पुलिस	Police (पोलिस)	आडर, आडर	Order (आर्डर)
इनिस्पेट्टर	Inspector (इंसपेक्टर)	पिलेट	Plate (प्लेट)
कलेट्टर	Collector (कलेक्टर)		

इस प्रकार अंग्रेजी के तमाम शब्द हिन्दी में तद्भव बनकर बोले जाते हैं। आधुनिक तकनीकि उन्नति के साथ-साथ अंगरेजी के असंख्य शब्द अब हिन्दी की सम्पत्ति हो गये हैं। इन शब्दों को बोला भी सही ढंग से जा रहा है; जैसे रेल, टेलीफोन, रोड, बस, पोस्टआफिस, ऑफिस अनेकानेक अंग्रेजी के शब्द हैं, जो दैनिक व्यवहार में हिन्दी के अपने अंग बनते जा रहे हैं। अंग्रेजी ने हिन्दी की शब्दावली को सबसे अधिक समृद्ध बनाया है। पहले तो अंग्रेजी के शब्दों का अनुवाद करके प्रयोग करने की प्रवृत्ति थी, पर अब इसके शब्दों में ज्यों का त्यों लेकर, इन्हें नागरी में लिखकर, हिन्दी ने अपनी सम्पत्ति बनाना प्रारम्भ कर दिया है। ऐसा करना सर्वथा उचित भी है।

तुर्की शब्द

उर्दू, कज्जाक,काबू, कालीन, कुली, कुर्की, कैंची, चकमक, चमचा, चिक, ज़ुगुल, चेचक, ज़ालिम, तमगा, तलाश, लोप, बहादुर, बेगम, मुगल, लफंगा।

संकर (मिश्रित) शब्द

हिन्दी में ऐसे भी शब्द हैं, जो दो भाषाओं के शब्दों के मेल से बन गये हैं; नीचे देखें :—

परीक्षा दृष्टि

तद्भव	तत्सम
UP. Lower Sub. (M)- 2015	
सियार	शृगाल
धरती	धरित्री
सुई	सूचिका
डण्डा	दण्ड
पत्थर	प्रस्तर
UP. RO/ARO(P) 2016	
चबूतर	चत्वाल
पूँजी	पुंज
बेंत	बेत्र
चना	चणक
ऊन	ऊर्ण
थाली	स्थाली
जामुन	जंबु
डायन	डाकिनी
UP. P.C.S. (Pre) - 2016	
हाथ	हस्त

तद्भव	तत्सम
UP. P.C.S. (Pre) - 2015	
कपड़ा	कर्पट
UP. P.C.S. (Pre) - 2014	
पत्ता	पत्र
हाथ	हस्त
अंधेरा	अंधकार
राजस्व निरीक्षक परीक्षा - 2014	
गधा	गर्दभ
पिय	प्रिय
नेह	स्नेह
पंख	पक्ष
पीठ	पृष्ठ
लाज	लज्जा
निडर	निर्दर
पंछी	पक्षी
हल्दी	हरिद्रा
कंधा	स्कन्ध
कबूतर	कपोत
रीस	ईर्ष्या

(क) संस्कृत और हिन्दी के शब्दों के मेल से निर्मित– उप-बोली, भोजन-गाड़ी, रात्रि-उड़ान आदि।

(ख) संस्कृत और फ़ारसी के शब्दों के मेल से निर्मित– विज्ञापनबाज़ी, छायादार, लोकशाही आदि।

(ग) फारसी और हिन्दी-भाषा के शब्दों के मेल से निर्मित–कमर-पट्टी, ख़रीदना, जेब-कतरा, बेडौल आदि।

(घ) अरबी और हिन्दी–अख़बारवाला, अजायबघर, आम चुनाव, हवा-चक्की, मालगाड़ी, किताबघर, कलम-चोर आदि।

(ङ) तुर्की और हिन्दी–तोप-गाड़ी, तोप-तलवार आदि।

(च) अरबी और फारसी–अक़लमन्द, गोताख़ोर, तहसीलदार, फ़िजूल-ख़र्च आदि।

(छ) हिन्दी और फारसी–कटोरदान, चमकदार, मसालेदार, किरायेदार, छापाख़ाना, थानेदार, पंचायतनामा आदि।

(ज) अँगरेज़ी और हिन्दी–टिकट-घर, डबल रोटी, रेलगाड़ी, अलार्म-घड़ी, सिनेमा-घर, रेलवे-भाड़ा, पुलिस-चौकी, डाक-घर आदि।

(झ) हिन्दी और अँगरेज़ी–कपड़ा-मिल, जाँच-कमीशन, लाठी-चार्ज आदि।

(ञ) अँगरेज़ी और फारसी– जेलख़ाना, सील-बन्द आदि।

(ट) अँगरेज़ी और संस्कृत–ऑफिस-कर्मचारी, टैंकयुद्ध, मशीनीकरण, रेल-विभाग, फ़िल्म-उत्सव आदि।

(ठ) अँगरेज़ी और अरबी– पॉकेट-ख़र्च, सिनेमा-शौकीन, सिविल नाफ़रमानी आदि।

www.awillguru.com

तत्सम एवं तद्भव, देशज, विदेशज

से सम्बन्धित अध्यायवार प्रश्नकोश

1. निम्नलिखित में से कौन सा एक शब्द तद्भव नहीं है?
(a) तस्कर (b) पत्ता
(c) हाथ (d) अंग्रेज
उत्तर (a) U.P. P.C.S. (Pre) - 2014

2. 'गधा' का तत्सम रूप है :
(a) गदहा (b) गदर्भ
(c) गद्रभ (d) गर्दभ
उत्तर : (d) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा - 2014

3. 'प्रिय' का तद्भव शब्द है :
(a) पिया (b) प्रेम
(c) प्रिया (d) प्यार
उत्तर : (a) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा -2014

4. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा तत्सम शब्द नहीं है?
(a) कुसुम (b) भूषिका
(c) वंश (d) नेह
उत्तर : (d) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा -2014

5. निम्नलिखित में से कौन सा तद्भव शब्द है?
(a) पंख (b) पृष्ठ
(c) लज्जा (d) शिला
उत्तर : (a) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा -2014

6. 'पक्ष' का तद्भव रूप है :
(a) पंछी (b) पखेरू
(c) पंख (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (c) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा - 2014

7. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?
(a) स्कन्ध (b) कपोत
(c) ईर्ष्या (d) हल्दी
उत्तर : (d) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा - 2014

8. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?
(a) साँप (b) चिह्न
(c) बीणा (d) विस्मय
उत्तर : (d) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा -2014

9. तद्भव शब्द का चयन कीजिए -
(a) सुर (b) निडर
(c) गति (d) कमल
उत्तर : (b) उ.प्र. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा -2014

10. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?
(a) दुआर (b) सायं
(c) गिरिस्ती (d) पाँव
उत्तर (b) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2014

11. 'एकल' शब्द का तद्भव शब्द है-
(a) अकल (b) अकिल
(c) अकेला (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर (c) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2014

12. 'कर्पट' शब्द का तद्भव शब्द है-
(a) कटरना (b) कपाट
(c) कपड़ा (d) कपट
उत्तर (c) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2014

13. 'कैवर्त्त' शब्द का तद्भव रूप है-
(a) मल्लाह (b) केवट
(c) नाविक (d) केवल
उत्तर (b) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2014

14. 'गृध्र' शब्द का तद्भव रूप है-
(a) गीधना (b) गृध
(c) गीधी (d) गीध
उत्तर (d) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2014

15. 'मक्खी' शब्द का तत्सम रूप है-
(a) मच्छिका (b) माछी
(c) मच्छी (d) मक्षिका
उत्तर (d) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2014

16. 'हल्दी' शब्द का तत्सम रूप है-
(a) हरद्रिका (b) हरीद्रा
(c) हरिद्रा (d) हलिद्रा
उत्तर (c) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2014

17. 'हुलास' शब्द का तत्सम रूप है-
(a) हिलास (b) विलास
(c) हास्य (d) उल्लास
उत्तर (d) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2014

18. 'नारियल' शब्द का तत्सम रूप है-
(a) नारिकेल (b) नारिकेलि
(c) नारीकेल (d) नारिकेला
उत्तर (a) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2014

www.awillguru.com

19. 'सींग' शब्द का तत्सम रूप है-
(a) श्रृंग (b) शिंग
(c) शृंग (d) सिंग
उत्तर (c) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2014

20. 'दीठि' का तत्सम रूप है-
(a) द्रष्टि (b) दिष्टि
(c) दीष्टि (d) दृष्टि
उत्तर (d) : R.O./A.R.O. (Main) Exam. - 2013

21. कौन सा शब्द तत्सम है?
(a) शुश्रूषा (b) सुत्रर
(c) अपजस (d) अच्छ
उत्तर (a) : R.O./A.R.O. (Main) Exam. - 2013

22. 'सिंगार' शब्द का तत्सम है
(a) श्रृंगार (b) श्रंगार
(c) शृंगार (d) शिंगार
उत्तर (c) : R.O./A.R.O. (Main) Exam. - 2013

23. 'इनमें कौन सा शब्द तद्भव है?
(a) मधुप (b) मधुकर
(c) भ्रमर (d) भँवरा
उत्तर (d) : R.O./A.R.O. (Main) Exam. - 2013

24. 'मुदरी' का तत्सम रूप है
(a) मुद्री (b) मुन्दरी
(c) मुदरिका (d) मुद्रिका
उत्तर (d) : R.O./A.R.O. (Main) Exam. - 2013

25. 'चूरन' का तत्सम शब्द है-
(a) चौर (b) चूर्ण
(c) चर्म (d) चक्षु
उत्तर (b) : R.O./A.R.O. (Main) Exam. - 2013

26. कौन सा तत्सम शब्द नहीं है?
(a) इन्दु (b) दिनेश
(c) मनोज (d) रात
उत्तर (d) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2013

27. 'तिक्त' शब्द का तद्भव है-
(a) तीता (b) तीखा
(c) तिक्ता (d) तिखन
उत्तर (a) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2013

28. 'ससुर' का तत्सम शब्द है-
(a) सस्वर (b) स्वसुर
(c) श्वसुर (d) श्वश्रु
उत्तर (c) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2013

29. 'तद्भव' शब्द निर्दिष्ट कीजिए-
(a) आधा (b) कूप
(c) विद्या (d) व्योम
उत्तर (a) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2013

30. 'तत्सम' शब्द है-
(a) क्लिष्ठ (b) कठोर
(c) कठिन (d) मजबूत
उत्तर (a) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2013

31. 'ढीठ' शब्द का तत्सम है-
(a) दृष्ट (b) पुष्ट
(c) दृश्य (d) धृष्ट
उत्तर (d) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2013

32. 'तत्सम' शब्द का चयन कीजिए-
(a) शेर (b) बबर शेर
(c) व्याघ्र (d) बाघ
उत्तर (c) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2013

33. 'माँ' शब्द का तत्सम है-
(a) माता (b) मातृका
(c) मातृ (d) अम्मा
उत्तर (c) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2013

34. तद्भव शब्द है-
(a) मानव (b) मनई
(c) मनुष्य (d) मानो
उत्तर (b) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2013

35. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द है-
(a) गरम (b) नरक
(c) नरम (d) तीर्थ
उत्तर (d) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2010

36. 'अँगीठी' का तत्सम शब्द है-
(a) अग्निका (b) अंनिष्ठका
(c) अग्निष्ठिका (d) अग्निष्ठिकी
उत्तर (c) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2010

37. निम्नलिखित में से कौन तद्भव शब्द है ?
(a) दिनकर (b) दिवाकर
(c) प्रभाकर (d) सूरज
उत्तर (d) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2010

38. निम्नलिखित में से कौन शब्द 'तत्सम' नहीं है?
(a) आँख (b) नयन
(c) नेत्र (d) दृग
उत्तर (a) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2010

www.awillguru.com

39. निम्नलिखित में 'तत्सम' शब्द है-
(a) कान (b) जीभ
(c) मुख (d) दाँत
उत्तर (c) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2010

40. निम्नलिखित में से कौन शब्द तद्भव है-
(a) मधुप (b) मधुकर
(c) भ्रमर (d) भँवरा
उत्तर (d) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2010

41. 'सिंगार' शब्द का तत्सम है-
(a) श्रृंगार (b) श्रंगार
(c) शृंगार (d) शिंगार
उत्तर (c) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2010

42. 'हल्दी' शब्द का तत्सम है-
(a) हरदी (b) हरिद्रा
(c) हल्दिका (d) हरद्रिका
उत्तर (b) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2010

43. 'गेहूँ' शब्द का तत्सम है-
(a) गोधूम (b) गोहूँ
(c) गोहुन (d) गोधुम
उत्तर (a) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2010

44. 'खँडहर' का तत्सम शब्द है-
(a) खण्डहर (b) खंडघर
(c) खण्डगृह (d) खडहर
उत्तर (c) : R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2010

45. 'देवर' का तत्सम शब्द है-
(a) देववर (b) द्विवर
(c) दुर्वर (d) द्वितीयवर
उत्तर (b) : R.O./A.R.O. (M. Spl.) Exam. - 2010

46. 'मक्खन' का तत्सम शब्द है
(a) माखन (b) माक्षण
(c) मषक्ष (d) म्रक्षण
उत्तर (d) : R.O./A.R.O. (M. Spl.) Exam. - 2010

47. निम्नलिखित में तत्सम शब्द है :
(a) करोड़ (b) तेल
(c) पीपल (d) दिन
उत्तर (d) : R.O./A.R.O. (M. Spl.) Exam. - 2010

48. निम्नलिखित शब्दों में से एक तत्सम शब्द क्या है :
(a) तुरत (b) आज
(c) धीरज (d) खर्पर
उत्तर (d) : R.O./A.R.O. (M. Spl.) Exam. - 2010

49. नीचे दिये 'तत्सम-तद्भव' शब्दों के युग्म में कौन सा युग्म त्रुटिपूर्ण है?
(a) क्षीर-खीर (b) दहि-दही
(c) दुग्ध-दूध (d) धृत-घी
उत्तर (b) : R.O./A.R.O. (M. Spl.) Exam. - 2010

50. नीचे दिये तत्सम-तद्भव शब्द युग्म में से कौन युग्म त्रुटिपूर्ण है?
(a) वचन-वैन (b) कपाट-कपड़ा
(c) पुराण-पुराना (d) गम्भीर-गहरा
उत्तर (b) : R.O./A.R.O.(Pre Spl.) Exam. - 2010

51. 'देवर' का तत्सम रूप है
(a) द्विवर (b) द्वितीयवर
(c) दूभर (d) दुर्वह
उत्तर (a) : R.O./A.R.O.(Pre Spl.) Exam. - 2010

52. इनमें से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?
(a) अग्नि (b) घोटक
(c) घट (d) मोती
उत्तर (d) : R.O./A.R.O.(Pre Spl.) Exam. - 2010

53. 'पलँग' शब्द का तत्सम रूप है
(a) पलंगा (b) प्लवंग
(c) पर्यंक (d) पटल
उत्तर (c) : R.O./A.R.O.(Pre Spl.) Exam. - 2010

54. इनमें से एक शब्द तद्भव है:
(a) दिन (b) अंधकार
(c) स्कन्ध (d) कपास
उत्तर (d) : R.O./A.R.O.(Pre Spl.) Exam. - 2010

55. 'अखरोट' शब्द का तत्सम रूप है
(a) अक्षवाट (b) अक्षोट
(c) अक्षरोट (d) अषरोट
उत्तर (b) : R.O./A.R.O.(Pre Spl.) Exam. - 2010

56. 'अकार्य' शब्द का तद्भव रूप है
(a) अकाम (b) अकाज
(c) अकारथ (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (b) : R.O./A.R.O.(Pre Spl.) Exam. - 2010

57. 'टकसाल' का तत्सम रूप है
(a) टंकशाला (b) टंकशाल
(c) टकशाल (d) टकशाला
उत्तर (b) : R.O./A.R.O. (Pre Spl.) Exam. - 2010

58. इनमें से तत्सम शब्द है:
(a) भैंस (b) बारह
(c) सच (d) पद
उत्तर (d) : R.O./A.R.O. (Pre Spl.) Exam. - 2010

www.awillguru.com

59. 'गोबर' का तत्सम रूप है
(a) गुर्बर (b) गोमय
(c) गइ्वर (d) गुब्बार
उत्तर (b) : R.O./A.R.O. (Pre Spl.) Exam. - 2010

60. निम्नलिखित तत्सम-तद्भव शब्दों के युग्म में से कौन युग्म त्रुटिपूर्ण है ?
(a) घृत- घी (b) उष्ट्र- ऊँट
(c) त्वरित - तुरत (d) तिक्त - तीता
उत्तर (b) : R.O./A.R.O. (M. Spl.) Exam. - 2010

61. निम्नलिखित तत्सम-तद्भव शब्दों के युग्म में से त्रुटिपूर्ण है :
(a) गोमय- गोबर (b) क्षीर - खीर
(c) पर्यंक- पटरी (d) सपत्नी - सौत
उत्तर (c) : R.O./A.R.O. (M. Spl.) Exam. - 2010

62. 'पर्ण' का तद्भव शब्द है
(a) पत्र (b) पण
(c) पन्ना (d) पत्रा
उत्तर (a) : R.O./A.R.O. (M. Spl.) Exam. - 2010

63. 'अंगीठी' का तत्सम है
(a) अग्निका (b) अंनिष्ठिका
(c) अग्निष्ठिका (d) अग्निष्ठिकी
उत्तर (c) : R.O./A.R.O. (M. Spl.) Exam. - 2010

64. निम्नलिखित में से कौन तद्भव शब्द है ?
(a) दिनकर (b) दिवाकर
(c) प्रभाकर (d) सूरज
उत्तर (d) : R.O./A.R.O. (M. Spl.) Exam. - 2010

65. इनमें से तद्भव है :
(a) वानर (b) बन्दर
(c) पवन (d) पर्यंक
उत्तर (b) : R.O./A.R.O. (M. Spl.) Exam. - 2010

66. 'खाट' का तत्सम रूप है
(a) खट्वा (b) खाट्वा
(c) खाटव (d) खटिया
उत्तर : (a) U.P. N.T. Exam. - 2006

67. 'पनही' शब्द का तत्सम रूप है
(a) तांबूल (b) पर्ण
(c) पर्णहि (d) उपानह
उत्तर : (d) U.P. N.T. Exam. - 2006

68. 'पोखर' का तत्सम रूप है
(a) पुष्कर (b) प्रखर
(c) पोषक (d) प्रकर
उत्तर : (a) U.P. N.T. Exam. - 2006

69. 'दाहिना' का तत्सम रूप है
(a) दाक्षिण्य (b) दक्षिण
(c) दाहिणा (d) दायाँ
उत्तर : (b) U.P. N.T. Exam. - 2006

70. 'सुई' का तत्सम रूप है
(a) सूजी (b) सूई
(c) सूची (d) शूचक
उत्तर : (c) U.P. N.T. Exam. - 2006

71. 'हस्त' का तद्भव है
(a) हाथ (b) हाथी
(c) हस्तिनी (d) हथियार
उत्तर : (a) U.P. N.T. Exam. - 2006

72. 'तत्सम' से 'तद्भव' बने सही शब्द-युग्म को खोजिए।
(a) घट - घड़ा (b) राख - रक्षा
(c) धन्या - धनिया (d) वटी - बड़ी
उत्तर : (a) U.P. N.T. Exam. - 2006

73. निम्नलिखित में यह तद्भव शब्द है :
(a) चाम (b) धर्म
(c) पर्ण (d) विष्णु
उत्तर : (a) U.P. N.T. Exam. - 2006

74. निम्नलिखित शब्दों में यह तद्भव शब्द है :
(a) विहग (b) खग
(c) पक्षी (d) पंछी
उत्तर : (d) U.P. N.T. Exam. - 2006

75. 'ससुर' शब्द का तत्सम रूप होगा :
(a) सस्वर (b) स्वश्रु
(c) श्वसुर (d) सुसुर
उत्तर (c) : U.P. S.D.I. Exam. - 2008

76. 'पलंग' का तत्सम रूप है :
(a) प्लवंग (b) परमंग
(c) प्लंग (d) पर्यंक
उत्तर (d) : U.P. S.D.I. Exam. - 2008

77. 'ओठ' किस श्रेणी का शब्द है :
(a) तद्भव (b) तत्सम
(c) देशज (d) विदेशी
उत्तर (a) : U.P. S.D.I. Exam. - 2008

78. इनमें से तत्सम शब्द का चयन कीजिए :
(a) कान (b) दिन
(c) बहार (d) जमुना
उत्तर (b) : U.P. S.D.I. Exam. - 2008

www.awillguru.com

79. 'ईख' तद्भव शब्द का तत्सम रूप कौन-सी है?
(a) गन्ना (b) ईक्ख
(c) इक्षु (d) इक्क्षु
उत्तर (c) : U.P. S.D.I. Exam. - 2008

80. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द 'अटारी' का तत्सम रूप होगा-
(a) अटारिक (b) अटालिका
(c) अटाल्लिका (d) अट्टालिका
उत्तर (d) : U.P. S.D.I. Exam. - 2008

81. निम्नलिखित विकल्पों में से तद्भव शब्द का चयन कीजिए।
(a) वानर (b) बन्दर
(c) भ्रमर (d) पवन
उत्तर (b) : U.P. S.D.I. Exam. - 2008

82. 'तद्भव' से 'तत्सम' बने सही शब्द-युग्म को चिह्नित कीजिए-
(a) हता > हाथ (b) रत्ता > रात
(c) पत्ता > पत्र (d) नच्चा >नाँच
उत्तर (c) : U.P. S.D.I. Exam. - 2008

83. 'कपड़ा' शब्द किस श्रेणी का शब्द है :
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) विदेशी
उत्तर (b) : U.P. S.D.I. Exam. - 2008

84. 'उबटन' शब्द का तत्सम रूप है -
(a) उर्द्धतन (b) उपलेपन
(c) उपःलेपन (d) उद्वर्तन
उत्तर (d) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2000

85 निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है -
(a) ओझा - उपाध्याय
(b) कपास - कर्पट
(c) केला - कदली
(d) पसीना - प्रस्विन्न
उत्तर (b) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2000

86. 'गड़बड़ घोटाला' कौन-सा शब्द है ?
(a) तद्भव (b) देशज
(c) तत्सम (d) संकर
उत्तर (b) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2003

87. कौन-सा शब्द देशज नहीं है ?
(a) कंचन (b) कचोट
(c) कंजर (d) करवट
उत्तर (a) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

88. निम्नलिखित शब्दों में कौन देशज है -
(a) सुन्दर (b) अंगूठा
(c) फटाफट (d) सायकिल
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

89. 'मुकुट' शब्द निम्नलिखित में से किस कोटि का है ?
(a) तत्सम (b) देशज
(c) तद्भव (d) संकर
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

90. 'कन्धा' का तत्सम है-
(a) इस्कन्ध (b) स्कन्ध
(c) कक्षु (d) कन्धु
उत्तर (b) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2010

91. निम्नलिखित में तत्सम शब्द है-
(a) मेघ (b) ठेस
(c) भौंरा (d) जेठ
उत्तर (a) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2010

92. निम्नलिखित शब्दों में से कौन तत्सम है?
(a) भौजी (b) भौजाई
(c) भ्रातृजाया (d) जोरू
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2013

93. निम्नलिखित शब्दों में कौन सा तत्सम है?
(a) मूँछ (b) ठाकुर
(c) क्षत्री (d) क्षत्रिय
उत्तर (d) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2013

94. इनमें से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?
(a) क्षीर (b) मयूर
(c) सफेद (d) शीर्ष
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2013

95. निम्नलिखित शब्दों में से कौन तत्सम है?
(a) कुक्कुर (b) कुत्ता
(c) पिल्ला (d) कुकूर
उत्तर (a : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2013

96. निम्नलिखित शब्दों में से कौन तत्सम है?
(a) सिंगार (b) श्रृंगार
(c) शृंगार (d) पटार
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2013

97. 'घोटक' का तद्भव रूप क्या है?
(a) हय (b) अश्व
(c) घोड़ा (d) तुरंग
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2013

www.awillguru.com

98. 'बाल्टी' कैसा शब्द है ?

(a) तत्सम (b) तद्भव

(c) देशज (d) विदेशज

उत्तर (d) U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

99. निम्नलिखित में कौन 'तत्सम' शब्दों की जोड़ी हैं?

(a) कर्म-विद्या (b) दधि - भात

(c) मत्स्य-मृग (d) ज्ञान-क्षेत्र

उत्तर (b) : U.P.P.C..S (Pre) Exam-2015

90. 'कर्पट' का तद्भव रूप कौन सा है?

(a) कपट (b) कारपेट

(c) कपूर (d) कपड़ा

उत्तर (d) : U.P.P.C.S. (Pre) Exam-2015

91. कौन शब्द तद्भव है-

(a) रूक्ष (b) वृक्ष

(c) पल्लव (d) खजूर

उत्तर (d) : R.T.E.T.-2011, IInd Paper

92. 'धरित्री' का तद्भव रूप है-

(a) धारिती (b) धरती

(c) धरिता (d) धरितरी

उत्तर (b) : R.T.E.T.-2011, IInd Paper

93. 'श्मश्रु' शब्द का तद्भव रूप होगा-

(a) पूँछ (b) अश्रु

(c) आँसु (d) ससुर

उत्तर (a) : R.T.E.T.-2011, IInd Paper

94. निम्नलिखित शब्दों में दिए गए विकल्पों में तत्सम शब्द का चयन कीजिए-

(a) कलश (b) कलस

(c) कल्स (d) कल्श

उत्तर (a) : H.T.E.T.-2011, IInd Paper

95. 'मोर' का तत्सम शब्द होगा-

(a) मऊर (b) मयूर

(c) मोयूर (d) मउर

उत्तर (b) : H.T.E.T.-2011, IInd Paper

96. निम्नलिखित विकल्पों में 'तत्सम' शब्द है-

(a) नारियल (b) उपरोक्त

(c) तुरन्त (d) आलस्य

उत्तर (d) : U.P.T.E.T.-2013, Ist Paper

97. निम्नलिखित विकल्पों में से 'तद्भव' शब्द है-

(a) अगम (b) आश्रय

(c) अवगुण (d) स्नेह

उत्तर (a) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

98. निम्नलिखित में 'तत्सम' शब्द है-

(a) जलद (b) बादल

(c) हवा (d) पानी

उत्तर (a) : U.P.T.E.T.-2013, IInd Paper

99. निम्नलिखित शब्दों में कौन-सा शब्द 'तत्सम' नहीं है?

(a) आकाश (b) मेघ

(c) पवन (d) सियार

उत्तर (a) : U.P.T.E.T.-2013, IInd Paper

100. निम्न में से तत्सम शब्द है-

(a) अटारी (b) अहीर

(c) आँख (d) अखिल

उत्तर (b) : H.T.E.T.-2013, IInd Paper

101. संस्कृत के ऐसे शब्द जिसे हम ज्यों का त्यों प्रयोग में लाते हैं, कहलाते हैं-

(a) तत्सम (b) तद्भव

(c) देशज (d) विदेशज

उत्तर-(a) B.Ed. Exam. - 2005

102. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द 'देशज' है?

(a) अग्नि (b) प्रार्थना

(c) क्षेत्र (d) लोटा

उत्तर-(d) B.Ed. Exam. - 2000

103. कौन-सा शब्द 'देशज' नहीं है?

(a) ढिबरी (b) पगड़ी

(c) ढोर (d) पुष्कर

उत्तर-(d) B.Ed. Exam. - 2005

104. जिन शब्दों की उत्पत्ति का पता नहीं चलता, उन्हें कहा जाता है-

(a) तत्सम (b) तद्भव

(c) देशज (d) संकर

उत्तर-(c) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2006

105. 'वकील' किस भाषा का शब्द है?

(a) फारसी (b) अरबी

(c) तुर्की (d) पुर्तगाली

उत्तर-(b) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2006

106. 'चाय' किस भाषा का शब्द है?

(a) चीनी (b) जापानी

(d) अंग्रेजी (d) फ्रेंच

उत्तर-(a) B.Ed. Exam. - 2001

107. 'स्टेशन' किस भाषा का शब्द है?

(a) फ्रेंच (b) अंग्रेजी

(c) डच (d) चीनी

उत्तर-(b) B.Ed. Exam. - 2001

www.awillguru.com

108. 'संकर' शब्द का अर्थ है-
(a) तत्सम शब्द (b) तद्भव शब्द
(c) विदेशी शब्द
(d) दो भाषाओं के शब्दों से मिलकर बना शब्द
उत्तर-(d) B.Ed. Exam. - 2003

109. रेलगाड़ी शब्द है-
(a) तत्सम (b) देशज
(c) विदेशज (d) संकर
उत्तर-(d) B.Ed. Exam. - 2004

110. तद्भव 'चबूतरा' का तत्सम शब्द है-
(a) चर्वतर (b) चर्वुतरा
(c) चार्वूतरा (d) चत्वाल
उत्तर-(d) U.P. R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2016

111. निम्नलिखित में से एक तद्भव शब्द है-
(a) पूंजी (b) नयन
(c) मूर्ख (d) शकुन
उत्तर-(a) U.P. R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2016

112. 'बेंत' का तत्सम रूप है-
(a) वेन्त (b) वेत्र
(c) वेन्त्र (d) वेंतृ
उत्तर-(b) U.P. R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2016

113. 'चना' का तत्सम रूप है-
(a) चणक (b) चणा
(c) चाणक (d) चणाक
उत्तर-(a) U.P. R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2016

114. 'ऊन' का तत्सम रूप है-
(a) ऊन्य (b) ऊर्ण्य
(c) ऊरण (d) ऊर्ण
उत्तर-(d) U.P. R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2016

115. 'थाली' का तत्सम रूप है-
(a) स्थाली (b) थालिका
(c) थ्याली (d) थालि
उत्तर-(a) U.P. R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2016

116. 'जामुन' का तत्सम रूप है-
(a) यामुन (b) यामुण
(c) जंबु (d) जांबूण
उत्तर-(d) U.P. R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2016

117. एक तत्सम शब्द है-
(a) अनहित (b) विनती
(c) डाकिनी (d) अटारी
उत्तर-(c) U.P. R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2016

118. एक तद्भव शब्द है-
(a) पंजर (b) पंचाली
(c) पंडित (d) पंजीरी
उत्तर-(d) U.P. R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2016

119. एक तद्भव शब्द है-
(a) अटल (b) आतुर
(c) अतिथि (d) अजिर
उत्तर-(a) U.P. R.O./A.R.O. (Pre) Exam. - 2016

120. 'चौकी' का तत्सम शब्द है -
(a) चौपाया (b) चतुष्पद
(c) चतुष्पादिका (d) चतुष्कोण
उत्तर-(c) U.P. S.S.S.C U.D.A./L.D.A. Exam.-2015

121. 'कपूर' शब्द है-
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) विदेशज
उत्तर-(b) U.P..T.E.T.-2015 IInd Paper

122. 'तिलक' किस प्रकार का शब्द है?
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) संकर
उत्तर-(a) U.P.S.S.S.C. Lower-2 Exam.-2015

123. निम्न में से तत्सम शब्द है-
(a) अटारी (b) आभीर
(c) आँख (d) अमोल
उत्तर-(b) H.T.E.T.-2013, IInd Paper

124. संस्कृत के ऐसे शब्द जिसे हम ज्यों का त्यों प्रयोग में लाते हैं, कहलाते हैं-
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) विदेशज
उत्तर-(a) U.P.B.Ed. Exam. - 2005

125. 'लवण' का तद्भव क्या होगा?
(a) लूँण (b) लेपन
(c) लवंग (d) क्षार
उत्तर-(a) U.P. S.S.S.C Exam. - 2015

126. 'अज्ञान' का तद्भव शब्द चुनिए।
(a) अंजान (b) अजान
(c) अजाँना (d) अजाना
उत्तर-(b) U.P. S.S.S.C Exam. - 2015

127. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?
(a) अग्र (b) आग
(c) आज (d) आँख
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. राजस्व लेखपाल (प्रथम पाली) परीक्षा-2015

www.awillguru.com

128. निम्नलिखित में से कौन-सा तद्भव शब्द है?
(a) अमिय (b) उलूक
(c) इष्टिका (d) कुपुत्र
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. राजस्व लेखपाल (प्रथम पाली) परीक्षा-2015

129. निम्नलिखित शब्दों में से तद्भव शब्द का चयन कीजिए।
(a) प्यास (b) प्रांगण
(c) उद्वेग (d) आश्रम
उत्तर (a) : U.P. S.S.S.C. राजस्व लेखपाल (द्वितीय पाली) परीक्षा-2015

130. निम्नलिखित विकल्पों में से तत्सम शब्द का चयन कीजिए-
(a) तीखा (b) अटारी
(c) निकृष्ट (d) गहरा
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. राजस्व लेखपाल (द्वितीय पाली) परीक्षा-2015

131. 'तत्सम' शब्द कौन-सा है?
(a) सूरज (b) स्वर्ण
(c) कुआँ (d) कपूत
उत्तर (b) : U.P. S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकर व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन), परीक्षा-2016

132. 'काजू' शब्द का सम्बन्ध किस भाषा से है?
(a) जापानी भाषा (b) चीनी भाषा
(c) फ्रांसीसी भाषा (d) पुर्तगाली भाषा
उत्तर (d) : U.P. S.S.S.C. अमीन परीक्षा-2016

133. जिन शब्दों की उत्पत्ति का पता नहीं चलता है, उन्हें कहा जाता है-
(a) विदेशज (b) देशज
(c) तत्सम (d) तद्भव
उत्तर (b) : U.P. S.S.S.C. अमीन परीक्षा- 2016

134. कौन-सा शब्द तुर्की भाषा का नहीं है?
(a) पैगम्बर (b) बेगम
(c) चेचक (d) बारूद
उत्तर (a) : U.P. S.S.S.C. लोअर-III परीक्षा-2016

135. 'उन्मेख' किस प्रकार का शब्द है?
(a) आगत (b) तद्भव
(c) तत्सम (d) देशज
उत्तर (b) : U.P. S.S.S.C. कनिष्ठ सहायक परीक्षा- 2016

136 निम्नलिखित में संकर शब्द कौन-सा है?
(a) आतिशबाजी (b) लफंगा
(c) नारिकेल (d) चुगलखोर
उत्तर (d) : U.P. S.S.S.C. चकबन्दी (सामान्य चयन), परीक्षा-2016

137. 'कपाट' का तद्भव शब्द है-
(a) कपड़ा (b) किवाड़
(c) काँटा (d) कमर
उत्तर (b) : U.P. S.S.S.C. आबकारी सिपाही (पाली-2) परीक्षा-2016

138. निम्नलिखित में तद्भव शब्द का चयन कीजिए-
(a) हस्त (b) हस्ती
(c) हींग (d) हीरक
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. आबकारी सिपाही (पाली-1) परीक्षा-2016

139. 'मक्षिका' किसका तत्सम शब्द है?
(a) मछली (b) मक्खी
(c) मच्छर (d) मिट्टी
उत्तर (b) : U.P. S.S.S.C. आबकारी सिपाही (पाली-1) परीक्षा-2016

140. 'अहेर' शब्द का तत्सम रूप-
(a) अरहर (b) अहीर
(c) आषाढ़ (d) आखेट
उत्तर (d) : U.P. S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकर व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा- 2015

141. निम्न में से कौन सा 'काटना' का तत्सम हैं?
(a) कटन (b) कटित
(c) कर्तन (d) कद्धित
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकर व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा 2015

142. निम्नलिखित शब्दों में कौन अनुकरणात्मक शब्द है?
(a) बंधन (b) चन्द्रमा
(c) रणक्षेत्र (d) खड़खड़
उत्तर (d) : U.P. S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकर व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा- 2016

143. चूरन किस प्रकार का शब्द है
(a) तत्सम (b) अर्द्धतत्सम
(c) देशज (d) तद्भव
उत्तर (b) : U.P. S.S.S.C. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा-2016

144. 'तिलक' किस प्रकार का शब्द है?
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) संकर
उत्तर (a) : U.P. S.S.S.C. सम्मिलित अवर अधी. सेवा-2 परीक्षा-2015

145. खिड़की किस प्रकार का शब्द है?
(a) तद्भव (b) विदेशज
(c) देशज (d) वर्णसंकर
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. सम्मिलित अवर अधी. सेवा-1 परीक्षा- 2016

146. 'कपूर' शब्द है-
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) विदेशज
उत्तर (b) : U.P. TET, Exam. 2015

www.awillguru.com

147. 'परीक्षा' शब्द निम्नलिखित वर्गों में से किस वर्ग में आता है?
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) विदेशज
उत्तर (a) : U.P. B.Ed., Exam. 1998

148. 'मजिस्ट्रेट' शब्द है-
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) विदेशज
उत्तर (d) : U.P. B.Ed., Exam. 1998, रेलवे- 1999

149. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द 'देशज' है?
(a) अग्नि (b) प्रार्थना
(c) खेत (d) लोटा
उत्तर (d) : U.P. B.Ed., Exam. 1998

150. कौन-सा शब्द 'देशज' नहीं है?
(a) ढिबरी (b) पगड़ी
(c) ढोर (d) पुष्कर
उत्तर (d) : U.P. B.Ed., Exam. 2005

151. 'विभावरी' किस प्रकार का शब्द है?
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) संकर
उत्तर (a) : U.P. Sub Inspector, Exam. 2002

152. नीचे दिए गए विकल्पों में से तद्भव शब्द का चयन कीजिए-
(a) बैंक (b) मुँह
(c) मर्म (d) प्रलाप
उत्तर (b) : Railway Exam. 1998

153. जिन शब्दों की उत्पत्ति का पता नहीं चलता, उन्हें कहा जाता है-
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) संकर
उत्तर (c) : U.P. प्रवक्ता Exam. 2006

154. 'वकील' किस भाषा का शब्द है?
(a) फारसी (b) अरबी
(c) तुर्की (d) पुर्तगाली
उत्तर-(a) U.P. प्रवक्ता Exam. 2006

155. 'वानर' का तद्भव रूप है-
(a) वानर (b) बन्दर
(c) बाँदर (d) बान्दर
उत्तर-(b) मध्यप्रदेश प्री.बी.एड. परीक्षा, 2007

156. 'दर्शन' का तद्भव रूप है-
(a) दर्सन (b) दरसन
(c) दर्स (d) दर्स्न
उत्तर-(b) मध्यप्रदेश प्री.बी.एड. परीक्षा, 2007

157. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द तत्सम है?
(a) उद्गम (b) खेत
(c) कोर्ट (d) अजीब
उत्तर-(b) बिहार पुलिस सब-इंस्पेक्टर परीक्षा, 2008

158. 'अपील' शब्द है-
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) विदेशज
उत्तर-(d) बिहार पुलिस सब-इंस्पेक्टर परीक्षा, 2008

159. 'मगही' शब्द है-
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) विदेशज
उत्तर-(b) बिहार पुलिस सब-इंस्पेक्टर परीक्षा, 2008

160. 'संधि' शब्द है-
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) विदेशज
उत्तर-(a) बिहार पुलिस सब-इंस्पेक्टर परीक्षा, 2008

161. 'लोटा' शब्द है-
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) विदेशज
उत्तर-(c) बिहार पुलिस सब-इंस्पेक्टर परीक्षा, 2008

162. निम्न में से एक तत्सम शब्द छाँटकर बताइए-
(a) अनजान (b) सच
(c) पत्ता (d) घोटक
उत्तर-(d) उत्तराखण्ड पुलिस सब-इंस्पेक्टर परीक्षा, 2008

163. निम्न में से कौन-सा शब्द तुर्की भाषा का है?
(a) चाय (b) रिक्शा
(c) कमरा (d) कैंची
उत्तर-(d) उत्तराखण्ड पुलिस सब-इंस्पेक्टर परीक्षा, 2008

164. निम्नलिखित में तत्सम शब्द का चयन कीजिए-
(a) बारात (b) वर्षा
(c) हाथी (d) आँसू
उत्तर-(b) आर.आर.बी. इलाहाबाद एकाउन्टेट असिस्टेंट, परीक्षा, 2010

165. निम्न शब्दों में से देशज भाषा का चयन करें-
(a) प्रताप (b) विभाजन
(c) खिड़की (d) प्रतिकूल
उत्तर-(c)

166. निम्न शब्दों में से देशज भाषा का चयन करें-
(a) पशु (b) पुस्तक
(c) पैतृक (d) जूता
उत्तर-(d)

www.awillguru.com

167. निम्न शब्दों में से देशज भाषा का चयन करें-

(a) प्रकृति (b) डोंगा
(c) मुखर (d) मेधावी

उत्तर-(b)

168. निम्न शब्दों में से देशज भाषा का चयन करें-

(a) पूर्व (b) पलायन
(c) फुनगी (d) पिपासा

उत्तर-(c)

169. निम्न शब्दों में से देशज भाषा का चयन करें-

(a) परस्पर (b) पाठ
(c) भोजन (d) लोटा

उत्तर-(d)

170. निम्न शब्दों में से देशज भाषा का चयन करें-

(a) ठुमरी (b) नीरोग
(c) मृत्यु (d) मर्म

उत्तर-(a)

171. निम्न शब्दों में से देशज भाषा का चयन करें-

(a) प्रतिष्ठित (b) भजन
(c) पेय (d) पाठक

उत्तर-(b)

172. निम्न शब्दों में से देशज भाषा का चयन करें-

(a) कल्पना (b) ढिबरी
(c) जागरण (d) पुष्कर

उत्तर-(b)

173. निम्न शब्दों में से विदेशज भाषा का चयन करें-

(a) नशा (b) कृपा
(c) धातु (d) देवता

उत्तर-(a)

174. निम्न शब्दों में से विदेशज भाषा का चयन करें-

(a) दर्शन (d) गरम
(c) खेद (d) चाय

उत्तर-(d)

175. निम्न शब्दों में से विदेशज भाषा का चयन करें-

(a) ज़हर (b) जीर्ण
(c) वृद्ध (d) दाता

उत्तर-(a)

176. निम्न शब्दों में से विदेशज भाषा का चयन करें-

(a) मंद (b) पूज्य
(c) परवाह (d) कनिष्ठ

उत्तर-(c)

177. निम्न शब्दों में से विदेशज भाषा का चयन करें-

(a) ईमान (b) युद्ध
(c) मन्त्रणा (d) परिणाम

उत्तर-(a)

P. Kumar's

–0–

www.awillguru.com

परिभाषा

"शुद्ध भाषा के लिए, शुद्ध दर्शन और शुद्ध श्रवण होगा तो शुद्ध उच्चारण और शुद्ध लेखन अपने आप आने लगेगा।"

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित विविध परीक्षाओं में पूछे गये वर्तनी से सम्बन्धित प्रश्नोत्तर

अशुद्ध	शुद्ध
राजस्व निरीक्षक - 2014	
कवियित्री	कवयित्री
वीदुषी	विदुषी
R.O./A.R.O. (Main)- 2014	
क्लेष	क्लेश
श्रंगार	शृंगार
उज्जवल	उज्ज्वल
हिरण्यकश्यपु	हिरण्यकशिपु
कवित्री	कवयित्री
R.O./A.R.O. (Main)- 2013	
अनुषांगिक	आनुषंगिक
परिच्छा	परीक्षा
अनुग्रहीत	अनुगृहीत
नर्क	नरक
टिप्पड़ी	टिप्पणी
R.O./A.R.O. (Pre) - 2013	
विरहणी	विरहिणी
प्रजवलित	प्रज्वलित
उज्जवल	उज्ज्वल
समुज्जवल	समुज्ज्वल
परलौकिक	पारलौकिक
निष्चेष्ट	निश्चेष्ट
दुर्द्धर्ष	दुर्धर्ष
आर्शीवाद	आशीर्वाद
घोबिनी	धोबिन
भगीरथी	भागीरथी
R.O./A.R.O. (Pre) - 2010	
भुखखड़	भुक्खड़
छिद्रान्वेषी	छिद्रान्वेशी
कवियित्री	कवयित्री

अशुद्ध	शुद्ध
सुशुषा	शुश्रूषा
इर्षा	ईर्ष्या
उज्वल	उज्ज्वल
दुर्वीवार	दुर्निवार
R.O./A.R.O.(Main) - 2010	
द्वारिका	द्वारका
पूज्यानीया	पूजनीय
अन्तर्ध्यान	अन्तर्धान
अहिल्या	अहल्या
R.O./A.R.O. Spl. (Pre) - 2010	
वांगमय	वाङ्मय
अन्तर्ध्यान	अन्तर्धान
षष्ठम	षष्ठ
अनुषंगिक	आनुषंगिक
राहुल	राहुल
सांस्कृत्यायन	सांकृत्यायन
जागृत	जाग्रत
ज्योत्सना	ज्योत्स्ना
हिरण्यकश्यप	हिरण्यकशिपु
R.O./A.R.O.(Main) - 2010	
वंदना	वन्दना
UPPCS.(Main)- 2006	
गरीष्ट	गरिष्ठ
अंजली	अंजलि
मैथलीशरण	मैथिलीशरण
अनिधिकृत	अनधिकृत
UPPCS.(Main)- 2007	
श्रीमति	श्रीमती
कालीदास	कालिदास

अशुद्ध	शुद्ध
अक्षुण्य	अक्षुण्ण
पोरूष	पौरुष
U.P.P.C.S. (Main) - 2010	
अनधीकार	अनधिकार
अधिन	अधीन
चर्मोत्तकर्ष	चरमोत्कर्ष
UPPCS.(Main)- 2013	
अन्ताक्षरी	अन्त्याक्षरी
कवियित्री	कवयित्री
पूज्यनीय	पूजनीय
तदोपरांत	तदुपरांत
B.P.S.C. - 2002	
स्थाई	स्थायी
जल्दि	जल्दी
प्राकथन	प्राक्कथन
छेत्र	क्षेत्र
रसायनिक	रासायनिक
प्रतीवादि	प्रतिवादी
द्वन्द	द्वन्द्व
उतसव	उत्सव
निर्देशन	निदर्शन
U.P. T.G.T. (Hindi)-2001	
परलौकिक	पारलौकिक
द्रष्टय	दृष्टव्य
U.P. T.G.T. (Hindi)-2003	
शरचंद्र	शरच्चंद्र
जीजीवीषा	जिजीविषा
U.P.T.G.T.(Hindi)-Re. 2004	
पूज्यनिय	पूजनीय
उज्जल	उज्ज्वल
परिपार्श्विक	परिपार्श्वीय
ज्योत्यसना	ज्योत्स्ना
सयांस	संन्यास
U.P.T.G.T.(Hindi)-2005	
कवियित्री	कवयित्री
U.P.T.G.T.(Hindi)-2009	
कवियित्री	कवयित्री

अशुद्ध	शुद्ध
U.P.T.G.T.(Hindi)-2010	
हस्ताक्षेप	हस्तक्षेप
कुमुदनी	कुमुदिनी
U.P. P.G.T. (Hindi)-2002	
यानी	यानि
वाल्मीकी	वाल्मीकि
उज्जवल	उज्ज्वल
द्वन्द	द्वन्द्व
जीजीविषा	जिजीविषा
अपरर्युक्त	उपर्युक्त
U.P. P.G.T. (Hindi)-2005	
अधिशाषी	अधिशासी
अनभीज्ञ	अनभिज्ञ
ज्योतसना	ज्योत्स्ना
सयासी	संन्यासी
U.P. P.G.T. (Hindi)-2009	
हतोत्साह	हतोत्साहित
मानविकरण	मानवीकरण
U.P. P.G.T. (Hindi)-2010	
उच्छृख्ल	उच्छृंखल
ज्योत्सना	ज्योत्स्ना
सदृश	सदृश्य
अनुषंगिक	आनुषंगिक
U.P. P.G.T. (Hindi)-2013	
अनुग्रहीत	अनुगृहीत
उपलिखित	उपरिलिखित
छतीस	छत्तीस
श्रृंगार	शृंगार
S.S.C. Translater-1999	
मन्तिमण्डल	मन्त्रिमण्डल
अनिभिग्य	अनभिज्ञ
स्वातन्त्रय	स्वातन्त्र्य
पुनरुत्थन	पुनरुत्थान
अर्न्तस्तलीय	अन्तस्तलीय
प्रतीद्वन्दीता	प्रतिद्वन्द्विता
उत्ग्रीव	उद्ग्रीव
युधिस्टिर	युधिष्ठिर
उच्शृंखलता	उच्छृंखलता

www.awillguru.com

अशुद्ध	शुद्ध
सन्नध	सन्नद्ध
आयुर्वैदिक	आयुर्वेदिक
निमितिक	नैमित्तिक
आप्रत्याशीत	अप्रत्याशित
स्त्रोत	स्रोत
दमपति	दम्पती

S.S.C. Translater-2000

अशुद्ध	शुद्ध
संवत	संवत्
अत्यध्कि	अत्यधिक
चिकीत्सक	चिकित्सक
संश्लिश्ट	संश्लिष्ट
अजस्सर	अजस्र
माहातम्य	महात्म्य
आरोज्ञ	आरोग्य
सुश्रूषा	शुश्रूषा

S.S.C. Translater-2005

अशुद्ध	शुद्ध
प्रकारान्त	प्राकारान्तर
समान्य	सामान्य
उपचारिकता	औपचारिकता
अध्यन	अध्ययन
अग्रगम्य	अग्रगण्य
व्यक्तिक	वैयक्तिक

Stenographer Exam.-1996

अशुद्ध	शुद्ध
स्वाती	स्वाति
अन्यन्याश्रित	अन्योन्याश्रित
सहस्त्र	सहस्र
रचयीता	रचयिता

Stenographer Exam.-2001

अशुद्ध	शुद्ध
मृत्युजन्तय	मृत्युंजय
त्रिदोश	त्रिदोष
अपरान्ह	अपराह्न
परामुखपेशी	परमुखापेक्षी

Assistant Grade-1997

अशुद्ध	शुद्ध
उतप्रेक्षा	उत्प्रेक्षा
दोरबलय	दौर्बल्य
संगीतग्य	संगीतज्ञ
वज़िफा	वज़ीफ़ा
सदंर्भ	सन्दर्भ

Railway-1997

अशुद्ध	शुद्ध
अनवेषण	अन्वेषण
जानहवीं	जाह्नवी
अधोपतन	अध:पतन

Railway-1998

अशुद्ध	शुद्ध
प्रार्दुभाव	प्रादुर्भाव
उत्वंग	उत्तुंग

अशुद्ध	शुद्ध
अनुशंधान	अनुसंधान
अधिवेषन	अधिवेशन

Railway-2000

अशुद्ध	शुद्ध
तहशीलदारी	तहसीलदारी
अपकर्ति	अपकीर्ति
तरुन	तरुण
वर्तन	बरतन
प्रतिष्टा	प्रतिष्ठा

Railway-2001

अशुद्ध	शुद्ध
सताब्दी	शताब्दी
गियान	ज्ञान

Railway-2005

अशुद्ध	शुद्ध
शारीरीक	शारीरिक

UP-BEd.-1998

अशुद्ध	शुद्ध
शृष्टि	सृष्टि
उनति	उन्नति
तरुन	तरुण

UP-BEd.-1999

अशुद्ध	शुद्ध
क्रपा	कृपा
संयासी	संन्यासी
सामाजीक	सामाजिक

UP-BEd.-2000

अशुद्ध	शुद्ध
कुमुदनी	कुमुदिनी
वर्तन	बरतन

UP-BEd.-2003

अशुद्ध	शुद्ध
ज्येस्ठ	ज्येष्ठ
अन्तर्ध्यान	अन्तर्धान

UP-BEd.-2004

अशुद्ध	शुद्ध
अध्रम	अधर्म
अनूक्रम	अनुक्रम
रिषि	ऋषि
दीधायु	दीर्घायु

UP-BED.-2005 (OTHERS UNIVERSITY)

अशुद्ध	शुद्ध
पूज्यनीय	पूजनीय
ज्ञानेन्द्रीयाँ	ज्ञानेन्द्रियाँ
ज्योतस्ना	ज्योत्स्ना
पारिश्रामीक	पारिश्रमिक
दिग्भन्ति	दिग्भ्रान्त
निष्कषता	निष्कर्षत:
आहलाद	आह्लाद

अशुद्ध	शुद्ध
अनुग्रहित	अनुगृहीत
अतिश्योक्त	अतिशयोक्ति
इचइता	रचयिता
जिजिविषा	जिजीविषा

UP-BEd.-2006

अशुद्ध	शुद्ध
अनुछेद	अनुच्छेद
पुजीवाद	पूँजीवाद
परिक्षा	परीक्षा
षढयन्त्र	षड्यन्त्र
अंतनिर्वित	अन्तर्निहित

UP-JOINT-BEd.-2007 (KANPUR UNIVERSITY)

अशुद्ध	शुद्ध
कवियित्री	कवयित्री
अनभीज्ञ	अनभिज्ञ

UP-JOINT-BED.-2008 (AGRA UNIVERSITY)

अशुद्ध	शुद्ध
मंत्रीमण्डल	मन्त्रिमण्डल
अमावश्या	अमावस्या

UP-BEd.-2010 (LUCK. UNIVERSITY)

अशुद्ध	शुद्ध
उज्जवल	उज्ज्वल
पर्दशनी	प्रदर्शनी
आयोजीत	आयोजित

UP-JOINT-BEd.-2011 (RUHELKHAND UNIVERSITY.)

अशुद्ध	शुद्ध
अहिल्या	अहल्या

अशुद्ध	शुद्ध
कालीदास	कालिदास
आहलाद	आह्लाद
चारदीवारी	चहारदीवारी

UP-JOINT BEd.-2012 (Awadh University)

अशुद्ध	शुद्ध
ज्योत्सना	ज्योत्स्ना
कैलाश	कैलास
नुपुर	नूपुर
परीस्थिति	परिस्थिति

UP-JOINT BEd.-2013 (Gorakhpur University)

अशुद्ध	शुद्ध
वालमीक	वाल्मीकि
अनुसंगिक	आनुषंगिक
कवयत्री	कवयित्री
उच्छृखल	उच्छृंखल

UP-JOINT BED.-2014 (GORP. UNIVERSITY)

अशुद्ध	शुद्ध
कवयत्री	कवयित्री
उच्छृखल	उच्छृंखल

UP-JOINT BED.-2015 (LUCKNOW UNIVERSITY)

अशुद्ध	शुद्ध
शरीरीक	शारीरिक
कुमुदनी	कुमुदिनी

पुनर्विलोकन

अशुद्ध	शुद्ध
निरपराधी	निरपराध
तदान्तर	तदनन्तर
प्रमाणिक	प्रामाणिक
बृज	ब्रज
विशिष्ठ	विशिष्ट
निष्कपटी	निष्कपट
उर्ध्व	ऊर्ध्व
ग्रहीत	गृहीत
प्रिथा	प्रथा
दृष्टा	द्रष्टा
निरसता	नीरसता
संग्रहित	संग्रहीत
निर्दयी	निर्दय

अशुद्ध	शुद्ध
अनुगृह	अनुग्रह
निरापराध	निरपराध
अनाधिकृत	अनधिकृत
आजीवका	आजीविका
कुमदनी	कुमुदिनी
जागृत	जाग्रत
सृष्टा	स्रष्टा
अनुदित	अनूदित
सुश्रुषा	शुश्रूषा
पैत्रिक	पैतृक
विक्ष	वृक्ष
ऐषणा	एषणा
एकान्तिक	ऐकान्तिक

www.awillguru.com

अशुद्ध	शुद्ध	अशुद्ध	शुद्ध	अशुद्ध	शुद्ध	अशुद्ध	शुद्ध
मालन	मालिन	राजनैतिक	राजनीतिक	सौन्दयानुभूति	सौन्दर्यानुभूति	तलाव	तालाब
अहिल्या	अहल्या	राजागण	राजगण	स्वास्थ	स्वास्थ्य	त्यज्य	त्याज्य
प्रवृतनीय	प्रवर्तनीय	रीतु	ऋतु	साम्यता	साम्य	तरुछाया	तरुच्छाया
पटाच्छेप	पटाक्षेप	रिण	ऋण	सन्मुख	सम्मुख	द्रस्टव्य	द्रष्टव्य
सौन्दर्यत्व	सौन्दर्य	राजन	राजन्	हतिबुद्ध	हतबुद्धि	दृष्य	दृश्य
पारंगक	पारंगत	विश्वभर	विश्वम्भर	हस्तछेप	हस्तक्षेप	द्रिग	दृग
वहिरंग	बहिरंग	विसमृत	विस्मृत	सम्राज्य	साम्राज्य	धनुस	धनुष
सर्जन	सृजन	वीदेह	विदेह	सौजन्यता	सौजन्य	श्रीमान	श्रीमान्
गरुण	गरूड़	विकाश	विकास	स्वालम्बन	स्वावलम्बन	धराहर	धरोहर
गोपनिय	गोपनीय	विशम	विषम	साहीत्यिक	साहित्यिक	निलकंठ	नीलकंठ
आहवान	आह्वान	वेष	वेश	स्वयंम्बर	स्वयंवर	नीवारण	निवारण
महात्म	माहात्म्य	व्यवहारिक	व्यावहारिक	सन्मान	सम्मान	नीरवाण	निर्वाण
असाम्यता	असाम्य	शिरोपीडा	शिर:पीड़ा	स्वक्ष	स्वच्छ	निस्चेस्ट	निश्चेष्ट
बिस्मृत	विस्मृत	जगतनाथ	जगन्नाथ	सन्चार	संचार	पृष्ट	पृष्ठ
उश्रृंखल	उच्छृंखल	निरपाय	निरूपाय	स्थिती	स्थिति	पिता भक्ति	पितृभक्ति
यथेठ	यथेष्ट	मनहर	मनोहर	सहस्त्र	सहस्र	पैत्रिक	पैतृक
परिछेद	परिच्छेद	निष्छल	निश्छल	सम्भवतह	सम्भवत:	परीच्छा	परीक्षा
विद्युत्तलता	विद्युत्लता	वाहनी	वाहिनी	स्थई	स्थायी	पुजा	पूजा
तत्मय	तन्मय	ब्रम्हा	ब्रह्मा	सहीष्णु	सहिष्णु	पौरुस	पौरुष
परमोषधि	परमौषधि	बिराट	विराट	सम्वाद	संवाद	परिसद	परिषद
इतिपूर्व	इत:पूर्व	वीधि	विधि	सौन्दर्यता	सुन्दरता	परेम	प्रेम
अन्तराप्रान्तीय	अन्त:प्रान्तीय	व्यापित	व्याप्त	सवारना	संवारना	पुलिंग	पुल्लिग
निरोपम	निरुपम	बहुल्यता	बहुलता	तालासी	तलाशी	प्रादेसिक	प्रादेशिक
अक्षोहिणी	अक्षौहिणी	बहिस्कार	बहिष्कार	त्रिगूड़	त्रिगुण	पूर्णय	पूर्ण
बाडगमय	वाङ्मय	विषेस	विशेष	तिलांजली	तिलांजलि	प्राप्ती	प्राप्ति
मतेक्य	मतैक्य	भस्मिभूत	भस्मीभूत	दारिद्रता	दरिद्रता	प्रमाणिक	प्रामाणिक
पुष्पवली	पुष्पावली	भव-सागर	भवसागर	दांत	दाँत	प्रनाम	प्रणाम
सत्गति	सद्गति	भंडार	भण्डार	दीवारात्रि	दिवारात्र	प्राज्वलित	प्रज्वलित
अत्योक्ति	अत्युक्ति	भ्रातागण	भ्रातृगण	दूरात्मागण	दुरात्मगण	प्रतिछाया	प्रतिच्छाया
मनज्ञ	मनोज्ञ	मान्यनीय	माननीय	देश-निकाला	देशनिकाला	प्रसंसा	प्रशंसा
पितृण	पितृऋण	मनोग्य	मनोज्ञ	दयाल	दयालु	बृक्ष	वृक्ष
मनोकामना	मन:कामना	मेनहत	मेहनत	दुरावस्था	दुरवस्था	वीराजमान	विराजमान
यशलाभ	यशोलाभ	मन्त्रीमण्डल	मन्त्रिमंडल	चन्चल	चंचल	नि:पराध	निरपराध
रीत्यानुसार	रीत्यनुसार	मट्टी	मिट्टी	छत्री	क्षत्रिय	निर्दयी	निर्दय
उदिग्न	उद्विग्न	महायग्य	महायज्ञ	छमा	क्षमा	निरसता	नीरसता
अधगति	अधोगति	यद्पि	यद्यपि	छुधा	क्षुधा	निष्कपटी	निष्कपट
राजऋषि	राजर्षि	योधा	योद्धा	छेम	क्षेम	नराज	नाराज
नदेश	नदीश	यस	यश	ज्योत्सना	ज्योत्स्ना	निष्छल	निश्छल
दिगजाल	दिग्जाल	यावत जीवन	यावज्जीवन	जमाता	जामाता	नारि	नारी
दुरावस्था	दुरवस्था	सन्यास	संन्यास	जाग्रिति	जागृति	निरोग्य	नीरोग
सत्वंश	सद्वंश	सौख्यता	सौख्य	जगधात्री	जगद्धात्री	पतीत	पतित

www.awillguru.com

अशुद्ध	शुद्ध	अशुद्ध	शुद्ध
पुष्वलि	पुष्पावली	आजिवका	आजीविका
प्रतीज्ञा	प्रतिज्ञा	अदितीय	अद्वितीय
प्रत्यछ	प्रत्यक्ष	अमिस	आमिष
प्रशन्न	प्रसन्न	अराधना	आराधना
प्राशाद	प्रासाद	आसा	आशा
पुरष्कार	पुरस्कार	आसाढ़	आषाढ़
पोशक	पोषक	अश्मसान	श्मशान
पद्मीनी	पद्मिनी	उज्वल	उज्ज्वल
परिछेद	परिच्छेद	उलंघन	उल्लंघन
पुस्प	पुष्प	उतपात ·	उत्पात
परिनाम	परिणाम	उन्नती	उन्नति
अन्धा	अंधा	उन्मिलित	उन्मीलित
अरपन	अर्पण	उरीड़	अऋण
अनभिग्य	अनभिज्ञ	ऊर्मीला	उर्मिला
अहार	आहार	उदिग्न	उद्विग्न
आस्विकार	अस्वीकार	उपर	ऊपर
अपरान्ह	अपराह्न	उदेश्य	उद्देश्य
अभिसेक	अभिषेक	उपलक्ष	उपलक्ष्य
अनुग्रहीत	अनुगृहीत	ऐक्यता	ऐक्य
आधीन	अधीन	ऐकदन्त	एकदन्त
अनुवादित	अनूदित	एश्वर्य	ऐश्वर्य
अकृतिम	अकृत्रिम	ऐतीहासिक	ऐतिहासिक
आकंक्षा	आकांक्षा	कुवर	कुंअर
अनुशरण	अनुसरण	कौशिल्या	कौशल्या
आर्शीवाद	आशीर्वाद	कृत्यकृत्य	कृतकृत्य
अमावश्या	अमावस्या	कार्यकर्म	कार्यक्रम
अपन्हुति	अपह्नुति	कृतघ्नी	कृतघ्न
असुद्ध	अशुद्ध	करोण	करोड़
आट्टालिका	अट्टालिका	केंद्रियकरण	केंद्रीयकरण
अध्यन	अध्ययन	कियारी	क्यारी
आर्द	आर्द्र	क्रिपा	कृपा
आधिक्यत	आधिक्य	कुन्ज	कुंज
अवश्यकीय	आवश्यक	किर्ति	कीर्ति
अर्न्तराष्ट्रीय	अन्तर्राष्ट्रीय	करय	क्रय
अक्षादन	आच्छादन	कृप्या	कृपया
आल्हाद	आह्लाद	कवियत्री	कवयित्री
औगुण	अवगुण	कैलाश	कैलास
औतार	अवतार	कन्हेया	कन्हैया
अध्यात्मक	आध्यात्मिक	कालीदास	कालिदास

अशुद्ध	शुद्ध	अशुद्ध	शुद्ध
कतत्यपालन	कर्त्तव्यपालन	उपरोक्त	उपर्युक्त
ईर्षा	ईर्ष्या	स्वयम्वर	स्वयंवर
इश्वर	ईश्वर	षट्ऋतु	षड्ऋतु
उपाशना	उपासना	तरुछाया	तरुच्छाया
अद्धरड़	उद्धरण	यशलाभ	यशोलाभ
गायिकी	गायिका	यसस्वी	यशस्वी
ग्रहीस्थ	गृहस्थ	विद्वान	विद्वान्
गोपनिय	गोपनीय	विरहणी	विरहिणी
गाव	गांव	शशी	शशि
चिह्न	चिह्न	शताब्दि	शताब्दी
आतीथेय	अतिथेय	निष्तार	निस्तार
गृहीणी	गृहिणी	दुष्तर	दुस्तर
गौवें	गायें	विश्लेसण	विश्लेषण
गाधी	गाँधी	ब्रिज	ब्रज
गरीष्ठ	गरिष्ठ	महात्म	महात्म्य
अनाधिकार	अनधिकार	म्रित्युञ्जय	मृत्युञ्जय
गरुण	गरूण	शन्तमय	शन्तिमय
गर्मीयों	गर्मियों	साप्तहीक	साप्ताहिक
अहर्निशि	अहर्निश	संग्रहित	संगृहीत
सशंकित	सशंक	सर्वस्य	सर्वस्व
औतार	अवतार	सार्वजनीक	सार्वजनिक
अविदैविक	अधिदैविक	सतत	सतत्
अर्धशासकीय	अर्द्धशासकीय	हिरण्यकश्यपु	हिरण्यकशिपु
अनुषांगिक	आनुषंगिक	ऋषीकेश	ऋषिकेश
युधिष्ठर	युधिष्ठिर	सतीगुण	सत्वगुण
विरहणी	विरहिणी	समिक्षा	समीक्षा
द्वारिका	द्वारका	जात्याभिमान	जात्यभिमान
कवियित्री	कवयित्री	जगत जननी	जगज्जननी
भगीरथी	भागीरथी	तत्कालिक	तात्कालिक
स्थायीत्व	स्थायित्व	तृकाल	त्रिकाल
अन्त्यक्षरी	अन्त्याक्षरी	द्वारीका	द्वारका
परलौकिक	पारलौकिक	दोस	दोष
गरिष्ट	गरिष्ठ	नारायड़	नारायण
अन्तर्ध्यान	अन्तर्धान	नबाब	नवाब
आल्हाद	आह्लाद	वाल्मीकी	वाल्मीकि
स्मसान	श्मशान	विरहीणी	विरहिणी
पुनराभिनय	पुनरभिनय	प्रेयसि	प्रेयसी
मनोकष्ट	मनःकष्ट	प्रदर्शीनी	प्रदर्शनी

www.awillguru.com

21. किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?
(a) निरनुनासिक (b) छिद्रान्वेशी
(c) गत्यर्थ (d) अन्तश्चेतना
उत्तर (d) : RO/ARO (Pre) Exam. - 2010

22. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-
(a) कवयित्री (b) कावियित्री
(c) कवियत्री (d) कवित्री
उत्तर (a) : RO/ARO (Pre) Exam. - 2010

23. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-
(a) शुश्रूषा (b) सुश्रूषा
(c) सुश्रुषा (d) श्रुशूषा
उत्तर (a) : RO/ARO (Pre) Exam. - 2010

24. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-
(a) ईशा (b) ईर्षा
(c) इर्षा (d) ईर्ष्या
उत्तर (d) : RO/ARO (Pre) Exam. - 2010

25. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-
(a) उल्लंघन (b) मनोरथ
(c) उज्वल (d) वत्सल
उत्तर (c) : RO/ARO (Pre) Exam. - 2010

26. वर्तनी की दृष्टि से शब्द का शुद्ध रूप कौन है?
(a) बन्दना (b) वंदना
(b) बनदना (d) वन्दना
उत्तर (d) : RO/ARO (Main Spl.) Exam. - 2010

27. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी का शब्द है :
(a) वाँङ्मय (b) वांगमय
(c) वाङ्मय (d) बाँगमय
उत्तर (c) : RO/ARO (Pre Spl.) Exam. - 2010

28. इनमें से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है :
(a) अन्तर्धान (b) षष्ठम
(c) सहस्त्र (d) अनुषंगिक
उत्तर (a) : RO/ARO (Pre Spl.) Exam. - 2010

29. इन नामों में से एक की वर्तनी अशुद्ध है :
(a) कौसल्या (b) मैथिलीशरण गुप्त
(c) मेघनाद (d) राहुल सांस्कृत्यायन
उत्तर (d) : RO/ARO (Pre Spl.) Exam. - 2010

30. इनमें से एक शब्द की वर्तनी अशुद्ध है:
(a) अधीन (b) भागीरथी
(c) जागृत (d) अनुगृहीत
उत्तर (c) : RO/ARO (Pre Spl.) Exam. - 2010

31. इनमें से शुद्ध वर्तनी का शब्द है:
(a) ज्योत्सना (b) ज्योतसना
(c) ज्योत्स्ना (d) ज्यौत्स्ना
उत्तर (c) : RO/ARO (Pre Spl.) Exam. - 2010

32. इनमें से शुद्ध वर्तनी का शब्द है:
(a) हिरण्यकशिपु (b) हिरण्यकश्यपु
(c) हिरण्यकश्यप (d) हिरण्यकस्यप
उत्तर (a) : RO/ARO (Pre Spl.) Exam. - 2010

33. इनमें से अशुद्ध वर्तनी का शब्द है:
(a) महत्त्व (b) वाल्मीकि
(c) पैतृक (d) सन्यासी
उत्तर (d) : RO/ARO (Pre Spl.) Exam. - 2010

34. नीचे दिये शब्दों में से किसकी वर्तनी शुद्ध है ?
(a) द्वारका (b) पूज्यानीया
(c) अन्तर्ध्यान (d) अहिल्यिया
उत्तर (a) : RO/ARO (Main) Exam. - 2010

35. नीचे दिये शब्दों में से किसकी वर्तनी शुद्ध है ?
(a) संन्यासी (b) आकाल
(c) अनुग्रहीत (d) आजीवका
उत्तर (a) : RO/ARO (Main) Exam. - 2010

36. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन सा है?
(a) अन्ताक्षरी (b) अन्त्याक्षरी
(c) अन्ताक्षिरी (d) अन्ताक्षिणी
उत्तर (b) : RO/ARO (Main) Exam. - 2010

37. निम्नलिखित में एक वर्तनी अशुद्ध है। उसे चयनित कीजिए :
(a) उज्ज्वल (b) श्रृंगार
(c) कवयित्री (d) श्रद्धा
उत्तर (b) : U.P.S.D.I. Exam. - 2006

38. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए :
(a) उपरोक्त (b) उपरियुक्त
(c) ऊपरयुक्त (d) उपर्युक्त
उत्तर (d) : U.P.S.D.I. Exam. - 2006

39. निम्ननिखित में एक की वर्तनी अशुद्ध है :
(a) शुश्रूषा (b) सुश्रूषा
(c) वेशभूषा (d) मनीषा
उत्तर : (b) U.P.N.T. (Pre) Exam. - 2006

40. नीचे एक ही शब्द की चार वर्तनी दी गयी है, सही का चयन कीजिए।
(a) छतीस (b) छतिस
(c) छत्तिस (d) छत्तीस
उत्तर : (d) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2013

41. एक ही शब्द की वर्तनी चार तरह से लिखी गयी है, सही का चयन कीजिए।
(a) उपर्लिखित (b) उपरिलिखित
(c) ऊपरलिखित (d) ऊपर्लिखित
उत्तर : (b) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2013

www.awillguru.com

42. नीचे एक ही शब्द की वर्तनी चार तरह से लिखी गयी है, सही का चयन कीजिए।

(a) अनुग्रहीत (b) अनूगृहीत
(c) अनुगृहीत (d) अनुगृहित

उत्तर : (c) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2013

43. इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है -

(a) यानी (b) वाल्मिकी
(c) उज्वल (d) द्वन्द

उत्तर : (a) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

44. निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्द है -

(a) जीजीविषा (b) जिजीविषा
(c) जीजिविषा (d) जिजिविषा

उत्तर : (b) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

45. वर्तनी की दृष्टि से इनमें अशुद्ध शब्द है -

(a) यानि (b) यानी
(c) सूची (d) शुष्क

उत्तर : (a) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

46. वर्तनी की दृष्टि से निम्नलिखित में शुद्ध शब्द है -

(a) उपर्युक्त (b) ऊपरर्युक्त
(c) उपरियुक्त (d) ऊपरोक्त

उत्तर (a) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

47. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द सही है ?

(a) ज्योतसना (b) ज्योत्स्ना
(c) ज्योतिस्ना (d) जोत्स्ना

उत्तर (b) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

48. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द सही है ?

(a) संन्यासी (b) सन्यासी
(c) सनिनासी (d) सनयासी

उत्तर (a) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

49. निम्न में शुद्ध रूप कौन-सा है

(a) हतोत्सह (b) हतोत्साहित
(c) हतोसाह (d) हतोत्साह

उत्तर (b) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

50. निम्न में शुद्ध रूप कौन सा है

(a) प्रदर्शिनी (b) प्रदर्शनी
(c) प्रर्दशिनी (d) प्रर्दिशनी

उत्तर (b) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

51. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है

(a) मानविकरण (b) मानवीयकरण
(c) मानवीकरण (d) मानकीकरण

उत्तर (c) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

52. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है

(a) उच्छृखल (b) उच्शृंखल
(c) उच्च्छृंखल (d) उच्छृंखल

उत्तर (d) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

53. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-

(a) जयोत्स्ना (b) ज्योत्सना
(c) ज्योत्स्ना (d) ज्योतस्ना

उत्तर (c) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

54. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-

(a) सदृश्य (b) सदृश
(c) सदृष्य (d) सद्रश

उत्तर (a) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

55. निम्नलिखित का सही वर्तनी होगी-

(a) आनुषंगिक (b) अनुषंगिक
(c) अनुसंगिक (d) आनुसंगिक

उत्तर (a) U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2010

56. निम्नलिखित में से एक शब्द की वर्तनी अशुद्ध है -

(a) उज्ज्वल (b) कवयित्री
(c) कवियित्री (d) मोक्ष

उत्तर : (c) U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

57. इनमें से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है -

(a) आर्शीवाद (b) असीर्वाद
(c) आशीर्वाद (d) असीरवाद

उत्तर : (c) U.P. T.G.T. (hindi) Exam. - 2003

58. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है :

(a) पूज्यनीय (b) पुज्यनीय
(c) पूजनीय (d) पुजनीय

उत्तर : (c) U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

59. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है :

(a) जीजीविषा (b) जीजिविषा
(c) जिजिविषा (d) जिजीविषा

उत्तर : (d) U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

60. इनमें से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है :

(a) उज्जवल (b) उज्ज्वल
(c) उज्वल (d) उजवल

उत्तर : (b) U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

61. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए :

(a) कवियित्री (b) कवित्री
(c) कवियत्री (d) कवयित्री।

उत्तर : (d) U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

62. युधिस्टिर सबसे बड़े पाण्डव थे।

(a) युधष्ठिर (b) युधिष्ठिर
(c) युधिश्ठिर (d) युधिस्थिर

उत्तर : (b) S.S.C. Translater Exam. - 1999

www.awillguru.com

63. अनुशासन के अभाव में विद्यार्थियों में उच्श्रृंखलता आती है।
(a) उच्छृंखलता (b) उच्च्शृंखलता
(c) उच्श्रंखलता (d) उत्श्रृखलता
उत्तर : (a) S.S.C. Translater Exam. - 1999

64. आजकल आयुवैदिक औषाधियों की विश्वसनीयता बढ़ रही है।
(a) आयुवेदिक (b) आयुर्वेदिक
(c) आयुवैर्दिक (d) आयुवैदीक
उत्तर : (b) S.S.C. Translater Exam. - 1997

65. दिन-ब-दिन रसायनों के आप्रत्याशीत प्रभाव सामने आ रही हैं।
(a) आप्रत्याशीत (b) आप्रत्याशित
(c) अप्रत्याशित (d) अप्रत्याशीत
उत्तर : (c) S.S.C. Translater Exam. - 1999

66. पति-पत्नी के जोड़े को दमपति कहते हैं।
(a) द्मपति (b) दम्पती
(c) दम्पत्ती (d) दम्पति
उत्तर : (b) S.S.C. Translater Exam. - 1999

67. वर्तनी के अनुसार शुद्ध शब्द का चयन कीजिए।
(a) ईर्ष्या (b) ईर्षा
(c) इर्षा (d) ईरषा
उत्तर : (a) H.T.E.T.-2011, IInd Paper

68. वर्तनी के अनुसार शुद्ध शब्द का चयन कीजिए-
(a) पूज्यनीय (b) पूजनीय
(c) पुज्यनीय (d) पुजनीय
उत्तर : (b) H.T.E.T.-2011, IInd Paper

69. वर्तनी के अनुसार शब्द का शुद्धरूप चुनिए।
(a) पुरूस्कार (b) पुरस्कार
(c) पुरष्कार (d) पुरस्कर
उत्तर : (b) R.T.E.T.-2011, IInd Paper

70. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी शब्द है-
(a) आशिर्वाद (b) आशीरवाद
(c) आशीर्वाद (d) आर्शिवाद
उत्तर : (c) U.P.T.E.T.-2014, Ist Paper

71. कौन सी वर्तनी शुद्ध है?
(a) विशेष (b) विशेश
(c) विषेश (d) विसेष
उत्तर : (a) U.P.T.E.T.-2014, IInd Paper

72. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है-
(a) कुमुदनी (b) कुमुदिनी
(c) कुमुदनी (d) कूमुदिनी
उत्तर : (b) U.P.P.C.S. (Pre) Exam. 2015

73. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए-
(a) कुमुदनी (b) कुमुदनी
(c) कुमुदिनी (d) कुमदुनी
उत्तर : (c) U.P. B.Ed. 2000

74. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए-
(a) ब्रतन (b) बरतन
(c) बर्तन (d) वरतन
उत्तर : (b) Railway Exam-2000

75. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) प्रतिष्टा (b) प्रतिष्ठा
(c) परतिष्टा (d) परतिष्ठा
उत्तर : (b) Railway Exam-2000

76. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए-
(a) मृत्यूंजय (b) म्रित्यन्जय
(c) मृत्युंजय (d) मृत्युन्जय
उत्तर : (c) Stenographer Exam-2001

77. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए-
(a) अस्प्रस्यता (b) अस्पृश्यता
(c) अस्प्रश्यता (d) अस्पृष्यता
उत्तर : (b) U.P. Election Exam. 2001

78. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए-
(a) शताब्दि (b) सताब्दि
(c) श्ताब्दि (d) शताब्दी
उत्तर : (d) Railway Exam-2001

79. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए-
(a) त्रिदोश (b) तिरदोष
(c) त्रिदोष (d) तृदोष
उत्तर : (c) Stenographer Exam-2001

80. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए-
(a) उद्योगीकरण (b) औद्योगीकरण
(c) औद्योगिकरण (d) ओद्योगीकरण
उत्तर : (b) Stenographer Exam-2001

81. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए-
(a) परिणति (b) परणति
(c) परणिति (d) परीणीत
उत्तर : (a) Stenographer Exam-2001

82. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) स्थायि (b) स्थायी
(c) स्थाई (d) स्थाइ
उत्तर : (b) B.P.S.C.-2002

83. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) जल्दि (b) जल्दी
(c) जलदी (d) ज्लदी
उत्तर : (b) B.P.S.C.-2002

84. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) प्राक्कथन (b) प्रक्कथन
(c) प्राकथन (d) प्रकाथन
उत्तर : (a) B.P.S.C.-2002

www.awillguru.com

85. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए-
(a) क्षेत्र (b) छेत्र
(c) क्षत्र (d) श्वेत्र
उत्तर : (a) B.P.S.C.-2002

86. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए-
(a) रसायनिक (b) रासायनिक
(c) रासयनीक (d) रसयनिक
उत्तर : (b) B.P.S.C.-2002

87. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) प्रतिवादी (b) प्रतीवादि
(c) प्रतीवादी (d) प्रतिवादि
उत्तर : (a) B.P.S.C.-2002

88. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) दुअन्द (b) द्वन्द
(c) द्वन्द्व (d) द्वंद
उत्तर : (c) B.P.S.C.-2002

89. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) उतसव (b) उत्सव
(c) उस्तव (d) ऊत्सव
उत्तर : (b) B.P.S.C.-2002

90. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) निर्दशन (b) निदर्शन
(c) र्निदशन (d) निदशर्न
उत्तर : (b) B.P.S.C.-2002

91. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) जेष्ठ (b) ज्येस्ठ
(c) जेठ (d) ज्येष्ठ
उत्तर : (d) P.U. B.Ed. - 2003

92. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) अन्तर्ध्यान (b) अन्तर्धान
(c) अन्तरध्यान (d) अन्त:ध्यान
उत्तर : (b) P.U. B.Ed. - 2003

93. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) अधम्र (b) अध्रम
(c) अधर्म (d) अधृम
उत्तर : (c) B.Ed. - 2004

94. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) अनुकृम (b) अनुक्रम
(c) अनुकर्म (d) अनुकर्म्र
उत्तर : (b) B.Ed. - 2004

95. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) रिषि (b) ऋषि
(c) ऋिषी (d) ऋशि
उत्तर : (b) B.Ed. - 2004

96. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) दीर्घायु (b) दीरघायु
(c) दीघायु (d) दीघीयु
उत्तर : (a) B.Ed. - 2004

97. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) श्रृंगार (b) शृंगार
(c) सिंगार (d) शिंगार
उत्तर : (b) B.Ed. - 2004

98. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) अध्येता (b) अधियेता
(c) अध्यात (d) अध्ययेता
उत्तर : (a) B.Ed. - 2004

99. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए -
(a) कवित्री (b) कवियत्री
(c) कवयित्री (d) कवियित्री
उत्तर : (c) B.Ed. - 2004

100. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए-
(a) नछत्र (b) नक्षत्र
(c) नच्छत्र (c) नक्षत्तर
उत्तर : (b) B.Ed. - 2004

101. सही वर्तनी वाले शब्द चुनें -
(a) शरीरिक (b) शारीरीक
(c) शारीरिक (d) सारीरिक
उत्तर : (a) Railway Exam- 2005

102. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द शुद्ध है?
(a) अधिशासी (b) अधिशाषी
(c) अधिसाशी (d) अधिषाशी
उत्तर : (a) P.G.T. - 2006

103. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द सही है -
(a) संन्यासी (b) सन्यासी
(c) सनियासी (d) सनयासी
उत्तर : (a) P.G.T. - 2006

104. व्यवहारिक रूप से आपकी बात ठीक हो सकती है।
(a) वैवाहरिक (b) व्यावहारिक
(c) व्यवाहारिक (d) वैवहारिक
उत्तर : (b) A.U. L.L.B.- 2001

105. उसका कथन अतिश्योक्ति मात्र था।
(a) अतिशयुक्ति (b) अतीश्योक्ति
(c) अतीश्योक्ती (d) अतिशयोक्ति
उत्तर : (d) A.U. B.Ed. - 2005

106. चातक सुवाति की बूँद का प्यासा होता है।
(a) सवाति (b) सुवाति
(c) स्वाति (d) स्वाती
उत्तर : (c) Stenogapher Exam.1996

www.awillguru.com

107. साहित्य और समाज का अन्यान्याश्रित संबंध है।
(a) अन्यन्याश्रित (b) अन्योन्याश्रित
(c) अन्यान्याश्रृत (d) अन्यान्याश्रीत
उत्तर : (b) Stenogapher Exam.1996

108. सेनापति एक सहस्त्र सैनिकों के साथ युद्ध क्षेत्र में पहुँचा।
(a) सहात्र (b) स्हस्त्र
(c) सहस्त्र (d) सहास्त्र
उत्तर : (c) Stenogapher Exam.1996

109. परमात्मा ही समग्र ब्रह्माण्ड का रचयीता है।
(a) रचयिता (b) रचियता
(c) राचियता (d) रचयीता
उत्तर : (a) Stenogapher Exam.1996

110. उप्रयुक्त पंक्तियाँ दिनकर की कविता से ली गई हैं।
(a) उपरयुक्त (b) उपरोक्त
(c) उपर्युक्त (d) ऊपर्युक्त
उत्तर : (c) Assistant Exam.-1996

111. मनुष्य को परामुखापेक्षी नहीं बनाना चाहिए।
(a) पारमुखपेक्षी (b) परामुखपेक्षी
(c) परमुखापेक्षी (d) परमुखपेक्षी
उत्तर : (c) Assistant Exam.-1996

112. जहाँ उपमेय में उपमान की संभावना व्यक्त की जाती है वहाँ उत्प्रेछा अलंकार होता है।
(a) उत्वप्रेक्षा (b) उत्पृच्छा
(c) उत्प्रेक्षा (d) उतप्रेच्छा
उत्तर : (c) Accountant Exam.-1997

113. बुढ़ापा दोर्बल्य का सूचक है।
(a) दोंरबलय (b) दौरबलय
(c) दौर्बल्य (d) दोंबल्य
उत्तर : (c) Accountant Exam.-1997

114. तानसेन महान संगितज्ञ था।
(a) संगीतज्ञ्य (b) संगीतज्ञ
(c) संगीतग्य (d) संगीतय
उत्तर : (b) Accountant Exam.-1997

115. बच्चे को आगे पढ़ने के लिए वजिफ़ा दिया जाता है।
(a) वजिका (b) वज़िफ़ा
(c) वजीफ़ा (d) बजीफ़ा
उत्तर : (c) Accountant Exam.-1997

116. प्रत्येक कथन का अपना एक सनदर्भ होता है -
(a) सनद्रर्भ (b) सन्दर्भ
(c) संदर्भ (d) सन्द्रभ
उत्तर : (c) Accountant Exam.-1997

117. आधुनिक हिन्दी गद्य का प्रार्दूभाव भारतेन्दु से ही होता है।
(a) प्रादुर्भाव (b) प्रार्दुर्भाव
(c) प्राद्रुभाव (d) परादुरभाव
उत्तर : (a) Railway Exam. - 1998

118. हिमालय की उतुंग चोटियाँ हमें बुलाती हैं।
(a) ऊतुंग (b) उत्वंग
(c) उत्तुंग (d) ऊतुङ्ग
उत्तर : (c) Railway Exam. - 1998

119. वैज्ञानिक अनुषंधान धार्मिक ग्रंथों की शिक्षा के प्रतिकूल हैं।
(a) अनंशधान (b) अनूसन्धान
(c) अनुशांधान (d) अनुसन्धान
उत्तर : (d) Railway Exam. - 1998

120. वे हिन्दुस्तान एकेडमी के वार्षिक अधिवेसन में भाग लेने के लिए लखनऊ आए थे।
(a) अधीवेशन (b) अधिवेषन
(c) अधिवेशन (d) अधिवेश्न
उत्तर : (c) Railway Exam. - 1998

121. प्रधानमंत्री ने मन्त्रिमन्डल की बैठक की अध्यक्षता की।
(a) मंत्रीमण्डल (b) मंन्त्रीमण्डल
(c) मन्त्रिमण्डल (d) मन्त्रिमन्डल
उत्तर : (c) S.C.C. 1999, U.P. B.Ed. 2008

122. वह इन सब तथ्यों से अनिभिग्य है।
(a) अनिभिज्ञ (b) अनभिग्य
(c) अनभीज्ञ (d) अनभिज्ञ
उत्तर : (d) S.C.C. Translatar Exam.-1999

123. स्वातन्त्रय संग्राम में हजारों वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी।
(a) स्वतन्त्र्य (b) स्वातन्त्र्य
(c) स्वातान्त्र्य (d) स्वातनत्र्य
उत्तर : (b) S.C.C. Translatar Exam.-1999

124. भारतीय समाज का पुनरूत्थान शिक्षा के विकास से ही सम्भव हैं।
(a) पुनुरुत्थान (b) पुनरुत्थान
(c) पुनरोत्थान (d) पुनरोथ्थान
उत्तर : (b) S.C.C. Translatar Exam.-1999

125. उनके स्नेह की अर्न्तस्तलीय सरिता मुखमुद्रा से स्पष्ट झाँक रही थी।
(a) अन्तस्तलीय (b) अन्तष्तलीय
(c) अन्तश्तलीय (d) अन्तष्तलिय
उत्तर : (a) S.C.C. Translatar Exam.-1999

126. पश्चिमी देशों में निर्यात के लिए प्रतीद्वन्दिता बढ़ती जा रही है।
(a) प्रतिद्वन्दीता (b) प्रतिद्वन्द्विता
(c) प्रतिद्वन्दीत (d) प्रतिद्वन्दिता
उत्तर : (b) S.C.C. Translatar Exam.-1999

www.awillguru.com

127. नायिका उत्ग्रीव रहकर दिनभर नायक की प्रतीक्षा करती रही।
(a) उत्ग्रीव (b) उद्ग्रीव
(c) उद्गीर्व (d) ऊद्ग्रीव
उत्तर : (b) S.C.C. Translatar Exam.-1999

128. अनुशासन के अभाव में विद्यार्थियों में उच्श्रृंखलता आती है।
(a) उच्छृंखलता (b) उच्चश्रृंखलता
(c) उच्श्रंखलता (d) उत्शृंखलता
उत्तर : (a) S.C.C. Translatar Exam.-1999

129. संस्कृत संश्लिशट भाषा है।
(a) संश्लिष्ट (b) संशिलस्ट
(c) संस्लिष्ट (d) संष्लिष्ठ
उत्तर : (a) S.C.C. Translatar Exam.-2000

130. मन्दाकिनी की जलधारा अजस्सर रूप से प्रवाहित हो रही थी।
(a) अजस्स्र (b) अजस्त्र
(c) अजस्र (d) अजसर
उत्तर : (c) S.C.C. Translatar Exam.-2000

131. सभी भारतीय गीता के माहातम्य से परिचित हैं।
(a) माहात्म्य (b) महात्म्य
(c) माहात्मय (d) माहात्तम्य
उत्तर : (b) S.C.C. Translatar Exam.-2000

132. एक की वर्तनी शुद्ध है-
(a) खिवैया (b) न्यौछावर
(c) अनन्नास (d) निर्पेक्ष
उत्तर : (c) U.P. R.O./A.R.O. (Pre) Exam.2016

133. एक की वर्तनी शुद्ध है-
(a) षट्दर्शन (b) अनापेक्षित
(c) किलिष्ट (d) पर्यवसान
उत्तर : (d) U.P. R.O./A.R.O. (Pre) Exam.2016

134. एक की वर्तनी शुद्ध है-
(a) उनन्यन (b) उन्नयन
(c) उन्यन (d) उन्नयन
उत्तर : (b) U.P. R.O./A.R.O. (Pre) Exam.2016

135. एक की वर्तनी शुद्ध है-
(a) आविष्कार (b) देवार्षि
(c) निशब्द (d) जमाता
उत्तर : (a) U.P. R.O./A.R.O. (Pre) Exam.2016

136. एक की वर्तनी शुद्ध है-
(a) राज्य महल (b) कोमलांगिनी
(c) निरोग (d) अक्षौहिणी
उत्तर : (d) U.P. R.O./A.R.O. (Pre) Exam.2016

137. वर्तनी की दृष्टि से निम्नलिखित में शुद्ध शब्द है-
(a) रचियता (b) रचयिता
(c) रचईता (d) रचियिता
उत्तर : (b) U.P. T.E.T. Exam.2015

138. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?
(a) विश्लेषण (b) ज्योत्स्ना
(c) प्रदर्शिनी (d) अनाधिकार
उत्तर : (a) U.P.P.C.S. (Pre) Exam. 2016

139. निम्न में शुद्ध शब्द है
(a) मनयोग (b) पुरष्कार
(c) युधिष्ठर (d) पुरस्कार
उत्तर (d) : Rajasthan Patwar Exam.-2016

140. किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?
(a) जह्नवी (b) पश्चात्
(c) भगवान (d) अनधिकार
उत्तर (a) : Uttrakhand J.E. Exam.-2015

निर्देश : प्र. सं. (141-145) : निम्नलिखित प्रश्नों में चार वैकल्पिक वर्तनी दी गई है। सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए-

141. (a) रसायनिक (b) रासायनिक
(c) रासयनीक (d) रसयनिक
उत्तर : (b) U.P.S.S.S.C. विधान भवन रक्षक एवं वनरक्षक परीक्षा-2015

142. (a) अष्ठ (b) अश्ट
(c) अस्ट (d) अष्ट
उत्तर : (d) U.P.S.S.S.C. विधान भवन रक्षक एवं वनरक्षक परीक्षा-2015

143. (a) कौतहल (b) कौतूहल
(c) कौतोहल (d) कोतोहल
उत्तर (b) : U.P.S.S.S.C. विधान भवन रक्षक एवं वनरक्षक परीक्षा-2015

144. (a) त्रिदोश (b) तिरदोष
(c) तृदोष (d) त्रिदोष
उत्तर (d) : U.P.S.S.S.C. विधान भवन रक्षक एवं वनरक्षक परीक्षा-2015

145. (a) प्रिथ्वी (b) पृथ्वी
(c) पृथवी (d) प्रिथवि
उत्तर (b) : U.P.S.S.S.C. विधान भवन रक्षक एवं वनरक्षक परीक्षा-2015

146. शुद्ध शब्द चुनिए-
(a) औद्योगिक (b) ओद्योगिक
(c) औधयौगिक (d) औद्यौगीक
उत्तर (a) : U.P. S.S.S.C. U.D.C./L.D.C. Exam. - 2015

147. शुद्ध शब्द चुनिए-
(a) रामायन (b) रामायण
(c) रमायन (d) रामायड़
उत्तर (a) : U.P. S.S.S.C. U.D.C./L.D.C. Exam. - 2015

www.awillguru.com

148. शुद्ध शब्द चुनिए-
(a) घनिष्ट (b) घनिष्ठ
(c) घनीष्ट (d) घनीष्ठ
उत्तर (b) : U.P. S.S.S.C. U.D.C/L.D.C. Exam. - 2015

149. दिन रात अध्ययन करके भी वह प्रथम स्थान न प्राप्त कर सका। नीचे दिए विकल्पों में से इस वाक्य में रेखांकित शब्द की वर्तनी शुद्ध कीजिये।
(a) आध्यन (b) अध्ययन
(c) अध्यन (d) अद्ध्यन
उत्तर (b) : U.P. S.S.S.C. V.D.O. Exam. - 2015

150. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-
(a) सर्वोतम (b) संसरिक
(c) सच्चिदानन्द (d) कीर्ती
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. V.D.O. Exam. - 2015

151. शुद्ध शब्द चुनिए-
(a) गंगा-जल (b) वे-बुनियाद
(c) बड़ा-सा (d) चौ-पाया
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. Lower-2 Exam. - 2016

152. शुद्ध वर्तनी चुनिए-
(a) समसान (b) शमशान
(c) श्मशान (d) स्मशान
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. अवर अधीनस्थ सेवा-1 - 2016

153. प्रधानमंत्री के भाषण की श्रुतिलिपि उसने उसी समय ले ली।
(a) श्रुतलीपि (b) श्रुतलिपी
(c) श्रुतिलिपि (d) श्रुतलिपि
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. आशुलिपिक (Gen). परीक्षा - 2016

154. भम्मू सेठ तो बहुत ही दूश्चरित्र व्यक्ति है।
(a) दुष्चरितृ (b) दुष्चरित्र
(c) दुश्चरित्र (d) दुस्चरित्र
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. आशुलिपिक (Gen). परीक्षा - 2016

155. शुद्ध शब्द छाँटिए-
(a) अभ्यस्थ (b) अभियस्त
(c) अभ्यस्त (d) अभयस्त
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. लोअर-III परीक्षा- 2016

156. मानव मात्र को गीता के माहातम्य से परिचित होना अनिवार्य है। रेखांकित शब्द को शुद्ध करें।
(a) माहात्मय (b) माहात्म्य
(c) महात्म्य (d) माहात्तम्य
उत्तर (b) : U.P. S.S.S.C. अमीन परीक्षा- 2016

157. आजकल अनुशासन के अभाव में विद्यार्थियों में उच्श्रृंखलता आती है। रेखांकित शब्द को शुद्ध करें।
(a) उत्शृंखलता (b) उच्चश्रृंखलता
(c) उच्छृंखलता (d) उच्श्रंखलता
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. अमीन परीक्षा - 2016

158. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-
(a) सर्वोतम (b) संसरिक
(c) सच्चिदानन्द (d) कीर्ती
उत्तर (c) :U.P. S.S.S.C. ग्राम पंचायत अधिकारी, परीक्षा,- 2016

159. वाक्य के अशुद्ध भाग (त्रुटिपूर्ण भाग) का चयन कीजिए। यदि कोई त्रुटि न हो, तो भाग (d) को चिह्नित कीजिए।
(a) धनवान को व्यर्थ
(b) बेकार में/सहायतता
(c) देकर कोई लाभ न होगा
(d) कोई त्रुटि नहीं
उत्तर (b) :U.P. S.S.S.C. ग्राम पंचायत अधिकारी, परीक्षा- 2016

160. शुद्ध वर्तनी की चयन कीजिए-
(a) कवियित्री (b) कवित्री
(c) कवियत्री (d) कवयित्री
उत्तर (d) : U.P. S.S.S.C. आबकारी सिपाही परीक्षा- 2016

161. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है?
(a) प्रतिनीधि (b) प्रतिनिधी
(c) प्रतिनिधि (d) प्रतिनीधी
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. राजस्व लेखपाल परीक्षा- 2015

162. सही वर्तनी शब्द का चयन कीजिए-
(a) अवन्नति (b) श्रृंगार
(c) मुशकिल (d) मात्रभूमि
उत्तर (b) : U.P. S.S.S.C. ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा- 2016

163. अशुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए-
(a) साधु (b) शून्य
(c) सांसारिक (d) हस्ताक्षेप
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. आबकारी सिपाही, परीक्षा- 2016

164. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-
(a) अन्तर्राष्ट्रीय (b) अन्तराष्ट्रीय
(c) अन्तर्राष्ट्रीय (d) अन्तर्राष्ट्रीय
उत्तर (a) : U.P.,T.E.T., परीक्षा- 2016

165. निम्नलिखित शब्दों में से एक शब्द शुद्ध है-
(a) कवियित्री (b) उपरोक्त
(c) उज्ज्वल (d) महात्म
उत्तर (c) : U.P. S.S.S.C. मलेरिया इंस्पेक्टर, परीक्षा- 2016

166. शुद्ध वर्तनी चुनिए-
(a) उपरीलिखित (b) ऊपरीलिखित
(c) उपरलिखित (d) उपरिलिखित
उत्तर (d) : U.P. S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक, (सामान्य चयन), परीक्षा,- 2015

167. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है-
(a) अनधिकार (b) मैथली
(c) वाहनी (d) कवियित्री
उत्तर : (a)

www.awillguru.com

168. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है-
(a) द्वितीय (b) द्वीज
(c) पत्रावलि (d) वापिस
उत्तर : (a)

169. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है-
(a) अतरराष्ट्रीय (b) अन्तर्राष्ट्रीय
(c) अन्तःराष्ट्रीय (d) अन्तराष्ट्रीय
उत्तर : (b)

170. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध रूप है-
(a) व्राह्मण (b) ब्रह्मण
(c) व्राह्मन (d) ब्राह्मण
उत्तर : (d)

171. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?
(a) पयाप्त (b) व्यावहरिक
(c) आरोग्य (d) सन्यासी
उत्तर : (c)

172. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध नहीं है?
(a) मुमुर्ष (b) वाल्मीकि
(c) त्रैवार्षिक (d) महात्म
उत्तर : (d)

173. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?
(a) अत्योक्ति (b) कवियित्री
(c) अनुश्रहीत (d) पक्षिगण
उत्तर : (d)

174. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है-
(a) पूरस्कार (b) सामर्थ्य
(c) व्राजीं (d) पुज्य
उत्तर : (b)

175. निम्नलिखित में से कौन-सा शुद्ध रूप है?
(a) आध्याधीन (b) अभ्यार्थन
(c) अभ्यर्थना (d) अधिवर्थन
उत्तर : (c)

176. निम्नलिखित में से शुद्ध रूप है-
(a) प्रतिसपर्द्धा (b) प्रतिस्पर्द्धा
(c) प्रतिपसपर्दा (d) प्रतिसर्पद्धा
उत्तर : (b)

–0–

P. Kumar's

www.awillguru.com

शब्द और अर्थ का सम्बन्ध

- सार्थक ध्वनि समूह को शब्द कहते हैं- ये दो प्रकार के होते हैं -
  (1) सार्थक,
  (2) निरर्थक।
- "भाषा में अर्थ निर्धारण का एक सिद्धान्त है कि प्रत्येक सार्थक शब्द अपना एक भावबिम्ब अर्थात् अमूर्त अर्थ रखता है। इसी अमूर्त भावबिम्ब का मूर्त रूप शब्द कहलाता है।"

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित विविध परीक्षाओं में पूछे गये अर्थबोध से सम्बन्धित प्रश्नोत्तर

U.P. Lower (Main)-1998

शब्द	अर्थ
• सत्यवादी	सत्य बोलने वाला।
• परोपकारी	भलाई करने वाला।
• कृतज्ञ	किये गये उपकार को मानने वाला, एहसानमंद।
• अपमान	मान भंग, बेइज्जती, तिरस्कार।
• निकृष्ट	नीच, अधम।

U.P. Lower Spl. (Main)- 2002

शब्द	अर्थ
• कृतघ्न	किए गए उपकार को न मानने वाला।
• अवनि	धरती, पृथ्वी, भू।
• मृगांक	चन्द्रमा।
• नीलकण्ठ	जिसका कंठ नीले रंग का हो।

U.P. Lower (Main)-2002

शब्द	अर्थ
• संवेदना	किसी दूसरे की वेदना (दुःख) में सहभागी बनना।
• स्वानुभूति	अपना अनुभव।
• अविवेक	विवेकरहित, नासमझ, अविचारी।
• हस्तान्तरण	दूसरे के हाथ देना।
• अंत्याक्षरी	किसी पद्य के अंतिम अक्षर से नया पद्य आरंभ करने का खेल।

U.P. Lower (Main)-2003

शब्द	अर्थ
• कनक	सोना, धतूरा।
• सरस	रस से युक्त (रसयुक्त) मृदु।
• शशांक	चन्द्रमा।
• वाङ्मय	वाणी का विकार।
• अजातशत्रु	जिसका कोई शत्रु न हो।

U.P. Lower (Main)-2004

शब्द	अर्थ
• व्यसन	बुरी आदत, लत, दुराचरण।
• अंशु	सूर्य, किरण, वस्त्र।
• वैध	कानूनी दृष्टि से मान्य।
• परोक्ष	जो आँखों के सामने न हो, आँखो से ओझल, ग़ैरहाजिर।
• युगल	दो का समूह।

U.P. Lower Spl. (Main)-2006

शब्द	अर्थ
• अंबर	आकाश, नभ, अभ्र।
• दिगंबर	नंगा, नग्न (वस्त्रहीन)।
• अव्यय	अक्षय, नित्य, व्यय न होना, विष्णु, शिव।
• स्मर	याद, स्मृति, कामदेव।
• कुलीश	वज्र, हीरा, कुठार।

U.P. Lower (Main)-2008

शब्द	अर्थ
• अजिर	आँगन, शरीर, वायु, इंद्रिय विषय।
• अस्तेय	चोरी न करना।
• आतिथेय	अतिथि का सत्कार करने वाला।
• असन	भोजन।
• जिजीविषा	जीने की चाह।

U.P. Lower (Main)-2009

शब्द	अर्थ
• परिधान	पोशाक।
• अन्तःपुर	घर या महल का भीतरी भाग जिसमें स्त्रियाँ रहती हैं।
• आग्नेय	अग्नि-सम्बन्धी।
• अलकेश	इन्द्र।
• हंससुता	यमुना।

www.awillguru.com

U.P. A.P.O. (Main)-2007

शब्द	अर्थ
• आशीर्वाद	आशीर्वचन, आशीष, मंगल कामना।
• व्यावहारिक	व्यवहार योग्य।
• महराज	महाराज।
• बलिष्ठ	सर्वाधिक शक्तिशाली।
• ब्रह्म	सच्चिदानंद स्वरूप जगत् का मूल तत्व, ईश्वर, परमात्मा

U.P. A.P.O. (Main)-2006

शब्द	अर्थ
• हरीतिमा	हरापन, हरियाली।
• साहित्यिक	साहित्य संबंधी।
• प्रदर्शनी	नुमाइश, नज़ारा।
• आगामी	आनेवाला, भविष्य में होने वाला।

U.P. A.P.O. (Main)-2002

शब्द	अर्थ
• उत्थान	उठना, वृद्धि, उन्नति।
• कनिष्ठ	छोटा, अवर।
• धवल	उजला, सफ़ेद, निर्मल, स्वच्छ।
• मधुर	मीठा।
• स्थावर	स्थिर, स्थायी, पर्वत।

U.P. A.P.O. (S.T.)- Main-1997

शब्द	अर्थ
• सविता	सूर्य, आदित्य।
• अनल	आग, अग्नि।
• सुता	पुत्री, बेटी।
• रम्य	रमणीय, (जैसे रम्य, दृश्य)।
• तरंग	पानी की लहर, हिलोर, मौज, उमंग।

U.P. A.P.O. (Main)- 1997

शब्द	अर्थ
• आस्तिक	जो वेद में विश्वास करता हो।
• अच्युत	अटल, स्थिर (परमात्मा)।
• शील	नैतिक आचरण और व्यवहार।
• सदाशय	उच्च विचारों वाला, सज्जन।
• परिणय	विवाह, शादी।

U.P. A.P.O. (Main)-1996

शब्द	अर्थ
• रजत	चाँदी।
• मृदु	कोमल, मुलायम।
• दिव्य	अलौकिक, अति सुंदर, भव्य।
• श्लाघ्य	श्लाधनीय (प्रशंसनीय)।

U.P. A.P.O. (Main)-1994

शब्द	अर्थ
• कनक	सोना, धतूरा।
• रूपसी	रूपवती स्त्री।
• दावाग्नि	दावानल, जंगल में लगी आग।
• जघन्य	अति निंदनीय और बुरा।
• सीमान्त	हद, सीमा सीमावर्ती स्थान।

U.P. A.P.O. (Main)-1998

शब्द	अर्थ
• अतिथि	जिसकी तिथि निश्चित न हो।
• ईर्ष्या	डाह, जलन, मत्सर।
• कृतज्ञ	एहसानमंद।
• दुर्लभ	कठिनता से प्राप्त होने वाला।
• व्याधि	रोग, पीड़ा।

U.P. A.P.O. (Main)-1982

शब्द	अर्थ
• अद्वितीय	अनुपम।
• अन्त	समाप्त।
• विषाद	दुःख, अवसाद, उदासी।
• ग्लानि	दुःख।
• परोपकार	दूसरों के हित का काम।

अनुच्छेद-1

ईर्ष्या में प्रयत्नोपादिनी शक्ति बहुत कम होती है। उसमें वह वेग नहीं होता जो क्रोध आदि में होता है क्योंकि आलस्य और नैराश्य के आश्रय से तो उसकी उत्पत्ति ही होती है। जब आलस्य और नैराश्य के कारण अपनी उन्नति के प्रयत्न करना तो दूर रहा, हम अपनी उन्नति का ध्यान तक मन में नहीं ला सकते, तभी हारकर दूसरे की स्थिति की ओर बार-बार देखते हैं और सोचते हैं कि यदि उसकी स्थिति न होती तो हमारी स्थिति जैसी है वैसी रहने पर भी बुरी न दिखाई देती। अपनी स्थिति को ज्यों की त्यों रखकर सापेक्षिकता द्वारा संतोष लाभ करने का ढीला यत्न आलस्य और नैराश्य नहीं है तो और क्या है? जो वस्तु उज्ज्वल नहीं है उसे मैली वस्तु के पास रखकर हम उसकी उज्ज्वलता से कब तक और कहां तक संतोष कर सकते हैं? जो अपनी उन्नति के प्रयत्न में बराबर लगा रहता है उसे न तो नैराश्य और न ही हर घड़ी दूसरे की स्थिति से अपनी स्थिति के मिलान करते रहने की फुरसत। ईर्ष्या की सबसे अच्छी दवा है उद्योग और आशा। जिस वस्तु के लिए उद्योग और आशा निष्फल हो उस पर से अपना ध्यान हटाकर दृष्टि की अनन्तता से लाभ उठाना चाहिए।

जिससे ईर्ष्या की जाती है उस पर ईर्ष्या का प्रभाव क्या पड़ता है यह भी देख लेना चाहिए। ईर्ष्या अप्रेष्य मनोविकार है। किसी मनुष्य को अपने से ईर्ष्या करते देख हम भी बदले में उससे ईर्ष्या नहीं करने लगते

www.awillguru.com

हैं। दूसरे को ईर्ष्या करते देखकर हम उससे घृणा करते हैं। दूसरे की ईर्ष्या का फल भोगकर हम उस पर क्रोध करते हैं जिससे अधिक अनिष्टकारिणी शक्ति होती है। अतः ईर्ष्या ऐसी बुराई है जिसका बदला यदि मिलता है तो कुछ अधिक ही मिलता है। इससे इस बात का आभास होता है कि प्रकृति के कानून में ईर्ष्या एक पाप या जुर्म है। अपराधी ने अपने अपराध से जितना कष्ट दूसरे को पहुँचाया, अपराधी को भी केवल उतना ही कष्ट पहुंचाना सामाजिक न्याय नहीं है, अधिक कष्ट पहुँचाना न्याय है, क्योंकि निरपराध व्यक्ति की स्थिति को अपराधी की स्थिति से अच्छा दिखलाना न्याय का काम है।

1. जो अपनी उन्नति के प्रयास में लगा रहता है, उसे

(a) इतनी फुरसत नहीं रहती कि हर दम वह दूसरे की स्थिति से अपनी स्थिति की तुलना करता रहे।
(b) निराश होने का समय नहीं मिलता।
(c) क्रोध करने से बचे रहने का अवसर मिलता है।
(d) किसी से ईर्ष्या करने की जरूरत नहीं होती।

उत्तर (a) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2012**

2. किसी को अपने से ईर्ष्या करते देख बदले में हम-

(a) उससे ईर्ष्या करने लगते हैं।
(b) उस पर क्रोध नहीं करते हैं।
(c) उससे बदला लेने की भावना को जन्म देने लगते हैं।
(d) उससे घृणा करने लगते हैं।

उत्तर (d) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2012**

3. ईर्ष्या का सबसे अच्छा उपचार है कि-

(a) ईर्ष्यालु व्यक्ति से ईर्ष्या की जाए।
(b) ईर्ष्यालु को दण्डित किया जाय।
(c) आशापूर्ण ढंग से अपना उद्योग किया जाय।
(d) ईर्ष्यालु को उसके हाल पर छोड़ दिया जाय।

उत्तर (c) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2012**

4. उपर्युक्त अवतरण के अनुसार-

(a) ईर्ष्या में क्रोध की तुलना में अधिक वेग होता है।
(b) ईर्ष्या में क्रोध की तुलना में कम वेग होता है।
(c) जो वेग क्रोध में होता है वह ईर्ष्या में नहीं होता।
(d) क्रोध और ईर्ष्या में बराबर वेग होता है।

उत्तर (c) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2012**

अनुच्छेद-2

जैसे धृतराष्ट्र ने लौह निर्मित भीम को अपने अंक में भरकर चूर - चूर कर दिया था- वैसे ही प्रायः पार्थिव व्यक्तितत्व कल्पना-निर्मित व्यक्तित्व को खण्ड - खण्ड कर देता है। पर इसे मैं अपना सौभाग्य समझती हूँ कि रवींद्र के प्रत्यक्ष दर्शन ने मेरी कल्पना-प्रतिमा को अधिक दीप्त सजीवता दी; उसे कहीं से खण्डित नहीं किया। पर उस समय मन में कुतूहल का भाव ही अधिक था जो जीवन के शैशव का प्रमाण है। दूसरी बार जब उन्हें 'शांति निकेतन' में देखने का सुयोग प्राप्त हुआ तब मैं अपना कर्म क्षेत्र चुन चुकी थी। वे अपनी मिट्टी की कुटी 'श्यामली' में बैठे हुए ऐसे जान पड़े मानो काली मिट्टी में अपनी उज्ज्वल कल्पना उतारने में लगा हुआ कोई अद्भुत कर्मा शिल्पी हो। तीसरी बार उन्हें रंगमंच पर सूत्रधार की भूमिका में उपस्थित देखा। जीवन की संध्या बेला में 'शांति निकेतन' के लिए उन्हें अर्थ संग्रह में यत्नशील देखकर न कुतूहल हुआ न प्रसन्नता; केवल एक गंभीर विषाद की अनुभूति से हृदय भर आया। हिरण्यगर्भा धरती वाला हमारा देश भी कैसा विचित्र है! जहां जीवन शिल्प की वर्णमाला भी अज्ञात है वहां वह साधनों का हिमालय खड़ा कर देता है और जिसकी उंगलियों में सृजन स्वयं उतरकर पुकारता है उसे साधन शून्य रेगिस्तान में निर्वासित कर जाता है। निर्माण की इससे बड़ी विडम्बना क्या हो सकती है कि शिल्पी और उपकरणों के बीच में आग्नेय रेखा खींचकर कहा कि कुछ नहीं बनता या सब कुछ बन चुका।

1. अंतिम बार टैगोर का दर्शन करने पर लेखिका को विषाद क्यों हुआ?

(a) इसलिए कि टैगोर जैसे महान कलाकार को भी भौतिक साधन जुटाना पड़ रहा है।
(b) इसलिए कि टैगोर भीख मांगने पर मजबूर हुए।
(c) इसलिए कि अच्छे कार्य के लिए भी आर्थिक सहायता नहीं मिल रही है।
(d) इसलिए कि लोग कला में विशेष रूचि नहीं रखते हैं।

उत्तर (c) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2012**

2. इस गद्यांश में लेखिका पाठकों को क्या बतालाना चाहती है?

(a) कल्पना जगत और वास्तविक जगत का भेद
(b) रवींद्रनाथ ठाकुर का संक्षिप्त परिचय
(c) भारतवर्ष के लिए शांति निकेतन का अवदान
(d) टैगोर जैसे कलाकार की वृद्धावस्था में साधनहीनता पर दुःख

उत्तर (d) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2012**

3. गद्यांश का केंद्रीय भाव निम्नलिखित में से किस कथन से है?

(a) महान लोगों को भी सत्कार्य हेतु धन एकत्र करने के लिए भीख मांगना पड़ जाता है।
(b) भारत जैसे विशाल देश में भी शिल्प कार्य के लिए धन की कमी है।
(c) धन के बिना किसी संस्था का संचालन नहीं हो सकता है।
(d) बड़े लोगों को किसी संस्था के लिए धन एकत्र करने में कठिनाई नहीं होती।

उत्तर (b) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2012**

4. इस गद्यांश के आधार पर कौन सा कथन उपयुक्त है?

(a) धृतराष्ट्र को भ्रम हो गया था।
(b) कल्पना वास्तविकता के प्रकट हो जाने पर खण्डित हो जाती है।
(c) कल्पना-निर्मित शरीर असत्य है और पार्थिव शरीर सत्य है।
(d) कवींद्र रवींद के दर्शन से लेखिका का भ्रम मिट गया।

उत्तर (b) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2012**

www.awillguru.com

अनुच्छेद-3

भारतवर्ष पर प्रकृति की विशेष कृपा रही है। यहां सभी ऋतुएं अपने समय पर आती हैं और पर्याप्त काल तक ठहरती हैं। ऋतुएं अपने अनुकूल फल फूलों का सृजन करती हैं। धूप और वर्षा के समान अधिकार के कारण यह धरती शस्य श्यामला हो जाती है। यहाँ का नगाधिराज हिमालय कवियों को सदा से प्रेरणा देता आ रहा है और यहाँ की नदियाँ मोक्षदायिनी समझी जाती रही हैं। यहां कृत्रिम धूप और रोशनी की आवश्यकता नहीं पड़ती। भारतीय मनीषी जंगल में रहना पसंद करते थे। प्रकृति प्रेम के कारण ही यहां के लोग पत्तों में खाना पसंद करते हैं। वृक्षों में पानी देना एक धार्मिक कार्य समझते हैं। सूर्य और चंद्र दर्शन नित्य और नैमित्तिक कार्यों में शुभ माना जाता है। यहां पशु-पक्षी लता, गुल्म और वृक्ष तपोवनों के जीवन का एक अंग बन गये थे।

1 भारतीय मनीषी जंगल में रहना क्यों पसंद करते थे?
(a) इसलिए कि वे संन्यास ले लेते थे।
(b) इसलिए कि जंगल में फल-फूल, कन्द मूल अधिक मिलते थे।
(c) इसलिए कि जंगल में वे निर्द्वन्द्व रहते थे।
(d) इसलिए कि वे प्रकृति प्रेमी थे।
उत्तर (d) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2012**

2. 'गुल्म' का तात्पर्य क्या है?
(a) फूल (b) झाड़
(c) फल (d) गुच्छा
उत्तर (b) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2012**

3. उपर्युक्त गद्यांश निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?
(a) हिमालय के महत्व से (b) प्रकृति प्रेम से
(c) ऋतु वर्णन से (d) वृक्षारोपण से
उत्तर (b) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2012**

4. इस गद्यांश में 'शस्य श्यामला' से क्या तात्पर्य हैं?
(a) हरी भरी घासों वाली (b) हरी भरी फसलों वाली
(c) श्यामल वृक्षों वाली (d) हरे भरे वन प्रदेश वाली
उत्तर (b) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2012**

अनुच्छेद - 4

भाषा का प्रयोग दो रूपों में किया जा सकता है-एक तो सामान्य जिससे लोक में व्यवहार होता है तथा दूसरा साहित्य रचना के लिए जिसमें प्रायः अलंकारिक भाषा का प्रयोग किया जाता है। साहित्यिक रचना के लिए प्रयुक्त भाषा लोक भाषा का कार्य आते हुए भी उससे भिन्न होती है। क्योंकि इसमें कवि की कल्पना भी काम करती है तथा उसे परिमार्जित रूप मे प्रस्तुत करती है। विद्वानों का अनुमान है कि जब से संसार में साहित्य का सृजन आरंभ हुआ है तभी से आलंकारिक भाषा प्रयोग में लाई जा रही है। संसार का प्राचीनतम ग्रंथ ऋग्वेद तथा आदि महाकाव्य रामायण इस बात के प्रत्यक्ष प्रमाण है। इन दोनों रचनाओं में अलंकृत भाषा के उत्कृष्ट उदाहरण प्राप्त होते हैं। संसार के समस्त कवियों तथा साहित्यकारों ने इसी प्रवृत्ति का अनुकरण किया है। वस्तुतः अलंकृत भाषा के अभाव में काव्य, काव्य नहीं कहलाता। इसी बात का समर्थन करते हुए कहा भी गया है कि अलंकार विहिन कविता विधवा के समान होती है। आचार्य भामह का भी कथन है कि जिस प्रकार किसी रमणी की सुंदरता अलंकारों के बिना पूर्ण नहीं होती, उसी प्रकार साहित्य भी आभूषणों के बिना शोभा नहीं पाता। आचार्य दंडी ने अलंकारों को काव्य का शोभा विधायक धर्म माना है। आचार्य मम्मट और विश्वनाथ ने भी काव्य में अलंकार की महत्ता स्वीकारते हुए क्रमशः उन्हें सौन्दर्य के उपकारक तथा शब्दार्थ के शोभातिशायी धर्म कहा गया है।

1. संसार के अधिकांश कवियों ने जिस भाषा विषयक प्रवृत्ति का अनुकरण किया है, वह प्रवृत्ति है।
(a) लाक्षणिक एवं योजना प्रधान भाषा का प्रयोग
(b) अलंकृत भाषा का प्रयोग
(c) लोक व्यवहार की भाषा का प्रयोग
(c) कोमलकांत पदावली का प्रयोग
उत्तर (b) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2013**

2. शब्दार्थ के शोभातिशायी धर्म अलंकार के समर्थक आचार्य हैं-
(a) विश्वनाथ (b) भामह
(c) दंडी (d) बाणभट्ट
उत्तर (a) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2013**

3. साहित्यिक भाषा और लोक भाषा में एक प्रमुख अंतर है कि प्रथम
(a) परिमार्जित होती है और दूसरी अपरिमार्जित
(b) अलौकिक होती है और दूसरी लौकिक
(c) धर्मग्रन्थों में प्रयुक्त होती है और दूसरी लोककथाओं में
(d) आदर्शों पर आधारित होती है और दूसरी कल्पना पर
उत्तर (a) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2013**

4. लोक व्यवहार की भाषा होती है
(a) अलंकार पूर्ण साहित्यिक भाषा
(b) संस्कृतनिष्ठ लोक भाषा
(c) व्याकरण सम्मत लोकभाषा
(d) बोलचाल की सामान्य लोकभाषा
उत्तर (d) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2013**

अनुच्छेद-5

आज तीसरी दुनिया के विकासशील देशों में देश के आधुनिकीकरण और विकास में रुचि रखने वाले व्यक्तियों के लिए भूमंडलीकरण एक मोहक शब्द है। अमेरिका तथा उसकी बिरादरी के एकाधिकारवादी बड़े पूँजीवादी देशों ने गरीबी से संघर्ष कर रहे विकासशील देशों के त्वरित विकास के लिए इसे एक कारगर और प्रभावी उपाय के रूप में प्रचारित किया है। विकास के प्रश्न को केवल अर्थशास्त्र की दृष्टि से देखने वाले इन बड़े राष्ट्रों का मानना है

www.awillguru.com

कि सकल राष्ट्रीय उत्पाद और राष्ट्रीय आय की वृद्धि में इसकी भूमिका चमत्कारिक है। इस अर्थ में भूमंडलीकरण आज विश्व में विकास का नया और आकर्षक नारा बन गया है। किसी देश की अर्थव्यवस्था को अन्य देशों की अर्थव्यवस्था से संबद्ध कर उसे विश्वव्यापी बनाना। इसके लिए सभी वस्तुओं के आयात की खुली छूट, सीमा शुल्क में कमी, विदेशी पूँजी के मुक्त प्रवाह की अनुमति, सेवा क्षेत्र विशेषकर बैंकिंग, बीमा तथा जहाजरानी क्षेत्रों ने विदेशी पूँजी-निवेश आदि उदार अर्थनीतियों को अपनाना आवश्यक है। आर्थिक उदारीकरण भूमंडलीकरण की आधारभूत शर्त है जिसके बिना देश की अर्थव्यवस्था को विश्वव्यापी आयाम नहीं दिया जा सकता। उदारीकरण का अर्थ है देश के उद्योग, व्यापार, लघु उद्योग और निर्यात की उपेक्षा कर देश में विदेशी उद्योग व व्यापार स्थापित करने एवं आयात को बढ़ावा देने की उदारता बरतना। इस प्रकार भूमंडलीकरण निर्यात की तुलना में आयात तथा स्वदेशी उद्योग-धंधों की अपेक्षा विदेशी उद्योग-धंधों को प्रोत्साहन देने की आधारभूत नीति को अपनाकर चलता है, जो किसी भी राष्ट्र के हित में नहीं है विश्व के बड़े पूँजीवादी राष्ट्रों ने भूमंडलीकरण को विकासशील देशों के लिए एक अद्भुत वरदान माना है। गोया वह उन देशों के विकास के लिए अलादीन का चिराग हो।

1. **भूमंडलीकरण में**
   (a) विश्व के सभी देशों के समान विकास की भावना निहित है।
   (b) राष्ट्रों की सांस्कृतिक अस्मिता का संरक्षण होता है।
   (c) बड़े राष्ट्रों की एकाधिकारवादी मनोवृत्ति का कुठाराघात होता है
   (d) बड़े देशों द्वारा छोटे देशों का शोषण करने की भावना निहित है।

   उत्तर (d) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2013**

2. **'अलादीन का चिराग' का अर्थ है**
   (a) एक मात्र सहारा
   (b) सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प
   (c) अभीसिप्त वस्तु
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

   उत्तर (c) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2013**

3. **इस गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक निम्नलिखित में से क्या होना चाहिए?**
   (a) आर्थिक उदारीकरण (b) वैश्वीकरण
   (c) भूमंडलीकरण (d) बाजारीकरण

   उत्तर (c) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2013**

4. **भूमंडलीकरण से**
   (a) निर्यात को प्रोत्साहन मिलता है
   (b) विदेशी उद्योग-धन्धों को प्रोत्साहन मिलता है
   (c) स्वदेशी उद्योग - धन्धों को प्रोत्साहन मिलता है।
   (d) विकासशील देशों का त्वरित विकास होता है।

   उत्तर (b) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2013**

अनुच्छेद-6

शीलयुक्त व्यवहार मनुष्य की प्रकृति और व्यक्तित्व को उद्घाटित करता है। उत्तम, प्रशंसनीय और पवित्र आचरण ही शील है। शीलयुक्त व्यवहार प्रत्येक व्यक्ति के लिए हितकर है। इससे मनुष्य की ख्याति बढ़ती है। शीलवान व्यक्ति सबका हृदय जीत लेता है। शीलयुक्त व्यवहार से कटुता दूर भागती है। इससे शंका और संदेह की स्थितियाँ कमी उत्पन्न नहीं होती। इससे ऐसा सुखद वातावरण सृजित होता है। जिसमें सभी प्रसन्नता का अनुभव करते हैं। शीलवान व्यक्ति अपने संपर्क में आने वाले सभी लोगों को सुप्रभावित करता है। शील इतना प्रभुत्वपूर्ण होता है कि किसी कार्य के बिगड़ने की नौबत नहीं आती।

अधिकारी-अधीनस्थ, शिक्षक-शिक्षार्थी, छोटे-बड़ों आदि सभी के लिए शीलयुक्त व्यवहार समान रूप से आवश्यक है। शिक्षार्थी में शील का अभाव है तो वह अपने शिक्षक से वांछित शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकता। शीलवान अधिकारी या कर्मचारी में आत्मविश्वास की वृद्धि स्वतः ही होने लगती है और साथ ही साथ उसके व्यक्तित्व में शालीनता आ जाती है। इस अमूल्य गुण की उपस्थिति में अधिकारी वर्ग और अधीनस्थ कर्मचारियों के बीच, शिक्षकगण और विद्यार्थियों के बीच तथा शासक और शासित के बीच मधुर एवं प्रगाढ़ संबंध स्थापित होते हैं और प्रत्येक वर्ग की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है। इस गुण के माध्यम से छोटे से छोटा व्यक्ति बड़ों की सहानुभूति अर्जित कर लेता है।

शील कोई दुर्लभ और दैवी गुण नहीं है। इस गुण को अर्जित किया जा सकता है। पारिवारिक संस्कार इस गुण को विकसित और विस्तारित करने में बड़ी भूमिका अदा करते हैं। मूल भूमिका तो व्यक्ति स्वयं अदा करता है। चिंतन, मनन, सत्संगति, स्वाध्याय और सतत अभ्यास से इस गुण की सुरक्षा और इसका विकास होता है। सुसंस्कृत मनुष्य के चरित्र का यह शील अभिन्न अंग है। यह गुण मनुष्य को सच्चे अर्थों में मानव बनाता है। इस अमूल्य गुण को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना प्रत्येक मनुष्य का परम कर्तव्य है। इससे मनुष्य की गरिमा बढ़ती है और उससे व्यक्तित्व में चार चांद लग जाते हैं।

1. **शील गुण के कारण अधिकारियों और कर्मचारियों में-**
   (a) मधुर एवं प्रगाढ़ संबंध स्थापित होता है
   (b) कटुता एवं वैमनस्य स्थापित होता है
   (c) परस्पर संदेह बढ़ता है (d) स्नेह घटने लगता है

   उत्तर (a) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2013**

2. **शील गुण किस प्रकार अर्जित किया जा सकता है?**
   (a) मित्रों के साथ समय बिताने से
   (b) प्रतिदिन नियमित व्यायाम से
   (c) स्वयं के चिंतन, मनन, सत्संगति एवं सतत अभ्यास से
   (d) ख्याली पुलाव पकाने से

   उत्तर (c) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2013**

www.awillguru.com

3. **शील युक्त व्यवहार प्रत्येक व्यक्ति के लिए हितकर है क्योंकि इससे**
(a) बहुत अधिक सम्पत्ति मिलती है
(b) कटुता दूर होती है
(c) दीर्घ आयु प्राप्त होती है
(d) पुण्य प्राप्त होता है
उत्तर (b) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2013**

4. **शीलवान व्यक्ति अपने संपर्क में आने वाले लोगों को कैसे प्रभावित करता है?**
(a) साधन सुलभ कराने के द्वारा प्रभावित करता है
(b) लोगों को निःस्वार्थ सेवा द्वारा प्रभावित करता है
(c) सबको गर्मजोशी से स्वागत द्वारा प्रभावित करता है
(d) सुखद वातावरण के सृजन द्वारा प्रभावित करता है।
उत्तर (d) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2013**

अनुच्छेद-7

मनुष्य की समस्याएँ दो प्रकार की हैं। एक समस्या शरीर की है, जिसका समाधान रोटी और वस्त्र तथा अन्य आधिभौतिक सुविधाएँ मानी जा सकती है। किन्तु, सब प्रकार से सुखी मनुष्य भी दुःख, दौर्मनस्य, रोग, शोक, जरा और मरण का शिकार होता है। इस समस्या का समाधान न तो रोटी और वस्त्र, न मोटर और महल हो सकते हैं। प्राचीन और मध्यकालीन विश्व शारीरिक समस्याओं से अधिक अपनी आध्यात्मिक समस्याओं को प्रमुख मानता था। इसी से उस समय अध्यात्म-विद्या का सभी देशों में विकास हुआ और मनुष्य मानने लगा कि जो सत्य प्रयोगशाला में परखा नहीं जा सकता, डॉक्टर के स्टैथेस्कोप और सर्जन की छूरी से छुआ नहीं जा सकता, वह या तो सत्य ही नहीं है, अथवा है तो ऐसा है, जिसकी ओर मनुष्य को ध्यान नहीं देना चाहिए और विज्ञान ज्यों-ज्यों नई विजय प्राप्त करता गया, त्यों-त्यों अधिकाधिक मनुष्य उसके भक्त बनते गये, यहाँ तक कि अध्यात्मवादियों को भी आवश्यकता अनुभूत होने लगी कि अपनी बातों को वे, जहाँ तक संभव हो विज्ञान की भाषा में रखें। किन्तु विज्ञान की वृद्धि से भी मनुष्य की शाश्वत समस्यायें दूर नहीं हुई। वह आज भी दुःखी है। वह आज भी रोग, शोक, जरा और मरण का शिकार होता है तथा सबसे बड़ी बात तो यह है कि पहले जिन सुखों को लोग कल्पना भी नहीं कर सकते थे, उन सुखों के शैल पर बैठा हुआ मनुष्य भी चंचल, विषण्ण और अशांत है तथा उतना अशांत है जितना पहले के युग में, शायद ही कोई, रहा हो। अतएव, चिंतकों पर यह प्रतिक्रिया हुई कि मनुष्य की समस्याओं का समाधान विज्ञान भी नहीं है, क्योंकि विज्ञान से शरीर चाहे जितना सुखी हो जाये, आंतरिक संतोष में वृद्धि नहीं होती, उलटे, दिनों दिन उसकी मात्रा घटती जाती है।

1. **प्राचीन और मध्यकालीन विश्व की जीवन के विषय में चिंतन दृष्टि क्या थी?**
(a) वह शारीरिक समस्याओं को प्रमुख मानता था।
(b) वह शारीरिक समस्याओं से अधिक आध्यात्मिक समस्याओं को प्रमुख मानता था।
(c) विज्ञान ही उसके लिए परम सत्य था।
(d) सभी समस्याओं के निदान के लिए विज्ञान उसके लिए वरेण्य था।
उत्तर (b) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2014**

2. **विज्ञान का सत्य किस पर आधारित है?**
(a) डॉक्टर के स्टैथेस्कोप और सर्जन की छुरी पर।
(b) अध्यात्मक-विद्या की उन्नति पर
(c) प्रयोगशाला में परीक्षण पर।
(d) आस्था और भक्ति पर।
उत्तर (c) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2014**

3. **विज्ञान की सीमा क्या है?**
(a) वह पूर्ण आत्मिक संतोष प्रदान नहीं कर पाता।
(b) यह आधिभौतिक और आत्मिक सुविधायें प्रदान करता है।
(c) उससे शरीर और मन दोनों सुखी रहते हैं।
(d) वह रोग, शोक, जरा और मरण पर भी विजय प्राप्त कर लेता है।
उत्तर (a) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2014**

4. **उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार**
(a) विज्ञान की उन्नति से मनुष्य की शाश्वत समस्याएँ दूर हो गईं।
(b) मानव समाज आज पहले की अपेक्षा अधिक सुखी और शांत है।
(c) जिन सुखों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी, आज वह सब को सुलभ हैं।
(d) मनुष्य की सभी समस्याओं का समाधान विज्ञान भी नहीं है।
उत्तर (d) : **U.P. P.C.S. (Pre)-2014**

अनुच्छेद-8

कुछ महापुरुष तटस्थ होकर चिंतन करते हैं और अन्वीक्षण, चिंतन, मनन, विश्लेषण, संश्लेषण आदि के आधार पर नई व्यवस्था की कल्पना करते हैं तथा नए मूल्यों, नए आदर्शों तथा नई आस्थाओं का सृजन करते हैं। नई व्यवस्था देने वाले ऐसे तटस्थ चिंतक धन्य होते हैं क्योंकि केवल आलोचना करते रहना तो सरल है किन्तु उपाय बताना कठिन है। मार्क्स ने कुछ उपाय बताए और लेनिन ने उन्हें मूर्त रूप दिया। रूसो, लास्की आदि ने भी उपाय

www.awillguru.com

बताए, उन्हें साकार करना अन्य जन पर निर्भर रहा। किन्तु कुछ महापुरुष और भी आगे बढ़ गए। उन्होंने केवल उपाय नहीं बताया बल्कि स्वयं एकनिष्ठा से उस पर आचरण करने के लिए जुट गए। महात्मा गाँधी ने जो समझा वही कहा, और जो कहा वही किया। उनके विचार, कथनी और करनी एक ही थे। उनमें अपनी बात कहने और आचरण करने का साहस था। उनका जीवन अपने सुझाए हुए उपायों एवं आदर्शों के आधार पर विहित प्रयोगों और अनुभवों की सजीव श्रृंखला है। महात्मा गाँधी काल के प्रवाह के साथ नहीं बहे। ये युग प्रवर्तक हो गए। गाँधी महान् और अलौकिक पुरुष थे।

1. **उक्त गद्यांश का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?**
   (a) आदर्शवाद (b) मार्क्सवाद
   (c) समाजवाद (d) कर्मवाद
   उत्तर (d) U.P. P.C.S. (Pre)-2015
2. **इस गद्यांश में लेखक के मुख्य रूप से क्या वर्णित किया है?**
   (a) कुछ महापुरुषों का चरित्र-चित्रण किया है।
   (b) मार्क्स के सिद्धांतों की व्याख्या की है।
   (c) मात्र महात्मा गाँधी के चरित्र की विशिष्टता का कारण बताया है।
   (d) महात्मा गाँधी के सत्याग्रह आंदोलन का महत्त्व मात्र समझाया है।
   उत्तर (c) U.P. P.C.S. (Pre)-2015
3. **इस गद्यांश में लेखक ने यूरोप के कुछ महापुरुषों के विषय में क्या कहा है?**
   (a) उन्होंने नए मूल्यों की स्थापना की।
   (b) उन्होंने कुछ नए आदर्श स्थापित किए।
   (c) उन्होंने उपाय तो बताए पर उनका कार्यान्वयन दूसरों पर छोड़ दिया।
   (d) ये यथार्थवादी थे।
   उत्तर (c) U.P. P.C.S. (Pre)-2015
4. **इस गद्यांश में लेखक ने महात्मा गाँधी के विषय में क्या कहा है?**
   (a) वे केवल सिद्धांतवादी थे।
   (b) उनकी कथनी और करनी में अंतर था।
   (c) वे केवल आदर्शवादी थे।(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
   उत्तर (d) U.P. P.C.S. (Pre)-2015
5. **'तटस्थ चिंतन' से क्या अभिप्राय है?**
   (a) स्वांतः सुखाय ऊहापोह करना।
   (b) एकांत में बैठकर सोचना
   (c) निष्पक्ष होकर सोच-विचार करना।
   (d) गंभीर चिंतन करना।
   उत्तर (c) U.P. P.C.S. (Pre)-2015

अनुच्छेद- 9

समस्याओं का हल ढूँढ़ने की क्षमता पर एक अध्ययन किया गया। इसमें भारत में तीन तरह के बच्चों के बीच तुलना की गई, एक तरफ वे बच्चे जो दुकानदारी करते हैं स्कूल नहीं जाते, ऐसे बच्चे जो दुकान सँभालते हैं और स्कूल भी जाते हैं और तीसरा समूह उन बच्चों का था जो स्कूल जाते हैं, पर दुकान पर कोई मदद नहीं करते।

उनसे गणना के व इबारती सवाल पूछे गए। दोनों ही तरह के सवालों में उन स्कूली बच्चों ने जो दुकानदार नहीं हैं, मौखिक गणना या मनगणित का प्रयोग बहुत कम किया, बनिस्पत उसके जो दुकानदार थे। स्कूली बच्चों ने ऐसी गलतियाँ भी कीं, जिनका कारण नहीं समझा जा सका। इससे यह साबित होता है कि दुकानदारी से जुड़े हुए बच्चे हिसाब लगाने में गलती नहीं कर सकते क्योंकि इनका सीधा असर उनके काम पर पड़ता है, जबकि स्कूलों के बच्चे वही हिसाब लगाने में अक्सर भयंकर गलतियाँ कर देते हैं

इससे यह स्पष्ट होता है कि जिन बच्चों को रोजमर्रा की जिन्दगी में इस तरह के सवालों से जूझना पड़ता है, वे अपने लिए जरूरी गणितीय क्षमता हासिल कर लेते हैं

लेकिन साथ ही इस बात पर भी गौर करना महत्वपूर्ण है कि इस तरह की दक्षताएँ एक स्तर तक और एक कार्य-क्षेत्र तक सीमित होकर रह जाती हैं। इसलिए वे सामाजिक व सांस्कृतिक परिवेश जो कि ज्ञान को वनाने व बढ़ाने में मदद करते हैं, वहीं उस ज्ञान को संकुचित और सीमित भी कर सकते हैं।

1. **समस्याओं का हल खोजने पर आधारित अध्ययन किस विषय से जुड़ा हुआ था?**
   (a) दुकानदारी (b) सामाजिक विज्ञान
   (c) गणित (d) भाषा
   उत्तर (c) : C.T.E.T.-2012, II[nd] Paper
2. **किन बच्चों के सवाल हल करने में मौखिक गणना का ज्यादा प्रयोग किया?**
   (a) जो दुकानदारी करते हैं।
   (b) जो सिर्फ स्कूल जाते हैं।
   (c) जो बच्चे न ते दुकानदारी करते हैं और न ही स्कूल जात हैं
   (d) जो स्कूली बच्चे दुकानदारी नहीं करते।
   उत्तर (a) : C.T.E.T.-2012, II[nd] Paper
3. **अनुच्छेद के आधार पर कहा जा सकता है कि-**
   (a) बच्चों को गणित सीखने के लिए दुकानदारी करनी चाहिए।
   (b) बच्चे रोजमर्रा के जीवन में काम आने वाली दक्षताओं को स्वतः ही हासिल कर लेते हैं।
   (c) सिर्फ दुकानदार बच्चे ही गणित सीख सकते हैं।
   (d) बच्चों को गणित सीखना चाहिए।
   उत्तर (b) : C.T.E.T.-2012, II[nd] Paper

www.awillguru.com

4. **दूकानदार बच्चे हिसाब लगाने में प्राय: गलती नहीं करते क्योंकि**
(a) वे जन्म से ही बहुत ही दक्ष हैं।
(b) वे कभी भी गलती नहीं करते।
(c) गलती का असर उनके काम पर पड़ता है।
(d) इससे उन्हें माता-पिता से डाँट पड़ेगी।
उत्तर (c) : C.T.E.T.-2012, II^nd Paper

5. **वे दक्षताएँ हमारे दैनिक जीवन में काम नहीं आती उनमें हमारा प्रदर्शन अक्सर**
(a) अच्छा होता है। (b) खराब-अच्छा होता रहता है।
(c) सन्तोषजनक होता है। (d) खराब होता है।
उत्तर (b) : C.T.E.T.-2012, II^nd Paper

6. **अनुच्छेद के आधार पर बताइए कि सामाजिक व सांस्कृतिक परिवेश ज्ञान को**
(a) संकुचित कर सकता है (b) सीमित कर सकता है
(c) बनाने में मदद भी करता है और उसे संकुचित, सीमित भी कर सकता है
(d) बनाने में मदद करता है
उत्तर (c) : C.T.E.T.-2012, II^nd Paper

7. **'इक' प्रत्यय का उदाहरण है-**
(a) संकुचित (b) सांस्कृतिक
(c) चूँकि (d) सीमित
उत्तर (b) : C.T.E.T.-2012, II^nd Paper

8. **'मनगणित' का अर्थ है-**
(a) 'मन-ही-मन हिसाब लगाना
(b) कठिन गणित
(c) मनगढ़ंत गणित
(d) मनपसन्द गणित
उत्तर (a) : C.T.E.T.-2012, II^nd Paper

9. **संयुक्त क्रिया का उदाहरण है-**
(a) अध्ययन किया गया। (b) दुकान सम्भालते हैं।
(c) हिसाब लगाते हैं। (d) स्कूल जाते हैं।
उत्तर (a) : C.T.E.T.-2012, II^nd Paper

अनुच्छेद- 10

हरा-भरा हो जीवन अपना स्वस्थ रहे संसार,
नदियाँ, पर्वत, हवा, पेड़ से आती है बहार।
बचपन, कोमल तन-मन लेकर,
आए अनुपम जीवन लेकर,
जग से तुम और तुमसे है ये प्यारा संसार,
हरा-भरा हो जीवन अपना स्वस्थ रहे संसार,
वृन्द-लताएँ, पौधे, डाली
चारों ओर भरे हरियाली
मन में जगे उमंग यही है सृष्टि का उपहार,
हरा-भरा हो जीवन अपना
स्वस्थ रहे संसार,
मुश्किल से मिलता है जीवन,
हम सब इसे बनाएँ चन्दन
पर्यावरण सुरक्षित न हो तो है सब बेकार
हरा-भरा हो जीवन अपन स्वस्थ रहे संसार।

1. **'हरा-भरा जीवन' का अर्थ है-**
(a) खुशियों से परिपूर्ण जीवन
(b) पेड़-पौधों से घिरा जीवन
(c) हरे रंगों से भरा जीवन
(d) हरियाली-युक्त जीवन
उत्तर (a) : C.T.E.T.-2012, II^nd Paper

2. **कौन-सी चीजें बहार लेकर आती हैं?**
(a) पेड़ों की हवा (b) नदियों की आवाज
(c) पहाड़ों की चोटियाँ (d) समस्त प्राकृतिक उपादान
उत्तर (d) : C.T.E.T.-2012, II^nd Paper

3. **कवि ने सृष्टि का उपहार किसे कहा है?**
(a) पौधे व डालियाँ (b) वृन्द-लताएँ
(c) हरा-भरा जीवन
(d) प्राकृतिक सुन्दरता और उससे उत्पन्न होने वाली खुशी
उत्तर (d) : C.T.E.T.-2012, II^nd Paper

4. **कवि यह सन्देश देना चाहता है कि**
(a) चन्दन के पेड़ लगाने चाहिए
(b) जीवन में सब बेकार है
(c) पर्यावरण-संरक्षण में ही जीवन सम्भव है
(d) प्रकृति में पेड़-पौधे, नदियाँ, पर्वत शामिल है
उत्तर (c) : C.T.E.T.-2012, II^nd Paper

5. **जग से तुम और तुम से है यह प्यारा संसार' पंक्ति के माध्यम से कवि कहना चाहता है कि**
(a) संसार का अस्तित्व व्यक्तियों से स्वतन्त्र है
(b) व्यक्ति और संसार दोनों का अस्तित्व एक-दूसरे पर निर्भर करता है
(c) संसार चलाने के लिए व्यक्तियों की आवश्यकता होती है
(d) व्यक्ति का अस्तित्व संसार से स्वतन्त्र है
उत्तर (b) : C.T.E.T.-2012, II^nd Paper

6. **'अनुपम' से अभिप्राय है-**
(a) जिसकी उपमा न दी जा सके
(b) सुखद
(c) आनन्दमय
(d) मनोहारी
उत्तर (a) : C.T.E.T.-2012, II^nd Paper

www.awillguru.com

अनुच्छेद- 11

मनु बहन ने पूरे दिन की डायरी लिखी, लेकिन एक जगह लिख दिया, 'सफाई वगैरह की।'

गाँधी जी प्रतिदिन डायरी पढ़कर उस पर अपने हस्ताक्षर करते थे। आज की डायरी पर हस्ताक्षर करते हुए गाँधी जी ने लिखा, "कातने की गति का हिसाब लिखा जाए। मन में आए हुए विचार लिखे जाएँ। जो-जो पड़ा हो, उसकी टिप्पणी लिखी जाए। 'वगैरह' का उपयोग नहीं होना चाहिए। डायरी में 'वगैरह' शब्द के लिए कोई स्थान नहीं है।"

जिसने जो पढ़ा हो, वह लिखा जाए। ऐसा करने से पढ़ा हुआ कितना पच गया है, यह मालूम हो जाएगा। जो बातें हुई हों, वे लिखी जाएँ।मनु ने अपनी गलती का अहसास किया और डायरी विद्या की पवितता को समझा।

गाँधीजी ने पुनः मनु से कहा- "डायरी लिखना आसान कार्य नहीं है। यह इबादत करने जैसी विधा है। हमें शुद्ध व सच्चे रूप से प्रत्येक छोटी-बड़ी घटना को निष्पक्ष रूप से लिखना चाहिए चाहे कोई बात हमारे विरुद्ध ही क्यों न जा रही हो। इससे हममें सच्चाई स्वीकार करने की शक्ति प्रदान होती।'

(गाँधी के रोचक संस्मरण)

1. मनु को अपनी किस गलती का अहसास हुआ?
(a) उन्होंने डायरी में 'वगैरह' शब्द का प्रयोग किया था
(b) उन्होंने गाँधीजी की बात नहीं मानी थी
(c) मनु ने डायरी में कातने की गति का हिसाब लिखा था
(d) उन्होंने डायरी में सही-सही बातें लिखी थी

उत्तर (a) : C.T.E.T.-2011, IInd Paper

2. गाँधीजी ने 'वगैरह' शब्द पर अपनी आपत्ति क्यों जताई?
(a) वे चहते थे कि बातों को ज्यों-का-त्यों लिखा जाए
(b) 'वगैरह' शब्द की जगह 'आदि' शब्द का प्रयोग सही है
(c) गाँधीजी चाहते थे कि सही भाषा का प्रयोग हो
(d) 'वगैरह' शब्द में कार्य और विचार की स्पष्टता नहीं है।

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2011, IInd Paper

3. गाँधीजी ने डायरी लिखने को इबाबत करने-जैसा क्यों कहा है?
(a) दोनों में सच्चाई और ईमानदारी चाहिए
(b) दोनों में समय लगता है
(c) दोनों कार्य हमारे कर्त्तव्य में शामिल है
(d) दोनों कार्य रोज किए जाते हैं।

उत्तर (a) : C.T.E.T.-2011, IInd Paper

4. 'डायरी लिखना इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि
(a) इससे व्यक्ति का समय अच्छा गुजर जाता है
(b) इसमें व्यक्ति स्वयं का विश्लेषण करता है और स्व-मूल्यांकन भी करता है
(c) इसमें व्यक्ति पूरे दिन किए गए जमा-खर्च का हिसाब-किताब कर सकता है
(d) गाँधीजी इसे महत्वपूर्ण मानते हैं

उत्तर (b) : C.T.E.T.-2011, IInd Paper

5. गाँधीजी प्रतिदिन डायरी पढ़कर क्या करते थे?
(a) हस्ताक्षर करते थे ताकि जाँच का प्रमाण दिया जा सके
(b) हस्ताक्षर करते थे क्योंकि यह नियम था
(c) लोगों को उनकी गलती का अहसास कराते थे
(d) डायरी पर हस्ताक्षर करते थे और यह देखते थे कि व्यक्ति अपने कार्य और विचार में किस दिशा में जा रहा है

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2011, IInd Paper

6. 'प्रतिदिन' शब्द में कौन-सा समास है-
(a) तत्पुरुष समास (b) द्वन्द्व समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) द्विगु समास

उत्तर (c) : C.T.E.T.-2011, IInd Paper

7. 'पढ़ा हुआ कितना पच गया है' का अर्थ है
(a) पढ़ा हुआ कितना आत्मसात किया है
(b) कितना सही उच्चारण के साथ पढ़ा है
(c) पढ़े हुए का कितना विश्लेषण किया है
(d) पढ़ा हुआ कितना समझ में आया है

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2011, IInd Paper

8. 'कार्य' शब्द का तद्भव रूप बताइए-
(a) काम (b) सेवा
(c) कारज (d) काज

उत्तर (a) : C.T.E.T.-2011, IInd Paper

9. 'विचार' में इक प्रत्यय लगाकर शब्द बनेगा-
(a) वैचारिक (b) वैचारीक
(c) विचारिक (d) विचौरिक

उत्तर (a) : C.T.E.T.-2011, IInd Paper

अनुच्छेद- 12

अब न गहरी नींद में तुम सो सकोगे?
गीत गाकर मैं जगाने आ रहा हूँ।
अतल अस्ताचल तुम्हें जाने न दूँगा,
अरुण, उदयाचल सजाने आ रहा हूँ।
कल्पना में आज तक उड़ते रहे तुम,
साधना से सिहरकर मुड़ते रहे तुम।
अब तुम्हें आकाश में उड़ने न दूँगा
आज धरती पर बसाने आ रहा हूँ।

- सोहनलाल द्विवेदी

1. गहरी नींद में सोने का अर्थ है-
(a) चिन्तायुक्त होना (b) मृत्यु को प्राप्त होना
(c) परिश्रमी होना (d) बेखकर होना

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2011, IInd Paper

www.awillguru.com

2. **कवि लोगों को कहाँ नहीं जाने देगा?**
(a) पतन की राह पर (b) पाताल में
(c) अतल गहराई में (d) जहाँ सूर्य अस्त होता है
उत्तर (a) : C.T.E.T.-2011, IInd Paper

3. **कवि किस तरह के व्यक्तियों को सम्बोधित कर रहा है?**
(a) जो आकाश की ऊँचाईयों को छूना चाहते हैं
(b) जो अत्यधिक प्रेरित है (c) जो बहुत परिश्रमी है
(d) जो जीवन की कठोर वास्तविकताओं से बेखहर है
उत्तर (d) : C.T.E.T.-2011, IInd Paper

4. **कवि लोगों को क्यों जगाना चाहता है?**
(a) यह कवि का दायित्व है
(b) ताकि लोग गीत सुन सकें
(c) ताकि मनुष्यों में गतिशीलता आ सके और वे प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सके
(d) सुबह हो गई है
उत्तर (c) : C.T.E.T.-2011, IInd Paper

5. **'अतल अस्ताचल तुम्हें जाने न दूँगा' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?**
(a) अनुप्रास अलंकार (b) श्लेष अलंकार
(c) उपमा अलंकार (d) रूपक अलंकार
उत्तर (a) : C.T.E.T.-2011, IInd Paper

6. **कविता को उपयुक्त शीर्षक हो सकता है-**
(a) जागृति (b) हर्ष
(c) कोलाहल (d) आकाश
उत्तर (a) : C.T.E.T.-2011, IInd Paper

अनुच्छेद- 13

क्या आपने कभी महसूस किया है कि किसी सवाल का सही उत्तर मिल जाने के बाद सिर्फ उकताहट के सिवा कुछ बाकी नहीं बचता। इसके बाद सारे रास्ते बन्द से लगने लगते हैं। दूसरी ओर एक गलत जवाब उतना ही रोचक होता है जितना कोई रहस्यमय कत्ल। मुझे इस बात पर आश्चर्य होता है कि अपने अट्ठाईस वर्षों के अध्यापन के अनुभव में मैंने गलत उत्तरों से कितना कुछ सीखा है। अपनी खुद की और अपने विद्यार्थियों, दोनों द्वारा की गई गलतियों से। अब जब भी कोई विद्यार्थी किसी प्रश्न का गलत उत्तर देता है तो मैं उससे सबसे पहले यह पूछता हूँ कि उसने ऐसा उत्तर क्यों सोचकर दिया?

कला-संकाय के छात्र अक्सर यह शिकायत करते हैं कि विज्ञान-सम्बन्धी परीक्षाएँ उतनी रोमांचक नहीं होती- क्योंकि उनके प्रश्नों और उत्तरों का सही-सही अनुमान लगाया जा सकता है। यदि व्यक्ति की किसी प्रश्न का हल करने का तरीका पहले से ही मालूम है कि उससे कोई चुनौती नहीं बचती। यह सही है, भौतिक विज्ञान के शिक्षक बहुत कड़ी मेहनत करते हैं और सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनके विद्यार्थी सही उत्तर तक पहुँच जाएँ।

हालांकि यह भी अपनी जगह सच है कि भौतिक विज्ञान के शिक्षक के लिए सबसे मजेदर स्थिति तब पैदा होती है जब विद्यार्थी एक ऐसा गलत जवाब दे जिसमें गलती होते हुए भी कुछ सोचने के लिए मजबूर कर देने की क्षमता हो। वहीं वह स्थिति होती है कि जब भौतिकी के किसी पहलू पर पकड़ बनाने की कोशिश कर रहे विद्यार्थी के दिमाग की कशमकश को समझा जा सकता है।

बहुत-से गलत जवाबों की तह से कुछ सही तथ्य और सोचने की शक्ति छुपी होती है। हो सकता है कि उत्तर देने वाला अपना तर्क सही न दे पाया हो, या शिक्षक द्वारा दी गई व्याख्या को सही प्रकार से न समझ गया हो, या फिर भी हो सकता हे कि जिस रूप में उसके समक्ष तथ्य प्रस्तुत किए गए उन्हीं में कोई कमी रह गई हो। हो सकता है कि भौतिक विज्ञान के सहज नियमों को समझने में ही कोई भूल हुई हो।

1. **गलत जवाब को रोचक क्यों कहा गया है?**
(a) गलत जवाब रोचक ही होते हैं
(b) गलत जवाब में बेतुकी बातें होती है
(c) गलत जवाब पर हँसने को मिलता है
(d) गलत जवाब प्रश्नकर्ता को सोचने के लिए प्रेरित कर सकते हैं
उत्तर (d) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

2. **लेखक ने अपने और अपने विद्यार्थियों के गलत जवाब से क्या सीखा**
(a) सवालों के सही जवाब
(b) लोगों के सोचने के तरीके अलग-अलग होते हैं
(c) गलत जवाब देने से रोमांच समाप्त हो जाता है
(d) लोग गलत जवाब देकर रोमांच महसूस करते हैं
उत्तर (b) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

3. **कला-संकाय के छात्रों को विज्ञान की परीक्षाएँ उतनी रोमांचक नहीं लगती थीं, क्योंकि**
(a) विज्ञान के सभी सवालों के जवाब सुनिश्चित है
(b) विज्ञान की परीक्षाओं में अच्छे सवाल नहीं होते थे
(c) विज्ञान की परीक्षाएँ अनुमान लगाने का अवसर नहीं देती क्योंकि जिसके जवाब तयशुदा है
(d) विज्ञान की परीक्षाओं में चुनौतीपूर्ण प्रश्न होते हैं
उत्तर (c) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

4. **अनुच्छेद के आधार पर इनमें से कौन-सा कथन गलत है?**
(a) भौतिक विज्ञान के शिक्षक बच्चों से सही जवाब चाहते थे
(b) भौतिक विज्ञान के शिक्षक सही उत्तर के लिए बहुत मेहनत करते थे
(d) गलत जवाब बच्चों के दिमाग में चल रही चिन्तन प्रक्रिया को उजागर करने की कोशिश करते हैं
(d) गलत उत्तर से दिमाग में कशमकश होने लगती है
उत्तर (a) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

www.awillguru.com

5. **गलत जवाब का क्या कारण नहीं हो सकता?**
(a) तर्क का अभाव, तथ्यों की सही उपलब्धि
(b) समझ न आना
(c) व्याख्या को सही रूप से प्रस्तुत न करना
(d) नियमों में कमियाँ
उत्तर (a) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

6. **पाठ में मुख्य रूप से यह कहा गया है कि-**
(a) गलत जवाब बच्चों की चिन्तन-प्रक्रिया को कुन्द कर देते हैं
(b) गलत जवाब शिक्षकों को अच्छे लगते हैं
(c) गलत जवाब यह बताता है कि बच्चे के दिमाग में क्या चल रहा है
(d) गलत जवाब की मुख्य जिम्मेदरी बच्चे की है
उत्तर (c) : C.T.E.T-2012, IInd Paper

7. **'विज्ञान' में 'इक' प्रत्यय लगाने से शब्द बनेगा-**
(a) विज्ञानिक (b) वैज्ञानिक
(c) वेज्ञानिक (d) विज्ञानीक
उत्तर (b) : C.T.E.T-2012, IInd Paper

8. **परीक्षा, प्रश्न, गलती शब्द के बहुवचन रूप है-**
(a) परीक्षाएँ, प्रश्नों, गलतियाँ
(b) परीक्षाओं, प्रश्नों, गलतियों
(c) परीक्षा प्रश्न, गलतियों
(d) परीक्षाएँ, प्रश्न, गलतियाँ
उत्तर (a) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

9. **अपनी खुद की और अपने विद्यार्थियों...... .वाक्य में रेखांकित सर्वनाम है।**
(a) पुरुषवाचक सर्वनाम (b) सम्बन्धवाचक सर्वनाम
(c) निजवाचक सर्वनाम (d) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
उत्तर (c) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

अनुच्छेद- 14

नदी के उस पार जाने को,
मेरा बहुत मन करता है माँ;
वहाँ कतार में
बँधी है नावें बाँस की खूटियों से।
उसी रास्ते दूर-दूर जाते हैं
हल जोतने किसान
कन्धों पर हल रखे,
रम्भाते हुए गाय-बैल
तैरकर जाते हैं उस पार
घास चरने
शाम को जब वे
लौटते हैं घर
ऊँची-ऊँची घास में छिपकर
हुक्के-हो करते हैं सियार।
माँ तू बुरा न माने तो
बड़ा होकर मैं नाव खेने वाला
एक नाविक बनूँगा

1. **इस कविता में कौन किसे सम्बोधित कर रहा है?**
(a) लेखक अपनी माँ को
(b) लेखक के रूप में एक बच्चा माँ को
(c) लेखक नाविक की माँ को
(d) कोई किसी को नहीं
उत्तर (b) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

2. **लेखक नाविक क्यों बनना चाहता है?**
(a) वह नदी पार के सौन्दर्य का आनन्द उठाना चाहता है
(b) वह हल चलाना चाहता है
(c) वह नदी की यात्रा का मजा लेना चाहता है
(d) वह नाव चलाने सम्बन्धी अपने शौक को पूरा करना चाहता है
उत्तर (a) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

3. **नावों को बाँसों की खूटियों से क्यों बाँधा गया होगा?**
(a) ताकि कोई दूसरा व्यक्ति नाव न ले जाए
(b) नाविक ऐसा ही करते हैं
(c) कहीं लहरें नाव को बहाकर न ले जाएँ
(d) बाँसों की खूटियाँ पानी में तैरती रहती है
उत्तर (c) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

4. **'माँ तू बुरा न माने तो' पंक्ति किस ओर संकेत नहीं करती?**
(a) लेखक माँ के संवेगों का ध्यान रखता है
(b) लेखक जानता है कि माँ उसे नाविक नही बनने देगी
(c) लेखक माँ की इच्छा के अनुसार कार्य करना चाहता है
(d) माँ को बुरा लग गया है
उत्तर (d) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

5. **कविता में पुनरुक्त शब्द-युग्म आए हैं**
(a) दूर-दूर
(b) ऊँची-ऊँची
(c) दूर-दूर, ऊँची-ऊँची
(d) गाय-बैल
उत्तर (c) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

6. **'तैरकर जाते हैं उस पार' पंक्ति में 'तैरकर' शब्द को पहले रखा गया है क्योंकि**
(a) यह क्रिया शब्द है
(b) कविता में क्रिया शब्द पहले आते हैं
(c) लेखक तैरने पर बल देना चाहता है
(d) लेखक तुक मिला रहा है
उत्तर (c) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

www.awillguru.com

अनुच्छेद-15

बच्चों और खिलौनों का सम्बन्ध सदैव से ही रहा है। हम यह भी कह सकते हैं कि खिलौनों के बिना हम बच्चों की दुनिया की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। चाहे हम बच्चों को खिलौने खरीदकर दें या न दें, बच्चे अपने किसी-न-किसी चीज (चाहे वे टूटे-फूटे डिब्बे हों या इसी तरह की अन्य सामग्री' को खिलौने की शक्ल दे देते हैं।

हम बच्चों को एकदम छुटपन से ही मुँह में या खिलौने से अजीबों-गरीब आवाजें निकाल कर बहलाते हैं और बच्चे बहल भी जाते हैं। यही बच्चे जैसे-जैसे बड़े होते जाते हैं, खुद भी चीजों को तोड़-तोड़कर खिलौने बनाने में अपनी रचनात्मक उर्जा का खूब इस्तेमाल करते हैं। इसलिए भी यह जरूरी हो जाता है कि बच्चों की इस रचनात्मक ऊर्जा को उभारने के लिए उन्हें भरपूर मौके दिए जाएँ।

पहले हम गौर करें कि बच्चे अपने रोजमर्रा के जीवन में कौन-कौन सी चीजें बनाते हैं? इसके लिए हम अपने अतीत में गोता लगाएँ और अपने बचपन की दुनिया में झांके तो तरह-तरह के खिलौने का खजाना हमारी स्मृति में से निकलकर आता है-ढेर सारी माचिस की खाली डिब्बियों को बिल्कुल सरल तरीके से जोड़कर बनती रेलगाड़ी, कागज से बनाई जाने वाली ढेरों चीजें जैसे नाव, हवाई जहाज, तितली नाग आदि क्या-क्यों नहीं बनाते थे इन सब से।

1. अनुच्छेद में इस बात की ओर संकेत किया गया है कि-

(a) बच्चों को खिलौने खरीदकर देने की आवश्यकता नहीं है
(b) बच्चे अपने आस-पास की चीजों को खिलौने बना लेते हैं
(c) पुराने जमाने में बच्चे केवल कागज की नाव से ही खेलते थे
(d) बच्चों की टूटी-फूटी चीजें ही देनी चाहिए

उत्तर (b) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

2. जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते हैं-

(a) उन्हें टूटे-फूटे डिब्बे पसन्द नहीं आते
(b) उनका खिलौनों के प्रति आकर्षण समाप्त होने लगता है
(c) खिलौने बनाने में अपनी रचनात्मक उर्जा का प्रयोग करने लगते हैं।
(d) चीजों को तोड़कर खिलौने बनाने लगते हैं

उत्तर (c) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

3. खिलौने बच्चो की...को बढ़ाता है।

(a) भावनाओं
(b) सृजनात्मकता
(c) सामाजिकता
(d) ऊर्जा

उत्तर (b) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

4. निम्नलिखित में से कौन-सी चीज बच्चे के लिए दूरबीन बन सकती है?

(a) चूड़ी (b) टूथपेस्ट का खाली डिब्बा
(c) माचिस (d) पेन्सिल

उत्तर (b) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

5. बच्चों की रचनात्मक उर्जा को उभारने के लिए

(a) घर का सारा समान उन्हें दे देना चाहिए
(b) अनुपयोगी परन्तु सुरक्षित सामान दे सकते हैं
(c) सारा टूटा-फूटा समान दे देना चाहिए
(d) उन्हें खिलौने बनाने का औपचारिक प्रशिक्षण देना चाहिए

उत्तर (b) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

6. 'अतीत में गोता लगाने' का अर्थ है-

(a) अतीत की झील में डुबकी लगाना
(b) अतीत की स्मृतियों को बनाए रखना
(c) अतीत में इस तरह के व्यवहार की खोज करना
(d) अतीत के बारे में जानना

उत्तर (c) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

7. 'बचपन' शब्द.....शब्द है-

(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा (b) जातिवाचक संज्ञा
(c) विशेषण (d) भाववाचक संज्ञा

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

8. बच्चे और खिलौने का......सदैव से ही रहा हैं।

(a) सरोकार (b) दोस्तीपन
(c) तालमेल (d) रिश्ता

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

अनुच्छेद- 16

जिन्होंने भी बच्चों को पढ़ाने की कोशिश की है-चाहे वे माता-पिता हों या शिक्षक-उनके खाते में सफलता के साथ-साथ असफलता और निराशा भी दर्ज होती हैं। ऐसे में एक सवाल उठता है कि आखिर इतना मुश्किल क्यों है पढ़ाना?

एक मुख्य समस्या तो यह है कि पढ़ाने वालों का विश्वास बच्चों की क्षमताओं या योग्यताओं पर काफी कम होता है। यह बात मैं यूं ही नहीं कह रही बल्कि एक अभिभावक, एक शिक्षक और एक शिक्षक प्रशिक्षण होने के आधार पर कर रही हूँ।

कई बार मैं उस पाठ को लेकर बच्चों (दूसरी, तीसरी या फिर पाँचवी के) के सामने खड़ी होती हूँ जो मुझे उन्हें पढ़ाना है। मेरे पास कुछ जानकारी है जो बच्चों को देना चाहती हूँ। लेकिन मैं यह जानकारी उन्हें क्यूँ देना चहती हूँ? क्योंकि मुझे लगता है कि वे इसके बारे में नहीं जानते; इसे जानने में उन्हें मजा आएगा। यह दुनिया के बारे में उनके नजरिए को विस्तृत करने में मदद करेगी, यह उन्हें बेहतर इन्सान बनने में मदद करेगी, भले ही थोड़ा-सा।

www.awillguru.com

लेकिन कभी-कभार पढ़ाना शुरू करने में पहले ही मेरे दिमाग में यह ख्याल बुदबुदाना शुरू कर देता है कि शायद उन्हें वह पहले से ही मालूम हो जो मैं उन्हें बताना चाहती हूँ। तो उन्हें कुछ बताने की बजाए मैं उनके सामने सवाल रख देती हूँ

1. **लेखिका को कौन-सा ख्याल परेशान करता है?**
(a) बच्चों को सही तरीके से कैसे पढ़ाया जाए
(b) बच्चों को रोचक तरीके से कैसे पढ़ाया जाए
(c) जो हम पढ़ाने जा रहे हैं कहीं बच्चे उनके विषय में पहले से ही तो नहीं जानते
(d) बच्चों को भला इन्सान कैसे बनाया जाए
उत्तर (c) : **C.T.E.T.-2012, II^nd Paper**

2. **अनुच्छेद में किस मुख्य समस्या की बात की गई है?**
(a) शिक्षक अच्छी तरह से पढ़ाते नहीं है
(b) बच्चों की योग्यता में विश्वास नहीं किया जाता
(c) पढ़ाना अपने आप में बहुत मुश्किल काम है
(d) छोटी कक्षाओं को पढ़ाना
उत्तर (b) : **C.T.E.T.-2012, II^nd Paper**

3. **बच्चों को पढ़ाने से पहले स्वयं से सवाल पूछना क्यों जरूरी है?**
(a) इससे पाठ्यक्रम जल्दी खत्म हो जाता है
(b) इससे न पढ़ाने के लिए तार्किक आधार मिल जाता है
(c) ताकि हम बच्चों से भी 'क्यों' वाले सवाल पूछ सके
(d) यह पढ़ाने के उद्देश्य और तरीके निर्धारित करने में मदद करता है
उत्तर (d) : **C.T.E.T.-2012, II^nd Paper**

4. **अनुच्छेद में यह संकेत किया गया है कि-**
(a) बच्चे सारे सवालों के जवाब दे सकते हैं
(b) बच्चे बहुत कुछ जानते हैं
(c) बच्चे खेल-खेल में जल्दी सीखते हैं
(d) शिक्षक, अभिभावक पढ़ाना नहीं जानते
उत्तर (b) : **C.T.E.T.-2012, II^nd Paper**

5. **किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय-दोनों का प्रयोग हुआ है?**
(a) असफलता (b) नम्रता
(c) योग्यताओं (d) क्षमताओं
उत्तर (a) : **C.T.E.T.-2012, II^nd Paper**

6. **'आखिर इतना मुश्किल क्यों है पढ़ाना?' वाक्य को यदि हिन्दी की सामान्य वाक्य-रचना के अनुसार लिखा जाए तो वाक्य होगा-**
(a) इतना मुश्किल क्यों है पढ़ाना आखिर?
(b) पढ़ाना इतना मुश्किल क्यों है आखिर?
(c) आखिर पढ़ाना इतना मुश्किल क्यों है?
(d) आखिर पढ़ाना मुश्किल क्यों है इतना?
उत्तर (c) : **C.T.E.T.-2012, II^nd Paper**

अनुच्छेद-17

समाज में पाठशालाओं, स्कूलों अथवा शिक्षा की दूसरी दुकानों की कोई कमी नहीं है। छोटे से छोटे बच्चे को माँ-बाप स्कूल भेजने की जल्दी करते हैं। दो-ढ़ाई साल के बच्चे को भी स्कूल में बिठाकर आ जाने का आग्रह भी हर घर में बना हुआ है।

इसके विपरीत हर घर की दूसरी सच्चाई यह भी है कि कोई भी माँ-बाप बालकों के बारे में, बालकों की सही शिक्षा के बारे में और साथ ही सच्चा एवं अच्छा माता-पिता अथवा अभिभावक होने का शिक्षण कहीं से भी प्राप्त नहीं करता। माता-पिता बनने से पहले किसी भी नौजवान जोड़े को यह नहीं सिखाया जाता है कि माँ-माप बनने का अर्थ क्या है? इससे पहले किसी भी जोड़े को यह भी नहीं सिखाया जाता कि अच्छे और सच्चे दाम्पत्य की शुरूआत कैसे की जानी चाहिए। पति-पत्नी होने का अर्थ क्या है, यह भी कोई नहीं बताता परिणाम साफ है कि जीवन शुरू होने से पहले ही घर टूटने-बिखरने लगते हैं। घर बसाने की शाला ने आज तक कहीं खुली है और न खुलती दिखती है। समाज और सत्ता दोनों या तो इस संकट के प्रति सजग नहीं हैं, या फिर इसे अनदेखा कर रहे हैं

1. **'भी' शब्द है-**
(a) क्रिया (b) क्रियाविशेषण
(c) संबंधवाचक (d) निपात
उत्तर (d) : **C.T.E.T.-2013, I^st Paper**

2. **इसके विपरीत हर घर की दूसरी सच्चाई यह भी है कि.....वाक्य के रेखांकित अंश का समानार्थी शब्द है।**
(a) सूक्ति (b) वास्तविक
(c) वास्तविकता (d) सद्वचन
उत्तर (c) : **C.T.E.T.-2013, I^st Paper**

3. **घर के टूटने-बिखरने का मुख्य कारण क्या है?**
(a) बच्चों के बारे में न जानना
(b) माता-पिता बनने का अर्थ न जानना
(c) दाम्पत्य का अर्थ न जानना
(d) घर बसाने की जल्दी करना
उत्तर (c) : **C.T.E.T.-2013, I^st Paper**

4. **हर घर में किस चीज का आग्रह बना हुआ है?**
(a) बच्चों को स्कूल न भेजने का
(b) बहुत छोटे बच्चे को स्कूल में पढ़ाने का
(c) बहुत छोटे बच्चे को दुकान भेजने का
(d) बहुत छोटे बच्चे को स्कूल में बिठाकर आने का
उत्तर (d) : **C.T.E.T.-2013, I^st Paper**

5. **लेखक के लिए किसका शिक्षण प्राप्त करना जरूरी है?**
(a) पति-पत्नी बनने का
(b) बच्चों को किसी भी प्रकार की शिक्षा देने का
(c) अच्छे माता-पिता बनने का
(d) छोटे-छोटे बच्चों को उच्च विद्यालयों में प्रवेश दिलाने का
उत्तर (c) : **C.T.E.T.-2013, I^st Paper**

www.awillguru.com

6. माता-पिता को बच्चों की सही शिक्षा के बारे में जानना क्यों जरूरी है?
(a) बच्चों को ज्ञानवान् बनाया जा सके
(b) ताकि बच्चों को उच्च डिग्रियाँ प्राप्त करवाई जा सकें
(c) ताकि बच्चे स्वयं प्रवेश लेने योग्य बन सकें
(d) जिससे बेहतर समाज का निर्माण किया जा सके
C.T.E.T.-2013, Ist Paper
उत्तर (d) :

7. समाज और सत्ता किसके प्रति सजग नहीं है?
(a) अभिभावकों के द्वारा शिक्षा प्राप्त न करने के प्रति
(b) ज्ञानवान् समाज न बन पाने के बारे संकट के प्रति
(c) घर बसाने की शिक्षा देने वाली पाठशाला खोलने के प्रति
(d) माता-पिता द्वारा बच्चों का पालन-पोषण न करने के प्रति
C.T.E.T.-2013, Ist Paper
उत्तर (c) :

8. लेखक के अनुसार सबसे पहले क्या जानना जरूरी है?
(a) दाम्पत्य की शुरूआत कैसे की जानी चाहिए
(b) बच्चों के बारे में
(c) बच्चों की शिक्षा के बारे में
(d) माता-पिता के शिक्षा-स्तर को
C.T.E.T.-2013, Ist Paper
उत्तर (a) :

9. 'माता-पिता' शब्द-युग्म है-
(a) सार्थक-निरर्थक शब्द-युग्म
(b) सार्थक शब्द-युग्म
(c) निरर्थक शब्द-युग्म
(d) पुनरुक्त शब्द-युग्म
C.T.E.T.-2013, Ist Paper
उत्तर (b) :

अनुच्छेद- 18

पूछो किसी भाग्यवादी से,
यदि विधि-अंक प्रबल है।
पद पर क्यों देती न स्वयं
वसुधा निज रतन उगल है?

1. 'प्र' उपसर्ग से बनने वाला शब्द समूह है-
(a) प्रत्युत्तर, प्रदेश, प्रपत्र (b) प्रत्येक, प्रभाव, प्रदेश
(c) प्रसाद, प्रत्येक, प्रपत्र (d) प्रभाव, प्रदेश, प्रपत्र
C.T.E.T.-2013, Ist Paper
उत्तर (d) :

2. कवि ने किसकी महिमा का खंडन किया है?
(a) रतनों का (b) विधि के विधान का
(c) भाग्यवाद का (d) वसुधा का
C.T.E.T.-2013, Ist Paper
उत्तर (b) :

3. विधि-अंक से तात्पर्य है-
(a) न्यायवादी (b) न्याय-अंक
(c) 'विधाता' लिखा होना (d) भाग्य का लिखा हुआ
C.T.E.T.-2013, Ist Paper
उत्तर (d) :

4. कवि के अनुसार यदि भाग्य ही सब कुछ होता तो क्या होता ?
(a) रत्न स्वयं प्रकाश युक्त हो उठते
(b) रत्न मिल जाते
(c) पैरों के नीचे वसुधा होती
(d) धरती स्वयं ही रत्न रूपी संपत्ति उगल देती
C.T.E.T.-2013, Ist Paper
उत्तर (d) :

5. तुकबंदी के कारण कौन-सा शब्द बदले हुए रूप से प्रयुक्त हुआ है?
(a) उगल (b) रतन (c) प्रबल (d) स्वयं
C.T.E.T.-2013, Ist Paper
उत्तर (c) :

6. इनमें से कौन-सा 'वसुधा' का समानार्थी है?
(a) जलधि (b) वसुंधरा (c) महीप (d) वारिधि
C.T.E.T.-2013, Ist Paper
उत्तर (b) :

अनुच्छेद- 19

किसे कहूँ मैं शिक्षा? क्या है शिक्षा का सच? कैसा होता है शिक्षित व्यक्ति और कैसा होता है पढ़ा-लिखा समाज? मेरे गुरु श्री दयालचन्द्र जी सोनी तो पूरी एक काव्यात्मक पुस्तक लिख गये। इस पुस्तक का नाम है 'हूँ अणभाणियों शिक्षित हूँ। उनका आशय स्पष्ट है कि हर पढ़ा-लिखा आदमी अनपढ़ है। उन्होंने जब यह पुस्तक लिखी तो साफ कहा कि यह किताब उनके पूरे जीवन की शिक्षा का सार है। तब फिर हमें यह भी मान लेना चाहिए कि हमारा पूरा पढ़ा-लिखा समाज खासा अनपढ़ है, अशिक्षित है। तब फिर बताइए कि शिक्षा को कहाँ खोजें।

कहते हैं कि शिक्षा बालक के जन्म के साथ बालक को मिली प्रतिभा का विकास है। उसकी सोयी हुई शक्तियों को जगाने का नाम शिक्षा है। मगर ऐसा तो तब सम्भव है जब हम यह जान लें कि कौन-कौन सा बालक कौन-कौन सी प्रतिभा के साथ पैदा हुआ है? उनके शरीर में एवं उसके मन-मस्तिष्क में कौन-कौन सी शक्तियाँ सोयी हुई है?

इसका अर्थ यह हुआ कि जो-जो बालक शाला में आया है उसको हम पहले पढ़े। हर बालक को पढ़-पढ़ कर पहचानें कि वह क्या है? उसकी प्रदत्त प्रतिभा क्या है? और कौन-कौन सी सुषुप्त शक्तियों को लिये हुए वह हमारे सामने उपस्थित हुआ है।

1. 'उसकी प्रदत्त प्रतिभा क्या है? वाक्य है-
(a) संदेहवाचक (b) विधानवाचक
(c) नकारात्मक (d) प्रश्नवाचक
C.T.E.T.-2013, IInd Paper
उत्तर (d) :

2. 'शरीर' में 'इक' प्रत्यय लगाने पर शब्द बनेगा
(a) शारिरिक (b) शरीरिक
(c) शारीरीक (d) शारीरिक
C.T.E.T.-2013, IInd Paper
उत्तर (d) :

www.awillguru.com

3. **लेखक के अनुसार शिक्षित होना और साक्षर होना**
(a) दोनों में थोड़ा-बहुत अन्तर है
(b) दोनों समान है
(c) दोनों में मूलभूत अन्तर होता है
(d) दोनों पर्यायवाची है
उत्तर (c) : C.T.E.T.-2013, IInd Paper

4. **यहाँ 'पढ़ा-लिखा' होने से तात्पर्य है-**
(a) निरक्षर होना
(b) शिक्षित होना
(c) अशिक्षित होना
(d) साक्षर होना
उत्तर (d) : C.T.E.T.-2013, IInd Paper

5. **'शिक्षा' का अर्थ है-**
(a) बच्चों में विद्यमान शक्तियों को प्रस्फुटित करना
(b) बच्चों को जानकारी देना
(c) बच्चों को केवल अक्षर ज्ञान देना
(d) बच्चों को शक्तिशाली बनाना
उत्तर (a) : C.T.E.T.-2013, IInd Paper

6. **लेखक के अनुसार**
(a) सभी बच्चों की शक्तियाँ सुषुप्त अवस्था में ही रहती है
(b) सभी बच्चे समान रूप से प्रतिभाशाली होते हैं
(c) बच्चों के अलग-अलग प्रतिभा होती है
(d) सभी बच्चे शाला जाकर प्रतिभाशाली बन जाते हैं
उत्तर (c) : C.T.E.T.-2013, IInd Paper

7. **बच्चों को शिक्षा देने के लिए सबसे पहले क्या जरूरी है?**
(a) बच्चों को पढ़ाना
(b) प्रतिभाओं के विभिन्न रूप जानना
(c) बच्चों को प्रतिभाओं के अनुसार वर्गीकृत करना
(d) बच्चों की समस्त क्षमताओं, प्रतिभाओं को जानने के लिए उन्हें पढ़ना
उत्तर (d) : C.T.E.T.-2013, IInd Paper

8. **इस गद्यांश में शिक्षा का कौन-सा सिद्धान्त निहित है?**
(a) पढ़े-लिखे लोग अनपढ़ होते हैं
(b) सभी बच्चे समान रूप से प्रतिभाशाली होते हैं
(c) सभी बच्चों के वैयक्तिक भिन्नता होती है
(d) शक्तियाँ सदैव सुषप्त अवस्था में ही रहती है
उत्तर (c) : C.T.E.T.-2013, IInd Paper

9. **'हर बालक को पढ़-पढ़ कर पहचानें कि वह क्या है? वक्य में 'पहचानें' क्रिया का कर्त्ता हो सकता है-**
(a) वह (b) मैं
(c) हम (d) तुम
उत्तर (c) : C.T.E.T.-2013, IInd Paper

अनुच्छेद- 20

दम्भ का जहाँ-जहाँ पड़ाव था,
सत्य से जहाँ-जहाँ दुराव था,
वह चला कि अग्नि-बाण मरता,
पाप की अहा-अहा उजाड़ता,
कब्र बन गिरा गिरे विचार पर!

1. **'जहाँ-जहाँ' शब्द है-**
(a) भिन्नार्थी शब्द-युग्म (b) एकार्थी शब्द-युग्म
(c) पुनरुक्त शब्द-युग्म (d) विपरीतार्थक शब्द-युग्म
उत्तर (c) : C.T.E.T.-2013, IInd Paper

2. **'पाप' का विलोम शब्द है-**
(a) निरपराध (b) प्रायश्चित
(c) अपाप (d) पुण्य
उत्तर (d) : C.T.E.T.-2013, IInd Paper

3. **नौजवान शहीद ने किसे नष्ट किया?**
(a) अहंकार और असत्य को (b) अहंकार को
(c) असत्य को (c) अहंकार और सत्य को
उत्तर (a) : C.T.E.T.-2013, IInd Paper

4. **'गिरे विचार' से तात्पर्य है-**
(a) उलझे विचार (b) सभी प्रकार के विचार
(c) मिथ्या विचार (d) सत्य और हित से परे विचार
उत्तर (d) : C.T.E.T.-2013, IInd Paper

5. **'नौजवान शहीद ने अग्नि-बाण इसलिए चलाए क्योंकि वह**
(a) अपनी शक्ति की गरिमा बनाए रखना चाहता था
(b) अपना साम्राज्य स्थापित करना चाहता था
(c) स्वराज स्थापित करना चाहता था
(d) कब्र गिराना चाहता था
उत्तर (c) : C.T.E.T.-2013, IInd Paper

6. **'दुराव' शब्द से तत्पार्य है-**
(a) बैर (b) दुर्गम स्थल
(c) आवरण (d) काठिन्य
उत्तर (a) : C.T.E.T.-2013, IInd Paper

अनुच्छेद- 21

वैज्ञानिक प्रयोग की सफलता ने मनुष्य की बुद्धि का अपूर्व विकास कर दिया है। द्वितीय महायुद्ध में एटम बम की शक्ति ने कुछ क्षणों में ही जापान की अजेय शक्ति को पराजित कर दिया। इस शक्ति की युद्धकालीन सफलता ने अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस आदि सभी देशों को ऐसे शस्त्रास्त्रों के निर्माण की प्रेरणा दी कि सभी भयंकर और सर्वविनाशकारी शस्त्र बनाने लगे। अब सेना को पराजित करने तथा शत्रु देश पर पैदल सेना द्वारा आक्रमण करने के लिए शस्त्र निर्माण के स्थान पर देश के विनाश करने की दिशा में शस्त्रास्त्र बनने लगे है। इन हथियारें का प्रयोग होने पर शत्रु देशों की

www.awillguru.com

अधिकांश जनता और सम्पत्ति थोड़े समय में ही नष्ट की जा सकेगी। चूँकि इसे शस्त्रास्त्र प्रायः सभी स्वतन्त्र देशों के संग्राहलयों में कुछ-न-कुछ आ गए हैं। अतः युद्ध की स्थिति में उनका प्रयोग भी अनिवार्य हो जायेगा, जिससे बड़ी जनसंख्या प्रभावित हो सकती है। इसीलिए निशस्त्रीकरण की योजनाएँ बन रही है। शस्त्रास्त्रों के निर्माण की जो प्रक्रिया अपनायी गई, उसी के कारण आज इतने उन्नत शस्त्रास्त्र बन गए हैं, जिनके प्रयोग से व्यापक विनाश आसान दिखाई पड़ता है। अब भी परीक्षणों की रोकथाम तथा बने शस्त्रों का प्रयोग रोकने के मार्ग खोजे जा रहे हैं। इन प्रयासों के मूल में एक भयंकर आतंक और विश्व विनाश का भय कार्य कर रहा है।

1. इस गद्यांश का मूल कथ्य क्या है?

(a) आतंक और सर्वनाश का भय
(b) विश्व और शस्त्रास्त्रों की होड़
(c) द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका
(d) निशस्त्रीकरण और विश्व शान्ति

उत्तर (d) : **U.P.T.E.T.-2013, Ist Paper**

2. भयंकर विनाशकारी आधुनिक शस्त्रास्त्रों को बनाने की प्रेरणा किसने दी?

(a) अमेरिका ने
(b) अमेरिका की विजय ने
(c) जापान पर गिराये गए 'अणु बम' ने
(d) बड़े देशों की पारस्परिक प्रतिस्पर्धा ने

उत्तर (d) : **U.P.T.E.T.-2013, Ist Paper**

3. एटम-बम की अपार शक्ति का प्रथम अनुभव कैसे हुआ?

(a) जापान में हुई भयंकर विनाशलीला से
(b) जापान की अजेय शक्ति की पराजय से
(c) अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस की प्रतिस्पर्धा से
(d) अमेरिका की विजय से

उत्तर (b) : **U.P.T.E.T.-2013, Ist Paper**

4. बड़े-बड़े देश आधुनिक विनाशकारी शस्त्रास्त्र क्यों बना रहे हैं?

(a) अपनी-अपनी सेनाओं में कमी करने के उद्देश्य से
(b) अपने संसाधनों का प्रयोग करने के उद्देश्य से
(c) अपना-अपना सामरिक व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से
(d) परस्परिक भय के कारण

उत्तर (d) : **U.P.T.E.T.-2013, Ist Paper**

5. आधुनिक युद्ध भयंकर व विनाशकारी होते हैं, क्योंकि-

(a) दोनों देशों के शस्त्रास्त्र इन युद्धों में समाप्त हो जाते हैं।
(b) अधिकांश जनता और उनकी सम्पत्ति नष्ट हो जाती है।
(c) दोनों देशों में महामारी और भुखमरी फैल जाती है।
(d) दोनों देशों की सेनाएँ इन युद्धों में मारी जाती है

उत्तर (b) : **U.P.T.E.T.-2013, Ist Paper**

अनुच्छेद- 22

मनुष्य नाशवान् प्राणी है। वह जन्म लेने के बाद मरता अवश्य है। अन्य लोगों की भाँति महापुरुष भी नाशवान होते हैं। वे भी समय आने पर अपना शरीर छोड़ देते हैं, पर वे मरकर भी अमर हो जाते हैं। वे अपने पीछे छोड़े गए कार्य के कारण अन्य लोगों के द्वारा याद किए जाते हैं। उनके ये कार्य चिरस्थायी होते हैं और समय के साथ-साथ परिणाम और बल में बढ़ते हैं। ऐसे कार्य के पीछे जो उच्च आदर्श होते हैं, वे स्थायी होते हैं और बदली परिस्थितियों में नए वातावरण के अनुसार अपने को ढाल लेते हैं। संसार में पिछली पच्चीस शताब्दियों से भी अधिक में जितने भी महपुरुषों को जन्म दिया है, उसमें गाँधीजी को यदि बड़ा माना जाता है तो भविष्य में भी उन्हें सबसे बड़ा मना जाएगा। क्योंकि उन्होंने अपने जीवन की गतिविधियों को विभिन्न भागों में नही बाँटा, बल्कि जीवनधारा को सदा एक और अविभाज्य माना। जिन्हें हम सामाजिक, आर्थिक और नैतिक के नाम से पुकारते है, वे वास्तव में उसी धारा की उपधाराएँ हैं, उसी भवन के अलग-अलग पहलू हैं। उन्होंने सदा साध्य को ही महत्व नहीं दिया, बल्कि उस साध्य को पूरा करने के लिए अपनाए जाने वाले साधनों का भी ध्यान रखा। साध्य के साथ-साथ उसकी पूर्ति के लिए अपनाए गए साधन भी उपयुक्त होने चाहिए।

1. सामान्य पुरुष की तुलना में महापुरुष में सर्वाधिक विशेषता क्या है?

(a) महापुरुष के कार्य समय के साथ परिणाम और जल में बढ़ते जाते हैं।
(b) महापुरुष मर कर भी अमर हो जाते हैं
(c) महापुरुष शरीर छोड़ने के बाद भी लोगों द्वारा याद किए जाते हैं।
(d) महापुरुष जीवन में महान कार्य करते हैं।

उत्तर (d) : **U.P.T.E.T.-2013, IInd Paper**

2. महापुरुष मर कर भी अमर क्यों हो जाते हैं?

(a) महापुरुष बदली परिस्थितियों में नए वातावरण के अनुसार अपने को ढाल लेते हैं।
(b) उनके कार्य भावी पीढ़ी के लिए अनुकरणीय होते हैं।
(c) महापुरुष आजीवन लोक मंगल की साधन में तत्पर रहत हैं
(d) वे अपने पीछे छोड़ गए चिरस्थायी आदर्श कार्य के कारण अन्य लोगों द्वारा याद किए जाते हैं।

उत्तर (d) : **U.P.T.E.T.-2013, IInd Paper**

3. गाँधी जी को सबसे बड़ा महापुरुष क्यों माना जाएगा?

(a) क्योंकि वह पिछली पच्चीस शताब्दियों में सबसे महान थे।
(b) क्योंकि उन्होंने अपने जीवन की गतिविधियों को विभिन्न भागों में नहीं बाँटा।

www.awillguru.com

www.awillguru.com

(c) गाँधी जी का एक मात्र लक्ष्य दरिद्रनारायण के सामाजिक, आर्थिक और नैतिक स्तर को सुदृढ़ करना था और इसके लिए वे समर्पित थे।
(d) उन्होंने साध्य व साधन को समान महत्व नहीं दिया।

उत्तर (c) : U.P.T.E.T.-2013, IInd Paper

4. गाँधी जी के अनुसार साध्य और साधन में अधिक महत्वपूर्ण क्या है?

(a) साधन का ध्यान रखना अधिक महत्वपूर्ण है।
(b) साध्य व साधन दोनों का पारस्परिक समान महत्व है।
(c) साध्य के बिना साधन अर्थहीन है।
(d) साधन व साध्य दोनों का अलग-अलग महत्व है।

उत्तर (b) : U.P.T.E.T.-2013, IInd Paper

अनुच्छेद- 23

हम लोग जब हिन्दी की 'सेवा' करने की बात सोचते हैं, तो प्रायः भूल जाते हैं कि यह लाक्षणिक प्रयोग है। हिन्दी की सेवा का अर्थ है उस मानव-समाज की सेवा, जिसके विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम हिन्दी है। मनुष्य ही बड़ी चीज है, भाषा उसी की सेवा के लिए है। साहित्य-सृष्टि का भी यही अर्थ है। जो साहित्य अपने-आप के लिए लिखा जाता है उसकी क्या कीमत है, मैं नहीं कह सकता, परन्तु जे साहित्य मनुष्य-समाज को रोग-शोक, दारिद्र्य, अज्ञान तथा परमुखापेक्षिता से बचाकर उसमें आत्मबल का संचार करता है, वह निश्चय ही अक्षय-निधि है।

1. 'परमुखापेक्षिता' का अर्थ है-

(a) दूसरों से आशा रखना
(b) पराया सुख अच्छा लगना
(c) पराये सुख की अपेक्षा करना
(d) ईश्वर का सुख।

उत्तर (a) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

2. कौन शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?

(a) सेवा (b) भाषा
(c) प्रयोग (d) हिन्दी

उत्तर (c) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

3. इस गद्यांश के प्रयुक्त 'अर्थ' शब्द का अर्थ नहीं है-

(a) आशय (b) मतलब
(c) धन (d) अभिप्राय

उत्तर (c) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

4. कौन शब्द एकवचन है?

(a) विचारों (b) भाषाओं
(c) अक्षय (d) मनुष्यों

उत्तर (c) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

5. 'कीमत' का बहुवचन है-

(a) कीमती (b) कीमतों
(c) किमतों (d) किम्मत

उत्तर (b) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

6. 'माध्यम' का बहुवचन है-

(a) मध्यम (b) माध्यमिक
(c) मध्यम (d) माध्यमों

उत्तर (d) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

7. 'अक्षय-निधि' का अर्थ है-

(a) बिना क्षय रोग (b) किसी का नाम
(c) कभी खत्म न होने वाली संपत्ति
(d) रोग रहित निधि

उत्तर (c) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

अनुच्छेद- 24

कोई भी समाज शून्य में जीवित नहीं रह सकता। उसे अपने लोगों, अपने पशुओं, अपनी जमीन, अपने पेड़-पौधों, अपने कुएं, अपने तालाबों, अपने खेतों के लिए कोई-न-कोई ऐसी व्यवस्था बनानी पड़ती है जो समयसिद्ध और स्वयंसिद्ध हो। काल के किसी खण्ड विशेष में समाज के सभी सदस्यों के साथ मिल-जुलकर जो व्यवस्था बनती है, उसे फिर सभी सदस्य मिल-जुलकर पाल-पोसकर बड़ा करते हैं और मजबूत बनाते है। अपने ऊपर खुद लगाया हुआ यह अनुशासन एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को सौंपा जाता है।

1. निम्न में तत्सम शब्द है-

(a) जमीन (b) शून्य
(c) खुद (d) मजबूत

उत्तर (b) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

2. निम्न में विदेशी शब्द है-

(a) पेड़ (b) खण्ड
(c) तालाब (d) खुद

उत्तर (d) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

3. 'जमीन' का पर्यायवाची नहीं है-

(a) पृथ्वी (b) धरती
(c) विटप (d) धरती

उत्तर (c) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

4. 'जीवित' का विलोम है-

(a) अजीवत (b) अस्थिर
(c) अजीवित (d) मृत

उत्तर (d) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

5. कौन शब्द में प्रत्यय नहीं है?

(a) लोगों (b) पशुओं
(c) सदस्यों (d) पीढ़ी

उत्तर (d) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

www.awillguru.com

6. 'मिल-जुल' समास का विग्रह है-
(a) मिल से जुल (b) मिल और जुल
(c) मेल जोल (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (d) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

7. निम्न में अव्यय है-
(a) समाज (b) खण्ड
(c) एक (d) व्यवस्था
उत्तर (c) : H.T.E.T.-2013, Ist Paper

अनुच्छेद- 25

मैं साहित्य को मनुष्य की दृष्टि से देखने का पक्षपाती हूँ। जो वाग्जाल मनुष्य को दुर्गति, हीनता और परमुखापेक्षिता से बचा न सके, जो उसकी आत्मा को तेजोद्दीप्त न बना सके, जो उसके हृदय को परदुःखकातर और संवेदनशील न बना सके, उसे साहित्य कहने में मुझे संकोच होता है। मैं अनुभव करता हूँ कि हम लोग एक कठिन समय से गुजर रहे है। दुनिया छोटे-छोटे संकीर्ण स्वार्थों के आधार पर अनेक दलों में विभक्त हो गये हैं। अपने दल के बाहर का आदमी सन्देह की दृष्टि से देख जाता है। उसके प्रत्येक त्याग और बलिदान के कार्य में भी 'चाल' का सन्देह पाया जाता है और अपने-अपने दलों में ऐसा करने वाला सफल नेता भी मान लिया जाता है। बड़े-बड़े राष्ट्रनायक जब अपने विराट् अनुचरवाहिनी के साथ इस प्रकार का गन्दा प्रचार करते हैं तो ऊपर-ऊपर से चाहे जितनी भी सफलता उनके पक्ष में आती हुई क्यों न दिखायी दे, इतिहास विधाता का निष्ठुर नियम प्रवाह भीतर ही भीतर उनके स्वार्थों का उन्मूलन करता रहता है। जो लोग द्रष्टा हैं, वे इस गलती को समझते है; पर उनकी बात मदमत्त व्यक्तियों की ऊँची गद्दियों तक नहीं पहुँच पाती। संसार में अच्छी बात कहने वालों की कमी नहीं है, परन्तु मनुष्य के सामाजिक संगठन में ही कहीं कुछ ऐसा बड़ा दोष रह गया है, जो मनुष्य को अच्छी बात सुनने और समझने से रोक रहा है। इसीलिए आज भी सबसे बड़ी समस्या यह नहीं है कि अच्छी बात कैसे कही जाए; बल्कि यह है कि अच्छी बात को सुनने और मानने के लिए मनुष्य को कैसे तैयार किया जाए?

1. साहित्य का मूल प्रयोजन है
(a) वाग्जाल फैलाना (b) मनोरंजन करना
(c) मनुष्य को उदात्त बनना
(c) मनुष्य के हृदय को कठोर बनाना
उत्तर (c) : H.T.E.T.-2013, IInd Paper

2. लेखक के वर्तमान को कठिन समय क्यों कहा है?
(a) संसार में अच्छी बात कहने वाले नहीं है।
(b) संसार में अच्छी बात सुनने वाले नहीं है।
(c) आज विरोधियों को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है।
(d) संकीर्ण स्वार्थों ने मनुष्य को अंधा कर दिया है।
उत्तर (d) : H.T.E.T.-2013, IInd Paper

3. 'वाग्जाल' का तात्पर्य है-
(a) काल्पनिक बातें (b) अलंकृत भाषा युक्त रचना
(c) विचारों का जाल (d) उपर्युक्त मे से कोई नहीं
उत्तर (b) : H.T.E.T.-2013, IInd Paper

3. लेखक के अनुसार 'द्रष्टा' किस गलती को समझते हैं?
(a) स्वार्थपूर्ण नीतियों की निस्सारता को
(b) इतिहास विधाता के नियम प्रवाह को
(c) साहित्य की उपयोगिता को
(d) मनुष्य के सामाजिक संगठन को
उत्तर (a) : H.T.E.T.-2013, IInd Paper

4. आज बड़ी समस्या क्या है?
(a) अच्छी बात कैसे कही जाये
(b) अच्छी बात को सुनने और मानने के लिए मनुष्य को कैसे तैयार किया जाए
(c) दुनिया का स्वार्थमय हो जाना
(d) दुनिया का अनेक दलों में बँट जाना
उत्तर (b) : H.T.E.T.-2013, IInd Paper

अनुच्छेद- 26

एक धनी युवक संत के पास यह पूछने के लिए गया कि उसे अपने जीवन में क्या करना चाहिए। संत उसे कमरे की खिड़की तक ले गए और उससे पूछा, "तुम्हें काँच के परे क्या दिख रह रहा है?" "सड़क पर लोग आ-जा रहे हैं और एक बेचारा गरीब व्यक्ति भीख माँग रहा है।"

इसके बाद संत ने उसे एक बड़ा दर्पण दिखाया और पूछा, "अब इस दर्पण में देखकर बताओ कि तुम क्या देखते हो।" "इसमें मैं खुद को देख रह हूँ।"

"ठीक है, दर्पण में तुम दूसरों को नहीं देख सकते। तुम जानते हो कि खिड़की में लगा काँच और यह दर्पण एक ही मूल पदार्थ से बने हैं। तुम स्वयं की तुलना काँच के इन दोनों रूपों से करके देखो। जब यह साधारण है तो तुम्हें सभी दिखते हैं और उन्हें देखकर तुम्हारे भीतर करुणा जागती है और जब इस काँच पर चाँदी का लेप हो जाता है, तो तुम केवल स्वयं को देखने लगते हो।" "तुम्हारा जीवन भी तभी महत्वपूर्ण बनेगा जब तुम अपनी आँखो पर लगी चाँदी की परत को उतार दो।"

1. संत ने युवक को काँच और दर्पण क्यों दिखाए?
(a) काँच और दर्पण के मूल पदार्थ के बारे में बताने के लिए
(b) सड़क पर आने-जाने वाले लोगों के प्रति दया भाव जाग्रत करने के लिए
(c) युवक को स्वयं का असली चेहरा दिखाने के लिए
(d) यह समझने में युवक की मदद करने के लिए कि उसे क्या करना चाहिए
उत्तर (d) : C.T.E.T.-2014, IInd Paper

www.awillguru.com

2. ''दर्पण में हम दूसरों को नहीं देख सकते।'' इस वाक्य का निहितार्थ है
(a) दर्पण हमें स्वयं तक सीमित कर देता है
(b) दर्पण में तो देखने वाला ही देख सकता है
(c) दूसरों को केवल खिड़की के काँच से देखा जा सकता है
(d) दर्पण का प्रयोग बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए

उत्तर (a) : C.T.E.T.-2014, IInd Paper

3. ''..अपनी आँखों पर लगी चाँदी की परत को उतार दो।'' इस वाक्य का निहितार्थ है।
(a) चाँदी की परत हानिकारक है, उसे हटा देना चाहिए
(b) निष्पक्ष भाव से चीजों, व्यक्तियों, घटनाओं को देखना
(c) आँखों की देखभाल करना ज़रूरी हैं
(d) ऐश्वर्य, साधनों से दूर रहना चाहिए

उत्तर (b) : C.T.E.T.-2014, IInd Paper

4. 'स्वयं को देखने लगते हो' का निहितार्थ है-
(a) स्वयं को निहारना
(b) हमारी सोच का स्व-केन्द्रित होना
(c) स्वयं के गुण-दोषों का विश्लेषण करना
(d) अपनी कमियों को दूर करना

उत्तर (b) : C.T.E.T.-2014, IInd Paper

5. 'चाँदी का लेप' हमें क्या नहीं देखने देता?
(a) सड़क पर आने-जाने वाले लेगों को
(b) भीख मांगते गरीब व्यक्ति को
(c) जीवन, संसार की वास्तविकता को
(d) जीवन, संसार की बुराइयों को

उत्तर (c) : C.T.E.T.-2014, IInd Paper

6. 'काँच' शब्द के लिए किस विशेषण का प्रयोग किया गया है?
(a) खिड़की (b) साधारण
(c) मूल पदार्थ (d) बड़ा

उत्तर (b) : C.T.E.T.-2014, IInd Paper

7. 'करुणा' शब्द है-
(a) विशेषण (b) क्रिया
(c) प्रविशेषण (d) भाववाचक संज्ञा

उत्तर (b) : C.T.E.T.-2014, IInd Paper

8. ''अब इस दर्पण देखकर बताओ कि तुम क्या देखते हो।'' यह वाक्य है
(a) सरल वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) विधानवाचक वाक्य

उत्तर (c) : C.T.E.T.-2014, IInd Paper

अनुच्छेद- 27

बाल-मस्तिष्क की प्रकृति की यह माँग होती है कि बच्चे का बौद्धिक विकास विचारों के स्रोत के पास हो। दूसरे शब्दों में, यह ठोस वास्तविक बिंबों के बीच और सर्वप्रथम प्रकृति की गोद में हो, जहाँ बच्चा ठोस बिंब को देखें, सुने और फिर उसका विचार इस बिंब के बारे में प्राप्त सूचना के 'संसाधन' के काम में लगे। जब बच्चे को प्रकृति से दूर रखा जाता है, जब बच्चा पढ़ाई के पहले दिन से ही केवल शब्दों के रूप में सारा ज्ञान और बोध पाता है, तो उसके मस्तिष्क की कोशिकाएँ जल्दी ही थक जाती है और अध्यापक द्वारा प्रस्तुत काम को निभा नहीं पाती। और इन कोशिकाओं को तो अभी विकसित, सशक्त, सुदृढ़ होना है। यहीं पर उस बात का कारण छिपा है, जो प्राथमिक कक्षाओं में अक्सर देखने में आती है- बच्चा चुपचाप बैठा अध्यापक की आँखों में आँखे डाले देखता है,मानों बड़े ध्यान से सुन रहा हो, लेकिन वास्तव में यह एक शब्द भी नहीं समझ पाता, क्योंकि बच्चे को नियमों पर सोच-विचार करना पड़ता है, और ये सब अमूर्त सामान्यीकृत बातें होती है।

1. ''...वास्तव में वह एक शब्द भी नही समझ पाता...'' इसका संभावित कारण क्या है?
(a) बच्चों के पास कोई सजीव बिंब नहीं होता
(b) बच्चे मंदबुद्धि होते हैं
(c) बच्चों के पास बहुत सीमित अनुभव होते हैं
(d) शिक्षक बच्चों की बात नहीं सुनते

उत्तर (c) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

2. बच्चों की प्रकृति के निकट रखने की बात क्यों की गई है?
(a) प्रकृति में शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है
(b) प्रकृति का हरा-भरा वातावरण बच्चों को आकर्षित करता है
(c) बच्चे अपनी इंद्रियों के माध्यम से बिंब बनाते है
(d) बच्चे को सबसे ज्यादा विचार प्राकृतिक वातावरण में ही आते हैं

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

3. केवल शब्दों के रूप में सारा ज्ञान देना
(a) बाल-मस्तिष्क को प्रखर बनाता है
(b) बाल-मस्तिष्क की प्रकृति के विरुद्ध है
(c) बाल-मस्तिष्क की कोशिकाओं को विकसित करता है
(d) बाल-मस्तिष्क की प्रकृति के अनुकूल है

उत्तर (b) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

4. इस गद्यांश के आधार पर अपनी कक्षा में क्या करेंगे?
(a) बच्चों को मैदान, वन-बाग की सैर कराएँगे,
(b) बच्चों पर सीखने का बोझ नहीं डालेंगे

www.awillguru.com

(c) बच्चों के मस्तिष्क को प्रखर बनाने के लिए कठोर, परिश्रम करेंगे और बच्चों से करवाएँगे

(d) ऐसे अनुकूल वातावरण का निर्माण करेंगे, जहाँ बच्चों को इंद्रिय अनुभव के अवसर मिल सकें

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

5. **"यहीं पर उस बात का कारण छिपा है, जो प्राथमिक" आती है।" वाक्य में किस बात की तरफ इशारा किया गया है?**

(a) बच्चे का कक्षा में सदैव डर के कारण चुपचाप बैठना

(b) अध्यापक का सदैव बोलना

(c) बच्चे द्वारा अध्यापक की बातों को न समझ पाना

(d) बच्चे द्वारा निरन्तर सोच-विचार करना

उत्तर (c) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

6. **'किस शब्द में 'इक' प्रत्यय का प्रयोग नहीं किया जा सकता?**

(a) प्रकृति (b) ज्ञान (c) वास्तव (d) बुद्धि

उत्तर (b) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

7. **"जब बच्चे को प्रकृति से दूर रखा जाता है"।' वाक्य के रेखांकित अंशों में कौन-सा कारक है?**

(a) कर्त्ता कारक (b) सम्प्रदान कारक

(c) कर्म कारक (d) अपादान कारक

उत्तर (c) : C.T.E.T.-2012, IInd Paper

अनुच्छेद- 28

शिक्षा की बैंकीय अवधारणा (बैंकिंग कॉनसेप्ट) में ज्ञान एक उपहार होता है, जो स्वयं को ज्ञानवान समझने वालों के द्वारा उनको दिया जाता है, जिन्हें वे नितान्त अज्ञानी मानते हैं। दूसरों को परम अज्ञानी बताना उत्पीड़न की विचारधारा की विशेषता है। वह शिक्षा और ज्ञान को जिज्ञासा की प्रक्रिया नहीं मानती। शिक्षक अपने छात्रों के समक्ष स्वयं को एक आवश्यक विलोम के रूप में प्रस्तुत करता है; उन्हें परम अज्ञानी मानकर वह अपने अस्तित्व को औचित्य सिद्ध करता है। छात्र हेगेल के द्वन्द्ववाद में वर्णित दासों की भाँति, अलगाव के शिकार होने के कारण अपने अज्ञान को शिक्षक के अस्तित्व का औचित्य सिद्ध करने वाला समझते हैं- लेकिन इस फर्क के साथ कि दास तो अपनी वास्तविकता को जान लेता है कि मालिक का अस्तित्व उसके अस्तित्व पर निर्भर है) लेकिन ये छात्र अपनी इस वास्तविकता का कभी नहीं जान पाते कि वे भी शिक्षक को शिक्षित करते है।

1. **शिक्षा की बैंकीय अवधारणा शिक्षा को किस रूप में प्रस्तुत करती है?**

(a) शिक्षा में केवल छात्र शिक्षकों को शिक्षित करते हैं

(b) शिक्षा में उपहारों का लेन-देन होते हैं

(c) शिक्षा की प्रक्रिया में केवल परम अज्ञानी शामिल होते हैं

(d) शिक्षा ज्ञान के लेन-देन की प्रक्रिया है

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2014, Ist Paper

2. **गद्यांश के अनुसार छात्र अपनी किस वास्तविकता को नहीं जान पाते?**

(a) शिक्षक पूर्णतः शिक्षित नहीं है

(b) वे अज्ञानी है

(b) शिक्षक ज्ञानवान है (d) शिक्षक में ज्ञान ही सर्वोपरि है

उत्तर (a) : C.T.E.T.-2014, Ist Paper

3. **इस गद्यांश के अनुसार शिक्षा की प्रक्रिया सम्पन्न होने के लिए अनिवार्य शर्त है-**

(a) छात्र का परम अज्ञानी होना

(b) छात्रों का सीखने के लिए उत्सुक होना

(c) शिक्षक की उपस्थिति

(d) शिक्षक का परम ज्ञानवान होना

उत्तर (c) : C.T.E.T.-2014, Ist Paper

4. **गद्यांश के अनुसार उत्पीड़न की विचारधारा की विशेषता क्या है?**

(a) आदर्श शिक्षक सदैव उत्पीड़क होता है

(b) परम अज्ञानियों का शोषण अनिवार्य है

(c) शिक्षा ज्ञान का उपहार है

(d) शिक्षक 'श्रेष्ठ' है और छात्र 'हीन' है

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2014, Ist Paper

5. **गद्यांश में- पर करारा व्यंग्य किया गया है।**

(a) शिक्षितों की दशा

(b) शिक्षक और छात्र के मध्य सम्बन्ध

(c) ज्ञानवान व्यक्तियों (d) उत्पीड़ितों की दशा

उत्तर (b) : C.T.E.T.-2014, Ist Paper

6. **'जिज्ञासा' शब्द से बनने वाला विशेषण है-**

(a) जिज्ञासु (b) जिज्ञासाशील

(c) जिज्ञासी (d) जिज्ञासावाला

उत्तर (a) : C.T.E.T.-2014, Ist Paper

7. **'किस शब्द में दो प्रत्ययों का प्रयोग हुआ है?**

(a) विशेषता (b) विचारधारा

(c) वास्तविकता (d) ज्ञानवान

उत्तर (c) : C.T.E.T.-2014, Ist Paper

8. **'प्रस्तुत गद्यांश में 'नितान्त' शब्द का अर्थ है-**

(a) बहुत (b) बिल्कुल

(c) केवल (d) एकान्त

उत्तर (b) : C.T.E.T.-2014, Ist Paper

9. **"'उन्हें परम अज्ञानी मानकर वह अपने अस्तित्व का औचित्य सिद्ध करता है।" रेखांकित शब्द की जगह किस शब्द का प्रयोग किया जा सकता है?**

(a) अंतर्निहीत (b) प्रतिस्थापना

(c) प्रमाणित (d) प्रतिफलित

उत्तर (c) : C.T.E.T.-2014, Ist Paper

www.awillguru.com

अनुच्छेद- 29

नहीं झुका करते जो दुनिया से
करने को समझौता,
ऊँचे से ऊँचे सपनों को
देते रहते जो न्योता,
दूर देखती जिनकी पैनी
आँख भविष्यत् का तम चीर,
मैं हूँ उनके साथ खड़ी
जो सीधी रखते अपनी रीढ़।

1. कविता की पंक्तियों के अनुसार कविता किसके पक्ष में खड़ी है?

(a) जो उजाला फैलाते हैं
(b) जो समझैता करके शांति फैलाते हैं
(c) जो स्वाभिमानी, साहसी और निर्भीक है
(d) जो केवल सपनों में खोए रहते हैं

उत्तर (c) : C.T.E.T.-2014, Ist Paper

2. व्यक्ति की दृष्टि कैसी होनी चाहिए?

(a) दूरदर्शिता से लेस
(b) भविष्य का अँधेरा दूर करने वाली
(c) अंधकार को चीरने वाली
(d) दूर की चीजों को साफ़-साफ़ देखने वाली

उत्तर (a) : C.T.E.T.-2014, Ist Paper

3. ऊँचे से ऊँचे सपनों को निमंत्रण देने का भाव है-

(a) स्वप्नशील रहना
(b) सपनों को आमंत्रित करना
(c) ऊँचे सपनों को आमंत्रित करना
(d) उच्च कोटि के स्वप्न देखना और उन्हें साकार करने का प्रयास करना

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2014, Ist Paper

4. 'तम' शब्द का पर्याय है-

(a) अंधकार (b) निशा
(c) यामिनी (d) रात

उत्तर (a) : C.T.E.T.-2014, Ist Paper

5. ''नहीं झुका करते जो दुनिया से'' पंक्ति में किसके सामने न झुकने की बात की गई है?

(a) अन्यायी राजाओं के सामने
(b) दुनिया के व्यक्तियों के सामने
(c) विषम परिस्थितियों और अन्याय के सामने
(d) दुनिया के सभी देशों के सामने

उत्तर (c) : C.T.E.T.-2014, Ist Paper

6. ''सीधी रीढ़'' का आशय है-

(a) स्वाभिमानी और स्वावलम्बी होना
(b) अभिमानी होना
(c) आत्मनिर्भर होना
(d) सीधी बात कहना

उत्तर (a) : C.T.E.T.-2014, Ist Paper

अनुच्छेद- 30

गुलजार जी, क्या लिखते समय पाठक आपके चिन्तन में होते हैं?

देखिए, जब मैं लिखता हूँ, मेरे जेहन में मैं होता हूँ। मैं तय करता हूँ, मुझे क्या करना है। मैं पहले यही तय करता हूँ। बात मुझे अपनी कहनी होती है। पाठक को सामने रखकर लिखने का कोई मतलब नहीं होता। दूसरी महत्वपूर्ण बात मैं महसूस करता हूँ वह है कम्युनिकेशन.....अपनी बात को पाठक तक पहुँचाना......आर्ट ऑफ कम्युनिकेशन....हाँ मैं अपने लेखन को इस कसौटी पर रखता हूँ। मीडिया से जुड़े होने के कारण कहने के तरीके को लेकर मैं सोचता अवश्य हूँ। विषय मेरे होते हैं, मेरी बात सही है या नहीं। आप अपनी ग्रोथ के साथ एक अहाता बनाते चलते हैं। हर फाइन आर्ट लोगों तक पहुँचनी ही चाहिए। संगीत हो, कला हो या लेखन हो वो अपने लक्ष्य तक पहुँचनी चाहिए, कहने का ऐसा तरीका तो होना ही चाहिए।

1. जब गुलजार लिखते हैं तो विषय किसके होते हैं?

(a) फिल्म बनाने वालों के (b) स्वयं उनके
(c) मीडिया के (d) पाठकों के

उत्तर (b) : C.T.E.T.-2014

2. गुजलार के अनुसार लिखने वाले के जेहन में स्वयं लेखक होता है। इसका आशय यह है कि

(a) लेखक पाठक की उपेक्षा करता है
(b) लेखक को अपनी ग्रोथ चाहिए
(c) लेखक की संवेदनाएँ, आत्मानुभूति केन्द्र में होती है
(d) लेखक स्वयं को सर्वोपरि मानता है

उत्तर (c) : C.T.E.T.-2014

3. एक लेखक के लिए दूसरी महत्वूपर्ण बात क्या है?

(a) मीडिया (b) कला
(c) लेखन (d) सम्प्रेषण

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2014

4. किसी भी कला का लक्ष्य क्या है?

(a) लोगों तक वह बात पहुँचे
(b) मीडिया द्वारा सराहा जाए
(c) सरल भाषा का प्रयोग करना
(d) वह सुंदर तरीके से कही गयी हो

उत्तर (a) : C.T.E.T.-2014

www.awillguru.com

5. **गुलजार अपने लेखक को किस कसौटी पर कसते है?**
(a) वह व्यंग्य भरे अंदाज में कही गई है या नहीं
(b) वह सब लोगों द्वारा सराही गई है या नही
(c) मेरी ग्रोथ हो रही है या नहीं
(d) वह बात पाठक तक पहुँच रही है या नहीं

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2014

6. **गुलजार लिखने से पहले क्या तय करते हैं?**
(a) क्या कहना है (b) कैसे कहना है
(c) क्यों कहना है (d) किसके लिए कहना है

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2014

7. **'जेहन' का अर्थ है**
(a) दिमाग (b) ख्याल
(c) सपना (d) दिल

उत्तर (a) : C.T.E.T.-2014

8. **'संगीत' से विशेषण शब्द बनेगा**
(a) संगीतज्ञ (b) संगीतवाला
(c) संगीतवान (d) संगीता

उत्तर (a) : C.T.E.T.-2014

9. **'कहने का ऐसा तरीका तो होना ही चाहिए।' वाक्य में निपात शब्द है-**
(a) तो, का (b) ही, ऐस
(c) तो, ही (d) ऐसा, तो

उत्तर (c) : C.T.E.T.-2014

अनुच्छेद- 31

जब नहीं था
इन्सान
धरती पर थे जंगल
जंगली जानवर, परिन्दे
इन्हीं सबके बीच उतरा
इन्सान
और घटने लगे जंगल
जंगली जानवर, परिन्दे
इन्सान
बढ़ने लगा बेतहाशा
अब कहाँ जाते जंगल,
जंगली जानवर, परिन्दे
प्रकृति किसी के साथ
नहीं करती नाइन्साफी
सभी के लिए बनाती है जगह
सो अब
इन्सानों के भीतर उतरने लगे है
जंगल, जंगली जानवर
और परिन्दे

1. **धरती पर इन्सान के आने के बाद क्या हुआ?**
(a) जानवर घटने लगे (b) पक्षी घटने लगे
(c) जंगल घटने लगे (d) ये सभी

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2014

2. **'इन्सान बढ़ने लगा बेहताशा' का भाव है-**
(a) इन्सन खूब तेज भागने लगा
(b) इन्सान खूब बड़ा होने लगा
(c) इन्सान अपने पैरों पर चलने लगा
(d) इन्सान खूब तरक्की करने लगा

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2014

3. **प्रकृति किसके प्रति नाइंसाफी नहीं करती**
(a) पशु-पक्षियों के प्रति (b) इन्सानों के प्रति
(c) जंगल के प्रति (d) इन सभी के प्रति

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2014

4. **कविता के अन्त में क्या व्यंग्य किया गया है?**
(a) इन्सानों में अब इन्सानियत खत्म हो गई है
(b) इन्सानों के भीतर जंगल की तरह पेड़ उग आए है
(c) इन्सानों के जंगल उगाना शुरू कर दिया है
(d) प्रकृति के इन्सानों के प्रति नाइंसाफी की

उत्तर (a) : C.T.E.T.-2014

5. **'अब कहाँ जाते जंगल' का भाव है कि**
(a) अब जंगल खूब बढ़ने लगे
(b) अब जंगल समाप्त होने लगे
(c) अब जंगलों में परिन्दे नहीं रहत
(d) अब जंगल कहीं जाने लायक नहीं रहे

उत्तर (b) : C.T.E.T.-2014

6. **'जंगल' का पर्यायवाची नहीं है**
(a) वन (b) कानन
(c) अरण्य (d) बगीचा

उत्तर (d) : C.T.E.T.-2014

अनुच्छेद- 32

स्थूल एवं बाह्य पदार्थ सूक्ष्म एवं मानसिक पदार्थों एवं भावों की अपेक्षा अधिक महत्व के विषय नहीं है। जो व्यक्ति रचनात्मक कार्य करने में समर्थ है, उसे भौतिक स्थूल लाभ अथवा प्रलोभन न तो लुभाते हैं और न ही प्रोत्साहित करते हैं।

विश्व में विचारक दस में से एक ही व्यक्ति होता है। उसमें भौतिक महत्वाकांक्षाएँ होती हैं। 'पूंजी' का रचयिता कार्ल मार्क्स जीवनभर निर्धनता से जूझता रहा। राज्याधिकारियों ने सुकरात को मरवा डाला, पर वह जीवन के अन्तिम क्षणों में भी शांत था; क्योंकि वह अपने जीवन के लक्ष्य का भली-भाँति निर्वाह कर चुका

www.awillguru.com

था। यदि उसे पुरस्कृत किया जाता, प्रतिष्ठा के अंबारों से लाद दिया जाता, परन्तु अपना काम न करने दिया जाता तो निश्चय ही वह अनुभव करता कि उसे कठोर रूप से दंडित किया गया है। ऐसे अनेक अवसर आते हैं जब हमें बाहरी सुख-सुविधाएँ आकर्षित करती हैं, वे अच्छे जीवन के लिए अनिवार्य लगने लगती हैं, किन्तु महत्वपूर्ण यह है कि क्या हमने जीवन का उद्देश्य प्राप्त कर लिया? यदि इसका उत्तर 'हाँ' है तो बाह्य वस्तुओं का अभाव नहीं खलेगा और यदि 'नहीं' है तो हमें अपने को भटकने से बचाना होगा और लक्ष्य की ओर बढ़ना होगा।

1. **'प्रतिष्ठा के अंबारों से लाद दिया जाता है'- रेखांकित का तात्पर्य है**
   (a) आभार से (b) कृतज्ञता से
   (c) भार से (d) ढेर से
   उत्तर (a) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
2. **'भली-भाँति निर्वाह कर चुका था।' उपर्युक्त वाक्यांश में क्रिया-विशेषण है**
   (a) निर्वाह (b) कर चुका
   (c) भली (d) भली-भाँति
   उत्तर (a) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
3. **'महत्वाकांक्षा' किन शब्दों से मिलकर बना है?**
   (a) महत्व + आकांक्षा (b) महत्वा-कांक्षा
   (c) महत् + आकांक्षा (d) महत्त्व-आकांक्षा
   उत्तर (c) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
4. **भौतिक लाभ किन्हें नहीं लुभाते?**
   (a) जीवन का लक्ष्य पूरा करने वालों को
   (b) रचनात्मक कार्य करने वालों को
   (c) धन-संपन्न लोगों को
   (d) सामर्थ्यवान लोगों को
   उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
5. **'पूँजी का रचयिता कार्ल मार्क्स कथन से संकेत मिलता है कि 'पूँजी' का अर्थ है**
   (a) एक ग्रंथ (b) विरासत
   (c) धन-संपत्ति (d) एक विचार
   उत्तर (c) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
6. **विचारकों की एक विशेषता यह है कि उनमें**
   (a) पद-प्रतिष्ठा प्राप्त करने की इच्छा होती है
   (b) रचनात्मक कार्य करने की क्षमता होती है
   (c) महत्वाकांक्षाएँ नहीं होती है
   (d) भौतिक महत्त्वाकांक्षाएं कम होती है
   उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
7. **सुकरात को अपना काम न करने देने की स्थिति कठोर दंड जैसी प्रतीत होती; क्योंकि**
   (a) वह स्थूल प्रलोभनों की अपेक्षा नहीं करता था
   (b) उसे जीवन का उद्देश्य प्राप्त करने से रोक दिया गया होता
   (c) वह अन्तिम क्षणों में भी शान्त था
   (d) वह जीवन के कार्य समाप्त कर चुका था
   उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
8. **मनुष्य को बाहरी सुख क्यों लुभाते हैं?**
   (a) भरे-पूरे जीवन के लिए (b) अच्छे जीवन के लिए
   (c) आराम के लिए (d) सम्पन्नता के लिए
   उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
9. **"जो व्यक्ति रचनात्मक कार्य करने में समर्थ है..... वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर कौन-सा शब्द प्रयुक्त नहीं किया जा सकता है?**
   (a) सक्षम (b) शक्तिशाली
   (c) सामर्थ्यवान (d) क्षमतावान
   उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

अनुच्छेद- 33

रोना और मचल जाना भी क्या आनंद दिखाते थे।
बड़े-बड़े मोती-से आँसू, जयमाला पहनाते थे।
मैं रोई, माँ काम छोड़कर आई, मुझको उठा लिया।
झाड़-पोंछकर चूम-चूम गीले गालों को सुखा दिया।
आ जा बचपन! एक बार फिर दे-दे अपनी निर्मल शांति।
व्याकुल व्यथा मिटाने वाली, वह अपनी प्राकृत विश्रांति।
वह भोली-सी मधुर सरलता, वह प्यारा जीवन निष्पाप।
क्या फिर आकर मिटा सकेगा तू मेरे मन का संताप?
मैं बचपन को बुला रही थी, बोल उठी बिटिया मेरी।
नंदन-वन-सी फूल उठी, वह छोटी-सी कुटिया मेरी।

1. **'मिटा सकेगा तू मेरे मन का संताप' उक्त पंक्ति में 'तू' किसे कहा गया है?**
   (a) कवि को (b) पाठक को
   (c) बच्चे को (d) बचपन को
   उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
2. **कवयित्री अपने बचपन को क्यों बुलाना चाहती हैं?**
   (a) बचपन के आनंद की याद में
   (b) बचपन के खेलों की याद में
   (c) अपनी माँ की याद में
   (d) अपनी बिटिया की याद में
   उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
3. **बच्चे की आँखों से निकलते आँसुओं को देखकर क्या अनुभूति होती है?**
   (a) विजय की (b) प्यार की
   (c) कष्ट की (d) सुख की
   उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

www.awillguru.com

4. 'व्याकुल व्यथा मिटाने वाली' में प्रयुक्त अलंकार है

(a) उपमा (b) अनुप्रास

(c) यमक (d) रूपक

उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

5. 'बचपन' शब्द है

(a) क्रिया-विशेषण (b) सर्वनाम

(c) संज्ञा (d) विशेषण

उत्तर (c) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

6. 'नंदन-वन-सी फूल उठी, यह छोटी-सी कुटिया मेरी' का भाव है

(a) कुटिया में आनंद उमड़ उठा

(b) कुटिया में शांति छा गई

(c) छोटी कुटिया बड़ी हो गई

(d) कुटिया सुंदर हो गई

उत्तर (a) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

अनुच्छेद- 34

क्यों? एक ऐसा सवाल है, जिसका जवाब देने का प्रयास हम माता-पिता हमेशा से करते आए हैं। यह अच्छी बात है कि बच्चे सवाल पूछते हैं। सीखने का इससे बढ़िया कोई और तरीका नहीं हो सकता। सभी बच्चों के पास सीखने के दो स्रोत होते हैं-कल्पनाशीलता और उत्सुकता। माता-पिता के रूप में आप अपने बच्चे की कल्पनाशीलता व उत्सुकता को बढ़ावा देकर उसे सीखने के आनंद से सराबोर कर सकते हैं। शिक्षण और सीखना महज स्कूल की चारदीवारी के भीतर संपन्न होने वाली रहस्यमय गतिविधियाँ नहीं हैं। वे तब भी होती हैं, जब माता-पिता और बच्चे वेहद आसान चीजों को साथ-साथ करते हैं। उदाहरण के लिए, धुलने वाले कपड़ों के ढेर से मोजों को उनके जोड़ों के हिसाब से छाँटकर गणित और विज्ञान की गुत्थियाँ सुलझा सकते हैं। साथ मिलकर खाना बना सकते हैं, क्योंकि खाना बनने से गणित और विज्ञान के अलावा अच्छी सेहत की भी सीख मिलती है। एक-दूसरे को कहानियाँ सुना सकते हैं। कहानी सुनाना पढ़ने और लिखने का आधार है। उछल-कूद वाले खेलों से बच्चे गिनती सीखते हैं और जीवन-पर्यंत अच्छी सेहत का पाठ भी पढ़ते हैं। बच्चों के साथ मिलकर कुछ करने से आप समझ जायेंगे कि सीखना मनोरंजक और बेहद महत्त्वपूर्ण क्रिया-कलाप है।

1. कल्पनाशीलता और उत्सुकता को बढ़ावा देने से बच्चा

(a) अच्छी बहस कर सकता है

(b) अच्छा नागरिक बन सकता है

(c) स्वयं कहानियाँ बनाकर सुनाता है

(d) सीखने के आनंद में डूब जाता है

उत्तर (a) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

2. 'मनोरंजक' शब्द है

(a) सर्वनाम (b) संज्ञा

(c) क्रिया (d) विशेषण

उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

3. 'जीवन-पर्यन्त' शब्द का अर्थ है

(a) सुखी जीवन का अंत (b) जीवन और परिवार

(c) जीवन भर (d) जीवन का अंत

उत्तर (c) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

4. 'उत्सुकता' शब्द में प्रत्यय है

(a) ता (b) कता

(c) उत् (d) सु

उत्तर (a) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

5. किनके 'क्यों ?' प्रश्न का उत्तर देने का प्रयास हम करते आए हैं?

(a) समाज के (b) शिक्षकों के

(c) माता-पिता के (d) बच्चों के

उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

6. सीखने का बढ़िया तरीका है

(a) विस्तार से समझाना (b) पुस्तक पढ़ना

(c) प्रश्न पूछना (d) उत्तर देना

उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

6. बच्चों के पास सीखने के स्रोतों में से एक है

(a) अध्यापक (b) पाठ्य-पुस्तक

(c) माता-पिता (d) उत्सुकता

उत्तर (c) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

7. सीखना तब भी होता है, जब माता-पिता और बच्चे

(a) मिलकर खाना बनाना सीखे

(b) केवल छोटे और आसान काम करें

(c) साथ-साथ काम करें

(d) गृहकार्य मिलकर करें

उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

8. गद्यांश के आधार पर कहा जा सकता है कि

(a) बच्चे रोजमर्रा के कार्यों से भी बहुत कुछ सीख सकते हैं

(b) कहानी सुनाना ही सीखने का एकमात्र आधार है

(c) सीखना स्कूल के भीतर ही संभव है

(d) माता-पिता को बच्चों के सवालों के जवाब नहीं देने चाहिए

उत्तर (a) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

अनुच्छेद- 35

साल के जिस माह से मुझे सबसे अधिक लगाव होता है, वह दिसम्बर ही है। इस महीने की कोमल धूप मुझे मोह लेती है, लेकिन तभी एहसास होता है कि यह साल भी बीतकर विगत हो जाएगा,

www.awillguru.com

ठीक उसी तरह, जैसे धरती मैया के आँचल में न जाने कितनी सदियाँ, कितने बरस दुबककर छिपे बैठे हैं। फिर सोचता हूँ, तो लगता है कि हर किसी के जीवन के बनने में ऐसे ही न जाने कितने 12 महीने होंगे, इन्हीं महीनों के पल-पल को जोड़कर हम-आप सब अपने जीवन को सँवारते-बिगाड़ते हैं। किसानी करते हुए हमने पाया कि एक किसान-चार-चार महीने में एक जीवन जीता है। शायद ही किसी पेशे में जीवन को इस तरह टुकड़ों में जिया जाता होगा। चार महीने में हम एक फसल उपजा लेते हैं और इन चार महीने के सुख-दुःख को फसल काटते ही मानों भूल जाते हैं। हमने कभी बाबूजी के मुख से सुना था कि किसान ही केवल ऐसा जीव है जो स्वार्थ को ताक पर रखकर जीता है। इसके पीछे उनका तर्क होता था कि फसल बोने के बाद किसान इस बात की परवाह नहीं करता है कि फल अच्छा होगा या बुरा। वह सब कुछ मौसम के हवाले कर जीवन के अगले चरण की तैयारी में जुट जाता है। किसानी करते हुए जो एहसास हो रहा है, उसे लिखता जाता हूँ। इस आशा के साथ कि किसानी को कोई परित्यक्त भाव से न देखें। अंतिम महीने में मेरे जैसे किसान मक्का, आलू और सरसों में डूबे पड़े हैं। इस आशा के साथ कि आने वाले नए साल में इन फसलों से नए जीवन को नए सलीके से सजाया-सँवारा जाएगा।

1. **'किसान' से बना 'किसानी' शब्द है-**
   (a) विशेषण (b) क्रिया-विशेषण
   (c) संज्ञा (d) सर्वनाम
   उत्तर (a) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
2. **लेखक खेती के साथ-साथ लिखने का काम भी क्यों कर रहा है?**
   (a) किसान दीन नहीं है
   (b) किसान को कोई हीन न समझे
   (c) नाम के लिए सब कुछ करना जरूरी है
   (d) धन के लिए खेती करनी पड़ती है
   उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
3. **लेखक को दिसम्बर से विशेष लगाव है, क्योंकि**
   (a) साल बदलता है
   (b) साल का अंतिम महीना है
   (c) सरदी होती है
   (d) कोमल धूप अच्छी लगती है
   उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
4. **शब्दों को कौन-सा जोड़ा शेष से भिन्न है?**
   (a) सजाया-सँवारा (b) घास-फूँस
   (c) कंकड़-पत्थर (d) सुख-दुःख
   उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
5. **स्वार्थ को ताक पर रखकर जीते हैं**
   (a) किसान (b) मजदूर
   (c) महापुरुष (d) विद्यार्थी
   उत्तर (a) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
6. **किसान अपने सुख-दुःख को कब भूल जाता है?**
   (a) फसल काट लेने पर
   (b) फसल बेच देने पर
   (c) फसल तैयार होने पर
   (d) फसल उगाने पर
   उत्तर (a) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

अनुच्छेद- 36

"किसी को देखने के लिए आँख की नहीं, दृष्टि की आवश्यकता होती है"- स्वामी विवेकानन्द का यह कथन इस महिला के जीवन का दर्शन बन गया है। इसी जीवन दर्शन के सहारे उन्होंने एक ओर कठिनाइयों का सामना किया तो दूसरी ओर सफलता का मार्ग ढूँढ़ा और उस पर निर्भयता से बढ़ चलीं। जी हाँ, हम बात कर रहे हैं मुंबई की रेवती रॉय की।

रेवती रॉय वह महिला है जिन्होंने महिलाओं की कठिनाइयों को ध्यान में रख केवल उन्हीं की सुविधा के लिए 'फॉरशी' नाम से कैब-सेवा प्रारम्भ की। उद्देश्य स्पष्ट था- कामकाजी और जरूरतमंद महिलाओं को अपने शहर में सुरक्षित सफर का भरोसा देना। यह सेवा उन महिलाओं के लिए वरदान साबित हुई जिन्हें महानगरों में मुँह बाए बैठे अपराधी तत्वों या परपीड़ा में आनन्द लेने वालों से प्रायः रोज ही जूझना पड़ता है।

खतरों और आशंकाओं से भरी सड़क-परिवहन की जिंदगी में कदम रखने का निर्णय लेना रेवती के लिए सरल नहीं था। लेकिन कभी-कभी विवशता भी प्रेरणा देती है। ऐसे ही अवसरों पर 'आँख नहीं, दृष्टि' वाला दर्शन प्रेरक होता है। गंभीर बीमारी से जूझ रहे पति के इलाज में सारी जमापूँजी चुक जाने के बाद रेवती को अपने अस्तित्व के लिए कुछ-न-कुछ करना था। सो उन्होंने एकदम नया रास्ता चुना-कैब के द्वारा महिलाओं को सुरक्षित यात्रा का आश्वासन।

1. **कौन-सा विकल्प गद्यांश के मुख्य भाव के सबसे निकट है?**
   (a) साहस और खतरे
   (b) पहले घर फिर बाहर
   (c) हिम्मत और जिंदगी
   (d) हिम्मत और इंसान तो क्या काम है मुश्किल
   उत्तर (c) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
2. **किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों है?**
   (a) प्रारम्भ (b) सफलता
   (c) परिवहन (d) कठिनाइयाँ
   उत्तर (c) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015
3. **'परपीड़ा' शब्द का गद्यांश में प्रयोग के अनुसार अर्थ है-**
   (a) दूसरों से पीड़ा (b) दूसरों में पीड़ा
   (c) दूसरों की पीड़ा (d) दूसरों को पीड़ा
   उत्तर (c) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

www.awillguru.com

4. **गद्यांश के प्रारंभ में उद्धृत कथन किसके जीवन का दर्शन बना?**
(a) संघर्षशील व्यक्ति के (b) रेवती रॉय के
(c) विवेकानन्द के (d) असुरक्षित महिलाओं के
उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

5. **रेवती रॉय की कैब सेवा मूलत: किसके लिए है?**
(a) कामकाजी महिलाओं के लिए
(b) महानगरों के लिए
(c) जरूरतमंद लोगों के लिए
(d) मुंबई के निवासियों के लिए
उत्तर (c) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

6. **कामकाजी महिलाओं को प्राय: नित्य ही जूझना पड़ता है**
(a) मनमानी करने वाले चालकों से
(b) परिवहन की समस्याओं से
(c) गृहस्थी की समस्याओं से
(d) परपीड़क और अपराधी लोगों से
उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

7. **कैब सेवा प्रारंभ करने के पीछे कारण था-**
(a) समाजसेवा की भावना
(b) महिलाओं की कठिनाइयाँ
(c) सामाजिक दबाव
(d) पारिवारिक विवशता
उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

8. **रेवती रॉय ने एकदम नया रास्ता चुना**
(a) खतरों में कदम रखने का
(b) लोगों की सेवा करने का
(c) बीमार पति की देखभाल का
(d) महिलाओं के लिए कैब संचालन का
उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

9. **किस जिंदगी को खतरों और आशंकाओं से भरा माना गया है?**
(a) 'फॉरशी' कैब संचालन की
(b) कामकाजी महिलाओं की
(c) महानगरों की
(d) सड़क परिवहन की
उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

अनुच्छेद- 37

गरजते घन घनन-घन-घन,
नाचता है मोर-सा मन,
ऐसी पड़ी झर-झर झड़ी-
भीगा बदन-बेसुध है मन।
आज वर्षा अजब आई।
बह रही है मस्त पुरवाई,
नदी है द्वार तक लाई,
मेघों से लिपटकर सो गया सूरज
ले रहे हैं खेत अँगड़ाई
आज वर्षा गजब आई!

1. **'बेसुध है मन' कहकर कवि बताना चाहता है कि मन**
(a) गाने लगता है (b) झूमने लगता है
(c) पानी से भीग जाता है। (d) मस्त हो जाता है
उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

2. **खेत अँगड़ाइयाँ ले रही है क्योंकि**
(a) सुबह हो गई, वे नींद से जाग रहे हैं
(b) उन्हें बहुत आनन्द आ रहा है
(c) सूर्य दिखाई नहीं दे रहा है
(d) सूर्य के सो जाने से उन्हें भी नींद आ रही है
उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

7. **'गरजते घन घनन-घन-घन'- में अलंकार है**
(a) रूपक (b) श्लेष
(c) उपमा (d) अनुप्रास
उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

8. **मन की उपमा किससे दी गई है?**
(a) मोर से (b) सावन से
(c) बादलों से (d) वर्षा से
उत्तर (a) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

9. **"लिपटकर सो गया सूरज" का भाव है कि सूर्य**
(a) थक गया है (b) छिप गया है
(c) नींद में है (d) खो गया है
उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

10. **'पुरवाई' से आशय स है**
(a) पूर्व की ओर बहने वाली पवन
(b) मदमस्त करने वाली हवा
(c) पूर्व से आने वाली वायु
(d) पूर्व को बहने वाली नदी
उत्तर (c) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

अनुच्छेद- 38

'आदमी की तलाश'- यह स्वर अकसर सुनने को मिलता है। यह भी सुनने को मिलता है कि आज आदमी, आदमी नहीं रहा। इन्हीं स्थितियों के बीच दार्शनिक राधाकृष्णन की इन पंक्तियों का स्मरण हो आया-'हमने पक्षियों की तरह उड़ना और मछलियों की तरह तैरना तो सीख लिया है, पर मनुष्य की तरह पृथ्वी पर चलना और जीना नहीं सीखा।'

जिंदगी के सफर में नैतिक और मानवीय उद्देश्यों के प्रति मन में अटूट विश्वास होना जरूरी है। कहा जाता है- आदमी नहीं

www.awillguru.com

चलता, उसका विश्वास चलता है। आत्मविश्वास सभी गुणों को एक जगह बाँध देता है, यानी कि विश्वास की रोशनी में मनुष्य का संपूर्ण व्यक्तित्व और आदर्श रोजगार होता है। गेटे की प्रसिद्ध उक्ति है कि जब कोई आदमी ठीक काम करता है, तो उसे पता तक नहीं चलता कि यह क्या कर रहा है, पर गलत काम करते समय उसे हर क्षण यह ख्याल रहता है कि वह जो कर रहा है, वह गलत है। गलतको गलत मानते हुए भी इंसान गलत किए जा रहा है। इसी कारण समस्याओं एवं अँधेरों के अंबार लगे हैं। लेकिन ऐसा ही नहीं है। कुछ अच्छे लोग भी हैं, शायद उनकी अच्छाइयों के कारण ही जीवन बचा हुआ है। ऐसे लोगों ने नैतिकता और सच्चरित्रता का खिताब ओढ़ा नहीं है, वे भाग्य और नियति के हाथों खिलौना बनकर नहीं बैठे, स्वयं के पसीने से अपना भाग्य लिखा। महात्मा गाँधी ने इसीलिए कहा कि हमें वह परिवर्तन खुद बनना चाहिए, जिसे हम संसार में देखना चाहते हैं। जरूरत है कि हम दर्पण जैसा जीवन जीना सीखें। उन सभी खिड़कियों को बंद कर दें, जिनसे आने वाली गंदी हवा इंसान को इंसान नहीं रहने देती। मनुष्य के व्यवहार में मनुष्यता को देखा जा सके, यहीं 'आदमी को तलाश' है।

1. **'मन में अटूट विश्वास होना जरूरी है।' उपर्युक्त वाक्य में 'अटूट' शब्द व्याकरण की दृष्टि से है**
   (a) विशेषण (b) क्रिया-विशेषण
   (c) संज्ञा (d) सर्वनाम
   उत्तर (a) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

2. **मुख्य भाव के अनुसार गद्यांश का सबसे उपयुक्त शीर्षक हो सकता है**
   (a) जीवन यात्रा (b) आदमी की तलाश
   (c) मानवीय उद्देश्य (d) सच्ची मानवता
   उत्तर (c) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

3. **सभी गुणों को एक स्थान पर जोड़ने की शक्ति किसमें बताई गई है?**
   (a) सच्चरित्रता में (b) आत्मविश्वास में
   (c) मनुष्य में (d) नैतिकता में
   उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

4. **कौन-सा शब्द लिंग की दृष्टि से शेष से भिन्न है?**
   (a) मछली (b) पृथ्वी
   (c) पक्षी (d) नदी
   उत्तर (c) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

5. **'आदमी आदमी नहीं रहा'- कथन का भाव है**
   (a) मानव प्रगतिशील हो गया
   (b) मनुष्य में मनुष्यता नहीं रही
   (c) आदमी देवता बन गया
   (d) मनुष्य राक्षस जैसा बन गया
   उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

6. **अनुचित कार्य करते समय मनुष्य को**
   (a) विश्वास रहता है कि किसी को पता नहीं चलेगा
   (b) अच्छे मार्ग से कुछ पाने का भरोसा नहीं होता।
   (c) पता ही नहीं होता कि वह अनुचित कर रहा है
   (d) मालूम रहता है कि यह ठीक नहीं कर रहा
   उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

7. **'अँधेरों के अंबार लगे हैं'- रेखांकित का भव है**
   (a) विघ्न-बाधाओं के (b) दुर्भाग्य के
   (c) अंधकार के (d) बुराइयों के
   उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

8. **शेष से भिन्न शब्द को पहचानिए**
   (a) नैतिकता (b) सच्चरित्रता
   (c) मनुष्यता (d) उछलता
   उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

9. **'जरूरत है कि हम दर्पण-जैसा जीवन जीना सीखे।' रचना की दृष्टि से उपर्युक्त वाक्य है**
   (a) मिश्र वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
   (c) सरल वाक्य (d) कठिन वाक्य
   उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

अनुच्छेद- 39

अधिकतर लोगों की यही शिकायत होती है कि उन्हें पनपने के लिए सटीक माहौल व संसाधन नहीं मिल पाए, नहीं तो आज वे काफी आगे होते और आज भी ऐसे कई लोग हैं, जो संसाधन और स्थितियों के अनुकूल होने के इंतजार में खुद को रोके हुए हैं। ऐसे लोगों के लिए ही किसी विद्वान ने कहा है- इंतजार मत कीजिए, समय एकदम अनुकूल कभी नहीं होता। जितने संसाधन आपके पास मौजूद हैं, उन्हीं से शुरूआत कीजिए, और आगे सब बेहतर होता जाएगा। जिनके इरादे दृढ़ होते हैं, ये सीमित संसाधनों में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं।

नारायण मूर्ति ने महज दस हजार रुपये से अपने छह दोस्तों के साथ इन्फोसिस की शुरूआत की, और आज इन्फोसिस आईटी के क्षेत्र की एक बड़ी कंपनी है। करौली टैक्स, पहले अपने दाएं हाथ से निशानेबाजी करते थे, मगर उनका वह हाथ एक विस्फोट में चला गया। फिर उन्होंने अपने बाएँ हाथ से शुरुआत और वर्ष 1948 व 1950 में ओलम्पिक स्वर्ण पदक अपने नाम किया। लिओनार्दो द विंची, रवीन्द्रनाथ टैगोर, टॉमस अल्वा एडिसन, टेलीफोन के आविष्कारक ग्राहम बेल, वॉल्ट डिज्नी- ये सब अपनी शुरूआती उम्र में डिस्लेक्सिया से पीड़ित रह चुके हैं, जिनमें पढ़ने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, फिर भी ये सभी अपने-अपने क्षेत्र के शीर्ष पर पहुँचे। अगर ये लोग भी इसी तरह माहौल और संसाधनों की शिकायत और इंतजार करते, तो क्यों कभी उस मुकाम पर पहुँच पाते, जहाँ वे मौजूद हैं? मगर हमने अपना लक्ष्य तय कर

www.awillguru.com

लिया है, तो हमें उस तक पहुँचने की शुरूआत अपने सीमित संसाधनों से ही कर देनी चाहिए। किसी इंतजार में नहीं रहना चाहिए। ऐसे में इंतजार करना यह दर्शाता है कि हम अपने लक्ष्य को पाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध नहीं हैं। इसलिए हमें अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत कर जुट जाना होगा। इंतजार करेंगे, तो करते रह जाएँगे।

1. **'समय एकदम अनुकूल कभी नहीं होता'- यहाँ 'एकदम' का अर्थ है**

(a) पूर्णतः (b) अचानक
(c) तुरंत (d) तत्काल

उत्तर (a) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

2. **'हमें अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत कर जुट जाना होगा।' उपर्युक्त वाक्य से बना संयुक्त वाक्य होगा**

(a) हमें इच्छाशक्ति को मजबूत करना है इसलिए जुट जाना होगा।
(b) यदि हमें अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करना है तो जुट जाना होगा।
(c) हमें अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करना होगा और जुट जाना होगा।
(d) हमें जुट जाना होगा और फिर इच्छाशक्ति को मजबूत करना होगा।

उत्तर (c) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

3. **'डिस्लेक्सिया' शब्द है**

(a) देशज (b) आगत
(c) तत्सम (d) तद्भव

उत्तर (b) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

4. **'ऐसे लोगों के लिए ही किसी विद्वान ने कहा है'-रेखांकित अंश का संकेत है-**

(a) प्रतिकूल स्थितियों को अनुकूल बनाते लोग
(b) दृढ़ इरादों वाले लोग
(c) अनुकूल परिस्थितियों में बड़े लोग
(d) अनुकूल परिस्थितियों की प्रतीक्षा कर रहे लोग

उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

5. **नारायण मूर्ति, ग्राहम बेल आदि के उदाहरण क्यों दिए गए हैं?**

(a) डिस्लेक्सिया से ग्रस्त होने के कारण
(b) सीमित संसाधन होने के कारण
(c) सफल अमीर होने के कारण
(d) प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सफलता पाने के कारण

उत्तर (d) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

6. **'इंतजार करेंगे तो करते रह जाएँगे'- कथन का तात्पर्य है**

(a) स्थिति अनुकूल होने की प्रतीक्षा करना व्यर्थ है
(b) प्रतीक्षा करने के लिए धैय होना आवश्यक है
(c) प्रतीक्षा कभी समाप्त नहीं होती
(d) प्रतीक्षा करना ठीक नहीं

उत्तर (a) : C.T.E.T. Ist Paper, 2015

अनुच्छेद- 40

वैज्ञानिक प्रयोग की सफलता ने मनुष्य की बुद्धि का अपूर्व विकास कर दिया है। द्वितीय महायुद्ध में एटम बम की शक्ति ने कुछ क्षणों में ही जापान की अजेय शक्ति को पराजित कर दिया। इस शक्ति की युद्धकालीन सफलता ने अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस आदि सभी देशों को ऐसे शस्त्रास्त्रों के निर्माण की प्रेरणा दी कि सभी भयंकर और सर्वविनाशकारी शस्त्र बनाने लगे। अब सेना को पराजित करने तथा शत्रु देश पर पैदल द्वारा आक्रमण करने के लिए शस्त्र निर्माण के स्थान पर देश के विनाश करने की दिशा में शस्त्रास्त्र बनने लगे हैं। इन हथियारों का प्रयोग होने पर शत्रु देशों की अधिकांश जनता और सम्पत्ति थोड़े समय में ही नष्ट की जा सकेगी। चूँकि ऐसे शस्त्रास्त्र प्रायः सभी स्वतंत्र देशों के संग्राहलयों में कुछ-न-कुछ आ गए हैं। अतः युद्ध की स्थिति में उनका प्रयोग भी अनिवार्य हो जायेगा, जिससे बड़ी जनसंख्या प्रभावित हो सकती है। इसलिए निशस्त्रीकरण की योजनाएँ बन रही हैं। शस्त्रास्त्रों के निर्माण की जो प्रक्रिया अपनाई गई, उसी के कारण आज इतने उन्नत शस्त्रास्त्र बन गए हैं, जिनके प्रयोग से व्यापक विनाश दिखाई पड़ता है। अब भी परीक्षणों की रोकथाम तथा बने शस्त्रों का प्रयोग रोकने के मार्ग खोजे जा रहे हैं। इन प्रयासों के मूल में एक भयंकर आतंक और विश्व-विनाश का भय कार्य कर रहा है।

1. **आधुनिक युग भयंकर व विनाशकारी होते हैं, क्योंकि**

(a) दोनों देशों के शस्त्रास्त्र इन युद्धों में समाप्त हो जाते हैं।
(b) अधिकांश जनता और उनकी सम्पत्ति नष्ट हो जाती है।
(c) दोनों देशा में महामारी और भुखमरी फैल जाती है।
(d) दोनों देशों की सेनाएँ इन युद्धों में मारी जाती हैं।

उत्तर (b) : U.P. विधानभवन रक्षक एवं वनरक्षक,परीक्षा 2015

2. **एटम बम की अपार शक्ति का प्रथम अनुभव कैसे हुआ?**

(a) जापान में हुई भयंकर विनाशशीला से
(b) जापान की अजेय शक्ति की पराजय से
(c) अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस की प्रतिस्पर्द्धा से
(d) अमेरिका की विजय से

उत्तर (a) : U.P. विधानभवन रक्षक एवं वनरक्षक,परीक्षा 2015

3. **बड़े-बड़े देश आधुनिक विनाशकारी शस्त्र क्यों बना रहे हैं?**

(a) अपनी-अपनी सेनाओं में कमी करने के उद्देश्य से
(b) अपने संसाधनों का प्रयोग करने के उद्देश्य से
(c) अपना-अपना सामरिक व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से
(d) पारस्परिक भय के कारण

उत्तर (d) : U.P. विधानभवन रक्षक एवं वनरक्षक,परीक्षा 2015

www.awillguru.com

4. **भयंकर विनाशकारी आधुनिक शस्त्रास्त्रों को बनाने की प्रेरणा किसने दी?**
(a) अमेरिका ने
(b) अमेरिका की विजय ने
(c) जापान पर गिराये गए "अणु बम" से
(d) बड़े देशों की प्रतिस्पर्द्धा से
उत्तर (c) : U.P. विधानभवन रक्षक एवं वनरक्षक, परीक्षा 2015

5. **इस गद्यांश का मूल कथ्य क्या है?**
(a) आतंक और सर्वनाश का भय
(b) विश्वमें शस्त्रास्त्रों की होड
(c) द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका
(d) निशस्त्रीकरण और विश्वशान्ति
उत्तर (d) : U.P. विधानभवन रक्षक एवं वनरक्षक, परीक्षा 2015

अनुच्छेद- 41

साहित्य का आधार जीवन है। इसी नींव पर साहित्य की दीवार खड़ी है। उस पर अटारियाँ-मीनार-गुम्बद बनाते हैं। उन्हें देखने को भी जी नहीं चाहेगा। जीवन परमात्मा की सृष्टि है, इसलिए सुबोध, सुगम तथा मर्यादाओं से परिमित है। जीवन, परमात्मा को अपने कार्यों का जवाबदेह है या नहीं? हमें नहीं मालूम लेकिन साहित्य तो मनुष्य के सामने जवाबदेह है। इसके लिए कानून है, जिनसे वह इधर-उधर नहीं हो सकता। जीवन उद्देश्य ही आनन्द है। मनुष्य जीवन पर्यन्त आनन्द की खोज में लगा रहता है। किसी को वह रत्न द्रव्य में मिलता है, किसी को भरे-पूरे परिवार में; किसी को लम्बे-चौड़े भवन तथा किसी को ऐश्वर्य में किन्तु साहित्य का आनन्द इस आनन्द से ऊँचा है; उसका आधार सुन्दर और सत्य है। वास्तव में, सच्चा आनन्द सुन्दर और सत्य से मिलता है। उसी आनन्द को प्रकट करना, वही आनन्द उत्पन्न करना साहित्य का उद्देश्य है। ऐश्वर्य अथवा भोग के आनन्द में ग्लानि छुपी होती है; पश्चाताप भी होता है। दूसरी ओर सुन्दर से जो आनन्द प्राप्त है, वह अखण्ड है; अमर है।

1. **सबसे ऊँचा आनन्द वह होता है, जो-**
(a) भौतिक साधनों से प्राप्त होता है
(b) सत्य से प्राप्त होता है
(c) साहित्य से प्राप्त होता है
(d) परमात्मा से प्राप्त होता है।
उत्तर (c) : U.P. सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I, परीक्षा 2016

2. **सच्चा आनन्द किससे मिलता है?**
(a) साहित्य से
(b) परमात्मा से
(c) सुन्दर और सत्य से
(d) भोग और ऐश्वर्य से
उत्तर (c) : U.P. सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा-I, परीक्षा 2016

अनुच्छेद- 42

शिक्षा को वैज्ञानिक और प्राविधिक मूलाधार देकर हमनें जहाँ भौतिक परिवेश को पूर्णतया परिवर्तित कर दिया है और जीवन को अप्रत्याशित गतिशीलता दे दी है, वहाँ साहित्य, कला, धर्म और दर्शन को अपनी चेतना से बहिष्कृत कर मानव विकास को एकांगी बना दिया है। पिछली शताब्दी में विकास के सूत्र प्रकृति के हाथ से निकलकर मनुष्य के हाथ में पहुँच गए हैं, विज्ञान के हाथ में पहुँच गए हैं और इसबन्द गली में पहुँचने का अर्थ मानवजाति का नाश भी हो सकता है। इसलिए नैतिक और आत्मिक मूल्यों को साथ-साथ विकसित करने की आवश्यकता है, जिससे विज्ञान हमारे लिए भस्मासुर का हाथ न जाए। व्यक्ति की क्षुद्रता यदि राष्ट्र की क्षुद्रता बन जाती है, तो विज्ञान भस्मासुर बन जाता है। इस सत्य को प्रत्येक क्षण सामने रखकर ही अणु-विस्फोट को मानव प्रेम और लोकहित की मर्यादा दे सकेंगे। अपरिसीम भौतिक शक्तियों का स्वामी मानव आज अपने व्यक्तित्व के प्रति आस्थावान नहीं है और प्रत्येक क्षण अपने अस्तित्व के सम्बन्ध में शंकाग्रस्त है।

1. **आज का मानव अपने व्यक्तित्व और अस्तित्व के प्रति इसलिए शंकालु है, क्योंकि-**
(a) मानव ईश्वर के प्रति आस्थावान नहीं है।
(b) वह सीमित भौतिक शक्तियों का स्वामी है।
(c) वह विज्ञान की विध्वंसक शक्तियों से भयभीत है
(d) उसका आत्मविश्वास लुप्त होता जा रहा है।
उत्तर (c) : U.P.S.S.S.C. चकबंदी (सामान्य चयन), परीक्षा 2015

2. **हमारी विज्ञानाधृत शिक्षा की सर्वाधिक महत्वपूर्ण देन है-**
(a) जीवन का अपरिसीम भौतिक विकास
(b) जीवन का सर्वांगीण विकास
(c) जीवन का एकांगी विकास
(d) गतिशील जीवन का प्रत्यावर्तन
उत्तर (a) : U.P.S.S.S.C. चकबंदी (सामान्य चयन), परीक्षा 2015

3. **मानव जीवन को भस्मासुर बनने से कैसे रोक सकता है?**
(a) भौतिक जीवन-मूल्यों का निर्धारण करके
(b) नैतिक-आत्मिक मूल्यों को विकसित करके
(c) प्रकृति-जगत का पूर्ण स्वामित्व प्राप्त करके
(d) मानव सभ्यता का विनाश करके
उत्तर (b) : U.P.S.S.S.C. चकबंदी (सामान्य चयन), परीक्षा 2015

4. **आधुनिक मानव विकास को सर्वांगीण नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि-**
(a) विकास के सूत्र मानव के हाथ में है
(b) भौतिक परिवेश पूर्णतया परिवर्तित हो गया है
(c) साहित्य, धर्म, कला आदि मानव चेतना से निर्वासित है
(d) जीवन में आशातीत गतिशीलता का समावेश नहीं हुआ
उत्तर (c) : U.P.S.S.S.C. चकबंदी (सामान्य चयन), परीक्षा 2015

www.awillguru.com

5. **अणु-विस्फोट को मानवतावादी की मर्यादा देना तभी सम्भव है, जब व्यक्ति की-**
(a) क्षुद्रता को राष्ट्र की क्षुद्रता न बनने दिया जाए
(b) क्षुद्रता जब राष्ट्र की क्षुद्रता बन जाए
(c) क्षुद्र भावनाओं का उन्नयन हो
(d) उदात्त भावनाओं को विकसित किया जाए
उत्तर (a) : U.P.S.S.S.C. चकबंदी (सामान्य चयन), परीक्षा 2015

अनुच्छेद- 43

ओह, समय पर उसमें कितनी फलियाँ फूटी!
कितनी सारी फलियाँ, कितनी प्यारी फलियाँ,
यह, धरती कितना देती है! धरती माता
कितना देती है अपने प्यारे पुत्रों को!
न समझ पाया था मैं उसके महत्व को,
बचपन में छिः स्वार्थ लोभ वश पैसे बोकर!
रत्न प्रसविनी है वसुधा, अब समझ सका हूँ।
इसमें सच्ची समता के दाने बोने हैं,
इसमें जन की क्षमता के दाने बोने हैं,
जिससे उगल सके फिर धूल सुनहली फसलें
मानवता की-जीवन श्रम से हँसे दिशाएँ।
हम जैसे बोएँगे वैसा ही पाएँगे।

1. **कवि किसका महत्व नहीं समझ पाया था?**
(a) माँ का
(b) धरती माँ का
(c) परिश्रम का
(d) उसका आत्मविश्वास लुप्त होता जा रहा है।
उत्तर (b) : U.P.S.S.S.C. आबकारी सिपाही, परीक्षा 2016

2. **कवि ने बचपन में किस भाव से पैसे बोए थे?**
(a) निःस्वार्थ भाव से (b) सोच विचार से
(c) स्वार्थ एवं लोभ से (d) मोह से
उत्तर (c) : U.P.S.S.S.C. आबकारी सिपाही, परीक्षा 2016

3. **मानवता की सुनहली फसलें कब उगेंगी?**
(a) जब हम परिश्रम करेंगे
(b) जब समता और क्षमता के बीच बोए जाएँगे।
(c) जब चारों ओर शान्ति होगी
(d) जब धूल सोना उगलेगी
उत्तर (b) : U.P.S.S.S.C. आबकारी सिपाही, परीक्षा 2016

4. **'धरती कितना देती है' का आशय है-**
(a) बहुत कम देती है
(b) कितना देती है?
(c) बहुत अधिक देती है
(d) कुछ देती ही कहाँ है?
उत्तर (c) : U.P.S.S.S.C. आबकारी सिपाही, परीक्षा 2016

अनुच्छेद- 44

कुछ भी बन, बस कायर मत बन
ठोकर मार, पटक मत माथा
तेरी राह रोकते पाहन
कुछ भी बन, बस कायर मत बन
ले-देकर जीना, क्या जीना?
कब तक गम के आँसू पीना?
मानवता ने तुझको सींचा
बहा युगों तक खून पसीना!

1. **कवि क्या करने की प्रेरणा दे रहा है?**
(a) गम के आँसू पीने की
(b) आत्म समर्पण की
(c) रुकावटों को ठोकर मारने की
(d) कुछ भी न बनने की
उत्तर (c) : U.P.S.S.S.C. ग्राम पंचायत अधिकारी, परीक्षा 2015

2. **कवि के अनुसार किस प्रकार का जीवन व्यर्थ है?**
(a) आदर्शवादी (b) समझौतावादी
(c) खून-पसीना बहाकर (d) रुकावटों को ठोकर मारना
उत्तर (b) : U.P.S.S.S.C. ग्राम पंचायत अधिकारी, परीक्षा 2015

3. **इन पंक्तियों में कायर का अर्थ है-**
(a) सहज (b) समझौतावादी
(c) चालाक (d) दुष्ट
उत्तर (b) : U.P.S.S.S.C. ग्राम पंचायत अधिकारी, परीक्षा 2015

4. **पाहन शब्द का पर्यायवाची है-**
(a) मेहमान (b) पैर
(c) पत्थर (d) पर्वत
उत्तर (c) : U.P.S.S.S.C. ग्राम पंचायत अधिकारी, परीक्षा 2015

5. **'कुछ भी बन बस कायर मत बन'' कवि ने क्यों कहा है?**
(a) कुछ भी बनना आसान है
(b) कुछ भी बनना मुश्किल है
(c) कायर मनुष्य का जीवन व्यर्थ है
(d) कायर मनुष्य अच्छा नहीं होता
उत्तर (c) : U.P.S.S.S.C. ग्राम पंचायत अधिकारी, परीक्षा 2015

अनुच्छेद- 45

हम सब लोक एक भीड़ से गुजर रहे हैं। जो सवेरे घर से निकलकर दफ्तर और वापस घर जाकर अपना दिन सार्थक करते हैं, उन्हें भीड़ से सिर्फ बस में साक्षात्कार होता है। जो मोटर से चलते हैं उनके लिए भीड़ एक अवरोध है जिसे वे लोग सशक्त और फुर्तीली सवारी गाड़ी से पार कर जाते हैं। जो पैदल चलते हैं वे खुद भीड़ हैं। लेकिन ये तीनों वास्तव में न तो भीड़ से कुछ समय के लिए निपट कर बाकी समय मुक्त हैं न अलग-अलग रास्तों के कारण भीड़ के

www.awillguru.com

अन्दर कम या ज्यादा फँसे हुए हैं। ये सब बिल्कुल एक ही तरह से और हर समय पूरी तौर से भीड़ में फँस चुके हैं। सिर्फ इतना है कि ये जानते नहीं, और यह तो बिल्कुल नहीं जानते कि जिनके पास सत्ता है, वह राज्य की हो या संगठित उद्योग की, वह भीड़ का इस्तेमाल भीड़ में फँसे प्रत्येक व्यक्ति के विरुद्ध करता है। जान भी लें तो सिर्फ इतना जानते हैं कि हम इस संसार के नहीं रह गए हैं और हमारे चारों तरफ जीवन नहीं वल्कि भीड़ है जो अपनी शक्ल भीड़ के पर्दे पर नहीं देख सकते। अगर किसी को यह शक्ल दिखाई देने लगे तो से मालूम होता है कि अब वह जिस भीड़ को पहचानता है वह अभी तक उसके विरुद्ध इस्तेमाल की जाती रही है। अपनी शक्ल का यह परिचय कवि के लिए, जो एक भीड़ से अन्य सामान्यजनों की अपेक्षा अधिक गहरा भाषाई सम्बन्ध रखता है एक मुक्त कर देने वाला अनुभव बन जाता है। उसका विपर्यय भी सही है कि जब तक उसे अपनी शक्ल नहीं दिखाई देती, वह फँसा रहता है।

1. **उपर्युक्त गद्यांश का सही शीर्षक है-**

(a) भीड़ का इस्तेमाल (b) भीड़ में फँसे लोग
(c) भीड़ की शक्ल (d) भीड़ में कवि

उत्तर (c) : **U.P.S.S.S.C. कनिष्ठ सहायक, परीक्षा 2015**

2. **भीड़ से मुक्ति का उपाय है-**

(a) भीड़ में अपनी शक्ल देखना
(b) भीड़ में खो जाना
(c) भीड़ का इस्तेमाल करना
(d) भीड़ से दूर रहना

उत्तर (a) : **U.P.S.S.S.C. कनिष्ठ सहायक, परीक्षा 2015**

3. **भीड़ किनके लिए रुकावट है?**

(a) बस में चलने वालों के लिए
(b) मोटर में चलने वालों के लिए
(c) दौड़ने वालों को लिए
(d) पैदल चलने वालों के लिए

उत्तर (b) : **U.P.S.S.S.C. कनिष्ठ सहायक, परीक्षा 2015**

अनुच्छेद- 46

'इस संसार में धन ही सब कुछ नहीं है। धन की पूजा तो बहुत कम जगहों में होती देखी गयी है। संसार का इतिहास उठाकर देखिए और उदाहरण ढूंढ़-ढूंढ़ कर सामने रखिये तो आपको विदित हो जायेगा कि जिनकी हम उपासना करते हैं, जिसके लिये हम आँख बिछाने तक को तैयार रहते हैं, जिसकी स्मृति तरोताजा रखने के लिये हम अनेक तरह के स्मारक चिह्न बनाकर खड़े करते हैं, उन्होंने रुपया कमाने में अपना समय नहीं बिताया था, बल्कि उन्होंने कुछ ऐसे काम किये थे, जिनकी महत्ता हम रुपये से अधिक समझते हैं। जिन लोगों के जीवन का उद्देश्य केवल रुपये बटोरना है, उनकी प्रतिष्ठा कम हुई है। अधिकांश अवस्थाओं में उन्हें किसी ने पूछा तक नहीं है। उन्होंने जन्म लिया, रुपया कमाया और परलोक की यात्रा की। किसी ने जाना तक नहीं कि वे कौन थे और कहाँ गये। मानव समाज स्वार्थी अवश्य है, पर वह स्वार्थ की उपासना करना नहीं जानता। अन्त में वे ही पूजे जाते हैं, जिन्होंने अपने जीवन को अर्पित करते समय सच्चे मनुष्यत्व का परिचय दिया है'।

1. **गद्यांश का उचित शीर्षक होगा-**

(a) धनकी लोलुपता (b) धन की महत्ता
(c) धन और मनुष्यता (d) मनुष्यता का महत्व

उत्तर (c) : **U.P.S.S.S.C. लोवर-3, परीक्षा 2016**

2. **उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार, संसार में किस तरह के मनुष्य की पूजा होती है?**

(a) जो धनार्जन एवं त्याग दोनों करता है
(b) जो पैसे को कल्याणकारी कार्यों में लगाता है
(c) जो मानवता की सेवा में लगा रहता है
(d) जो सच्चे मनुष्यत्व के लिए कार्य करता है

उत्तर (d) : **U.P.S.S.S.C. लोवर-3, परीक्षा 2016**

3. **धन की पूजा से क्या अभिप्राय है?**

(a) धन से ज्यादा मानवता प्रबल है।
(b) धन कमाने वाला अधिक नाम नहीं कर पाता है।
(c) धन की पूजा व्यक्ति को स्वार्थी बनाती है।
(d) धन कमाने की अपेक्षा सच्चा मनुष्य होना ज्यादा अच्छा है।

उत्तर (b) : **U.P.S.S.S.C. लोवर-3, परीक्षा 2016**

अनुच्छेद- 47

अशोक मौर्य राजाओं में सबसे प्रसिद्ध था, उसने कलिंग को जीतने का संकल्प किया और उसे अपने साम्राज्य में शामिल करना चाहा। कलिंग पर हमला हुआ और उसे जीत लिया गया, परन्तु जब अशोक ने घायल और मरते हुए सिपाहियों को तथा युद्ध से उत्पन्न स्त्रियों और बच्चों के क्लेश को देखा तो वह स्वयं दुखी हुआ। उसने निश्चय किया कि अब कभी वह युद्ध नहीं करेगा। इसके बदले वह लोगों को समझाएगा कि वे शांतिपूर्वक रहें, उसके शासनकाल में कलिंग मौर्य राज्य में शामिल होने के बाद अगले तीस वर्षों तक कोई युद्ध नहीं हुआ। भारतीय इतिहास में पहली बार लगभग सारा देश एक शासक के अधीन हुआ।

1. **अशोक........वंश के राजा थे**

(a) मौर्य (b) चालुक्य
(c) हौसल (d) चोल

उत्तर (a) : **Delhi Sub. P.G.T. (Hindi) परीक्षा 2014**

2. **............युद्ध के बाद अशोक दुखी हुआ।**

(a) पानीपत (b) कलिंग
(c) तालिकोटे (d) मेवाड़

उत्तर (b) : **Delhi Sub. P.G.T. (Hindi) परीक्षा 2014**

3. **जीत का विलोम शब्द है-**

(a) अजीत (b) अवजीत
(c) हार (d) जिताई

उत्तर (c) : **Delhi Sub. P.G.T. (Hindi) परीक्षा 2014**

www.awillguru.com

अनुच्छेद-48

प्रत्येक राष्ट्राभिमानी के हृदय में अपने देश, अपने देश की संस्कृति तथा भाषा के प्रति प्रेम और अभिमान सहज ही होता है। वह अपने राष्ट्र, अपनी जन्मभूमि और राष्ट्रभाषा के लिए प्राणों का उत्सर्ग करने को सदैव तत्पर रहता है। जिस देश के निवासियों के हृदय में यह उत्सर्ग भावना नहीं होती वह राष्ट्र, पराधीन होकर अपनी सुख-शान्ति और समृद्धि सदा के लिए खो बैठता है। देशभक्ति और सार्वजनिक हित के बिना राष्ट्रीय महत्ता का अस्तित्व ही नहीं रह सकता। यह भावना उसे इस बात का प्रयत्न करने को प्रेरित करती है कि वह अन्याय से दुर्बलों की रक्षा कर अनौचित्य का निवारण करे, धर्म पर स्थित रहे और न्याय के लिए लड़े। समाज को हानि पहुंचाकर अनुचित लाभ उठाना एकदम अस्वीकार कर दे, अपने समाज के प्रति कर्त्तव्य से मुख मोड़कर उसे धोखा न दे।

168. गद्यांश का सही शीर्षक है :

(a) राष्ट्रीय महत्त्व
(b) राष्ट्राभिमान
(c) राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य
(d) राष्ट्र की सुख-शान्ति

उत्तर (b) **U.P. P.C.S. (Pre)-2016**

169. पराधीन राष्ट्र खो बैठता है :

(a) अपनी समृद्धि
(b) अपनी भाषा
(c) अपनी उत्सर्ग भावना
(d) अपनी न्याय-चेतना

उत्तर (a) **U.P. P.C.S. (Pre)-2016**

170. गद्यांश में किस शब्द का प्रयोग नहीं है?

(a) उत्सर्ग
(b) अधर्म
(c) भक्ति
(d) हानि

उत्तर (b) **U.P. P.C.S. (Pre)-2016**

171. प्रत्येक राष्ट्राभिमानी के हृदय में अभिमान होता है :

(a) देश की समृद्धि के लिए।
(b) देश की सुख-शान्ति के लिए।
(c) देश की भाषा के लिए।
(d) देश की महत्ता के लिए।

उत्तर (c) **U.P. P.C.S. (Pre)-2016**

172. देशभक्ति प्रेरित करती है :

(a) अनौचित्य का निवारण करने के लिए।
(b) अन्याय हेतु लड़ने के लिए।
(c) अनुचित लाभ हेतु लड़ने के लिए।
(d) पराधीनता के लिए युद्ध करने हेतु।

उत्तर (a) **U.P. P.C.S. (Pre)-2016**

–0–

www.awillguru.com

P. Kumar's™

प्रकाश्य

PCS (प्रा.) परीक्षा हेतु

- अनिवार्य सामान्य हिन्दी CSAT

PCS (मुख्य परीक्षा) हेतु

- संक्षेपण व पत्र लेखन

लोअर सबार्डिनेट (मुख्य परीक्षा) हेतु

- संक्षेपण व पत्र लेखन
- CSAT : अनिवार्य सामान्य हिन्दी

समीक्षा अधिकारी (मुख्य परीक्षा) हेतु

- सामान्य हिन्दी आलेखन एवं परम्परागत

विविध प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु

- वस्तुनिष्ठ सामान्य हिन्दी

शीघ्र प्रकाश्य

- अद्वितीय निबन्ध
- वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान
- आधुनिक हिन्दी गद्य साहित्य का इतिहास
- PCS (मुख्य परीक्षा) हेतु आदित्य सामान्य हिन्दी

आदित्य पब्लिकेशन
इलाहाबाद

₹ 165

ISBN 978-81-935571-1-2
9 788193 557112

www.awillguru.com